लेकिन सोवियत-भारत मैत्री-संबंध सांस्कृतिक आदान-प्रदान तक ही सीमित नहीं है।

राजनीतिक स्वतंत्रता पाने के बाद आर्थिक दृष्टि से स्वतंत्र हो जाने के लिये भारतीय जनतंत्र की सरकार देश के हितों को दृष्टि में रखकर योजनापूर्ण विकास की राह पर चल रही है। सोवियत संघ भारत को कुशल मज़दूर, इंजीनियर, कृषि तथा दूसरे विशेषज्ञ तैयार करने में मदद दे रहा है। अब सैकड़ों भारतीय विद्यार्थी पैट्रिस लुमुम्बा मैत्री विश्वविद्यालय, मास्को विश्वविद्यालय तथा दूसरे शिक्षालयों में पढ़ रहे हैं। सोवियत ऋण की सहायता से जो बिना किसी राजनीतिक **शर्त** के बहुत ही सुविधाजनक शर्तों पर दिये जाते हैं, सोवियत इंजीनियरों की मदद से भारत ने बहुत से औद्योगिक संस्थानों का निर्माण किया और कर रहा है।

अब **कच्चे लोहे** और इस्पात से लदी बहुत सी रेलगाड़ियाँ बंबई-कलकत्ता रेलवे-लाइन पर पूर्व से पश्चिम की ओर दिन-रात दौड़ती रहती हैं। ये गाड़ियाँ छूटती हैं भिलाई **इस्पात कारख़ाने** से। भारत के लिये भिलाई इस्पात कारख़ाने का कितना बड़ा महत्त्व है इसका अनुमान आसानी से किया जा सकता है। कारख़ाने का पूरा विस्तार करने पर देश में इस्पात का उत्पादन काफ़ी ज़्यादा बढ़ाया गया है।

इसके अलावा भारत के आर्थिक दृष्टि से पिछड़े इलाक़ों में इस्पात के इस बड़े कारख़ाने ने उस क्षेत्र में उद्योग की विभिन्न शाखाओं के विकास के लिये सब सुविधाएँ प्रदान की हैं। यह कारख़ाना सचमुच भारत-सोवियत मैत्री का प्रतीक बन गया है।

सोवियत सरकार और भारत सरकार के बीच बोकारो इस्पात कारख़ाने की स्थापना के लिये एक महत्त्वपूर्ण **समझौता किया गया**। यह कारख़ाना भिलाई इस्पात कारख़ाने से भी बड़ा है।

विदेशी विशेषज्ञ भारत से सदा कहते थे कि उसके पास तेल नहीं है। पर सोवियत विशेषज्ञों ने भारत को अपने तेल के भंडार का पता लगाने में मदद दी और अब काम्बे, अंकलेश्वर, रुद्र सागर और अहमदाबाद में सोवियत संघ की सहायता से तेल निकाला जा रहा है तथा बरौनी और गुजरात में **तेल शोधक कारख़ाने** बन गये हैं जिन में ४० लाख टन तेल प्रतिवर्ष साफ़ किया जाता है।

कृषि के क्षेत्र में सोवियत संघ की सहायता से सूरतगढ़ **राज्य फ़ार्म** की स्थापना हुई है और बहुत से **कृषि-मशीन सेवा-केन्द्र** और **बीज-फ़ार्म** स्थापित करने का कार्य हो रहा है।

अर्थ-व्यवस्था के क्षेत्र में भी भारत और सोवियत संघ के संबंध केवल खेती और उद्योग के विस्तार तक सीमित नहीं हैं।

हाल के कुछ ही वर्षों में दोनों देशों में होनेवाला व्यापार भी बहुत बढ़ गया है। सोवियत संघ से भारत जो कुछ सामान ख़रीदता है उसका भुगतान रुपयों में किया जाता है और उन्हीं रुपयों से सोवियत संघ भारत का माल ख़रीदता है।

इस प्रकार सोवियत संघ और भारत के हर तरह के संबंध बहुत तेज़ी से बढ़ते जा रहे हैं और पूरा **विश्वास** है कि कल की दुनिया में सोवियत संघ और भारत के बीच मैत्री संबंध और भी गहरे और पक्के हो जाएँगे।

नये शब्द

आदान **āдāн** *м.* приобретение; получение

आर्थिक **āрт^{h}ик** экономический

इस्पात **испāт** *м.* сталь

ऋण **рин** *м.* 1) заем; ссуда; 2) долг; задолженность

एशियाई **эшийāӣ** азиатский

कंजर **канджар** *м.* канджар (*одна из разновидностей индийских цыган*)

कथा **кат^{h}ā** *ж.* рассказ; повесть; сказка; басня

कविता **кавитā** *ж.* поэзия; стихотворение; поэма

कुशल **кушал** **1.** умелый, искусный; квалифицированный; **2.** *м.* умение, искусство

गीत **гӣт** *м.* песня; гимн

ग़ुलामी **ġулāмӣ** *ж.* рабство

गृह **грих** *м.* дом, жилище; помещение

चाव **чāо** *м.* 1) желание; стремление; 2) радость, удовольствие

ज़री **зарӣ** *ж.* парча

ज़िक्र **зикр** *м.* упоминание, касательство

तभी **таб^{h}ӣ** 1) именно тогда, тогда же, как раз в то время; 2) именно поэтому, по этой самой причине

तेल **тэл** *м.* 1) мэсло (*растительное,*

минеральное); 2) нефть; керосин; бензин

दक्षिणी дакшинӣ южный

दरबार дарбāр *м.* царский двор; приемный зал

दोस्ताना достāнā **1.** дружеский, дружественный; приятельский; **2.** дружески, по-дружески

नाटक нāṭак *м.* 1) пьеса; драма; опера; *перен.* комедия, фарс; 2) актер; 3) представление, игра (*на сцене*)

नेतृत्व нэтритва *м.* руководство

पड़ोसी пaṛосӣ **1.** соседний; **2.** *м.* сосед

परंपरा парампарā *ж.* традиция

पलना палнā *нп.* воспитываться, выращиваться

पहल паhал *м.*, *ж.* инициатива; почин

पिछड़ना пич^{h}аṛнā *нп.* 1) отставать; 2) опаздывать

पिछड़ा пич^{h}ṛā отсталый, неразвитый

पूर्वज пӯрвадж *м.* предок

प्रकाशन пракāшан *м.* 1) издание, печатание, опубликование; 2) публикация; выпуск (*газеты, журнала*)

प्रति прати **1.** *ж.* 1) копия; 2) экземпляр (*напр. книги*); выпуск, номер (*напр. газеты*); **2.** के ~ *послелог* 1) против; 2) по отношению к, относительно

प्रतीक пратӣк *м.* знак, символ, эмблема

प्रदान прадāн *м.* предоставление; вручение; ~ करना предоставлять; вручать

प्रधान прад^{h}āн **1.** главный, первый; **2.** *м.* глава, руководитель; начальник

प्रभाव праб^{h}āо *м.* 1) след; 2) воздействие, влияние; 3) эффект; 4) впечатление

प्रशंसा прашансā *ж.* 1) восхваление; прославление, возвеличивание; 2) похвала; комплимент

प्रशंसात्मक прашансāтмак хвалебный, похвальный

फ़ौज фаудж *ж.* армия

बढ़ाना баṛ^{h}āнā *п.* 1) увеличивать, расширять; 2) удлинять; продлевать; 3) усиливать; 4) поднимать, повышать; 5) развивать; 6) вести вперед; продвигать; 7) протягивать (*руку*)

बस्ती бастӣ *ж.* 1) селение, поселок; 2) городской квартал

बीज бӣдж *м.* семя, зерно

भावना б^{h}āвнā *ж.* 1) представление; понятие; 2) желание; 3) чувство; 4) настроение, дух

भुगतान б^{h}угтāн *м.* уплата, оплата; расплата; расчет

मंत्री мантрӣ *м.* 1) министр; 2) секретарь

मुग़ल муг̇ал **1.** могольский; **2.** *м.* могол

मैत्री майтрӣ *ж.* дружба

मोम мом *м.* воск

योजनापूर्ण йоджнāпӯрна плановый

राजनीतिक рāджнӣтик политический

रिवाज ривāдж *м.* обычай; традиция

लदना ладнā *нп.* быть нагруженным, загруженным, заполненным

लाँघना лāг̃^{h}нā *п.* 1) переходить, пересекать; 2) переправляться

लोक лок *м.* 1) мир, свет; 2) люди, народ

वंशज ваншадж *м.* потомок

विश्वास вишвāс *м.* 1) вера; уверенность; ~ से (के साथ) уверенно; 2) доверие

व्यवधान вйавад^{h}āн *м.* 1) занавес; перегородка; 2) помеха, препятствие

व्यापारी вйāпāрӣ 1. 1) деловой; 2) торговый; **2.** *м.* 1) торговец, купец; 2) промышленник

व्यावसायिक вйāвасāйик 1) деловой; 2) коммерческий, торговый; 3) производственный; профессиональный

शब्दकोष шабдакош *м.* словарь

शर्त шарт *ж.* 1) условие; 2) ставка, пари

शहद шаhад *м.* мед

शांतिपूर्ण шāнтипӯрна мирный

शाखा шāк^{h}ā *ж.* 1) ветвь; 2) отрог (*горный*); 3) отделение, филиал; отдел; 4) отрасль; 5) приток; рукав (*реки*)

शोधक шод^{h}ак 1) очищающий; улучшающий; 2) [научно-]исследовательский

संग्राम сангрāм *м.* 1) борьба; 2) война; битва, сражение

संस्कृति санскрити *ж.* культура, цивилизация

संस्था санст^{h}ā *ж.* 1) организация, учреждение; 2) учебное заведение, институт; 3) óрган (*власти*)

सभ्यता саб^{h}йатā *ж.* культура; цивилизация

समझौता самдж^{h}аутā *м.* 1) соглашение, договор; пакт; 2) компромисс

समाज самāдж *м.* 1) общество; 2) общественная организация, общество

सह-अस्तित्व саh-аститва *м.* сосуществование

सांस्कृतिक сāнскритик культурный; цивилизованный

साहसिक сāhасик смелый, храбрый; дерзкий

स्लाव слāв 1. славянский; **2.** *м.* славянин

स्वतंत्रता сватантратā *ж.* свобода, независимость

स्वतंत्रताप्रिय сватантратāприйа свободолюбивый

स्वर्गीय сваргӣйа 1) небесный; райский; 2) покойный, умерший

स्वागत свāгат 1. добро пожаловать!; **2.** *м.* 1) встреча, прием; 2) приветствие

स्वाभाविक свāб^{h}āвик естественный, натуральный

हड़ताल hаṙтāл *ж.* забастовка, стачка

हित hит *м.* 1) польза, выгода; 2) интерес; 3) благо, счастье

व्याकरण तथा शब्दावली संबंधी टिप्पणियाँ

1. Одним из способов образования определительных наречий в хинди является присоединение к некоторым качественным прилагательным словосочетаний तौर से, तौर पर 'способом' и रूप से 'образом', 'формой', например: ख़ास 'особый', 'специальный' — ख़ास तौर से, ख़ास तौर पर 'особенно', 'специально'; आम 'обыкновенный' — आम तौर से 'обычно'; विशेष 'особый', 'специальный' — विशेष रूप से 'особенно', 'в особенности'.

2. Основа глагола в языке хинди нередко выступает как деепричастие III (*см.* ч. I, Урок XV), например: आगे बढ़... 'продвинувшись вперед...', 'продвинувшись дальше...'.

3. पहल करना 'положить начало' (के लिये *чему-л.*), 'проявлять инициативу' (की, में, के लिये *в чем-л.*).

4. लोक-कथा 'народное сказание', 'сказка'.

5. चल पड़ना 'отправляться' (के लिये *куда-л.*).

6. भारत-यात्रा 'поездка (визит) в Индию'.

7. मिलना-जुलना *парн. сочет.* 1) 'соединяться', 'смешиваться'; 2) 'общаться' (से *с кем-л.*); 3) 'быть сходным' (से *с кем-л., с чем-л.*); 'быть похожим' (से *на кого-л., на что-л.*); 'совпадать' (से *с чем-л.*).

8. प्रभाव पड़ना 'сказываться' (*о влиянии*; का *чего-л.*, पर *на ком-л., на чем-л.*); प्रभाव डालना 'оказывать влияние', 'влиять' (पर *на кого-л., на что-л.*).

9. ...उज़बेक संस्कृति और भाषा के अनेक शब्द भारत के अपने हो गये हैं '...узбекская культура и многие слова из узбекского языка были заимствованы в Индии'.

10. नेतृत्व में 'под руководством' (के *кого-л., чего-л.*); नेतृत्व करना 'руководить (का *кем-л., чем-л.*), 'возглавлять' (का *что-л.*).

11. स्वागत करना 'приветствовать', 'встречать' (का *кого-л., что-л.*); पूरा (हार्दिक) स्वागत करना 'тепло встречать', 'горячо приветствовать'.

12. प्रशंसा करना 'хвалить', 'высоко оценивать' (की *кого-л., что-л.*), 'похвально отзываться' (की *о ком-л., о чем-л.*).

13. नल-दमयंती 'сказание о Нале и Дамаянти' (*отрывок из Махабхараты*)

14. महाभारत 'Махабхарата' (*древнеиндийская эпическая поэма*).

15. हड़ताल करना 'устраивать забастовку, стачку', 'бастовать'.

16. ज़िक्र करना 'упоминать' (का *кого-л., что-л.*), 'касаться' (का *кого-л., чего-л.*); 'говорить' (का *о ком-л., о чем-л.*).

17. प्रधान-मंत्री 'премьер-министр'.

18. Инфинитив в хинди сочетает в себе свойства глагола и имени, проявляющиеся в его синтаксических функциях (*см.* ч. I, Урок II). Как глагол инфинитив может распространяться дополнением и обстоятельством. Являясь отвлеченным существительным, он может определяться другим словом, употребляться с послелогом и изменяться по падежам.

Косвенный падеж инфинитива, возглавляющего словесную группу, в соединении с послелогами или послеложными словосочетаниями часто образует инфинитивные обороты, которые указывают на объектные и обстоятельственные (временные, причинные, целевые, уступительные и др.) отношения. Инфинитив в таких оборотах может иметь свой субъект. Если этот субъект обозначен, он выражается именем в прямом падеже или в косвенном падеже с послелогом के, либо притяжательным местоимением. Последнее имеет место тогда, когда субъектом инфинитива является личное местоимение 1-го или 2-го лица. В хинди субъект инфинитива может не совпадать с субъектом глагола-сказуемого, т. е.

с подлежащим предложения. В таких случаях инфинитивный оборот является абсолютным (независимым).

Дополнение распространяет инфинитив в инфинитивном обороте так же, как и другие формы глагола.

Инфинитивные обороты, выражающие объектные отношения, вводятся послелогами का, पर и др., например: हवाई जहाज़ पहुँचने की ख़बर मिल गई है 'Сообщение о прибытии самолета получено'; मेरे यह निश्चय करने पर वे ख़ुश हो गये 'Они обрадовались, что я принял такое решение'.

Инфинитивные обороты, выражающие обстоятельственные отношения, вводятся послелогами, указывающими на причину, время, уступку и др., например: बड़ी बारिश होने के कारण हम सिनेमा न जा सके 'Из-за сильного дождя (*букв*. по причине бытия большой дождь) мы не смогли пойти в кино'; अच्छा विद्यार्थी होने पर भी परीक्षाओं में उस के नतीजे इतने अच्छे नहीं रहे 'Несмотря на то что он хороший студент, экзамены он сдал не очень хорошо'; १५ अगस्त १९४७ को भारत के स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद भारत और सोवियत संघ के बीच मैत्री-संबंधों का विकास फिर से हुआ है 'После завоевания Индией независимости 15 августа 1947 г. дружеские связи между Индией и Советским Союзом снова начали развиваться'.

19. मैत्री-यात्रा पर जाना 'отправляться с визитом дружбы' (की *куда-л.*).

20. आदान-प्रदान *парн. сочет.* 'обмен'; ~ करना 'обмениваться' (का *кем-л.*, *чем-л.*).

21. В хинди глагольная часть (связка) составного (сложного) глагольно-именного сказуемого часто согласуется в роде и числе не с подлежащим предложения, а с именной (присвязочной) частью, например: अनेक सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, व्यापारिक आदि प्रतिनिधि-मंडलों का आदान-प्रदान मामूली बात हो गयी है 'Обмен многочисленными культурными, научными, торговыми и другими делегациями стал обычным делом'.

22. समाज-व्यवस्था 'общественное устройство', 'общественный строй'.

23. भारत-सोवियत सांस्कृतिक संघ 'Индийско-советское культурное общество'; सोवियत-भारत मैत्री संस्था 'Общество советско-индийской дружбы'.

24. प्रकाशन करना 'издавать', 'опубликовывать' (का *что-л.*).

25. प्रकाशन-गृह 'издательство'

26. शर्त बढ़ाना (रखना, लगाना) 'выдвигать условие' (की *чего-л.*), 'обусловливать' (की *что-л.*).

27. कच्चा लोहा 'чугун'.

28. इस्पात-कारख़ाना 'металлургический завод'.

29. समझौता करना 'заключать соглашение, договор' (से, के साथ *с кем-л.*; का, पर, के लिये, के बारे में *о чем-л.*).

30. तेल शोधक कारख़ाना 'нефтеперерабатывающий (нефтеочистительный) завод'.

31. राज्य-फ़ार्म 'государственная ферма', 'совхоз'.

32. कृषि-मशीन सेवा-केंद्र 'станция сельхозтехники', 'станция технического обслуживания сельскохозяйственных машин'.

33. बीज-फ़ार्म 'семеноводческая ферма'.

34. हाल का 1) 'теперешний'; 'современный'; 2) 'недавний'.

35. विश्वास करना (रखना) 'верить', 'доверять' (का, पर, में *кому-л.*, *чему-л.*); विश्वास दिलाना 'убеждать', 'уверять', 'заверять' (को *кого-л.*, में *в чем-л.*).

व्याकरण के अभ्यास

I. रूसी में अनुवाद कीजिये।

क) (१) रास्ते पर चलती गाड़ी दिखाई दी। (२) पहाड़ों से बहता पानी बहुत ख़तरनाक होता है। (३) मेरे एक मित्र के पास बोलता तोता है। (४) रामशरण थक जाने के कारण सड़क पर गिरते एक छोटे से पहाड़ी झरने[1] के पास बैठ गया था। (५) सामने घाटी से उतरते जंगलों पर तैरती उसकी दृष्टि नीचे तलहटी में गाँवों की ओर लगी थी। (६) बिसाती[2] ने अपना संदूक खोला और चमकती-चमकती चीज़ें निकालकर दिखाने लगा। (७) और एक बार मुझे उड़ती नज़र से देखकर वह शक्कर ढूँढ़ने में व्यस्त हो गयी।

ख) (१) एक बड़ी आँखों वाली लड़की ने वह चीज़ पसन्द की जो उन चमकती हुई चीज़ों में सब से सुन्दर थी। (२) यह कहता हुआ रमा ऊपर चला गया। (३) यह कहते हुए दयानाथ दफ़्तर चले गये। (४) बीबाँ उसकी पत्नी सामने जाते हुए ताँगे[3] के पीछे उड़ती हुई धूल[4] देखकर बोली, "ढाई रुपये! इतने से तो पन्द्रह दिन का ख़र्च चल सकता है"। (५) और इन सब के पीछे कभी जूता पहनती और कभी उतारती हुई लहराँ लँगड़ाती-लँगड़ाती[5] चली जा रही थी (६) छत की ओर देखती हुई औरत उसी तरह बोलती रही। (७) हवा में उड़ता हुआ वह दूसरा नोट लड़के ने पकड़ा।

ग) (१) दूर से कोई घोड़ागाड़ी आती दिखाई दी। (२) तरह-तरह के लोग सड़कों पर घूमते नज़र आते हैं। (३) पानी बंद नहीं होता दिखाई देता था। (४) वह देखते-देखते द्वार से बाहर तैरती निकल गयी। (५) नन्दलाल की माँ बाहर से आती दिखाई दी। (६) वह तेज़ चलता वापस आया। (७) लोग सोते नज़र आये।

घ) (१) तीसरे दिन जब हम लोग जंगल में पहुँचे तो सामने धूआँ उड़ता हुआ दिखाई दिया। (२) एक दिन उन्होंने देखा कि एक लड़का किताबें बेच रहा है। हर दिन लगभग एक ही स्थान पर उसी समय यही करता हुआ वह मिलता है।

---

[1] झरना *м.* 'ручей'; 'родник'.

[2] बिसाती *м.* 'розничный торговец'.

[3] ताँगा *м.* 'двуколка'.

[4] धूल *ж.* 'пыль'.

[5] लँगड़ाना *нп.* 'хромать'.

(३) उस की आँखें किसी को खोजती हुई[6] मालूम होती थीं। (४) जाकर बाज़ार से एक आने की मिठाई[7] ला। दौड़ता हुआ जा। (५) वह उसके उत्तर की प्रतीक्षा करता हुआ सरोश की ओर देखने लगा। (६) मैं और सुखराम धीरे-धीरे घूमते हुए जंगल की ओर चल पड़े। (७) तब वह रोती हुई द्वार की ओर चलीं। (८) कुर्सियों के बीच से रास्ता बनाता हुआ वह अंदर चला गया। (९) दूसरे दिन तो वह नदी के किनारे पानी भरती हुई दिखाई दी।

II. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Здесь собрались студенты, изучающие индийские языки. (2) Мой друг, хорошо знающий хинди, переводит на русский язык рассказы индийских писателей. (3) Студенты, оканчивающие в этом году наш институт, собираются поехать в Индию на работу. (4) В Ленинграде много мостов, соединяющих берега многочисленных ленинградских каналов и речек. (5) В Дели много достопримечательных мест, связанных с важными историческими событиями в жизни страны. (6) С каждым годом в нашей стране увеличивается число студентов. (7) Изучая хинди, мы старались много читать на этом языке. (8) Объясняя новую тему, преподаватель дает нам много примеров. (9) Одеваясь, она смотрела в зеркало. (10) Вдали показался приближающийся к нам автомобиль. (11) Она шла, оглядываясь назад. (12) Мальчики, громко крича, пытались догнать своего товарища. (13) Отправляйся бегом, чтобы не опоздать на поезд. (14) Гуляя по городу, мы зашли в музей. (15) Девочка казалась спящей.

III. रूसी में अनुवाद कीजिये।

क) (१) मैं उसे चाय में शक्कर मिलाते देखता रहा। (२) उसने आशुतोष को फ़र्श पर सोते पाया। (३) मैं ने एक बार भी उन्हें आपस में झगड़ते[8] नहीं पाया। (४) बच्चे उसे आते देखकर "आ गयी, आ गयी" कहते हुए भाग खड़े हुए। (५) रमा को इस बीच में उस ने कई बार मोटर पर अपने घर के सामने से जाते देखा।

ख) (१) वह खिड़की के बाहर बादलों को उड़ता हुआ देखती रही। (२) वह उसे नदी की ओर जानेवाली सड़क पर जाता हुआ देखती रही। (३) रत्नप्रभा अपनी ओर लोगों को देखते हुए पाने की आदी हैं। (४) स्त्रियाँ रास्ते पर चलतीं

---

[6] खोजना *п.* 'искать'.

[7] मिठाई *ж.* 'сладости'.

[8] झगड़ना *нп.* 'ссориться'.

हुई देखी जा सकती है। (५) तुमने कभी बर्फ़ गिरते हुए देखी है? (६) एक आदमी भागता हुआ पकड़ा गया था। (७) वह कमरे में चिट्ठी लिखती हुई देखी गयी थी।

IV. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Мы увидали приближавшегося к дому человека. (2) Он слушал известного писателя, читающего свои рассказы. (3) Часовые задержали убегавшего человека. (4) Мы оставили его играющим под деревом. (5) Мать вернулась домой и нашла сына спящим. (6) Вы застали его за поливкой деревьев в саду. (7) Они видели, как он вышел из дома.

V. रूसी में अनुवाद कीजिये।

क) (१) बोलते-बोलते वह रुक गया। (२) इस काम को करते कितनी देर लगेगी? (३) होते-होते[9] पुल बन गया। (४) मेरे छुट्टी के दिन देखते-देखते ख़त्म हो गये। (५) किताब पढ़ते-पढ़ते मुझे एक बात याद आ गयी। (६) दिन चढ़ते-चढ़ते यह ख़बर सब को मालूम हो गयी। (७) आठ बजते-बजते तो मेरे द्वार पर सारा शहर जमा हो जाएगा। (८) फिर भी यह सब करते-कराते ग्यारह महीने हो गये। (९) पिछले दल के आदमी गिरते-पड़ते पीछे आ रहे थे। (१०) जालपा को लगा कि रमा के पहुँचते-पहुँचते वह भी पहुँच जाएगी। (११) वह बार बार गिरते-गिरते बचा। (१२) नन्दू ने नोट गिनने[10] शुरू किये पर गिनती ख़त्म करते न करते उसकी आँखें चमक उठीं।

ख) (१) यह सोचते हुए सुमन आगे चली। (२) चावला अपनी बात शुरू करते हुए बोला...। (३) अपने पास रखी पत्रिकाओं और कहानी की पुस्तकों की गिनती करते हुए वह सोचने लगा कि इस बार उसे कौनसी देनी है। (४) सड़क पर मेरे बराबर[11] चलते हुए उस ने पूछा ... । (५) उस ने बैग को खोलते हुए कहा ...। (६) इस विषय पर कुछ कहते हुए सभी को डर लगता है। (७) तुझे छोड़ते हुए मेरा दिल फट रहा है।

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Шла она, шла, и очень устала. (2) Я едва не упал с лошади. (3) Вот так, в работе прошли десять месяцев. (4) Играя во дворе, дети разбили оконное стекло. (5) Читая газету, он уснул. (6) Как

---

[9] होते-होते 'постепенно'.

[10] गिनना *п.* 'считать'.

[11] मेरे बराबर 'рядом со мной'.

только преподаватель вошел в аудиторию, урок начался. (7) Как только мы прибыли в Дели, полил сильный дождь. (8) Думая об этом, он уснул. (9) Она забыла спросить о времени прибытия поезда, заказывая железнодорожный билет. (10) Закончил или не закончил ты свои дела, но как только прозвенит звонок, ты должен сидеть в аудитории.

पाठ के अभ्यास

I. पाठ का रूसी में लिखित अनुवाद कीजिये।

II. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद करके उनका जवाब दीजिये।

(1) Когда индийские купцы впервые появились в Республике Великий Новгород? (2) Каким путем добирались до него индийские купцы? (3) Что привозили с собой для продажи в России индийские купцы? (4) Какие товары вывозили из России индийские купцы? (5) Как звали первого русского купца, посетившего Индию? (6) Откуда начал свой путь в Индию Афанасий Никитин? (7) Почему культура Советских республик Средней Азии близка индийской культуре? (8) Откуда был родом Мухаммед Бабур? (9) Какой русский царь направил Семена Маленького в Индию? (10) Где в России поселились индийские купцы? (11) В каком веке в России пробудился интерес к культуре и литературе Индии? (12) Кто одним из первых начал переводить на русский язык произведения (कृति *ж.*) индийской литературы? (13) Что можно сказать об отношениях России и колониальной Индии? (14) Что писал В. И. Ленин о стачке бомбейских рабочих? (15) Какое влияние оказала Великая Октябрьская революция на освободительную борьбу индийского народа? (16) Как изменились советско-индийские отношения после получения Индией независимости? (17) Что вы можете сказать о культурном обмене, происходящем между Индией и Советским Союзом? (18) Где работают индийцы, приезжающие в Советский Союз в соответствии с соглашением о культурном обмене? (19) Как помогает Советский Союз Индии в создании независимой экономики? (20) Какие крупнейшие предприятия Индии построены с помощью СССР? (21) Кто перевел поэму А. С. Пушкина «Цыганы» на язык хинди? (22) В каких штатах Индии с помощью советских специалистов была найдена нефть?

(23) Какую помощь оказывает СССР сельскому хозяйству Индии?
(24) В чем состоит особенность советско-индийских торговых отношений?

III. रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) सोवियत संघ सब पड़ोसी देशों से मैत्री-संबंध स्थापित करने की कोशिश करता जा रहा है। सोवियत राज्य की स्थापना के पहले ही दिनों से सोवियत सरकार ने सभी देशों के प्रति मैत्री का हाथ बढ़ाया। धीरे-धीरे दुनिया के लगभग सभी देशों से सोवियत संघ के राजनीतिक, व्यावसायिक और सांस्कृतिक संबंध क़ायम हो गये। बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी होता गया। व्यावसायिक संबंधों में भी बड़ी तरक़्क़ी हुई। युरोपीय और एशियाई देशों से अनेक व्यापारिक समझौते हुए। तमाम[12] अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में सोवियत संघ शांति और मैत्री के लिये संग्राम करता रहता है। वह चाहता है कि सारे संसार में शांति और मैत्री हो जाए।

२) सोवियत संघ और भारत के संबंध सदियों पुराने हैं। 'महान् श्री नोवोगोरोद' के ज़माने में रूस के बाज़ारों में भारतीय व्यापारी रेशम और ज़री बेचते हुए देखे जा सकते थे। उस वक़्त के रूस में ये चीज़ें बड़ी महँगी थीं, क्योंकि रूस में वे नहीं बनती थीं। रूस और भारत के बीच का रास्ता बड़ा मुश्किल तथा ख़तरनाक था। उसे तय करने के लिये हिम्मत चाहिये थी। व्यापारियों को नदियाँ पार करनी पड़ती थीं, पहाड़ी सिलसिलों को लाँघना पड़ता था। एक दिन एक रूसी व्यापारी निकीतिन अपने साथ मोम तथा शहद लेकर भारत के लिये चल पड़ा। वोल्गा से होता हुआ वह कैस्पियन सागर तक पहुँचा। उसे लाँघकर निकीतिन ईरान में आ गया। वहाँ पर उसने अपना सामान बेचकर दो-एक घोड़े ख़रीदे क्योंकि उसे मालूम हो गया कि भारत या हिन्दुस्तान नाम के देश में घोड़े काफ़ी क़ीमती हैं। निकीतिन ने अपनी भारत-यात्रा का अच्छा वर्णन लिख छोड़ा जिससे हम ने उस ज़माने की भारतीय संस्कृति तथा वहाँ के लोगों के रिवाजों को जान लिया है।

३) निकीतिन के भारत से जाने की कुछ देर बाद उत्तरी भारत पर मुग़लों का अधिकार हो गया। असल में मुग़ल मध्य एशिया के निवासी थे। हिन्दुस्तान का पहला मुग़ल बादशाह बाबर जाति का उज़बेक था। इसलिये उज़बेकों की सभ्यता का भारत पर काफ़ी प्रभाव पड़ा। बाबर के वंशजों का शासन १८५८ तक होता रहा। इसी साल अँग्रेज़ों ने आख़िरी मुग़ल बादशाह बहादुर-शाह को देश से निकाल दिया और भारत अँग्रेज़ों का उपनिवेश[13] हो गया।

४) मुग़ल बादशाह औरंगज़ेब के समय में भारत और रूस के बीच राजनीतिक संबंधों को स्थापित करने की पहली कोशिश हुई। सेम्योन मालेन्की के नेतृत्व में औरंगज़ेब के दरबार में एक रूसी प्रतिनिधि-मंडल आ पहुँचा। वहाँ उसका पूरा स्वागत हुआ और पाँच साल तक रूसी लोग भारत में रहकर वहाँ के रहनेवालों से व्यापार करते रहे। वापस जाते वक़्त उनको दोस्ताना भेंट के रूप में एक हाथी

---

[12] तमाम 'весь', 'целый', 'полный'.

[13] उपनिवेश *м.* 'колония'.

मिला जो शायद पहला ही हाथी था जिसने रूस में प्रवेश किया। तब तक हाथी का ज़िक्र तथा वर्णन केवल लोक-कथाओं में पाया जा सकता था।

५) १८वीं सदी तक रूस में भारत के साहित्य के बारे में बहुत ही कम मालूम था। १८वीं सदी में रूसियों की भारत-यात्राओं के कारण रूस में भारतीय साहित्य, कला, संस्कृति तथा भाषाओं में दिलचस्पी पैदा हुई। हेरासिम लेबेदेव ने कलकत्ते में पहला भारतीय थियेटर स्थापित किया। प्रसिद्ध रूसी इतिहासज्ञ और लेखक करामज़िन ने कालिदास की लिखी शकुंतला के कुछ भागों का अनुवाद रूसी में किया। इस अनुवाद की बड़ी प्रशंसा हुई। बाद में शकुंतला के अनेक अनुवाद रूसी भाषा में किये गये। एक और रूसी लेखक झुकोव्स्की ने नल-दमयंती का अनुवाद किया जो अब तक बड़ा अच्छा माना जाता है।

६) महान् अक्तूबर समाजवादी क्रांति ने भारत के मुक्ति-संग्राम पर बड़ा प्रभाव डाल दिया। उसने स्वतंत्रता-संग्राम की भावना बढ़ा दी। स्वतंत्र भारत के पहले प्रधान-मंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू ने अक्तूबर क्रांति का बड़ा स्वागत किया।

७) स्वतंत्रता पाने के बाद भारत ने आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिये बहुत कुछ किया। सब से पहले उसने योजनापूर्ण विकास की राह पकड़ी। दुनिया के अनेक देश उसकी मदद करने लगे। उन देशों में सोवियत संघ भी था। सोवियत संघ की सहायता से कई आधुनिक कारख़ाने बन चुके हैं। सोवियत संघ ने बिना किसी राजनीतिक शर्त के भारत को अनेक सुविधाजनक ऋण दिये। कल का पिछड़ा भारत आर्थिक विकास की राह पकड़कर अब इस राह पर विश्वास के साथ चलता जा रहा है।

८) सोवियत संघ के विभिन्न प्रकाशन-गृहों में भारत से संबंधित अनेक विषयों पर काम हो रहा है। भारतीय भाषाओं के शब्दकोष तैयार किये जाते हैं, तरह-तरह के व्याकरण लिखे जाते हैं, मशहूर कविताओं का अनुवाद किया जाता है।

९) तेल साफ़ करने के लिये और तेल से विभिन्न पदार्थ बनाने के लिये भारत में दो-तीन तेल शोधक कारख़ाने बन गये हैं। भिलाई और बोकारो इस्पात-कारख़ाने, तेल शोधक कारख़ाने और बहुत से दूसरे औद्योगिक संस्थान जो सोवियत संघ की दोस्ताना मदद से बने या बन रहे हैं भारत-सोवियत मैत्री के प्रतीक हो गये हैं।

IV. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

1. Впервые Индия и Россия завязали торговые связи во времена Республики Великий Новгород. Тогда на новгородских базарах можно было видеть индийских купцов, торгующих шелком и парчой. Труден и далек был их путь из Индии в Россию. Отважным купцам приходилось пересекать высокие горы, а затем переправляться через Каспийское море. Потом по Волге они достигали новгородских земель. Впоследствии индийские купцы обосновались в Астрахани, которая стала центром русско-индийской торговли. До сих пор один из районов этого города зовется «Индия». Первая попытка установить отношения с Индией была сделана московским

царем Алексеем Михайловичем. В Индию была послана делегация во главе с Семеном Маленьким. Делегация была тепло принята при дворе Аурангзеба. Более пяти лет пробыла делегация в Индии, а затем вернулась в Россию. С собой она привезла слона, полученного в подарок русскому царю. Однако в дальнейшем политические связи Индии и России были нарушены.

В XVIII в. вся Индия оказалась под властью англичан, которые прилагали немалые усилия для того, чтобы разобщить Индию и Россию. Экономические, политические и торговые связи между этими странами были установлены только после получения Индией независимости, т. е. в 1947 г. Между независимой Индией и Советским Союзом установились самые прочные и дружеские отношения.

2. До XVIII в. русские почти ничего не знали об Индии. Книга тверского купца Афанасия Никитина «Хожение за три моря» (तीन समुद्र-पार की यात्रा) была забыта. После завоевания англичанами Индии в Англии (इंगलैंड) на английском языке стали выходить переводы различных произведений индийской литературы. С этими переводами познакомились и русские. Известный русский историк и писатель Н. Карамзин перевел драму Калидасы «Шакунтала», рассказывающую о любви (प्रेम *м.*) царя Душьянты (दुष्यंत) к простой девушке Шакунтале. В России драму Калидасы переводили много раз. Первый научный перевод драмы Калидасы, сделанный непосредственно с санскрита (संस्कृत *ж.*), принадлежит Алексею Путяте (अलेक्सेई पुत्याता). Этот перевод вышел в 1879 г. Лучший перевод «Шакунталы» на русский язык принадлежит Константину Бальмонту (कोन्स्तान्तीन बाल्मोन्त), который осуществил его в 1916 г. В 1844 г. вышел полный перевод поэмы «Наль и Дамаянти», выполненный известным русским поэтом (कवि *м.*) В. А. Жуковским (वी० ए० झुकोव्स्की), который использовал для этого немецкий перевод с санскрита. Первый русский перевод этой поэмы с санскрита был сделан в 1852 г. И. А. Коссовичем (आई० ए० कोस्सोविच). Уже после Октябрьской революции с санскрита на русский язык были переведены две наиболее крупные древние поэмы «Рамаяна» (रामायण *м.*) и «Махабхарата». Кроме этого на русский язык и другие языки народов Советского Союза были переведены произведения всех крупнейших современных писателей Индии, первое место среди которых занимают произведения Р. Тагора, издававшиеся за годы Советской власти около ста раз.

3. В Индии интерес к литературе Советского Союза стал проявл-

ляться сразу же после достижения независимости, хотя (हालांकि) до этого в Индии были известны произведения Ленина, а также произведения русских и советских писателей, таких, как Горький, Достоевский, Чехов, Пушкин и др. За последние годы в Индии опубликован (प्रकाशित) ряд новых переводов произведений русских и советских авторов, а в 1957 г. был выпущен первый в Индии «Русско-хинди словарь». Большую помощь индийской общественности оказывает московское издательство «Прогресс» (प्रगति *ж.*), индийская редакция которого систематически переводит на хинди, урду, бенгали (बंगाली *ж.*), маратхи, панджаби (पंजाबी *ж.*), гуджарати, тамили (तामिल *ж.*) и другие языки произведения русских и советских авторов. В Индии на четырнадцати индийских языках издается журнал «Страна Советов» (सोवियत भूमि *ж.*), а в Москве на трех индийских языках издаются журналы «Советский Союз» и «Советская женщина» (सोवियत नारी).

4. Растут и крепнут экономические и торговые связи двух стран — Советского Союза и Индии. Вся торговля между Индией и Советским Союзом происходит на рупиевой основе, т. е. Индия выплачивает стоимость советских товаров в рупиях, на которые Советский Союз покупает индийские товары. Подобный вид расчетов выгоден для обеих стран.

5. Советский Союз предоставляет Индии займы на льготных условиях, не преследуя никаких политических целей. С помощью Советского Союза в Индии сооружается много промышленных предприятий, среди которых огромный металлургический комбинат в Бокаро. Все эти промышленные предприятия являются символом советско-индийской дружбы.

6. В целях укрепления культурных отношений между двумя нашими странами в СССР и в Индии созданы общества культурных связей. Ежегодно в Советский Союз и Индию приезжает много различных делегаций, направляемых обоими обществами. Кроме этого между советскими республиками и индийскими штатами устанавливаются прямые культурные и научные связи. Так, например, Белоруссия (बेलोरूसिया) установила прямые связи со штатом Карнатака (करनाटक), Узбекистан — с Пенджабом (पंजाब), Туркмения (तुर्कमानिस्तान) — с Раджастханом (राजस्थान).

V. खाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) पाकिस्तान भारत का ... देश है। (२) एक रूसी ... अफ़नासी निकीतिन ने १५वीं सदी में भारत की यात्रा की। (३) २३ फ़रवरी को सोवियत ... का

दिन है। (४) सब बच्चे ... को सुनना पसंद करते हैं। (५) हमारे मध्य एशियाई जनतंत्रों की बहुत सी ... तथा ... भारत से मिलते जुलते हैं। (६) ... क्षेत्रों में इस नये व्यापारिक समझौते की बड़ी चर्चा हो रही है। (७) भारत ... देश है। (८) बेटा अपने बाप से बहुत ... है। (९) महान् रूसी लेखक पुश्किन भी लोक-कथाओं और गीतों पर ... था। (१०) सारी दुनिया सोवियत संघ की नयी शांतिपूर्ण ... का स्वागत करती है। (११) हवाई जहाज़ से हिन्दुस्तान जाते वक़्त हिन्दूकुश पहाड़ों के सिलसिले को ... पड़ता है। (१२) बाबर के ... का अधिकार भारत पर तीन सौ से ज़्यादा वर्षों तक रहा। (१३) हमारे विद्यालय में सब विद्यार्थी बड़े ... के साथ विदेशी भाषाएँ सीखते हैं। (१४) यह ... है कि मध्य एशिया और भारत की सभ्यता लगभग एक जैसी है। (१५) कम्युनिस्ट पार्टी के ... में सोवियत लोग कम्युनिज़्म की तरफ़ बढ़ते जा रहे हैं। (१६) अक्तूबर क्रांति से पहले रूसी मज़दूरों ने अनेक राजनीतिक तथा आर्थिक ... कीं। (१७) भारत के तीन सौ से ज़्यादा नगरों और बस्तियों में भारतीय-सोवियत सांस्कृतिक संघ की ... हैं। इस संघ का ... कार्यालय अब दिल्ली में है। (१८) मुझे इस किताब की दो ... चाहिये। (१९) भारत के ... प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू सोवियत संघ के बड़े दोस्त थे। (२०) इस ऋण की ... बड़ी सुविधाजनक हैं। (२१) ऋण का ... रुपयों में होगा। (२२) तेल को साफ़ करने के लिये तेल ... कारख़ानों की आवश्यकता है। (२३) भारत ... विकास की राह पर चल रहा है। (२४) आप ने किस नाम का ... किया ?

VI. निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी में अनुवाद करके उनेक समानार्थक शब्द लिखिये।

Культура, цивилизация (2); традиция, обычай (3); влияние (2), упоминание (2), дружба (2), торговец (2), борьба, война (2); дом (3), рассказ (2), пересекать (2), желание (2), люди, народ (2); институт (2).

VII. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का प्रयोग करके वाक्य बना लीजिये।

स्वागत करना ; ज़िक्र करना ; हड़ताल करना ; प्रशंसा करना ; आदान-प्रदान करना ; शर्त बढ़ाना ; नाटक खेलना ; प्रकाशन करना ; स्वतंत्रता-संग्राम ; ऋण देना ; समझौता करना ; भुगतान करना ; बीज-फ़ार्म ; कृषि-मशीन सेवा-केन्द्र ; रूसी भाषा विभाग।

VIII. निम्नलिखित विशेषणों के लिये उचित संज्ञाएँ लिखिये।

राजनीतिक — ; योजनापूर्ण — ; सांस्कृतिक ; एशियाई — ; साहसिक — ; आर्थिक —; शांतिपूर्ण — ; दोस्ताना — ; स्वतंत्रताप्रिय — ; स्वर्गीय — ; व्यावसायिक — ; कुशल — ; प्रशंसात्मक — ; स्वाभाविक — ; पड़ोसी —।

IX. निम्नलिखित संज्ञाओं के लिये उचित विशेषण लिखिये।

— शहद ; — सभ्यता ; — व्यवधान ; — विश्वास ; — समझौता ; — तेल ; — हित ; — परंपरा ; — पहल ; — सह-अस्तित्व ; — शर्त ; — हड़ताल ; — प्रभाव ; — स्वागत ; — व्यापारी ।

X. पाठ के आधार पर सोवियत संघ और किसी दूसरे देश के मैत्री-संबंधों का हिन्दी में वर्णन कीजिये।

XI. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Наш южный сосед Индия

15 августа 1947 г. первый премьер-министр страны Джавахарлал Неру поднял над Красным фортом в Дели флаг независимой Индии. Пришел конец колониальному рабству, продолжавшемуся более двухсот лет. На международную арену (रंगमंच *м.*) вышло новое независимое государство. Труден был путь индийского народа к своей независимости. Последние девятьсот лет Индия находилась под властью чужеземных правителей (शासक *м.*). В конце XII в. в Индию вторглись тюрки (तुर्क *м.*), господство которых продолжалось несколько веков. В XVI в. в Индии установилось правление моголов. Первым могольским падишахом стал Бабур. При Бабуре и его преемниках мусульманская (मुस्लिम) культура в Индии, занесенная еще тюрками, получила дальнейшее развитие.

В XVII в. в Индию начинают проникать англичане, которые появились сначала как купцы. Англичане основали в Индии торговую компанию (व्यापारी कम्पनी *ж.*) и постепенно проникали во все уголки страны. Они расширяли свои владения (इलाक़ा *м.*), захватывая (पर अधिकार करना) земли соседних княжеств (रियासत *ж.*). Англичане вели ряд успешных войн с индийскими раджами и падишахами и захватывали индийские княжества одно за другим (एक के बाद एक). К середине XVIII в. англичане захватили почти всю Индию. Так началось двухсотлетнее колониальное рабство индийского народа. Однако все это время индийский народ вел борьбу с англичанами за свое освобождение. После

второй мировой войны борьба индийского народа увенчалась успехом. Англичанам пришлось предоставить Индии независимость.

После получения политической независимости Индия приступила к созданию своей независимой экономики. Изучив опыт экономического строительства в СССР, Индия также пошла по пути создания своей экономики на базе пятилетних планов. За годы своего независимого развития Индия осуществила ряд пятилетних планов.

Большую помощь в деле строительства ее независимой экономики оказывает Советский Союз. С помощью Советского Союза в Индии сооружается более восьмидесяти промышленных предприятий. С помощью Советского Союза в Индии был построен крупнейший в Азии металлургический комбинат в Бокаро, ставший символом дружбы двух великих народов. В Советском Союзе обучается множество индийских специалистов, врачей и инженеров, рабочих и ученых. Более трехсот индийских студентов обучается в Университете дружбы народов имени Патриса Лумумбы. Через пять лет, став квалифицированными специалистами, они возвращаются домой, чтобы своими руками строить новую жизнь в стране.

Индия борется за мир во всем мире (विश्वशांति *ж.*). Она верит в мирное сосуществование государств с различным общественным устройством. Во всех международных организациях Индия не раз выступала с предложениями, направленными на сохранение мира.

Советские люди уверены, что, идя по пути мира и прогресса, Индия добьется больших успехов.

XII. रूसी में अनुवाद कीजिये।

साहित्य के क्षेत्र में आदान-प्रदान

हमारे देश की विभिन्न भाषाओं में रूस के अनेक लेखकों की रचनाओं[14] के अनुवाद प्रकाशित हुए हैं। कुछ लेखक तो भारत में इतने लोकप्रिय हैं कि उनकी पुस्तकों के एक ही भारतीय भाषा में कई-कई अनुवाद हुए हैं। टाल्स्टोय, गोर्की, तुर्गेनेव, पुश्किन, डास्टायेव्स्की के नाम हर पढ़ा-लिखा भारतीय जानता है। इधर तो बहुत सा रूसी साहित्य रूस से ही विभिन्न भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने के बाद प्रकाशित होकर आ रहा है, फिर भी हमारे देश में वहाँ के अनेक लेखकों की रचनाओं के अनुवाद तथा प्रकाशन का कार्य चल रहा है।

---

[14] रचना *ж.* 'произведение'.

रूस और भारत के बीच आदान-प्रदान का इतिहास बड़ा पुराना है। इतिहास के विद्यार्थी जानते हैं कि पन्द्रहवीं सदी में वास्को डी गामा से भी लगभग ३० वर्ष पहले अफ़नासी निकीतिन नामक रूसी व्यापारी भारत आया था। वह वहाँ काफ़ी घूमा और रूस लौटकर उसने 'तीन समुद्र-पार की यात्रा' नामक पुस्तक लिखी। 'परदेसी' फ़िल्म ने जो कि भारत तथा रूस की दोनों की कोशिशों से बनी है इस व्यापारी का नाम देश के कोने-कोने में पहुँचा दिया है। यह साफ़ है कि इस साहसिक व्यक्ति ने भारत और रूस के बीच संबंध स्थापित करने की कोशिश की। भारत से भी अनेक व्यापारी रूस गये।

इसके बाद रूसी कवि झूकोव्स्की ने नल-दमयंती की लोक-कथा को अपनी रचनाओं का विषय बनाया। चेर्निशेव्स्की तथा दोब्रल्यूबोव ने भारत की १८५७ की क्रांति की प्रशंसा की। १९ वीं सदी के अंत में धार्मिक[15] साहित्य के वैज्ञानिक मिनाएव भारत आये। उनकी डायरी[16] रूसी में प्रकाशित हुई। रूसी कलाकार वेरेश्चागिन ने भारतीय जीवन पर अनेक चित्र बनाये।

बीसवीं सदी के शुरू से भारतीय साहित्य के अध्ययन तथा अनुवाद का कार्य बड़ी तेज़ी से शुरू हुआ। आज मास्को, लेनिनग्राद तथा ताश्कंद में न केवल भारतीय साहित्य के अध्ययन, अनुवाद तथा प्रकाशन का काम हो रहा है, बल्कि वहाँ के विश्वविद्यालयों में हिन्दी, उर्दू, बंगला, संस्कृत, मराठी तथा पंजाबी भाषाओं की शिक्षा की व्यवस्था भी है। इन नगरों में भारतीय भाषा-विज्ञान के संबंध में अनुसंधान का कार्य हो रहा है। इस क्षेत्र में सोवियत 'विज्ञान-अकादमी' के 'प्राच्यविद्या-संस्थान' की सेवाओं का विशेष रूप से ज़िक्र करना उचित होगा। यह संस्था भारतीय भाषाओं के अध्ययन तथा भारतीय साहित्य से संबंधित विषयों के अनुसंधान में बड़ी मेहनत से लगी है। इस समय इस संस्था द्वारा हिन्दी, उर्दू, बंगला, पंजाबी, तामिल, तेलुगू[17], मराठी, मलयालम[18] तथा सिंहली[19] में व्याकरण, शब्दकोष तथा दूसरे वैज्ञानिक विषयों पर कार्य हो रहा है। आधुनिक भाषाओं के साथ-साथ संस्कृत तथा पाली[20] के साहित्य को भी महत्त्व दिया जा रहा है। हिन्दी, उर्दू तथा बंगला में विशाल शब्दकोषों तथा व्याकरणों की रचना हो रही है।

भारतीय लेखकों में रवीन्द्रनाथ ठाकुर (टैगोर) तथा प्रेमचंद का बहुत-सा साहित्य रूसी में प्रकाशित हुआ है। अब जयशंकर प्रसाद, निराला, वृन्दावनलाल वर्मा, विष्णु प्रभाकर, सुदर्शन आदि लेखकों की ओर भी रूसियों का ध्यान गया है और उन लेखकों की कुछ रचनाओं के अनुवाद हुए हैं और हो रहे हैं।

मास्को का 'विदेशी भाषा-प्रकाशन-गृह'[21] रूसी साहित्य को भारतीय भाषाओं में प्रकाशित कर रहा है। वहाँ हमारे कई भारतीय मित्र कार्य करते हैं। इस समय

---

15 धार्मिक 'религиозный'.

16 डायरी *ж.* 'дневник'.

17 तेलुगू *ж.* 'язык телугу'.

18 मलयालम *ж.* 'язык малаялам'.

19 सिंहली *ж.* 'сингальский язык'.

20 पाली *ж.* 'язык пали'.

21 अब "प्रगति" प्रकाशन-गृह।

वहाँ हिन्दी, बंगला, उर्दू, तामिल आदि भाषाओं में अनुवाद की उचित व्यवस्था है। इस संस्था से अबतक टाल्स्टोय, गोर्की, तुर्गेनेव, डास्टायेव्स्की आदि का काफ़ी साहित्य भारतीय भाषाओं में निकल चुका है और निकल रहा है।

हिन्दी की पढ़ाई की ओर रूस के अधिकारियों का ध्यान अधिक-अधिक जा रहा है। मास्को, लेनिनग्राद और ताश्कंद के अलावा दूसरे कई स्थानों के कालेजों में हिन्दी के अध्ययन की व्यवस्था हो गयी है। दूसरी जगहों पर भी शीघ्र ही की जा रही है। भाषा के साथ-साथ भारतीय साहित्य का भी प्रवेश होना स्वाभाविक है।

इस में कोई संदेह[22] नहीं कि रूस में भारत तथा भारतीय साहित्य की ओर दिलचस्पी बराबर बढ़ रही है।

(यशपाल जैन, 'रूस में छियालीस दिन' के आधार पर)

XIII. बातचीत का रूसी में अनुवाद कीजिये।

कुछ ज़रूरी काम के लिये मैं एक दिन वहाँ के एक प्रकाशन-गृह में गया। काम होने के बाद बाहर आया। सोचा कि सीधा घर पहुँच जाऊँगा, लेकिन रास्ता भूल गया। यह सब देखते-देखते हैरान[23] हो गया। रूसी भाषा न जानने के कारण किसी से बात नहीं की जा सकी। आख़िर सड़क के नुक्कड़ पर खड़े होकर राह देखने लगा कि शायद कोई अँग्रेज़ी या हिन्दी जानने वाला आ जाय। प्रतीक्षा करते थोड़ी देर हो गयी कि एक रूसी लड़की आयी और मेरी इस हालत को देखकर अँग्रेज़ी में बोली, "मैं आपकी कुछ सहायता कर सकती हूँ?"

मुझे लगा, जैसे भगवान् की भेजी मदद मिली। मैं ने उसकी ओर देखा और बोला, "रास्ता भूल जाने से मैं तो बहुत हैरान हो रहा था और मुझे पता भी नहीं था कि क्या करूँ! अच्छा हुआ, तुम मिल गयीं।"

उसने कहा, "कहाँ जाएँगे?"

"जाना तो मुझे बराव्स्काया शोस्से है, लेकिन इस समय मेरा कोई कार्यक्रम[24] नहीं है, ख़ाली हूँ। तुम जहाँ कहो, चल सकता हूँ।" हम लोग लाल चौक की ओर बढ़े। चलते-चलते लड़की ने पूछा, "मास्को में कब से हैं? सेंट बसील का गिरजाघर देखा है?"

मैंने कहा, "मैं यहाँ हूँ तो कई दिन से, लेकिन यह गिरजा नहीं देखा है।"

"तो चलिये, वहीं चलें। पास ही है। वहाँ पुरानी वस्तुओं का संग्रह है।"

हम लोग उधर ही बढ़े। रास्ते में बातचीत होने लगी।

"पढ़ती हो?"

"जी हाँ।"

"कौनसी क्लास में?"

"दसवीं में।"

"कितनी उम्र है?"

---

22 संदेह *м.* 'сомнение', 'подозрение'.

23 हैरान 'встревоженный'.

24 कार्यक्रम *м.* 'программа'.

"कोई सोलह साल की।"

मैं ने कहा, "देखो, कैसा संयोग[25] है! मेरी लड़की भी तुम्हारी ही उम्र की है और दसवीं में पढ़ती है। कितने भाई-बहन हो तुम लोग?"

वह बोली, "मेरे बहन कोई नहीं है। एक छोटा भाई है।"

मैं ने कहा, "मेरी लड़की के भी एक ही भाई है। तुम्हारे पिता क्या करते हैं?"

मेरे इस प्रश्न पर वह लड़की ज़रा रुकी। फिर बोली, "वह दूसरी बड़ी लड़ाई में मारे गये।"

मैं उसकी तरफ़ देखता रह गया। लड़की ने यह देखा तो जल्दी ही बोली, "घर का आदमी जाता है तो बुरा तो लगता ही है, पर सच मानिये, जो हुआ उसका हमें मलाल[26] नहीं है, क्योंकि पिता जी देश के लिये मर गये थे।"

सोलह साल की लड़की के मुँह से यह सुनकर मैं दंग रह गया[27]। उसकी आवाज़ में शिकायत न थी, उल्टे अभिमान था कि उसके पिता जी देश के लिये मरे थे।

(यशपाल जैन, "रूस में छियालीस दिन" के आधार पर)

चुटकुले

१) टेलीफ़ोन की घंटी बजी। डॉक्टर साहब ने चोंगा उठाया, सुना और फिर उसे टेलीफ़ोन पर रखकर बोले—"मेरा सामान और बेग जल्दी दो। अभी-अभी टेलीफ़ोन आया था, वह कह रहा था कि मैं मर जाऊँगा।"

डॉक्टर की लड़की—"तो रहने दीजिये[28], पिता जी, वह टेलीफ़ोन मेरे लिये था।"

२) पहला मुसाफ़िर—"इस समय क्या बजा है?"

दूसरा मुसाफ़िर: "इस समय तो कुछ नहीं बजा, लेकिन थोड़ी देर पहले रेल की सीटी बजी थी।"

३) "जब आधी रात को तुम्हारा छोटा बच्चा चिल्लाने लगता है तो सब से पहले कौन उठता है?"

"मकान के सब लोग।"

---

[25] संयोग *м.* 'совпадение'.

[26] मलाल *м.* 'горе', 'печаль'.

[27] दंग रहना *нп.* 'поражаться', 'изумляться'.

[28] रहने दीजिये 'не беспокойтесь'.

ГРАММАТИКА

Простое причастие II (§ *18*)
Составное причастие II (§ *19*)
Простое деепричастие II (§ *20*)
Составное деепричастие II (§ *21*)
Приложения (§ *22**)

पाठ

महान् अक्तूबर समाजवादी क्रांति

सन् १९१७। दुनिया की लड़ाई का तीसरा साल चल रहा था। देश में बरबादी का **राज** था। रूस की जनता लड़ाई के फलस्वरूप बहुत थक गयी थी। ख़ूनी ज़ारशाही का **विरोध** और उस के प्रति क्रोध जनता में बढ़ता और तेज़ होता जा रहा था।

आख़िरकार फ़रवरी क्रांति ने रोमानोव वंश की तीन सौ साल की राजशाही का कुछ ही दिनों में **अंत कर दिया**।

क्रांति की विजय हुई, पर राजसत्ता अस्थायी सरकार के, पूंजीवादी अधिनायकत्व की उस संस्था के हाथ में आ गई जिसने राज्य की **शासन-मशीन** को **क़ाबू में कर लिया था**।

राजनीतिक संग्राम के क्षेत्र में **मज़दूर-वर्ग** के हितों को व्यक्त करती थी लेनिन की बोल्शेविक पार्टी। ज़ारशाही शासन के विरुद्ध की लड़ाइयों में उसके नेतृत्व में पेत्रोग्राद के मज़दूर सोवियतों की स्थापना करने लगे जिनमें शुरू से ही वे सिपाही भी भाग लेते थे जो असल में फ़ौजी पोशाक पहने हुए किसान थे। मज़दूर-वर्ग ने जल्दी से ट्रेड-यूनियनों को क़ायम किया, बिना हुक्म के आठ घंटे का काम का दिन लागू किया और क्रांति की रक्षा के लिए लाल गार्ड की स्थापना की। **सर्वहारा और किसान-जनता के क्रांतिकारी जनवादी अधिनायकत्व की संस्था पेत्रोग्राद सोवियत**, जिसका देश भर में स्थापित सभी सोवियतें **साथ दे रही थीं**, कोई राजसत्ता तो न थी, परंतु हथियारबंद जनता उसका **समर्थन कर** रही थी और वास्तव में अधिकार उसी के हाथ में था।

इस तरह फ़रवरी की क्रांति ने दोहरा शासन क़ायम करके नये क्रांति-संग्रामों का बीज ख़ुद ही बोया। इन क्रांति-संग्रामों की अनिवार्यता इसी बात से निश्चित

थी कि संग्राम करते हुए वर्गों में से कोई भी फ़रवरी क्रांति के फलों से संतुष्ट न था।

अप्रैल सन् १९१७ में व्ला० इ० लेनिन के रूस लौटने पर जनवादी क्रांति को समाजवादी क्रांति में बदल देने की साफ़ योजना बोल्शेविक पार्टी को प्राप्त हुई।

अक्तूबर तक देश में आम राजनीतिक संकट और गंभीर हो उठा। लड़ाई के फलस्वरूप जिसे अस्थायी सरकार ने जारी रखा देश अकाल तथा विनाश की ओर बढ़ रहा था। मज़दूर वर्ग पूंजीवादी वर्ग के विरुद्ध और अधिक दृढ़ता से संग्राम चला रहा था। पेत्रोग्राद और मास्को को सोवियतें तथा देश के कई दूसरे औद्योगिक केंद्रों की सोवियतें बोल्शेविक हो गई थीं। सरकार से ज़मीन न पाकर किसानों ने बोल्शेविकों के आह्वान पर चलते हुए ख़ुद ही ज़मीन पर क़ब्ज़ा करना शुरू कर दिया। मुख्य मोर्चों और देश के भीतर स्थित नगर-सेनाओं के बहुत से सिपाही जो जनता-विरोधी हितों के लिए होनेवाली लड़ाई से ख़ास तौर से थक गये थे, बोल्शेविकों की तरफ़ चले आये।

मज़दूर वर्ग की अगुआई में अधिकांश जनता के समर्थन का सहारा लेकर बोल्शेविकों ने लेनिन के नेतृत्व में हथियारबंद विद्रोह के लिए लोगों का खुला आह्वान किया।

उन महान् दिनों का घटना-वर्णन यह है—सन् १९१७ के अक्तूबर की २४ तारीख़ की शाम को लेनिन स्मोल्नी इंस्टीट्यूट-भवन में पहुँचे। उस ऐतिहासिक रात को स्मोल्नी भवन का एक अद्भुत दृश्य था। वह रोशनी से चमक रहा था और लोगों के ऊँचे स्वरों से गूंज रहा था। चहलपहल यहाँ पर एक भी मिनट के लिए ख़तम नहीं होती थी। लाल गार्ड के सैनिक तथा मिलों और कारख़ानों के प्रतिनिधि हिदायतें पाने के लिए हर जगह से यहाँ आ रहे थे। सर्वहारा-विद्रोह के प्रधान कार्यालय—सैनिक क्रांति-समिति की बैठक तीसरी मंज़िल पर बराबर चल रही थी। स्मोल्नी पहुँचते ही लेनिन ने विद्रोह का सीधा संचालन अपने हाथ में ले लिया। जल्दी ही मोटरों तथा साइकिलों पर संदेशवाहक निकल पड़े और राजधानी के कारख़ानों, मुहल्लों और फ़ौजी दलों में सैनिक क्रांति-समिति के हुक्म पहुँचाने लगे। पेत्रोग्राद के सर्वहारा और रेजीमेंटें काम करने लगें। फ़ौजी चौकियों और सरकारी दफ़्तरों पर क़ब्ज़ा किया जाने लगा। २५ अक्तूबर (७ नवंबर) की सुबह तक नेवा नदी पर के सभी पुल, केंद्रीय टेलीफ़ोन-स्टेशन, तारघर, पेत्रोग्राद समाचार-समिति, रेडियो-स्टेशन, रेलवे-स्टेशन, बिजलीघर, बैंक और दूसरे महत्त्वपूर्ण कार्यालय नौसैनिकों, लाल गार्डवालों और सिपाहियों के क़ब्ज़े में आ गये। शीत-महल जिसमें अस्थायी सरकार बैठी थी और फ़ौजी इलाक़े के मुख्य कार्यालय को छोड़कर बाक़ी सारा शहर हथियारबंद सर्वहारा और क्रांतिकारी सैनिकों के हाथों में आ चुका था। शीत-महल पर जल्दी ही क़ब्ज़ा करने के लिए नौसैनिकों, लाल गार्डवालों और सिपाहियों को लेनिन बढ़ावा देते रहे। विद्रोह वास्तव में विजयी हो चुका था।

सुबह को सैनिक क्रांति-समिति ने लेनिन की लिखी "रूस के नागरिकों के नाम" ऐतिहासिक अपील का प्रकाशन किया। इस में आम जनता को यह ख़बर दी गयी थी कि अस्थायी सरकार का तख़्ता उलट दिया गया है और राजसत्ता पेत्राग्राद के सर्वहारा और नगर-सेना की अगुआई करनेवाली सैनिक क्रांति-समिति के हाथों में आ गई है। पेत्रोग्राद में क्रांति की विजय की ख़बर तार द्वारा रूस के कोने-कोने में

ग्रौर सभी मोर्चों पर पहुँचाई गई। दिन के समय लेनिन ने पेत्रोग्राद नगर-सोवियत की ग्रसाधारण बैठक में सोवियत शासन के कर्त्तव्यों पर **भाषण दिया**। ग्रधिवेशन में उनके पहुँचते ही तूफ़ानी तालियों ग्रौर स्वागत के नारों से सारा हॉल गूँज उठा। लेनिन ने कहा: "मज़दूरों ग्रौर किसानों की क्रांति जिसकी ग्रावश्यकता के बारे में बोल्शेविक सदा बोलते ग्राये हैं कामयाब हो गई है..."

सारे हॉल की **तूफ़ानी तालियों के बीच** लेनिन ने यह **नारा लगाया**: "विश्व समाजवादी क्रांति की **जय**!"

२६ ग्रक्तूबर (८ नवंबर) की सुबह के ४ बजे सोवियतों की दूसरी ग्रखिल रूसी कांग्रेस के ग्रधिवेशन में यह ख़बर सुनायी गई कि ग्रस्थायी सरकार के ग्राख़िरी क़िले शीत-महल पर क़ब्ज़ा कर लिया गया है। लेनिन द्वारा लिखी हुई "मज़दूरों, सैनिकों ग्रौर किसानों के नाम" ग्रपील को कांग्रेस ने तूफ़ानी तालियों के साथ स्वीकार किया। इस में यह **घोषणा की गई** थी कि केंद्र में ग्रौर दूसरे स्थानों पर **राज्य-शासन** सोवियतों के हाथों में ग्रा गया है। सोवियत राज्य, संसार के इतिहास में मज़दूरों ग्रौर किसानों का पहला राज्य, पैदा हो गया है। कांग्रेस ने मज़दूरों, किसानों ग्रौर विशेष रूप से मोर्चों पर के सैनिकों का ग्राह्वान किया कि वे साम्राज्यवाद के हर तरह के **हमलों** से ग्रपने राज्य की रक्षा करें।

सोवियतों की कांग्रेस के पहले ग्रधिवेशन में लेनिन उपस्थित न थे। २५ ग्रक्तूबर की सारी रात ग्रौर सारे दिन स्वेर्दलोव, बूबनोव ग्रौर केंद्रीय समिति के दूसरे सदस्यों के साथ वह क्रांति की शक्तियों को संगठित करते हुए विद्रोह का संचालन करते रहे ग्रौर सोवियत शासन के पहले फ़ौरी **क़दम उठाते रहे**। दो दिन ग्रौर दो रातें लेनिन ने सैनिक क्रांति-समिति में बिना सोये, बिना ग्राराम किये काटीं। शीत-महल पर क़ब्ज़ा होने ग्रौर ग्रस्थायी सरकार का तख़्ता उलटने के बाद ही वह स्मोल्नी से थोड़ी ही दूर पर स्थित बोन्च-ब्रुयेविच के घर कुछ घंटे ग्राराम करने गये। पर वहाँ भी लेनिन नहीं सोये। किसी को तकलीफ़ न दें, इस ख़याल से **दबे पाँव** चलकर वह मेज़ के पास **चुपके** से बैठे ग्रौर ज़मीन के बारे में प्रसिद्ध सोवियत ग्राज्ञप्ति का मसविदा तैयार किया।

२६ ग्रक्तूबर (८ नवंबर) के सारे दिन वह **वैसे ही** व्यस्त रहे **जैसे कि** पिछले दिन। "मज़दूरों, सैनिकों ग्रौर किसानों के नाम" सोवियतों की दूसरी ग्रखिल रूसी कांग्रेस का ग्राह्वान देश के सभी शहरों को तार ग्रौर टेलीफ़ोन द्वारा भेजा गया। पेत्रोग्राद की तरफ़ बढ़नेवाली केरेन्स्की ग्रौर क्रस्नोव की सेनाग्रों से राजधानी की रक्षा की व्यवस्था जल्दी से करना ज़रूरी था।

२६ ग्रक्तूबर (८ नवंबर) को दिन के समय लेनिन **की ग्रध्यक्षता में** हुई केंद्रीय समिति की बैठक में सोवियत सरकार के **सदस्यों-संबंधी** प्रश्न पर विचार किया गया।

२६ ग्रक्तूबर (८ नवंबर) की शाम को सोवियतों की दूसरी ग्रखिल रूसी कांग्रेस का दूसरा तथा ग्राख़िरी ग्रधिवेशन हुग्रा। "ठीक ७ बजकर ४० मिनट हुए थे जब स्वागत के नारों ग्रौर तालियों की तूफ़ानी लहर ने यह ख़बर दी कि **ग्रध्यक्ष-मंडल** के सदस्य ग्रौर लेनिन – महान् लेनिन – हॉल में ग्रा गये हैं।" – इन शब्दों में जॉन रीड ने इन ऐतिहासिक क्षणों का वर्णन किया है।

नये सोवियत राज्य के पहले शब्द शांति-संबंधी शब्द थे। शांति के बारे में भाषण लेनिन ने दिया।

लेनिन के भाषण के बाद कांग्रेस ने अपने पहले ऐतिहासिक क़ानून – शांति-संबंधी आज्ञप्ति – को असाधारण सर्वसम्मति से स्वीकार किया। इस आज्ञप्ति के एक स्वर से स्वीकार होने पर एक बार और तूफ़ानी तालियाँ बजीं और उसके बाद प्रतिनिधियों ने खड़े होकर "इन्टरनेशनल" गाया।

कांग्रेस के इस अधिवेशन के दूसरे मुख्य विषय – ज़मीन के सवाल पर भी लेनिन ने भाषण दिया। भाषण के समय लेनिन ने अपनी लिखी हुई ज़मीन-संबंधी आज्ञप्ति का मसविदा पढ़कर सुनाया। इस आज्ञप्ति के अनुसार ज़मीन पर ज़मींदारों के अधिकार का अंत किया गया।

सोवियतों की दूसरी अखिल रूसी कांग्रेस के इसी अधिवेशन में मज़दूरों-किसानों के पहले राज्य की सरकार लेनिन की अध्यक्षता में क़ायम की गई।

२७ अक्तूबर (९ नवंबर) की सुबह के ५ बजे के बाद, "क्रांति की जय!" के नारों और इन्टरनेशनल के गाने के साथ कांग्रेस ने अपना काम ख़तम किया। शांति, ज़मीन और सोवियत सरकार की स्थापना-संबंधी लेनिन की जिन आज्ञप्तियों को उस में स्वीकार किया गया उन्हों ने सर्वहारा अधिनायकत्व को मज़बूत करने और समाजवाद का निर्माण करने में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की। कांग्रेस के प्रतिनिधि शीघ्र ही अलग-अलग स्थानों के लिए रवाना हुए ताकि सारे रूस में मज़दूर-किसान शासन क़ायम करने में भाग ले सकें।

नये शब्द

अकाल **акāл** *м.* 1) тяжелые времена; 2) голод; неурожай

अखिल **акʰил** 1) весь, полный, целый; 2) все-, *напр.*: ~ **रूसी** всероссийский

अगुआई **агуāӣ** *ж.* руководство

इस पर भी कज़ाख़स्तान और सारे सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था तथा संस्कृति के सब क्षेत्रों में तरह तरह के विशेषज्ञों की माँग लगातार बढ़ती जा रही है। इस लिये शिक्षा ख़तम करते ही सब विद्यार्थी काम में लग जाते हैं।

विशेषज्ञों की संख्या में सोवियत संघ का संसार में पहला स्थान है। प्रतिवर्ष स्नातक होनेवाले इंजीनियरों की संख्या क़रीब डेढ़ लाख है। विशेषज्ञों में स्त्रियों की सिंख्या अधिक है। उच्च शिक्षा प्राप्त व्यक्तियों में ५२.६ प्रतिशत औरतें हैं तथा वशेष माध्यमिक शिक्षा प्राप्त कर्मचारियों में लगभग ६२ प्रतिशत।

यह स्वाभाविक और प्रतीकात्मक भी है कि सोवियत जनता ने जिसने इतिहास में पहले समाजवादी राज्य का निर्माण किया है तथा शिक्षा और विज्ञान में इतनी प्रगति की है अंतरिक्ष पर विजय पाने में भी पहल की है।

नये शब्द

अंतरिक्ष антарикша *м.* 1) пространство, пустота; 2) космос

अतिरिक्त атирикта 1. 1) лишний, избыточный; 2) добавочный, дополнительный; 3) особый, специальный; **2.** : के ~ *послелог* кроме, сверх, вдобавок

अनिवार्य анивāрйа 1) неизбежный; 2) безусловный, обязательный

अन्य анйа другой, иной

अल्प алпа 1) малый, небольшой; 2) короткий; краткий; 3) незначительный

अवस्था авастʰā *ж.* 1) состояние; условия; 2) ступень, стадия, фаза; 3) возраст

आयु āйу *ж.* возраст; продолжительность жизни

आलोकित āлокит 1) освещенный, озаренный; ~ होना быть освещенным, озаренным (से *чем-л.*); ~ करना освещать, озарять (से *чем-л.*); 2) видимый

आश्चर्यचकित āшчарйачакит удивленный, изумленный; ~ होना (हो जाना, रह जाना) удивляться, изумляться (पर *чему-л.*); ~ करना удивлять, изумлять

उच्च учча 1) высокий; высший; 2) лучший

उद्देश्य уддэшйа *м.* 1) цель, намерение; 2) *грам.* подлежащее

कक्षा какшā *ж.* 1) окружность; орбита; 2) класс; курс (*обучения*)

कज़ाख़ казāх 1. казахский; **2.** *м.* казах

कठिनाई **кат̇^{h}инāӣ** *ж.* трудность, затруднение

किंडरगार्टन **кинд̇аргāрт̇ан** *м.*, *ж.* детский сад

किरगिज़ **киргиз** 1. киргизский; 2. *м.* киргиз

क्षमता **кшаматā** *ж.* 1) способность, умение; 2) мощность; производительность

ग़ौर **г̇аур** *м.*, *ж.* 1) обдумывание, размышление; 2) внимание; ~ से внимательно, вдумчиво, серьезно

छात्र **ч^{h}āтра** *м.* учащийся; ученик; школьник; студент

छात्रा **ч^{h}āтрā** *ж.* учащаяся; ученица; школьница; студентка

जनगणना **джанганнā** *ж.* перепись населения

जन्म **джанма** *м.* 1) рождение; 2) появление, возникновение

डिप्लोमा **д̇ипломā** *м.* диплом

दशा **дашā** *ж.* положение, состояние

देहात **дэḣāт** *м.* деревня, село

द्वितीय **двитӣйа** 1) второй; 2) другой

निबंध **нибанд^{h}** *м.* 1) статья, очерк; 2) исследование; сочинение; 3) диссертация

परिवहन **париваḣан** *м.* перевозка, транспорт

पाठशाला **пāт̇^{h}шāлā** *ж.* школа; училище; учебное заведение

पायोनियर **пāйонийар** *м.* пионер

पास **пāс** 1) прошедший, минувший; 2) выдержавший (*экзамен*); 3) окончивший (*учебное заведение*); ~ होना окончить (*тж.* से *что-л.*); 4) принятый; ~ करना а) проходить, миновать; б) сдавать (*экзамен*); в) принимать (*резолюцию, закон*)

पूर्व **пӯрва** 1. предшествующий; 2. раньше; 3. : के (से) ~ *послелог* до, раньше

प्रकाश **пракāш** *м.* свет, освещение

प्रगति **прагати** *ж.* прогресс, развитие; успех

प्रचार **прачāр** *м.* 1) распространение; 2) агитация; пропаганда

प्रणाली **пранāлӣ** *ж.* 1) форма; 2) метод, способ; система

प्रतीकात्मक **пратӣкāтмак** символический

प्रयोगशाला **прайогшāлā** *ж.* лаборатория

प्रारंभिक **прāрамб^{h}ик** начальный; элементарный

प्रौढ़ **прауṙ^{h}** 1) совершеннолетний; 2) зрелый; развитой; 3) искусный

फ़ी-सदी **фи-садӣ** на сто, процент

बद **бад** 1) дурной, плохой; порочный; 2) злой; बदतर хуже

बरस **барас** *м.* год

बावजूद **бāвджӯд** : के ~ *послелог* несмотря на

मनाना **манāнā** *п.* 1) убеждать, уговаривать; 2) успокаивать; 3) отмечать, праздновать

माँग **мā̃г** *ж.* 1) просьба, требование; 2) потребность, спрос

मातृभाषा **мāтриб^{h}āшā** *ж.* родной язык

मिसाल **мисāл** *ж.* пример, образец

युद्ध **йудд^{h}а** *м.* 1) бой, сражение, битва; 2) война

राष्ट्र **рāшт̇ра** *м.* 1) государство, страна, держава; 2) нация; 3) штат

रुचि **ручи** *ж.* 1) склонность, наклонность (में *к чему-л.*); 2) интерес (की ओर, में *к чему-л.*); 3) вкус; 4) аппетит, голод; 5) любовь, увлечение

लाभ **лāб^{h}** *м.* 1) получение; 2) польза, выгода; 3) доход, прибыль

वज़ीफ़ा вазӣфā *м.* 1) стипендия; 2) пенсия; 3) жалованье

वर्षगाँठ варшагāт̄ʰ *ж.* 1) день рождения; 2) годовщина; юбилей

विद्यालय видйāлай *м.* 1) учебное заведение; 2) школа; училище; 3) институт (*учебный*)

-व्यापी -вйāпӣ всеобъемлющий, простирающийся, *напр.* देश-व्यापी охватывающий всю страну, повсеместный

शत шат сто, сотня; ~ प्रतिशत сто процентов

शारीरिक шāрӣрик 1) телесный; 2) физический

शिक्षित шикшит 1) обученный, грамотный; 2) образованный; 3) воспитанный; ~ करना а) обучать; б) воспитывать (को *кого-л.*)

शिशु шишу *м.* 1) ребенок (*до восьми лет*), дитя; 2) детеныш

श्रेणी шрэнӣ *ж.* 1) класс, социальный слой; 2) сорт; разряд; категория; 3) ряд; 4) класс (*в школе, на пароходе*)

सच्चा саччā 1) правильный; 2) подлинный, настоящий; верный; 3) искренний; честный, правдивый

सत्र сатра *м.* 1) сессия; заседание; 2) период, срок (*деятельности*); 3) семестр, полугодие; 4) дом

सदन садан *м.* 1) жилище; здание; 2) палата (*в парламенте*)

समान самāн 1. 1) подобный, одинаковый; 2) равный; 2. : के ~ *послелог* подобно, (равно) как, так же как

सर्वांगीण сарвāнгӣн полный; всесторонний

साक्षर сāкшар грамотный

-साला -сāлā -летний, *напр.* सात-साला семилетний

स्तर стар *м.* 1) слой, пласт; 2) слой (*социальный*); 3) уровень

स्नातक снāтак *м.* окончивший высшее учебное заведение; выпускник

स्मरण смаран *м.* память, воспоминание

व्याकरण तथा शब्दावली संबंधी टिप्पणियाँ

1. ग़ौर करना 'обдумывать', 'рассматривать' (पर *что-л.*), 'размышлять'.

2. Сложные послелоги के पूर्व и से पूर्व 'до', 'раньше', как и сложные послелоги के पहले, से पहले 'до', 'раньше' и के बाद 'после' (*см.* ч. I, Урок XIII), употребляются без первого компонента — के (से) со словосочетанием, обозначающим отрезок времени, например: दो दिन पूर्व 'два дня назад'. Когда же указанное словосочетание посредством этих послелогов связывается и с управляемым словом, оно располагается между частями сложного послелога, например: आज से कोई साठ वर्ष पूर्व 'около шестидесяти лет тому назад'.

3. शिक्षा देना 'давать образование' (को *кому-л.*, की *какое-л.*), 'обучать'.

4. स्मरण रहे कि... 'следует помнить, что...'; स्मरण होना 'помнить' (को *о ком-л.*, का *что-л.*); स्मरण रखना 'помнить'; स्मरण दिलाना 'напоминать' (का *что-л.*, को *кому-л.*).

5. रुचि लेना (रखना) 'интересоваться' (में, से *кем-л.*, *чем-л.*); रुचि पैदा करना 'порождать интерес' (में *к кому-л.*, *к чему-л.*).

6. मिसाल के लिये (के तौर पर) 'например'.

7. Глагол जानना в сочетании с инфинитивом в прямом падеже передает значение умения (а в отрицательных предложениях — неумения) совершить действие, названное инфинитивом, например: मिसाल के लिये क़ज़ाख़ों में केवल दो फ़ी-सदी लोग लिखना-पढ़ना जानते थे 'Например, среди казахов только два процента умели писать и читать'; वह तैरना नहीं जानता 'Он не умеет плавать'.

8. प्रचार करना 'пропагандировать' (का *что-л.*).

9. ज़ोरों से 'энергично', 'усиленно', 'интенсивно'.

10. विश्व-युद्ध 'мировая война'.

11. Одним из способов образования относительных прилагательных в хинди является сочетание количественного числительного с прилагательным, производным от существительного и самостоятельно не употребляющимся, например: सात-साला 'семилетний' (सात 'семь' + साला '-летний' от साल 'год'). तीनमंज़िला 'трехэтажный' (तीन 'три' + मंज़िला '-этажный' от मंज़िल 'этаж').

12. प्रगति करना 1) 'делать успехи', 'прогрессировать' (में *в чем-л.*); 'продвигаться вперед'; 2) 'развивать' (की *что-л.*).

13. एक सा 'одинаковый', 'тождественный'.

14. शिशु-सदन 'ясли' (*детские*).

15. जन्म देना 1) 'рожать'; 2) 'создавать'; 'порождать' (को *что-л.*); जन्म लेना 1) 'рождаться'; 2) 'появляться', 'возникать'.

16. दूध-पीता बच्चा 'грудной ребенок'.

17. स्कूल पूर्व संस्थान 'дошкольное учреждение'.

18. माँग करना 'просить', 'требовать' (की *что-л.*, से *у кого-л.*).

19. ख़याल रखना 1) 'иметь в виду' (का *что-л.*), 'помнить' (का *что-л.*, *о чем-л.*); 'принимать во внимание', 'учитывать' (का *что-л.*); 2) 'уважать' (का *кого-л.*); 3) 'заботиться' (का *о ком-л.*).

20. ख़र्च उठाना 'нести расходы', 'оплачивать расходы' (का *на что-л.*).

21. Некоторые страдательные причастия санскритского происхождения, принимая прямое дополнение, приобретают активное значение, например: प्राप्त 'полученный', 'приобретенный' — शिक्षाप्राप्त 'получивший образование', उच्चशिक्षाप्राप्त 'получивший высшее образование', अाठसाला स्कूल में शिक्षाप्राप्त 'закончивший восьмилетнюю школу', [विश्व]ख्याति प्राप्त 'получивший [всемирную] известность', '[всемирно] известный'; प्रदत्त 'подаренный', 'дарованный' — सहायताप्रदत्त 'предоставивший помощь'.

22. प्रवेश करना *зд.* 'поступать' (*в учебное заведение*).

23. प्रवेश-परीक्षा 'вступительный экзамен'.

24. कार्य-क्षेत्र 'поле, сфера деятельности'.

25. परीक्षा में बैठना 'сдавать экзамен'; परीक्षा लेना 'принимать экзамен' (से *у кого-л.*), 'экзаменовать' (से *кого-л.*); परीक्षा देना (पास करना) 'сдавать экзамен' (की *по какому-л. предмету*); परीक्षा में पास होना 'выдерживать экзамен' (की *по какому-л. предмету*).

26. Как уже отмечалось ранее (ч. I, Урок V), прилагательные и глаголы **करना**, **होना** и др. в составе устойчивых глагольно-именных сочетаний сохраняют свою лексическую и грамматическую самостоятельность. Самостоятельность эта проявляется, в частности, еще и в том, что изменяемые прилагательные в этих сочетаниях в зависимости от лексического значения служебного глагола могут согласовываться в роде и числе с объектом действия (прямым дополнением) или субъектом действия (подлежащим), например: **माध्यमिक शिक्षा पूरी कर लेने के बाद १७ से ३५ वर्ष की आयु का कोई भी नागरिक उच्चशिक्षालय में प्रवेश कर सकता है** 'После получения среднего образования любой гражданин в возрасте от 17 до 35 лет может поступить в высшее учебное заведение'; **यह शर्त पूरी होने पर हटायी गयी** 'Это условие после его выполнения было аннулировано'.

27. **प्रवेश पाना** 'поступать' (**में** *куда-л.*; *напр. в учебное заведение*), 'получать доступ' (**में** *к чему-л.*).

28. **सच्चे अर्थ (अर्थों) में** 'на деле', 'в действительности', 'в подлинном (истинном) смысле [этого слова]'.

29. **परीक्षा-सत्र** 'экзаменационная сессия'.

30. **निर्माण-स्थान** 'стройка', 'строительная площадка'.

31. **लाभ उठाना** 'извлекать пользу, выгоду' (**का**, **से** *из чего-л.*); 'использовать' (**का**, **से** *что-л.*), 'пользоваться', 'воспользоваться' (**का**, **से** *чем-л.*); **पूरा लाभ उठाना** 'полностью использовать' (**का** *что-л.*); **लाभ पहुँचाना** 'приносить пользу' (**को** *кому-л.*, **में** *в чем-л.*).

व्याकरण के अभ्यास

I. मोटे टाइप में छपे शब्दों का प्रयोग समझाकर निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) **अच्छा** (क) अच्छा विद्यार्थी सदा पाठों के लिये तैयार होता है।
(ख) सुधा अच्छा लिखती है।
(ग) अच्छा! आप आ गये।

२) **और** (क) कल और दोस्तों से मिलूँगा।
(ख) राम और रमेश आ रहे हैं।
(ग) थोड़ा और खा लो।

३) **आगे** (क) वह आगे निकला है।
(ख) आगे मत बढ़ो।
(ग) बाग़ विद्यालय के आगे है।

४) **कुछ** (क) क्या तुमने कुछ खाया?
(ख) कुछ सेब लाओ।

(ग) यह लड़की कुछ बड़ी है।
५) कोई (क) कोई आ रहा है।
(ख) कोई विद्यार्थी यह काम न कर सकेगा।
(ग) यहाँ कोई बीस किताबें हैं।
६) ऐसा (क) ऐसा जीवन में कभी नहीं होता।
(ख) ऐसी चीज़ कहाँ मिलेगी?
७) सीधा (क) सीधा आदमी सभी को पसन्द आता है।
(ख) हिरन सीधा जंगल में भाग गया।
८) साथ (क) काम में इसका साथ दो।
(ख) हम लोग साथ पढ़ते हैं।

II. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. (1) Он читает громко, произносит слова отчетливо и правильно. (2) Они хорошо говорят по-русски. (3) Ясное утро. Тихо веет теплый ветерок. (4) Она быстро прибежала. (5) Мы долго сидели под деревом.

II. (1) Вопрос ясен. — Он ясно ответил на вопрос. (2) Рассказ интересен. — Он рассказывает интересно. (3) Решение правильно. — Она правильно ответила на вопрос. (4) Дорога прямая. — Мы идем прямо. (5) Работа легкая. — Он легко выполнил работу.

III. (1) Я немного устал. (2) Он некогда жил здесь. (3) Мне известно, куда он пошел (откуда он приехал, когда он приехал). (4) Она была там, где мы когда-то жили. (5) Мы пойдем туда, где он живет.

IV. (1) Я никогда не читал этой книги. (2) Мы нигде не останавливались. (3) Он никуда не пошел в выходной день. (4) Я ни от кого не жду писем.

V. (1) Книга лежит где-то в шкафу. (2) Положи вещи куда-нибудь. (3) Мальчик куда-то убежал. (4) Я когда-то слышал эту песню. (5) Летом мы поедем отдыхать куда-нибудь вместе.

VI. (1) В прошлое воскресенье мы решили остаться дома. (2) Домик снаружи покрасили желтой краской. (3) Мы поднялись на гору и сверху осмотрели местность. (4) На другой день утром ударил сильный мороз. Вода замерзла. (5) Сзади послышался чей-то голос.

VII. (1) Товарищи всегда помогали мне. (2) Он никогда не забывал об этом. (3) Она постоянно заботилась о своем брате. (4) Сначала мы занимались языком хинди ежедневно. (5) Наше движе-

ние было довольно медленным. Мы часто останавливались и отдыхали. (6) Он вставал очень рано, иногда в три часа ночи. (7) Только изредка набегал прохладный ветерок с востока.

VIII. (1) Очень легкий, достаточно легкий. (2) Совсем забыл, почти забыл, немного забыл. (3) Очень изменился, мало изменился, чуть изменился, совершенно изменился, достаточно изменился.

III. क्रिया-विशेषणों[1] का प्रयोग समझाकर निम्नलिखित कहानी का रूसी में अनुवाद कीजिये।

रेलयात्रा

२५ दिसम्बर १९६८ को सवेरे आठ बजे हम लोग पटना रेलवे स्टेशन पहुँच गये। शाम को ६॥ बजे यहाँ से गाड़ी छूटी। रात भर जंगल-पहाड़ के बीच से होते हुए सवेरे चार बजे हम लोग नागपुर पहुँचे। फिर वहाँ से रवाना होकर वर्धा आये। वर्धा से चलकर हम लोग काजीपेट स्टेशन आठ बजे रात में पहुँचे। रात भर वहीं ठहरना पड़ा। प्राय: तीन बजे वहाँ से गाड़ी चली। पौने सात बजे सवेरे हम लोग हैदराबाद पहुँचे। दिन भर यहाँ ठहरने के बाद रात में हम लोग यहाँ से मद्रास की ओर रवाना हुए। पूर्वी घाट की ओर से हवा तेज़ी से चल रही थी। पूर्व की ओर समुद्र भी नज़दीक ही मालूम पड़ता था। कहीं-कहीं चावल के खेत पाये जाते थे, ज़मीन अधिकतर बंजर मालूम पड़ती थी। इस के बाद गाड़ी नेलौर पहुँची। नेलौर ज़िला बहुत उपजाऊ है। यहाँ जैसी चावल की खेती मद्रास को छोड़कर और कहीं भी देखने को नहीं मिलती।

इसके बाद हम लोग सुल्लूरूपेट पहुँचे और वहाँ से चलकर मद्रास। यहाँ दो स्टेशन हैं। एक स्टेशन से बड़ी लाइन की गाड़ियाँ चलती हैं और वे सीधे दिल्ली, कलकत्ता, बंगलौर इत्यादि जाती हैं। दूसरे स्टेशन से छोटी लाइन की गाड़ियाँ दक्षिण भारत की ओर जाती हैं। घोड़ा-गाड़ी में चल कर हम लोग क़रीब साढ़े आठ बजे दूसरे स्टेशन जिसका नाम इगमोर है पहुँचे। हममें से अधिकतर लोगों की इच्छा रात में यहीं ठहर जाने की हुई। पाँच दिनों से हम लोगों ने भोजन भी ठीक से नहीं किया था, सोना तो दूर रहा। इसलिये होटल की तलाश में निकल पड़े। पास ही एक ब्राह्मण-होटल देखा। इसी होटल में हम लोगों ने दस-दस आने देकर पेट भर भोजन किया। भोजन करने के बाद हम लोग शीघ्र ही सो गये। सवेरे पाँच बजे मद्रास शहर देखने के लिये टैक्सी से चल पड़े। कुल चार घंटे हम लोग घूम सकते थे। सब से पहले हम लोग समुद्र के किनारे चल पड़े। इसके बाद यहाँ के बंदरगाह, बाज़ार आदि स्थानों को देखते हुए फिर हम लोग इगमोर स्टेशन लौट आये। वहाँ पहली गाड़ी तो चली गयी, दूसरी गाड़ी १२ बजे मिली। इसी से हम लोग रामेश्वरम् के लिये रवाना हुए।

---

[1] क्रिया-विशेषण *м.* ‘наречие’; ‘обстоятельство’.

IV. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. (1) Его командировали в Индию. (2) Нам выдали новые учебники. (3) Ей сказали об этом. (4) Мальчика избили. (5) Ему не дали спать.

II. (1) Вам следует хорошо изучить этот вопрос. (2) Ей нужно уйти в семь часов утра. (3) Завтра мне придется встать в шесть часов утра. (4) Он должен хорошо знать об этом. (5) Наверх больного можно будет поднять на лифте. (6) Мне стало легко работать. (7) Нам нужно встретиться с преподавателем. (8) Куда ему идти? (9) Нам скоро надо будет ехать. (10) Прекратите разговоры! (11) Приходите завтра!

III. (1) Мне не спится. (2) Ему здесь не сидится. (3) Нам что-то не читается. (4) Ему хорошо пишется в деревне. (5) Ей всю ночь что-то не спалось.

IV. (1) Нам удалось достать два билета на этот фильм. (2) Мне не удается пойти туда. (3) У него ничего не вышло с покупкой этих книг. (4) Ей не довелось увидеть этот балет.

V. रूसी में अनुवाद कीजिये।

क) (१) मुझ से चला नहीं जाता। (२) हमसे बैठा नहीं जाता। ३) उस से सवेरे उठा नहीं जाता। (४) मुझसे इस पलंग पर सोया नहीं जाता। (५) उससे दो मील जाया न जाएगा। (६) इस गरमी में मुझसे यहाँ नहीं रहा जाता।

ख) (१) पद्म सिंह सामने मेज़ पर बैठे हुए इस लेख का उत्तर लिखने की कोशिश कर रहे थे, पर कुछ लिखते न बनता कि सुभद्रा ने आकर कहा, गर्मी में यहाँ क्यों बैठे हो? चलो, बाहर बैठो!। (२) रतन–जितनी मेहनत करते बनता है, करती हूँ, फिर भी दिन-दिन मोटी ही होती जाती हूँ। (३) उसकी हालत दिन-दिन ख़राब होती जाती है–कुछ कहते नहीं बनता। (४) हाँ, मुझसे कहते ही बना। ५) ... तीस साल तक जिसके साथ रहे थे, उसे छोड़ते न बनता था।

पाठ के अभ्यास

I. पाठ का रूसी में लिखित अनुवाद कीजिये।

II. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद करके उनका जवाब दीजिये।

(1) Что способствовало огромному прогрессу образования в СССР? (2) Какой был процент грамотности (साक्षरता *ж.*) в царской России? (3) Какой был процент грамотности населения на территории современных республик Советской Средней Азии до Ок-

тябрьской революции? (4) Какие меры были приняты Советским правительством для развития системы образования в нашей стране? (5) Какой процент грамотности был в СССР по переписи населения 1939 г.? (6) В каком году было введено обязательное начальное образование? (7) Когда была введена система всеобщего среднего образования? (8) В чем основная цель системы социалистического образования? (9) Сколько студентов в настоящее время обучается в вузах Советского Союза? (10) Какую цель в обучении ставит перед собой средняя школа? (11) На каком языке ведется обучение в республиках Советского Союза? (12) Где проводит лето большинство пионеров и школьников? (13) Чем занимаются школьники во дворцах пионеров? (14) Каков предельный возраст (ग्रायु-सीमा *ж.*) для поступления в вуз в Советском Союзе? (15) Сколько университетов в настоящее время в СССР? (16) Сколько инженеров ежегодно выпускают вузы нашей страны? (17) Каков процент женщин среди выпускников высших учебных заведений СССР? (18) Каков процент грамотности населения в современной Индии? (19) Как помогает Советский Союз Индии в деле развития образования?

III. रूसी में ग्रनुवाद कीजिये।

१) स्कूलपूर्व संस्थान, ग्राम शिक्षा के स्कूल, विशेष माध्यमिक स्कूल, कालेज तथा विश्वविद्यालय – ये सब एक विशाल, देशव्यापी शिक्षा-व्यवस्था के हिस्से हैं। साल ब साल हमारी शिक्षा-प्रणाली बेहतर होती जा रही है।

२) सोवियत संघ में सभी स्कूल सरकारी हैं। सभी जनतंत्रों में बच्चे ग्रपने माता-पिता की इच्छा के ग्रनुसार ऐसे स्कूलों में पढ़ सकते हैं जहाँ शिक्षा उनकी मातृभाषा में दी जाती है या रूसी स्कूलों में पढ़ सकते हैं। कुल मिलाकर सोवियत संघ की ६६ भाषाग्रों में शिक्षा दी जाती है। १६३० में प्रारम्भिक शिक्षा (चार कक्षा तक) सब के लिये ग्रनिवार्य कर दी गयी थी। १६४६ में सातसाला शिक्षा ग्रनिवार्य की गयी। १६७० तक ग्राम माध्यमिक शिक्षा सभी बच्चों के लिये ग्रनिवार्य कर दी गयी। ग्रब ग्राम शिक्षा के स्कूलों में प्राय: ५ करोड़ छात्र-छात्राएँ हैं।

३) ग्रक्तूबर क्रांति से पहले रूस में उच्च शिक्षा के लिये ६१ इंस्टीट्यूट थे जिन में १,११,००० छात्र पढ़ते थे। ये सभी मुख्यत: धनी वर्ग के लड़के थे। सोवियत शासन ने उच्च शिक्षा को जनवादी ग्राधार पर संगठित किया। उसने विश्वविद्यालयों ग्रौर इंस्टीट्यूटों के द्वार मेहनतकश जनता के बच्चों के लिये खोल दिये। उसने शिक्षा की फ़ीस ख़त्म कर दी ग्रौर छात्रों को वज़ीफ़ा देना शुरू किया। १६२० से १६३१ तक के वर्षों में सोवियत संघ में उच्च शिक्षा के २४४ इंस्टीट्यूट खुल चुके थे ग्रौर छात्रों की संख्या १६१४ की ग्रपेक्षा दुगुनी हो गयी थी।

४) पहली दो पंचवर्षीय योजनाग्रों के वर्षों में सोवियत संघ में उच्च शिक्षा का ख़ास तेज़ी से विकास हुग्रा। १६४०–४१ के ग्रध्ययन वर्ष में सोवियत संघ में

उच्च शिक्षा के ८१७ संस्थान मौजूद थे और उन में ८,१२,००० छात्र शिक्षा पा रहे थे। उस समय छात्राओं की संख्या छात्रों की कुल संख्या की ५८ फ़ी सदी थी।

५) द्वितीय विश्वयुद्ध के कुछ दिनों पहले सोवियत विश्वविद्यालयों और इंस्टीट्यूटों में पढ़नेवाले छात्रों की कुल संख्या सभी युरोपीय देशों के छात्रों की कुल संख्या से बड़ी थी। शिक्षित विशेषज्ञों की संख्या के मामले में सोवियत संघ ने दुनिया में पहला स्थान प्राप्त कर लिया था। १९४० में सोवियत अर्थव्यवस्था के काम में लगे इंजीनियरों की संख्या २,९०,००० थी, जबकि अमरीका में उनकी संख्या सिर्फ़ १,५६,००० थी।

६) अब ब्रिटेन, फ़्रांस, पश्चिमी जर्मनी तथा इटली में कुल मिलाकर जितने विद्यार्थी हैं उससे ३.५ गुना अधिक सोवियत संघ में हैं—यानी ३३ लाख से ज़्यादा। सोवियत संघ में प्रति १० हज़ार की आबादी पर १४४ विद्यार्थी हैं, फ़्रांस में ५०, इटली में ३९ और पश्चिमी जर्मनी में ४०। आज कल सोवियत राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में लगभग डेढ़ करोड़ विशेषज्ञ काम करते हैं। उनमें से चालीस फ़ीसदी उच्च शिक्षा प्राप्त तथा साठ प्रतिशत विशेष माध्यमिक शिक्षा प्राप्त विशेषज्ञ हैं। विशेषज्ञों में स्त्रियों की संख्या अधिक है। उच्च शिक्षा प्राप्त व्यक्तियों में ५३ प्रतिशत स्त्रियाँ हैं तथा विशेष माध्यमिक शिक्षा प्राप्त कर्मचारियों में लगभग ६२ प्रतिशत।

७) विश्वविद्यालयों और कालेजों में विशेषज्ञों की शिक्षा योजनापूर्ण समाजवादी अर्थव्यवस्था तथा संस्कृति की बढ़ती हुई माँग के अनुसार होती है। कालेजों तथा विश्वविद्यालयों से परीक्षा पास करके निकलनेवालों को अपने ज्ञान के आधार पर काम लेने के अनेक अवसर प्राप्त होते हैं।

८) मास्को में एक विशेष विद्यालय है जो एशिया, अफ़्रीका तथा लेटिन अमरीका के छात्रों को उच्च शिक्षा का अवसर प्रदान करने के लिये स्थापित किया गया है। अक्तूबर १९६० में विश्वविद्यालय में पढ़ाई शुरू हुई। उस समय विश्वविद्यालय में ५०० छात्रों के लिये स्थान था। अब यह मैत्री-विश्वविद्यालय एक महत्त्वपूर्ण वैज्ञानिक केंद्र बन गया है।

९) अक्तूबर क्रांति के पहले हमारे देश की बहुत सी जातियाँ पिछड़ी हुई थीं। बहुत सी जातियाँ क़रीब-क़रीब बिलकुल अनपढ़ थीं। मिसाल के लिये ९९ फ़ीसदी से अधिक किरगिज़ और तुर्कमान अनपढ़ थे। ९८.५ फ़ीसदी उज़बेक और ९८ फ़ीसदी कज़ाख़ अनपढ़ थे। क़रीब ४० जातियों की अपनी कोई लिखित[2] भाषा नहीं थी। लेकिन १९३९ की जनगणना के अनुसार देश में नौ वर्ष से अधिक उम्र के ७० फ़ीसदी व्यक्ति शिक्षित हो चुके थे। सभी जातियों को अपनी लिखित भाषा प्राप्त हो चुकी थी जिससे उनके सांस्कृतिक विकास में सहायता मिली। अक्तूबर क्रांति के पहले रूस में स्कूलों की संख्या बहुत ही कम थी और उनमें पढ़नेवाले छात्रों की संख्या भी कम थी। १९१४-१५ के स्कूली वर्ष में तुर्कमानिया में सिर्फ़ ७,००० विद्यार्थी शिक्षा पा रहे थे। लेकिन सोवियत शासन की स्थापना होते ही वहाँ बड़ी तेज़ी से स्कूल बनने लगे। १९४० में उन स्कूलों में पढ़नेवाले छात्रों की संख्या २,५२,००० (३६ गुनी ज़्यादा) हो चुकी थी। उज़बेक जनतंत्र में १९४० में

---

[2] लिखित *зд*. 'письменный'.

स्कूली बच्चों की संख्या १९१४ की अपेक्षा क़रीब ७५ गुना अधिक थी। ताजिक जनतंत्र में यह संख्या बहुत ही बढ़ी थी—क़रीब ७६० गुना अधिक।

१०) महान् अक्तूबर समाजवादी क्रांति के पहले मध्य एशिया में उच्चतर शिक्षा का कोई संस्थान मौजूद नहीं था। परंतु सोवियत शासन के वर्षों में वहाँ दर्जनों उच्चतर और विशेष माध्यमिक स्कूलों की स्थापना हुई। सभी जनतंत्रों में अपनी विज्ञान अकादमियों की भी स्थापना की गयी।

IV. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. (1) Царская Россия была одной из самых отсталых стран Европы. (2) Большинство населения России было неграмотно, особенно много неграмотных было среди крестьян. (3) В Средней Азии было неграмотных более 98%. (4) Царское правительство не было заинтересовано в развитии образования в стране, поэтому в большинстве деревень и сел совсем не было школ. (5) Многие народы нашей страны не имели письменности (लिपि *ж.*). (6) Дети бедных родителей не могли учиться, так как за обучение надо было платить. (7) Студенты в университетах стипендий не получали, и многие из них, чтобы прокормить себя (अपना पेट भरना), должны были еще и работать.

II. С победой Октябрьской революции положение народов России полностью изменилось. Партия большевиков и лично В.И. Ленин обратили самое серьезное внимание на развитие образования в России. «Учиться, учиться и учиться» — стало основным лозунгом не только молодежи, но и всех советских людей. Вместе с юношами и девушками в классы по ликвидации неграмотности (निरक्षरता-निवारण *м.*) пришли их отцы и матери, дедушки и бабушки. За двадцать лет почти все жители Европейской части СССР стали грамотными. А к пятидесятой годовщине Октябрьской революции у нас в СССР не осталось ни одного неграмотного.

III. В 1930 г. в стране было введено обязательное начальное образование, в 1949 г. обязательным стало семиклассное образование, а в 1970 г. — общее среднее образование. Сейчас более 50 млн. школьников посещают школы. За годы Советской власти у нас построены сотни тысяч новых школьных зданий, причем с каждым годом мы получаем все более современные школы, где наряду со светлыми и просторными классами имеются специальные кабинеты, большие спортивные залы, спортивные площадки, бассейны, комнаты отдыха и т. д.

IV. Наряду со школами в Советском Союзе имеется широкая

сеть дошкольных учреждений — детских садов и яслей. Без них огромное количество матерей не могло бы работать. В дошкольных учреждениях родители оставляют своих детей на попечение опытных воспитателей (शिक्षक *м.*), которые не только заботятся о том, чтобы дети вовремя поели и легли спать, но и занимаются их культурным и общеобразовательным (ग्राम शैक्षणिक) развитием. Во многих садах дети занимаются иностранными языками, обучаются игре на фортепьяно. Особенно велика роль воспитателя в детских яслях, куда приводят детей до трехлетнего возраста. В настоящее время в Советском Союзе сотни тысяч дошкольных учреждений, которые посещают несколько миллионов детей.

V. Студенты высших учебных заведений пользуются большой заботой Советского государства. Им не приходится платить за образование, в их пользование бесплатно предоставляются учебники, большинство студентов получает стипендию. Наши студенты не только хорошо учатся, но и помогают государству в жилищном и промышленном строительстве. Студенты помогают колхозникам в уборке урожая, в строительстве колхозных зданий. Студенты очень многое делают для повышения культурного уровня сельского населения. Они выступают с лекциями (लेक्चर देना) и докладами, собирают сельские библиотеки, создают кружки по изучению иностранных языков, читают лекции школьникам.

VI. Особенно удивительным является прогресс в деле образования, достигнутый в Советских республиках Средней Азии. Свет Октября озарил некогда отсталую часть России. Следует помнить, что в царской России только 2% взрослых казахов были грамотными. Еще хуже обстояло дело с киргизами, среди которых почти не было грамотных. Царское правительство не было заинтересовано в расширении образования. Только Октябрьская революция помогла народам Средней Азии пойти по правильному (सही) пути, пути прогресса науки и образования. За короткий срок Советские республики Средней Азии оставили позади такие страны Азии, как Иран, Ирак, Афганистан и Пакистан. Теперь в каждой республике есть свои академии наук, свои ученые, писатели.

V. ख़ाली जगहों में ग्रावश्यक शब्द लिखिये।

(१) ज़ारशाही रूस में ग्राम लोगों की ... बुरी थी। (२) ग्राख़िरी ... के ग्रनुसार सोवियत संघ की प्रौढ़ ग्राबादी शत प्रतिशत ... है। (३) इस विषय में मेरी कोई ... नहीं है। (४) सोवियत संघ में सभी लोगों को ... ग्रधिकार प्राप्त

है। (५) समाजवाद कम्युनिज़्म की पहली ... है। (६) अक्तूबर क्रांति के बाद मध्य एशिया में शिक्षा का ... बड़ी तेज़ी से हो रहा था। (७) सोवियत संघ में जीवन-... बराबर ऊँचा उठता जा रहा है। (८) नवम्बर १९७७ में सोवियत संघ में क्रांति की साठवीं ... मनायी गयी थी। (९) १९३० से सोवियत संघ में ... शिक्षा अनिवार्य हो गयी थी। (१०) बीसवीं सदी में विज्ञान की ... अद्भुत है। (११) मेरा छोटा भाई स्कूल की आठवीं ... में पढ़ता है। (१२) उत्पादन की ... बढ़ाने से अर्थ-व्यवस्था की प्रगति के लिये बड़ा-सा लाभ होता है। (१३) सार्वजनिक शिक्षा का ... ग्राम लोगों की शिक्षा का स्तर ऊँचा उठाना है। (१४) सोवियत संघ में किंडरगार्टनों का ... बढ़ता जाता है। (१५) तीन से कम अवस्था वाले बच्चे ... में जाते हैं। (१६) व्ला० इ० लेनिन का ... १८७० में हुआ। (१७) ... विश्वयुद्ध १९३९ में शुरू हुआ। (१८) उसने मातृभाषा की परीक्षा ... की है। (१९) ... प्राप्त करने के लिये विद्यार्थियों को निबंध लिखना पड़ता है। (२०) सरकार की ओर से विद्यार्थियों को ... दिया जाता है। (२१) विद्यालयों के ... को सरकार की तरफ़ से काम दिया जाता है। (२२) मास्को विश्वविद्यालय में अनेक आधुनिक ... हैं। (२३) कुछ बरस हुए सात ... स्कूलों को आठ ... स्कूलों में बदला गया है। (२४) महोत्सव के अवसर पर अनेक इमारतें प्रकाश से ... हैं। (२५) भारत ... का देश है। ७० ... लोग भारत के गाँवों में रहते हैं।

VI. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का प्रयोग करके वाक्य बनाइये।

ग़ौर करना; स्मरण रहना; रुचि लेना; परीक्षा में बैठना; पहल करना; प्रवेश पाना; पास करना; प्रकाश से आलोकित; देश-व्यापी प्रचार; ख़र्च उठाना; परीक्षा में पास होना; विजय पाना; विश्व-ख्याति प्राप्त; राह दिखाना; परीक्षा लेना।

VII. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये।

तरक़्क़ी—; गाँव—; छात्र—; अवस्था—; विद्यालय—; याद—; कम—; लड़ाई—; छात्रा—; दशा—; ऊँचा—; साक्षर—; दूसरा—; साल—; प्रतिशत—; ग़ौर—; गाँव—; दिलचस्पी—; यातायात—; बराबर—; प्रकाश—; लाभ—; पूर्व—; सौ—; उम्र—; राष्ट्र—; उदाहरण—; वर्ग—; प्रणाली—; पाठशाला—।

VIII. निम्नलिखित विशेषणों के लिये उचित संज्ञाएँ लिखिये।

शिक्षित—; समान—; सर्वांगीण—; उच्च—; साक्षर—; आश्चर्यचकित—; अल्प—; शारीरिक—; व्यावसायिक—; अन्य—; आलोकित—; अनिवार्य—; प्रतीकात्मक—; प्रारंभिक—; बद—।

IX. निम्नलिखित संज्ञाओं के साथ आवश्यक विशेषण लिखिये।

—प्रगति ; —श्रेणी ; —उद्देश्य ; —मिसाल ; —दशा ; —शिक्षा ; —स्तर ; —अर्थ ; —पाठशाला ; —विद्यालय ; —प्रचार ; —लाभ।

X. अपने विद्यालय के संबंध में एक कहानी हिन्दी में लिखिये।

XI. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Система просвещения независимой Индии

В 1951 г. свободная Индия приступила к выполнению пятилетних планов развития. Цель, к которой стремится Индия, — достижение экономической независимости — отразилась и на развитии просвещения.

Сейчас в Индии наряду с начальными и средними школами созданы центры профессионального обучения (для окончивших начальную школу), промышленные учебные заведения (для окончивших неполную (अपूर्ण) среднюю школу), технические училища (तकनीकी कालेज), соответствующие полным (पूर्ण) средним школам.

В 1951 г. школу посещали 23 млн. индийских детей в возрасте от 6 до 17 лет, а в 1972 г. — 85 млн. Сегодня в Индии школьников уже свыше 100 млн. Школ в стране насчитывается более полумиллиона, в них работают примерно 2 млн. учителей. Сейчас школы посещают четверо из пяти индийских детей в возрасте до 11 лет. Число студентов в колледжах достигло в 1972 г. 2,2 млн. человек— в пять раз больше, чем в 1951 г.

В 1972 г. насчитывалось 86 университетов и 5837 колледжей, в том числе 131 инженерный колледж (इंजीनियरिंग कालेज), 88 медицинских, 67 сельскохозяйственных, 220 педагогических колледжей (ट्रेनिंग कालेज). Каждый шестой студент индийских колледжей получает тот или иной вид стипендии.

В Индии наблюдается большой прогресс в деле подготовки инженеров и других специалистов, необходимых для развития страны. Число поступающих в инженерные колледжи значительно увеличилось. Имеется также свыше 300 технических колледжей.

В 1947 г. грамотные в Индии составляли всего 14,7% населения. К 1961 г. это число увеличилось до 24%, к 1971 г. число грамотных в целом по стране составило 29,5%, а в штате Керала достигло 60,4%. Обучение грамоте взрослых проходит в рамках движения

за общинное (सामुदायिक) развитие. Особенно большие успехи в ликвидации неграмотности (निरक्षरता-निवारण *м.*) достигнуты в сельских районах штата Махараштра (महाराष्ट्र).

XII. रूसी में अनुवाद कीजिये।

लेनिनग्राद का हिन्दी स्कूल

पहली नज़र में यह स्कूल लेनिनग्राद के अन्य अनेकों स्कूलों की ही तरह एक मामूली स्कूल दिखायी देता है। लेकिन यह लेनिनग्राद का एकमात्र[3] "भारतीय" स्कूल है जहाँ हिन्दी पढ़ाई जाती है और भारत के भूगोल, इतिहास तथा साहित्य की शिक्षा दी जाती है।

स्कूल की चार मंज़िला इमारत के चौड़े रोशन बरामदों से होकर गुज़रते हुए मैं ने कुछ दरवाज़ों पर "हिन्दी भाषा कक्षा" साइनबोर्ड[4] देखे। यहाँ दूसरी से दसवीं कक्षा तक के छात्र हिन्दी भाषा पढ़ते हैं। इन कक्षाओं में दस-दस बच्चों के छोटे-छोटे छात्र दलों को पढ़ाया जाता है ताकि अध्यापक हर बच्चे की ओर विशेष ध्यान दे सके। छठी और सातवीं कक्षा से अधिकांश विषय हिन्दी में पढ़ाये जाते हैं।

मैं जब नौवीं कक्षा में पहुँचा तो वहाँ भारतीय साहित्य का पाठ चल रहा था। एक छात्र बच्चन की कविताओं का पाठ कर रहा था[5]। इस छात्र को भारतीय कविता में बड़ी रुचि है।

स्कूल की एक अध्यापिका ने कहा, "हमारे छात्रों में से प्रत्येक के पास भारतीय लेखकों की किताबों का अपना "पुस्तकालय" है। स्कूल में हम अक्सर छात्रों द्वारा पढ़ी गयी किताबों पर चर्चाएँ करते हैं। उच्च कक्षाओं के छात्र हिन्दी भाषा में अश्क, विष्णु प्रभाकर, मैथिली शरण गुप्त, निराला तथा अन्य प्रमुख भारतीय लेखकों की किताबें पढ़ते हैं।"

स्कूल के अध्यापक (जो सभी लेनिनग्राद विश्वविद्यालय के भारतीय विभाग के स्नातक हैं) पढ़ाई के अतिरिक्त अनेक कामों की ओर ध्यान देते हैं। स्कूल में भारत के इतिहास, लोककला तथा साहित्य संबंधी अलग-अलग मंडल मौजूद हैं। गीत गानेवालों का भी एक मंडल है जहाँ बच्चे भारतीय गीत सीखते हैं। इस स्कूल के बच्चे दिल्ली तथा बम्बई के स्कूलों के साथ पत्र-व्यवहार चलाते हैं और उन के साथ फ़ोटोचित्रों, पुस्तकों और डाक टिकटों का आदानप्रदान करते हैं।

यह स्कूल हर साल २६ जनवरी को भारतीय जनतंत्र का दिन शानदार ढंग से मनाता है। इस महोत्सव में भाग लेने के लिये अनेक प्रसिद्ध नागरिक भी आते हैं। इस अवसर पर स्कूल के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम[6] दिखाते हैं, जिस में भारतीय लोक-संगीत का प्रमुख स्थान रहता है।

---

[3] एकमात्र 'единственный'.

[4] साइनबोर्ड *м.* 'вывеска'; 'табличка'.

[5] पाठ करना *п.* 'читать' (*вслух*).

[6] कार्यक्रम *м.* 'программа'.

स्कूल की दूसरी अध्यापिका ने कहा, "हमें इस बात की बहुत ख़ुशी है कि दोस्ताना भारत से आनेवाले अनेक प्रतिनिधि-मंडल अपनी लेनिनग्राद यात्रा के समय हमारे स्कूल में भी आते हैं। हमारे यहाँ भारतीय संसद के प्रतिनिधि-मंडल के सदस्य, भारतीय वैज्ञानिक, लेखक, भारतीय-सोवियत सांस्कृतिक संघ के प्रतिनिधि-मंडल के सदस्य आदि आते हैं। सुदूर भारत से आनेवाले मित्रों का स्वागत करने में, उन्हें अपना स्कूल दिखाने और इसके छात्रों से उनका परिचय कराने में हमें सदा प्रसन्नता होती है।"

स्कूल के स्नातकों का भविष्य क्या है और वे जीवन में किस प्रकार प्रवेश करेंगे? दसवीं कक्षा की एक छात्रा ने इस प्रश्न का उत्तर इस प्रकार दिया – अनेक हिन्दी तथा अन्य भारतीय विषयों के अपने ज्ञान को बढ़ाना चाहेंगे। वे लेनिनग्राद विश्वविद्यालय के पूर्वी विभाग में प्रवेश करेंगे। कुछ अन्य दुभाषिये बन जाएँगे। और जो तकनीकी[7] विषयों में रुचि रखते हैं वे इंजीनियर बनने की कोशिश करेंगे। लेकिन भारत के लिये हमारी दिलचस्पी सदा के लिये बनी रहेगी।

वास्तव में ऐसी बात हो सकती है कि निकट भविष्य में जो सोवियत विशेषज्ञ भिलाई या रांची जाएँगे वे आसानी से हिन्दी बोलते होंगे। और यदि आप उन से पूछेंगे कि उन्हों ने यह भाषा इतनी अच्छी तरह कहाँ सीखी, तो वे जवाब देंगे: "हम लेनिनग्राद के स्कूल में पढ़े थे।"

("सन्मार्ग" समाचारपत्र के एक प्रतिनिधि द्वारा)

XIII. रूसी में अनुवाद कीजिये।

हिसाब का पाठ

मेरे घर के ठीक सामने है कार्तिकचन्द्र चटर्जी का मकान। चटर्जी साहब शायद यहाँ के एक सरकारी दफ़्तर में काम करते हैं। मैं आज तीन साल से इस मकान में रह रहा हूँ, लेकिन मेरा और चटर्जी बाबू का कभी परिचय नहीं हो पाया। शाम को सात बजे के क़रीब वह दफ़्तर से लौटते हैं। आठ बजे से अपने तीनों लड़कों और दोनों लड़कियों को बाहर के बरामदे में एक पलंग पर बिठाकर हिसाब, अँग्रेज़ी और भूगोल पढ़ाते हैं।

एक दिन जब मैं सदा की तरह दोस्तों को छोड़कर नौ बजे रात को घर पहुँचा तो मेरी धर्मपत्नी ने हमारे एक बच्चे के परीक्षा के नतीजे को सुनाते हुए बताया कि वह हिसाब में फ़ेल हो गया[8] है और अगर आख़िरी परीक्षा में भी फ़ेल हो गया तो उसका एक साल खोया जाएगा। बच्चों का – उसमें भी छोटे बच्चों का फ़ेल हो जाना, मैं कोई बड़ी महत्त्वपूर्ण बात नहीं समझता। परन्तु जब मेरी श्रीमती ने यह बताया कि सामने के बंगाली बाबू अपने लड़कों को चूँकि रोज़ाना पढ़ाते हैं इसलिये वे पास हो गये, और मैं अपने बच्चों को कभी नहीं पढ़ाता इस लिये वे फ़ेल हो गये, तो मैं ने यह बात तय कर ली कि मैं भी अपने लड़कों को ख़ुद

---

[7] तकनीकी 'технический'.

[8] फ़ेल होना *нп.* 'проваливаться' (*на экзамене*).

पढ़ाऊँगा और बाबू कार्तिकचन्द्र चटर्जी को यह दिखा दूँगा कि मैं भी अपने बच्चों को पढ़ा सकता हूँ।

दूसरे दिन शाम को मैं ऑफ़िस से सीधे घर आया। बच्चों को तैयार रहने के लिये कह गया था। आते ही मैं ने अपने बरामदे में एक पलंग डलवाया। अपने दोनों बच्चों को उसपर बिठाया। सामने एक कुर्सी डालकर ख़ुद बैठा। लड़कों से कहा—"निकालो अपना अर्थमेटिक[9]।"

बच्चे ने अर्थमेटिक की किताब तेज़ी से निकालकर मुझे दे दी। फिर एक स्थान पर एक सवाल दिखाता हुआ बोला—"पापा जी, ज़रा यह सवाल बतलाइये[10]।"

सवाल मैं पढ़ गया। सवालवाला किसी तालाब का वर्णन कर रहा था। निहायत बुरा तालाब था—न उस में फूल थे, न उसके पास किसी जंगल का या किसी फ़ौवारे आदि का ज़िक्र था! तालाब की बस लम्बाई-चौड़ाई लिखी थी। यह भी लिखा था कि उसमें इतने घन-फ़ुट[11] पानी भरा जाता है। सवालवाले ने बताया था कि उस तालाब में तीन पाइप[12] लगे हुए हैं। एक पाइप इतनी देर में इतने घन-फ़ुट पानी भरता है और दो पाइप इतनी देर में इतने घन-फ़ुट पानी ख़ाली कर देते हैं[13]। सवालवाला यह जानना चाहता था कि आख़िर वह तालाब कितनी देर में भरेगा।

मैं ने सवाल फिर से पढ़ा। कुछ समझा नहीं। सवालवाला कहीं मिले तो पूछूँ कि "श्रीमान् जी! जब पाइप लगाना[14] न लगाना आपके ही हाथ में था तो आपको ऐसा भी क्या आनन्द मिला कि एक पाइप को भरने के लिये लगा दिया और दो पाइप उसे ख़ाली करने के लिये! यह तो देशी सम्पत्ति की बरबादी है। कितनी मेहनत से पानी-विभाग पानी देता है कि तालाब भरे और आप दो पाइप लगाकर उसे ख़ाली भी करते जा रहे हैं। आख़िर उसमें दो पाइप भी लगाकर आपको सिवा छोटे बच्चों को आश्चर्यचकित करने के और क्या मिला!"

बच्चों से मैं ने कहा—

"इस सवाल को जाने दो, और कोई पूछो।"

बच्चे ने दूसरे सवाल को दिखाया।

मैं अगला सवाल पढ़ गया। किसी इमारत के बनने में सवालवाले ने देखा कि इतने आदमी, इतनी औरतें और इतने बच्चे काम करते हैं। वे एक दिन में इतना काम करते हैं। सवालवाले ने न जाने[15] कहाँ से यह भी पता लगाया था कि इतने बच्चे, इतनी औरतें, इतने पुरुष के बराबर हैं। दो सही तीन बटा चार औरतें छः सही सात बटा आठ बच्चों के बराबर हैं यह भी अक़्ल के पुतले सवालवाले

---

[9] अर्थमेटिक *м.* 'арифметика'.

[10] बतलाना *п.* 'говорить', 'объяснять'.

[11] घन-फ़ुट *м.* 'кубический фут'.

[12] पाइप *м.* 'труба'.

[13] ख़ाली करना *п.* 'освобождать', 'опорожнять'.

[14] पाइप लगाना *п.* 'устанавливать трубу'.

[15] न जाने 'кто знает', 'неизвестно'.

को मालूम था। सवालवाले ने फिर पूछा था कि यदि बाद में इतने ग्रादमी ग्रौर बच्चे ही रह जायें तो इमारत कितने दिन में तैयार होगी।

सवाल पढ़ते ही मैं स्वप्न-लोक[16] में खो गया। देख रहा था कि सवाल बनानेवाला खड़ा है—उसके सामने कुछ मज़दूर बैठे हुए हैं। इधर कुछ थे जिन्हों ने ताजमहल बनाया था; बीच में कुछ थे जिन्हों ने चीन की महान् दीवार बनाई थी; ग्रौर कुछ थे जिन्हों ने पिरामिड[17] बनाये थे। सवालवाला पूछ रहा है कि जब तुम यही नहीं जानते कि चार सही तीन बटा ग्राठ ग्रौरतें कितने सही कितने बटे कितने बच्चों के काम के बराबर हैं तो फिर तुमने किस तरह ताजमहल, चीन की दीवार ग्रौर पिरामिड बनाया? कैसे तुमने उसे इतने दिनों में तैयार किया? मज़दूर डर के कारण कुछ न कह सकते थे ग्रौर सवालवाला ग्रपना हाथ उठानेवाला ही था कि इतने में मेरे बच्चे ने कहा—

—"ग्राप तो पापा जी सो रहे हैं। ग्रौर ग्राप सवाल पढ़ने बैठे थे।"

—"नहीं, नहीं, मैं तो सोच रहा था। इसे मैं तुम्हें ऐसे बता दूँगा कि तुम ग्रब कभी भूल ही नहीं सकते," मैं बोला ग्रौर हाथ भी उठाने लगा।

बच्चे ने फिर कहा—"तो कल मास्टर से हम क्या कहेंगे?"

"कह देना कि पापा जी कह रहे थे कि सवाल बनानेवाला मूर्ख[18] है।"

बच्चे ने ख़ुश होकर कहा—"ग्रच्छी बात है।"

दूसरे बच्चे ने ग्रपना सवाल फिर पूछना चाहा। मैं ने कहा—"ग्रब बहुत देर हो गयी है। चलो, सो जाग्रो, कल बताऊँगा।"

दोनों बच्चे ग्रपने पलंग पर पड़ रहे।

मैं भी सोने के लिये ग्रपने पलंग पर ग्रा गिरा।

श्रीमती ने मेरे पास पानी का गिलास रखते हुए पूछा—"पढ़ाया? मेरे लड़के पढ़ने में ज़रूर तेज़ होंगे। उन्हें कोई मास्टर ही नहीं मिलता था, तो वे क्या करते?"

मैं ने "हाँ" कहके सोने की कोशिश की। सामने बरामदे में बाबू कार्तिकचंद्र चटर्जी ग्रब भी ग्रपने पाँचों बच्चों को बैठाये[19] हिसाब पढ़ा रहे थे। उनका स्वर साफ़ सुनाई दे रहा था—"तीन बटा चार ग्रौरत छ बटा ग्राठ लड़के के बराबर हुग्रा?"

ग्रौर मैं सोच रहा था कि ग्रपने बच्चों को पढ़ाने के लिये या तो मैं नई ग्रर्थमेटिक की किताब लिखूँ या फिर उनके लिये एक दिन बाबू कार्तिकचंद्र चटर्जी से प्रार्थना करनी पड़ेगी।

(केशवचंद्र वर्मा की कहानी "सही बटे का चक्कर"[20] के ग्राधार पर)

---

[16] स्वप्न-लोक *м.* 'мир грез', 'мир сновидений'.

[17] पिरामिड *м.* 'пирамида'.

[18] मूर्ख *м.* 'дурак', 'глупец'.

[19] बैठाना *п.* 'сажать', 'усаживать'

[20] सही बटे का चक्कर 'Головоломка с арифметикой'.

चुटकुले

१) —आख़िर आप पैसा बचा कैसे लेते हैं?

—बड़ा आसान है। मेरी पत्नी जितना ख़र्च कर सकती है मैं उससे अधिक कमाता[21] जाता हूँ।

२) ग्राहक (होटलवाले से): यह तौलिया इतना गन्दा[22] है कि हाथ साफ़ करने को जी नहीं चाहता।

होटलवाला: अजीब[23] बात है। सुबह से छः सौ आदमी साफ़ कर चुके हैं। किसी ने भी शिकायत नहीं की।

---

[21] **कमाना** *n*. 'зарабатывать'.

[22] **गन्दा** 'грязный'.

[23] **अजीब** 'удивительный'.

ГРАММАТИКА

Будущее III (§ *28*)
Многократный вид (§ *29*)
Состав простого предложения (§ *30*)
    Определенно-личные предложения (§ *30.1*)
    Номинативные (назывные) предложения (§ *30.2*)
Неполные предложения (§ *31*)
Бессоюзные сложные предложения (§ *32*)

पाठ

पत्र-व्यवहार

१ निजी पत्र

श्री रमानाथ सहाय,
२५, हिन्दी मार्ग,
हैदराबाद, दक्षिण।

प्रिय मित्र रमानाथ जी!

क़रीब दो सप्ताह से तुम्हारा कोई पत्र नहीं आया। मुझे आशा नहीं थी कि तुम इस तरह मुझे भूल जाओगे। मैं ने दो ख़त तुम्हारे पास भेजे भी हैं परंतु तुम ने इन दोनों का उत्तर नहीं दिया। भाई! यह कोई अच्छी बात नहीं है। इससे मेरी सब ख़ुशियाँ **ठंडी पड़ गयी** हैं। मुझे भी कभी-कभी याद कर लिया करो। मैं तो तुमको यह तीसरी चिट्ठी लिख रहा हूँ।

मैं अच्छी तरह हूँ। मेरे दो पत्रों से तुम जान गये होगे कि गत सप्ताह सोमवार को मैं हैदराबाद से दिल्ली आया। दिल्ली के ऐतिहासिक स्थानों को देखने की इच्छा मेरे मन में **न जाने कितने** दिन से थी परंतु पहले कभी ऐसा अवसर न मिल सका कि मैं यहाँ एक दो सप्ताह ठहरकर उन स्थानों की सैर कर सकता। गत साल तो मुझे **दम मारने** की फ़ुरसत नहीं थी।

इस बार ज्यों ही मैं दिल्ली स्टेशन पर उतरा तो सौभाग्यवश एक पुराने साथी कृष्ण गोपाल जी से मेरी भेंट हो गयी और वे मुझे अपने मकान पर ले गये। गोपाल जी अपना **काम-काज** छोड़कर मुझे ही **सैर कराने** में जुट गये।

अब उनके साथ मैंने दिल्ली की जो सैर की वास्तव में उससे मेरी आँखें खुल गयीं। जितनी भी सलतनतें भारत की धरती पर रहीं और जिन्हों ने दिल्ली को

अपना केंद्र बनाया, उन सभी के किसी न किसी प्रकार के खंडहर यहाँ पर मिलते हैं। यहीं पुराने ज़माने में भारतीय राजाओं और बाद में मुसलमान बादशाहों की राजधानी थी। उनके बनवाये हुए अशोक की लाट, क़ुतुब मीनार, हुमायूँ का मक़बरा और लाल क़िला अब भी काफ़ी अच्छी हालत में हैं और देखने लायक़ हैं।

पहले दिन हम लोग नाश्ता करके सवेरे ही घूमने निकल पड़े। सारे शहर का चक्कर लगाया और बाद में लाल क़िला देखने गये। कितना शानदार है वह! पुराने स्थापत्य का वह एक बहुत सुंदर नमूना है। हर दिन जनता हज़ारों की संख्या में क़िले के दर्शन के लिये आया करती है। क़िला देखकर बाहर निकले तो विशाल चौक के पार ख़ूबसूरत मीनारोंवाली एक बड़ी इमारत ने अचानक मेरा ध्यान आकर्षित किया। वह जामा मस्जिद थी। जुमे के दिन यानी शुक्रवार को उस में बहुत से लोग जाया करते हैं। इस तरह घूमते घूमते मैं थककर चूर हो गया।

अगले दिन हम पांडवों का क़िला, राष्ट्रपति-भवन, सरकार का बड़ा दफ़्तर, संसद-भवन और रेडियो-स्टेशन देखने गये तथा ख़ूब सैर की। कृष्ण गोपाल जी ने उन सभी स्थानों के विषय में मुझे पूरी जानकारी दी।

इन और दूसरे बहुत से स्थानों को देखने में हमें छः दिन लगे। इन के अतिरिक्त आजकल दिल्ली का जो नवीनतम विकास हो रहा है उसे देखकर तो मैं आश्चर्यचकित रह गया। मेरी क़लम में ज़ोर नहीं है कि मैं इसके बारे में लिख सकूँ।

संध्या-समय मैं ने चाँदनी चौक और कनाट प्लेस के बाज़ारों की भी सैर की। दिन डूबते समय कनाट प्लेस पर घूमने निकलने में बड़ा आनंद आता है। इस तरह मेरा जीवन यहाँ मज़े से कट रहा है। कितना अच्छा होता मित्र यदि तुम भी इसी समय मेरे साथ होते और हम तुम दोनों मिलकर इस सैर का आनंद लेते। मैं तुमको सब कुछ दिखाता क्योंकि अब तो दिल्ली में आँखें बंद किये चल सकता हूँ।

शेष तुम्हारा उत्तर आने पर। इस बार मत भूल जाना। ख़्याल रहे, तुम्हारा पत्र पाने के बाद ही लिखूंगा।

मेरी शुभ-कामनाएँ स्वीकार करो।
तुम्हारा (अभी तक तुम्हारा)
नरेंद्र

पुनश्च—पत्र के साथ चार फ़ोटो भेज रहा हूँ। आशा है उनसे अनुमान कर सकोगे कितनी सुंदर है दिल्ली।

१६ आर्य समाज रोड,
२४-३-६६ करोल बाग़, नई दिल्ली।

उत्तर

श्री नरेंद्र जोशी,
१६ आर्य समाज रोड,
करोल बाग़, नयी दिल्ली।

प्रिय भाई नरेंद्र,

तुम्हारे तीन पत्र मुझे मिले। आभारी हूँ। २४ मार्च के पत्र के साथ ही चार फ़ोटो भी आज २७ मार्च को प्राप्त हुए और मुझे बहुत पसंद आये। मैं किन शब्दों

में तुमको धन्यवाद दूँ! यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि तुम्हारी छुट्टियाँ बड़े मज़े से कट रही हैं। उत्तर देने में देर हुई, इसका कारण यह था कि पिछले दिनों मैं अपने काम में इतना व्यस्त रहा कि तुम्हें पत्र लिखने तक का अवसर न निकाल सका। फिर मुसीबतें जब आती हैं तो अकेली नहीं आतीं। माता जी बीमार हुईं, मरते मरते बचीं। अब वे पहले से कहीं अच्छी हैं पर कुछ कमज़ोरी बाक़ी है। बाद में मुझे ज़ुकाम हो गया। बुख़ार भी चढ़ गया यहाँ तक कि डॉक्टर ने बाहर जाने न दिया। अधिक क्या लिखूं? कटे पर नमक छिड़कना अच्छा नहीं। तुम ख़ुद ही समझदार हो। सो बुरा न मानो, विलंब के लिये तुम से क्षमा चाहता हूँ।

यहाँ सब तुम्हें नमस्ते कहते हैं। इधर मेरे लायक़ कोई काम हो तो ज़रूर लिखना।

उत्तर की प्रतीक्षा में तुम्हारा
रमानाथ

हैदराबाद: २७-३-६९

२ निमंत्रण-पत्र

डॉ० रामशरण तिवारी,
हिन्दी विभाग,
पटना विश्वविद्यालय

माननीय महोदय,

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि हिन्दी साहित्य-परिषद् की ओर से ४ नवंबर को राष्ट्र-भाषा-दिवस मनाने का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, कवि-सम्मेलन तथा एक हिन्दी नाटक खेलने का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह का उद्घाटन श्री क० ल० द्विवेदी, शिक्षा-मंत्री, उत्तर प्रदेश करेंगे। कवि-सम्मेलन का सभापतित्व श्री "नीरद" जी ने करना स्वीकार कर लिया है।

आपसे प्रार्थना है कि आप भी इस अवसर पर उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाएँ। यदि किसी कारण आपका आ सकना संभव न हो, तो कृपया अपनी शुभ-कामनाएँ और संदेश अवश्य भेजें।

आपका सद्भावी
मुकुल

दिल्ली: १८-१०-६७

स्वागत-समिति का अध्यक्ष,
हिन्दी साहित्य-परिषद्,
नयी दिल्ली

अनौपचारिक उत्तर

प्रिय श्री मुकुल,

राष्ट्र-भाषा-दिवस समारोह में सम्मिलित होने के लिये आपका १८ अक्तूबर का भेजा हुआ निमंत्रण-पत्र प्राप्त हुआ। उसके लिये धन्यवाद। पहले से निश्चित कार्यक्रम के कारण मैं दूसरे स्थान रहूँगा, इस तरह आपके समारोह में उपस्थित

न हो सकूँगा, पर मेरी शुभ-कामनाएँ आपके साथ हैं। मेरी हार्दिक इच्छा है कि आपका यह समारोह पूर्ण रूप से सफल हो।

आपका सद्भावी
रामशरण

पटना : १-११-६७

औपचारिक उत्तर

श्री मुकुल वाजपेयी,
स्वागत-समिति के अध्यक्ष,
हिन्दी साहित्य-परिषद्,
नयी दिल्ली

प्रिय महोदय,

श्री रामशरण राष्ट्र-भाषा-दिवस समारोह में सम्मिलित होने के लिये भेजे गये निमंत्रण के लिये आपका **धन्यवाद करते** हैं। बीमार पड़ने के कारण वे आपके समारोह में उपस्थित न हो सकेंगे पर उसकी सफलता के लिये शुभ-कामनाएँ करते हैं।

कृपाराम

पटना : १-११-६७

हिन्दी विभाग कर्मचारी,
पटना विश्वविद्यालय
श्री रामशरण के निमित्त

३ व्यापारिक पत्र (क)

सेवा में
मैनेजर
फ़िरोज़ बुक-स्टॉल
१०४, हार्नली रोड,
बंबई – १

प्रिय महोदय,

आपका भेजा हुआ माल हमें कल प्राप्त हुआ। आपने जो पुस्तकें भेजी हैं, उनके संबंध में हमें कई शिकायतें हैं। पहली बात तो यह है कि आपने हमारे आर्डर की सब पुस्तकें नहीं भेजीं। जो महत्त्वपूर्ण और आवश्यक पुस्तकें थीं, वे हमें नहीं मिलीं। अब उनके लिये हमें किसी दूसरे स्थान से कोशिश करनी होगी। दूसरी बात यह है कि आपने जो पुस्तकें भेजी हैं, उनमें अनेक की हालत ख़राब है। पुस्तकें देखने में **बहुत पुरानी** जान पड़ती हैं। तीसरी बात यह है कि आपने कुछ ऐसी पुस्तकें भी हमारे पास भेज दी हैं, जिन्हें हमने मँगाया ही नहीं था।

हम आपके पास उन सब पुस्तकों को वापस भेज रहे हैं, जो हमारी माँग के बिना आ गयी हैं या जिनकी हालत बहुत ख़राब है। उनको लौटाने का **ख़र्च** आपको **देना** होगा। **नहीं तो** भविष्य में आपकी संस्था से **व्यवहार कर पाना** हमारे लिये

संभव न होगा। परंतु यदि आप इन पुस्तकों को लौटाकर इतने ही दाम की दूसरी किताबें, जिनकी सूची हम साथ भेज रहे हैं, हमें भेज देंगे तो हमारा और आपका संबंध भविष्य में भी बना रहेगा।

आशा है आप इन मामलों की छानबीन करने में देर नहीं करेंगे।

भवदीय

सत्यप्रकाश

हिन्दी प्रचार-सभा,

कानपुर : १०-१०-६७ ५१, रामनगर

उत्तर

श्री सत्यप्रकाश,
हिन्दी प्रचार-सभा,
५१, रामनगर,
कानपुर

प्रिय महोदय,

आपका १०-१०-६७ का पत्र हमारे कार्यालय में आज प्राप्त हुआ। जो पुस्तकें आपने वापस लौटाई हैं, वे भी प्राप्त हो गयी हैं। आपने जिन पुस्तकों के विषय में यह लिखा है कि वे आपके आर्डर के बिना भेज दी गयी हैं, उनका कारण हमारे कर्मचारियों की ग़लती या असावधानी नहीं है। आपकी माँग की कुछ किताबें हमारे पास ही नहीं पर बंबई में किसी भी पुस्तक-विक्रेता के पास भी नहीं थीं। उन पुस्तकों के स्थान पर हमने ये पुस्तकें इस आशा में भेज दी थीं कि ये आपके लिये उपयोगी रहेंगी और आपको पसंद आयेंगी। लेकिन अगर ये आपको पसंद नहीं आयी हैं तो हम इन्हें वापस ले लेंगे और इनके स्थान पर आपके आर्डर के अनुसार पुस्तकें भेज देंगे।

जिन पुस्तकों की हालत को आपने बुरा बताया है, वे पुरानी नहीं हैं, बिलकुल नई हैं। परंतु उनका जो स्टॉक शेष बचा है, वह इसी प्रकार का है। फिर भी यदि ये आपको पसंद नहीं हैं, तो इन्हें भी हम वापस ले लेंगे। पर ये पुस्तकें आपको इससे अच्छी हालत में कहीं नहीं मिल सकेंगी।

आपको तकलीफ़ हुई, इसके लिये हमें हार्दिक खेद है।

भवदीय

मैनेजर

बंबई : २६-१०-६७ फ़िरोज़ बुक-स्टॉल

व्यापारिक पत्र (ख)

"आजकल" प्रधान कार्यालय,
प्रकाशन विभाग,
दिल्ली—६

प्रिय महोदय,

कृपया मुझे "आजकल" का वार्षिक गाहक बना लें तथा जनवरी महीने से

"आजकल" भेजना आरंभ कर दें। "आजकल" की पहली प्रति वी० पी० द्वारा भेजकर सारे साल का चंदा प्राप्त कर लें।

भवदीय
मोहनलाल

पूरा पता : विद्यालय
गाँव – ईसापुर
डाकघर – मुहाना
ज़ि० – बुलंदशहर (उ० प्र०)

तारीख़ : १५-१२-६७

नये शब्द

अचानक ачāнак 1. неожиданный, внезапный; 2. неожиданно, внезапно

अनौपचारिक анаупачāрик неофициальный

असावधानी асāвад^hāнӣ *ж.* 1) невнимательность, небрежность; 2) неосторожность

आकर्षित āкаршит привлеченный; ~ होना быть привлеченным; ~ करना привлекать (*напр. внимание*; पर, की ओर *к кому-л., чему-л.*)

आभारी āб^hāрӣ благодарный, признательный

आयोजन āйоджан *м.* 1) схема; план; проект; 2) устройство, организация; 3) приготовление, подготовка; 4) мероприятие; начинание

आशा āшā *ж.* надежда

उद्घाटन удг^hāṭан *м.* 1) открытие (*выставки, собрания и т. п.*); 2) раскрытие, разоблачение

उपयोगी упайогӣ 1) употребляемый, применяемый; 2) [при]годный; полезный; 3) действительный (*напр. о билете*)

औपचारिक аупачāрик официальный; формальный

कटना каṭнā *нп.* 1) быть разрезанным, распиленным; 2) урезываться, уменьшаться; вычитаться; 3) проходить (*о времени*)

कमज़ोरी камзорӣ *ж.* бессилие, слабость

कवि кави *м.* поэт

काज кāдж *м.* 1) действие; 2) дело; занятие, профессия; работа

कामना кāмнā *ж.* желание, пожелание

कार्यक्रम кāрйакрам *м.* программа, план

क्षमा кшамā *ж.* прощение; извинение; ~ करना прощать, извинять (को *кого-л.*; के लिए *за что-л.*)

खंडहर к^hанḍаhар *м.* развалины, руины

ख़त хат *м.* письмо; записка

ख़ूबसूरत хӯбсӯрат красивый, прекрасный

गत гат прошлый, минувший

ग़लती ғалтӣ *ж.* ошибка; ~ करना ошибаться, делать ошибку

चक्कर чаккар *м.* 1) колесо; 2) круг, окружность; 3) виток (*напр. космического корабля*); 4) объезд; обход; окружная дорога; 5) кружение, вращение; 6) запутанность, сложность; 7) головокружение, обморок; 8) водоворот

चूर чӯр 1) размельченный; превращенный в порошок; ~ करना а) раз-

мельчать; б) превращать в порошок; 2) усталый, разбитый; ослабевший; ~ हो जाना а) размельчиться; превратиться в порошок; б) устать; ослабеть

छिड़कना **чʰиṛакнā** *п.* 1) посыпать; сыпать; 2) брызгать; кропить

जानकारी **джāнкāрӣ** *ж.* 1) знание, осведомленность; 2) информация

ज़ुकाम **зукāм** *м.* насморк, простуда

जुटना **джуṭнā** *нп.* 1) присоединяться, приклеиваться (में *к чему-л.*); 2) касаться, прижиматься; 3) скопляться, собираться; 4) включаться (में *во что-л.*); заниматься (में, पर *чем-л.*)

जुमा **джумā** *м.* пятница

ज्यों **джйõ** 1) как, каким образом; 2) как только, едва; ~ ही как только (*о времени*); ~-~ по мере того как, между тем как

डूबना **ḍӯбнā** *нп.* 1) погружаться; тонуть; 2) нырять; 3) заходить (*о небесных светилах*)

दम **дам** *м* 1) дыхание; выдох; 2) миг, мгновение, момент; 3) жизнь

दर्शन **даршан** *м.* 1) наблюдение; осмотр; 2) встреча, посещение; 3) философия

दिवस **дивас** *м.* день (*юбилея и т. п.*)

धरती **дʰартӣ** *ж.* почва; земля

नवीन **навӣн** 1) новый; 2) свежий; 3) молодой; 4) современный

निजी **ниджӣ** свой, собственный; личный, частный

निमंत्रण **нимантран** *м.* 1) вызов (*по делу*); 2) приглашение

निमित्त **нимитта:** के ~ *послелог* 1) по причине, из-за; 2) с целью; 3) для, ради

परिषद् **паришад** *ж.* 1) собрание; совет; 2) общество; академия

पुनश्च **пунашча** *м.* 1) послесловие; 2) постскриптум, добавление

पूर्ण **пӯрна** 1) полный, целый, весь; 2) совершенный, завершенный, законченный; ~ होना а) наполняться; б) завершаться, заканчиваться; ~ करना а) наполнять; б) выполнять, исполнять; в) завершать, заканчивать

प्रतियोगिता **пратийогитā** *ж.* 1) соревнование; состязание; первенство; конкурс, турнир; 2) конкуренция

प्रिय **прийа** милый, любимый, дорогой

बुक-स्टॉल **бук-сṭāл** *м.* книжный киоск; книжный магазин

भवदीय **бʰавдӣйа** Ваш (*в письме*)

मक़बरा **макбарā** *м.* мавзолей; гробница

मन **ман** *м.* 1) дух; душа; 2) ум; 3) желание, намерение

मस्जिद **масджид** *ж.* мечеть

महोदय **маhодай** господин (*тж. обращение*)

माननीय **мāннӣйа** почтенный, уважаемый

मुसलमान **мусалмāн** *м.* мусульманин

मुसीबत **мусӣбат** *ж.* несчастье, бедствие, горе

मैनेजर **майнэджар** *м.* управляющий, директор

यदि **йади** если

राष्ट्रपति **рāшṭрапати** *м.* глава государства, президент

लाट **лāṭ** *ж.* колонна; столб

लायक़ **лāйак** 1) (*тж.* के ~) соответствующий, подходящий, годный; 2) способный; 3) (*тж.* के ~) достойный, заслуживающий

वाद **вāд** *м.* 1) спор; 2) *филос.* тезис; положение

वाद-विवाद **вāд-вивāд** *м.* 1) спор; 2) дискуссия; 3) прения

वार्षिक **вāршик** годичный, годовой; ежегодный

विक्रेता **викрэтā** *м. неизм.* продавец, торговец

विलंब **виламб** *м.* 1) промедление; 2) опоздание, задержка

विवाद **вивāд** *м.* 1) спор; 2) дискуссия

शुभ **шуб**^{h} **1.** 1) хороший, прекрасный; 2) счастливый; **2.** *м.* счастье; благо

शुभ-कामना **шуб**^{h}**-кāмнā** *ж.* пожелание счастья; наилучшее пожелание

शोभा **шоб**^{h}**ā** *ж.* 1) блеск, великолепие; красота; 2) убранство; украшение

संदेश **сандэш** *м.* 1) весть, известие; 2) приказ; 3) послание

संध्या **санд**^{h}**йā** *ж.* вечер; сумерки

संभव **самб**^{h}**ав** **1.** возможный; вероятный; **2.** возможно, вероятно

सद्भावी **садб**^{h}**āвӣ** *м.* 1) доброжелатель; 2) друг

सफल **сап**^{h}**ал** успешный; ~ होना иметь успех, преуспевать; удаваться

सभापतित्व **саб**^{h}**āпатитва** *м.* председательство

समझदार **самаджх**^{h}**дāр** 1) умный, разумный; рассудительный; 2) сознательный

समारोह **самāроh** *м.* 1) пышность, великолепие; 2) юбилей, торжество, празднество; фестиваль; церемония; прием

सम्मेलन **саммэлан** *м.* 1) общество, ассоциация; 2) конференция, съезд

सलतनत **салтанат** *ж.* империя; царство; султанат; государство

सूची **сӯчӣ** *ж.* перечень; список; указатель; каталог; оглавление

सो **со** поэтому; так что; итак

सौभाग्यवश **сауб**^{h}**āгйаваш** к счастью; на счастье

स्टॉक **стāк** *м.* запас (*товаров*)

स्थापत्य **ст**^{h}**āпатйа** *м.* строительное искусство; архитектура; зодчество

व्याकरण तथा शब्दावली संबंधी टिप्पणियाँ

1. ठंडा पड़ना 1) 'остывать'; 2) 'гаснуть'; 3) *перен.* 'меркнуть', например: इस से मेरी सब ख़ुशियाँ ठंडी पड़ गयी हैं 'Из-за этого (вся) моя радость померкла'.

2. न जाने 'кто знает', 'неизвестно'. जाने — 3-е лицо единственного числа простой формы сослагательного наклонения глагола जानना 'знать'. В современном языке форма जाने самостоятельно или в сочетании с отрицательной частицей न 'не' очень часто употребляется в качестве вводного слова, придающего высказыванию модальные оттенки неуверенности, неопределенности, сомнения. В речи вводное слово [न] जाने обычно сопровождают вопросительные местоимения и наречия क्या 'что', 'какой'; कैसा 'какой', कितना 'сколько', कैसे 'как', कब 'когда', कहाँ 'где', क्यों 'почему' и др., усиливающие модальные оттенки, передаваемые этим словом, например: न जाने कैसे उस ने यह लिखा है 'Неизвестно, как он это написал'.

3. दम मारना 'переводить дух'; 'отдыхать'.

4. काम-काज *парн. сочет.* 1) 'дело', 'работа'; 2) 'деятельность'.

5. सैर कराना 1) 'прогуливать', 'водить на прогулку' (की *куда-л.*); 2) 'показывать достопримечательные места'.

6. चक्कर लगाना 1) 'обходить вокруг', 'двигаться по кругу'; 2) 'вертеться'; 3) 'объезжать', 'обходить' (का *что-л.*); 4) 'прогуливаться'; चक्कर काटना 1) 'кружиться', 'вращаться'; 2) 'объезжать' (का *что-л.*).

7. दर्शन करना 1) 'смотреть', 'осматривать' (के *что-л.*), 'видеть' (के *кого-л.*); 2) 'видеться', 'встречаться' (के *с кем-л.*); दर्शन देना 'показываться'; 'появляться'; दर्शन होना 'видеться', 'встречаться' (के *с кем-л.*); 'виднеться' (के *о чем-л.*).

8. ध्यान आकर्षित करना 'привлекать внимание' (का *кого-л.*, पर, की ओर *к кому-л., чему-л.*).

9. जामा मस्जिद 'Джама Масджид' (*соборная мечеть в Дели*).

10. थककर चूर हो जाना 'сильно уставать'.

11. पांडव 'Пандавы' (*представители царского рода Пандавов, персонажи древнеиндийской эпической поэмы «Махабхарата»*).

12. सरकार का बड़ा दफ़्तर 'здание секретариатов (*министерств*)'.

13. जानकारी देना 'давать информацию', 'информировать' (को *кого-л.*, की *о чем-л.*); जानकारी कराना 'ознакомлять' (को *кого-л.*, की *с чем-л.*).

14. मेरी क़लम में ज़ोर नहीं है कि... 'Мое перо не в силах...'.

15. संध्या-समय 'вечер'; 'вечером'.

16. दिन डूबना 'смеркаться'; 'вечереть'; दिन डूबते समय 'в конце дня', 'к вечеру'.

17. आनंद आना 'получать удовольствие' (में *от чего-л.*, को *о ком-л.*).

18. ख़्याल रहे 'следует помнить', 'помни[те]'.

19. शुभकामना करना 'желать [счастья]' (की *кому-л.*, की, के लिये *что-л.*); शुभकामना देना 'передавать наилучшие пожелания' (को *кому-л.*).

20. आशा करना 'надеяться' (से *на кого-л.*, की *на что-л.*).

21. आभारी होना 'быть признательным, благодарным' (का *кому-л.*, के लिये *за что-л.*).

22. В хинди придаточные дополнительные, являющиеся дополнением для главной части СПП или раскрывающие в ней неконкретное значение указательных слов в функции дополнения, могут пояснять не только глагол-сказуемое главной части, но и неличные формы глагола (инфинитив, причастие, деепричастие), нередко разбивая при этом главную часть на две, например: यह कह देना कि हर साल ऐसा होता है समस्या को टालना है 'Заявлять, что так бывает каждый год, значит уклоняться от [решения] проблемы'; यह जानता हुआ भी कि उषा उस से दूर हो गयी वह उषा के यहाँ पहुँच गया 'Даже зная (*букв.* это знающий даже), что Уша стала ему чужой (*букв.* что Уша отдалилась от него), он пришел к ней'; यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि तुम्हारी छुट्टियाँ बड़े मज़े से कट रही हैं 'Весьма рад был узнать (*букв.* это узнав много радости стало), что твой отпуск проходит очень интересно'.

23. अवसर निकालना 'улучать [удобный] момент' (का, के लिये *для чего-л.*).

24. जुकाम हो जाना 'простудиться', 'получить насморк' (को *о ком-л.*).

25. कटे पर नमक छिड़कना 1) 'бередить рану'; 2) 'наносить оскорбление' (*букв.* 'сыпать на рану соль').

26. बुरा मानना 1) 'дурно истолковывать'; 2) 'быть недовольным', 'сердиться'; 'обижаться', 'оскорбляться'; बुरा न मानो 'не сердись'; 'не обижайся'.

27. क्षमा चाहना (माँगना) 'просить прощения' (से *у кого-л.*, के लिये *за что-л.*).

28. इधर मेरे लायक़ कोई काम हो... 'Если у тебя ко мне есть здесь какое-либо поручение...' (*уничижительный оборот*).

29. निमंत्रण करना 'приглашать' (का *кого-л.*, के लिये *на что-л.*); निमंत्रण देना 'приглашать' (को *кого-л.*); निमंत्रण स्वीकार करना 'принимать приглашение'; निमंत्रण पर 'по приглашению' (के *кого-л.*).

30. निमंत्रण-पत्र '[письменное] приглашение'.

31. आयोजन करना 'организовывать', 'устраивать' (का *что-л.*).

32. वाद-विवाद करना 1) 'спорить' (पर *о чем-л.*); 2) 'дискутировать'.

33. वाद-विवाद प्रतियोगिता 'диспут'; प्रतियोगिता करना 'соревноваться', 'состязаться' (से *с кем-л.*, की *в чем-л.*); 2) соперничать, конкурировать (से *с кем-л.*, की *в чем-л.*).

34. कवि-सम्मेलन 'состязание поэтов'.

35. उद्घाटन करना 1) 'открывать' (का *что-л.*; *напр. выставку, заседание*); 2) 'раскрывать', 'разоблачать' (का *что-л.*).

36. सभापतित्व करना 'председательствовать' (का *на чем-л.*); सभापतित्व में 'под председательством' (के *кого-л.*).

37. आप से मेरी एक प्रार्थना है कि.... '[Я] прошу Вас...'; प्रार्थना स्वीकार करना 'удовлетворять просьбу'; प्रार्थना पर 'по просьбе' (की *кого-л.*).

38. शोभा देना 1) 'блистать'; 2) 'украшать'; शोभा बढ़ाना 'еще более украшать' (की *что-л.*); *зд.* 'оказывать честь' (की *кому-л.*, *чему-л.*).

39. स्वागत-समिति 'комитет по организации встречи (приема)'.

40. В хинди наряду с многокомпонентными СПП (*см.* ч. II, Урок I) встречаются и многокомпонентные ССП, например: पहले से निश्चित कार्यक्रम के कारण मैं दूसरे स्थान रहूँगा, इस तरह आप के समारोह में उपस्थित न हो सकूँगा, पर मेरी शुभकामनाएँ आप के साथ हैं 'В связи с заранее намеченной программой я буду находиться в другом месте, [и] таким образом [я] не могу присутствовать на Вашем приеме, но я шлю Вам наилучшие пожелания (*букв.* мои наилучшие пожелания с Вами)'.

41. धन्यवाद करना 'благодарить' (का *кого-л.*, के लिये *за что-л.*).

42. सेवा में 'к услугам' (की *кого-л.*); *зд.* форма обращения в письме.

43. В хинди в предикативной функции кроме причастий (*см.* ч. II, Уроки IV и V) употребляются существительные, прилагательные, определительные соче-

тания с послелогом का и т. п., например: वह अच्छा आदमी लगता है 'Он кажется хорошим человеком'; पुस्तकें देखने में बहुत पुरानी जान पड़ती हैं 'Книги на вид кажутся очень старыми'; यह औरत यहाँ की मालूम होती है 'Кажется, эта женщина здешняя'.

44. ख़र्च देना 'оплачивать расходы' (का *за что-л.*, को *кому-л.*).

45. नहीं तो 'не то', 'иначе', 'в противном случае'.

46. व्यवहार करना 1. 1) 'вести себя' (के साथ, से *по отношению к кому-л.*); 'обращаться' (के साथ, से *с кем-л.*); 2) 'относиться' (के साथ, से *к кому-л.*); 3) 'иметь дело' (के साथ, से *с кем-л.*); 2. 1) 'употреблять', 'применять' (का *что-л.*); 'пользоваться' (का *чем-л.*); 2) 'практиковать' (का *что-л.*); व्यवहार में लाना 1) 'употреблять', 'использовать'; 'вводить в употребление'; 'пускать в обращение'; 2) 'осуществлять', 'претворять в жизнь'; व्यवहार में आना 'использоваться', 'применяться', 'идти в дело'.

47. देर करना 'медлить'; 'затягивать', 'оттягивать' (में *что-л.*).

48. ज़ि० — *сокр. от* ज़िला 1) 'округ', 'район'; 2) 'область'.

49. उ० प्र० — *сокр. от* उत्तर प्रदेश 'Уттар-Прадеш' (*штат Индии*).

व्याकरण के अभ्यास

I. रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) आपने उसको पत्र लिखा होगा। (२) वह इस काम के लिये बहुत रुपया प्राप्त कर चुका होगा। (३) आपने यह किताब पढ़ी होगी?। (४) वे आज अपने मित्र की शादी में गये होंगे। (५) मेरा ख़याल है, वे अब तक कलकत्ते पहुँच गये होंगे। (६) माँ जी बाज़ार से स्वादिष्ट चीज़ें लायी होंगी। (७) आपने सोचा होगा कि हम वहाँ जाकर क्या करेंगे। (८) मेरा भाई दिल्ली से बम्बई ज़रूर ही वापस आ गये होंगे। (९) तुम क्या समझते हो कि मैं उसे भूला हूँगा? (१०) वह चला होगा स्कूल, परंतु पहुँचा होगा सिनेमा। (११) मैं दस बजे बम्बई से चला हूँगा, लेकिन एक ही बजे पूना पहुँच गया। (१२) "दोपहर गुज़र चुकी होगी?" लछमा ने प्रश्न किया। तब गुसाईं का ध्यान टूटा, "हाँ, अब तो दो बजनेवाले होंगे," उसने कहा। (१३) आपने प्रेमचंद का नाम सुना होगा। (१४) हम थोड़ी देर करके वहाँ पहुँच गये होंगे। (१५) वह परीक्षा पास कर चुकी होगी। (१६) तुमने यह किताब ज़रूर पढ़ी होगी। (१७) मेरे वहाँ पहुँचने से पहले वे चले गये होंगे। (१८) हम दोपहर तक वहाँ पहुँच सकेंगे लेकिन तब तक वे अपना काम पूरा कर चुके होंगे। (१९) जब वह इंस्टीट्यूट पहुँचेगा तो पाठ शुरू हुआ होगा। (२०) दो बजने से पूर्व मैं हवाई अड्डे तक पहुँचा हूँगा।

II. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Вы, вероятно, читали эту книгу. (2) Я думаю, что он, наверное, уже добрался домой. (3) Я выехал из дома, по-видимому,

часов в пять вечера и уже к шести часам добрался до аэропорта. (4) Они не смогли приехать с этим поездом, так как, очевидно, прибыли на станцию с опозданием. (5) Ты, наверное, видел этот фильм. (6) Она, очевидно, думала, что я все еще дома. (7) Не стоит им звонить [по телефону], они, вероятно, уже легли спать. (8) Когда он прибудет в Ленинград, я уже уеду оттуда. (9) Они уйдут раньше, чем мы прибудем туда. (10) Ты должен вернуться домой к двум часам дня. — О, я доберусь до дома до двух часов. (11) Вас, вероятно, познакомили с этим писателем. (12) Может быть, ты забыл мои слова? (13) Она, должно быть, получила мое письмо. (14) По всей вероятности, эта картина уже куплена.

III. रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) पढ़ा करो! (२) ऐसे सवाल न किया करो! (३) वह हमारे घर आया करती है। (४) आप इन सब बातों में मुझे क्यों रोका करते हैं? (५) यह काम किया करो। (६) आज से हमारे पाठ नौ बजे शुरू हुआ करेंगे। (७) मेरे दादा रोज़ाना सवेरे घूमने जाया करते हैं। (८) राम रात में बड़ी देर तक पढ़ा किया। (९) मकान पूरा जल गया और तुम खड़े-खड़े देखा किये? (१०) हम बहुत दिनों से कहते हैं कि इस वक़्त उधर न जाया करो। (११) श्रीकंठ सिंह शनिवार को घर आया करते थे। (१२) रतन — मैं थोड़ी देर बैठी भी रहा करूँगी, लेकिन तुम आज ही जाओ। (१३) उसके कमरे से रेडियो की आवाज़ सुनायी दिया करती थी। (१४) भाई, आप ज़रा उन्हें समझा दीजिएगा कि सोचकर बातचीत किया करें। (१५) तुम मुझे रुपये दे दिया करो, मैं अपना पका खा लूंगी!

IV. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Он обычно возвращается домой в пять часов вечера. (2) Наша семья по вечерам смотрит телевизионные передачи. (3) В Индии я очень часто беседовал с моим другом Рамой. (4) Летом мы часто купались в море. (5) Вечерами она с мужем обычно ходит на прогулку. (6) Читай систематически книги, и ты узнаешь много нового. (7) Хорошо занимайтесь в году, и вы успешно сдадите экзамены. (8) В институте я регулярно занимался в библиотеке. (9) Регулярно умывайтесь холодной водой. (10) Систематически занимайтесь спортом. (11) В Индии я регулярно посещал лекции известного индийского ученого Кришнамурти. (12) Библиотека нашего института регулярно получает иностранную литературу. (13) Приходите ко мне каждый день. (14) Из ее комнаты постоянно доносятся звуки музыки.

V. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद करके उनके अर्थ समझाइये

(१) इधर बैठ! (२) सीधे चलो! (३) जवाब लिखने की कृपा करें। (४) आख़िर, किसको खोजते हो? (५) माफ़ करना, मैं किताब लाना भूल गया। (६) दरवाज़े के पीछे चुपके[1] खड़ा होकर सुनता हूँ। (७) एक मामूली मकान, उसका दरवाज़ा सड़क पर खुलता है। (८) आधी रात। तेज़ हवा। और बारिश। (९) होली[2] का दिन, आठ बजे रात का समय। (१०) एक आदमी ने भी जल्दी कहा—एक सौ बीस रुपये। (११) बड़े लड़के शान चौधरी कृषि-विभाग के अधिकारी थे। अक़्ल के तेज़ और शरीर से बड़े परिश्रमी[3]। (१२) अच्छा गोपेश जी, नमस्ते। (१३) बड़ी मुश्किल से उसने कहा—अम्मा, पानी। (१४) ... ऐसी शादी से क्या लाभ? (१५) वह बोली—क्या तू भी कभी समुद्र में गयी है? — एक बार और वह भी तूफ़ान में। (१६) यह किसका घर है? मोहन का?

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Я должен признать: Вы верно сказали. (2) Уже поздно, нам надо идти домой. (3) Наступает утро, двинемся в путь. (4) Дверь открылась, из аудитории показались студенты. (5) Хочешь отдохнуть, поезжай к морю. (6) Всем ясно: работу нужно продолжать. (7) Погода была ужасная: дул сильный ветер, падал снег. (8) Придет весна — двинутся пароходы по Волге, расцветут (फूलना *нп.*) сады. (9) Кругом стояла тишина (सन्नाटा *м.*); со стороны дома не доносилось никаких звуков. (10) Город спал, только в некоторых окнах виднелись огни. (11) Уже час ночи, пора спать. (12) Не зовите его сюда. Захочет, сам придет.

पाठ के अभ्यास

I. पाठ का रूसी में लिखित अनुवाद कीजिये।

II. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद करके उनका जवाब दीजिये।

(1) Кому написал письмо Нарендра? (2) Кто встречал Нарендру на вокзале в Дели? (3) Какие достопримечательные места посетил Нарендра в Дели? (4) Кто построил дворец президента и здания

---

[1] चुपके 'молча'.

[2] होली *ж.* 'Холи' (*праздник*).

[3] परिश्रमी 'трудолюбивый; 'усердный'; 'старательный'.

секретариатов в Дели? (5) Кто дал согласие (सहमति *ж.*) председательствовать на состязании поэтов? (6) Когда отмечается в Индии «День государственного языка»? (7) Что ответил г-н Рамшаран на приглашение принять участие в празднике? (8) В чем состояли претензии г-на Сатьяпракаша к управляющему магазином «Фироз бук-стол»? (9) Какие условия поставил г-н Сатьяпракаш управляющему книжным магазином? (10) Что ответил управляющий книжным магазином г-ну Сатьяпракашу? (11) Почему г-н Сатьяпракаш получил часть книг в плохом состоянии? (12) Приходилось ли Вам писать деловые письма? (13) В чем состоит различие между порядком написания адреса в СССР и Индии?

III. रूसी में अनुवाद कीजिये।

क) प्रिय मित्र रामधन जी!

गत सप्ताह मैं बम्बई से दिल्ली आया। दिल्ली के दर्शनीय स्थानों को देखने की इच्छा मेरे मन में न जाने कब से बस गयी थी। पिछले वर्षों में कई बार दिल्ली जाना निश्चित किया परन्तु सफलता न मिल सकी। किसी न किसी कारण से यात्रा को स्थगित करना पड़ता था। आख़िर इस साल अपने विद्यालय के ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों के दल के साथ यहाँ आने का अवसर मिला।

ज्यों ही हम दिल्ली-स्टेशन पर उतरे तो वहाँ एक श्रीमान् से भेंट हुई जिन्हों ने होटल में हमारे ठहरने की व्यवस्था की। वही दिल्ली-विश्वविद्यालय की ओर से हमें सैर कराने में जुट गये। उनके साथ रहकर जो हमने दिल्ली की सैर की तो वास्तव में हमारी आँखें खुल गयीं। जितनी भी सलतनतें भारत की भूमि पर रहीं उन सब ने दिल्ली को अपनी राजधानी बनायी। इन राज्यों के खंडहर अब भी देखे जा सकते हैं। पांडवों का क़िला, क़ुतुब मीनार, अशोक की लाट, लाल क़िला, जामा मस्जिद, राष्ट्रपति-भवन, सरकार का बड़ा दफ़्तर, रेडियो स्टेशन, हुमायूँ का मक़बरा इत्यादि स्थान देखने लायक़ हैं। हम इन सभी स्थानों पर गये और ख़ूब सैर की। उन्हीं श्रीमान् ने इन स्थानों के विषय में हमें पूरी जानकारी दी। इन स्थानों को देखने में हमें चार दिन लगे।

इनके अतिरिक्त हमने दिल्ली का नवीनतम विकास भी देखा। उसे देखकर हम आश्चर्यचकित हुए बिना नहीं रह सके। कितनी नयी बस्तियाँ बनी हैं जिनका विकास स्वास्थ्य के विचार से बहुत ही सुंदर ढंग से किया गया है। हम ने इन सभी बस्तियों को जा-जाकर देखा और वहाँ के रहनेवाले लोगों से भी बातचीत की।

कल हम संध्या की गाड़ी से प्रयाग जा रहे हैं। आशा है वहीं पर तुम से मिलूँगा।

तुम्हारा मित्र
कुशल

दिल्ली, ९-११-६७

ख) माननीय भाई रामदयाल जी !

मैं ने अपने कुछ मित्रों को ६ मई १९६८ को संध्या-समय भोजन के लिए निमंत्रण-पत्र भेजा है। इस दिन नगर के सिनेमा हॉल में भारत के प्रसिद्ध कलाकार श्री पृथ्वीराज कपूर अपना नाटक खेल रहे हैं। मेरी बड़ी इच्छा है कि आप इस शुभ अवसर पर तशरीफ़ लाकर मित्र-मंडली को अपने उपस्थित होने का आनन्द-लाभ करायें। मेरे मित्रों और साथियों ने आप के उपस्थित होने के लिये मुझ से विशेष प्रार्थना की है। आशा है आप सब मित्रों की इस प्रार्थना को स्वीकार करके अवश्य तशरीफ़ लाने की कृपा करेंगे।

आपका मित्र
दीनदयाल श्रीवास्तव

आगरा, १-५-१९६८

ग) प्रिय भाई दीनदयाल जी !

भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध तथा विश्व-ख्याति प्राप्त कलाकार श्री पृथ्वीराज कपूर का नाटक देखने के लिये जो निमंत्रण आपने भेजा है उसके लिये मैं आपका आभारी हूँ। और नाटक से पूर्व आपने जिस भोजन का आयोजन किया है, उसके लिये विशेष धन्यवाद है। विश्वास रखिये कि मैं इस अवसर का उचित लाभ उठाऊँगा।

आपका
रामदयाल

आगरा, ३-५-१९६८

घ)

श्री जीवनलाल एण्ड कम्पनी;
११९५, पार्क रोड,
नयी दिल्ली।

प्रिय महोदय,

आपके यहाँ से प्राप्त होनेवाले हमारे लिये उपयोगी सामान की सूची बनाकर हम आपकी सेवा में भेज रहे हैं।

कृपया इस सूची की वस्तुओं के दाम हमें लिखकर भेजने की कृपा करें, जिससे कि हम आपको अपनी आवश्यकता के अनुसार आर्डर दे सकें। तकलीफ़ के लिये क्षमा करना।

भवदीय
मैनेजर,
होटल निरूला
कनाट प्लेस

नयी दिल्ली, १५-६-१९६७

च) (१) मुसलमानों ने दसवीं सदी में भारत में प्रवेश किया था। (२) क़ुतुब मीनार पुराने स्थापत्य का ख़ूबसूरत नमूना है। (३) अचानक एक चमकती हुई चीज़ ने हमारा ध्यान आकर्षित किया। (४) गत सप्ताह मैं इतना व्यस्त रहा कि दम मारने की फ़ुरसत नहीं थी। (५) बीमार होने के कारण उसे अपना सारा कामकाज छोड़ना पड़ा। (६) दिन डूबते ही हम सैर करने निकले। (७) सर्दी लगने के कारण मुझे ज़ुकाम हो गया। (८) प्रिय महोदय, माल के आने में विलम्ब होने के लिये क्षमा कीजिये। (९) भारत के लोग कवि-सम्मेलनों को बहुत पसंद करते हैं, इन सम्मेलनों में बहुत से लोग इकट्ठे होते हैं, हर एक कवि की कविताओं पर वाद-विवाद छिड़ते हैं, कभी-कभी विवाद बहुत गर्म होते हैं। कवि-सम्मेलन कभी दो-तीन दिन तक जारी रहता है। (१०) सभा का उद्घाटन शिक्षा-मंत्री ने किया। (११) १५ अगस्त १९७७ को भारत ने स्वतंत्रता दिवस की तीसवीं वर्षगाँठ मनायी। (१२) संध्या-समारोह का कार्यक्रम बहुत दिलचस्प था। (१३) राष्ट्रपति औपचारिक यात्रा पर विदेश गये। (१४) उसने वार्षिक परीक्षा सफलतापूर्वक[4] पास की। (१५) तुमने हिसाब में ग़लती की है। (१६) सम्भव है कि वह ख़त लिखना भूल गया। (१७) आज की सभा का कौन सभापतित्व करेगा?

IV. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. Дорогой Ашок!

Посылаю тебе это письмо из Узбекистана. Сейчас я нахожусь в одном из древнейших городов Средней Азии — Самарканде, который некогда был столицей огромного государства Тимура (तैमूर). Самарканд сегодня — это большой и современный город с прямыми и широкими улицами, высокими домами и красивыми площадями. Вместе с этим Самарканд — памятник мусульманской архитектуры, которая во многом похожа на могольскую архитектуру Индии. Центральное место в архитектуре старого Самарканда занимает мавзолей самого Тимура. Трудно описать словами красоту этого величественного здания. Недалеко от «Гур Эмира» (गुर अमीर), мавзолея Тимура, находятся развалины других мавзолеев и мечетей, среди которых особенно привлекает внимание ансамбль мавзолеев (मक़बरों का समूह) «Шахи-Зинда» (शाहेज़िंदा), построенных в XIV-XV вв. Кроме мавзолеев «Шахи-Зинда» заслуживают внимания развалины огромной соборной мечети, которую по приказанию Тимура начали строить в 1399 г., после его похода на Индию. Впоследствии эта мечеть получила название «Биби-ханым» (बीबी ख़ानुम). Так звали старшую жену Тимура. На центральной площади старого города, где во времена Тимура был огромный

---

[4] सफलतापूर्वक 1. 'успешный', 'плодотворный'; 2. 'успешно', 'плодотворно'.

базар, внук (पोता) Тимура Улугбек (उलूगबेग) построил в начале XV в. большое двухэтажное медресе, которое и сейчас украшает площадь Регистан. Говорят, что в этом медресе преподавал сам Улугбек. За те два дня, что я живу здесь, я обошел весь город и осмотрел все его достопримечательности. Несмотря на то что я очень устал, сегодня я хочу пойти в музей познакомиться с историей и культурой Тимуридов (तैमूर वंश). О своих впечатлениях я сообщу тебе в следующем письме. Передай мои наилучшие пожелания всем друзьям. Жду от тебя писем на мой ташкентский адрес. Я вернусь в Ташкент в следующую пятницу.

Твой Упендранатх (उपेन्द्रनाथ)

P.S. Сообщи, пожалуйста, Нарендре, что я до сих пор не купил той книги, которую он просил. Весь тираж книги уже распродан, и теперь я жду второго издания. Предполагают, что оно выйдет к концу года.

II.

Г-ну Рампракашу,
Директору конторы,
Бангалор (बंगलौर), Индия

Уважаемый господин Рампракаш!

В ответ на Ваше любезное письмо (कृपा-पत्र) от 6.XII.1977 г. сообщаем Вам, что в настоящее время мы не можем удовлетворить Вашу просьбу прислать еще 250 тракторов, так как все тракторы уже распроданы. Мы можем принять заказ на следующий, 1978 г. и поставить Вам требуемое количество тракторов.

Будьте любезны сообщить, принимаете ли Вы наши условия и можно ли считать Ваше письмо официальным заказом.

Ваш... В/О «Трактороэкспорт»
(व/ओ "ट्रक्टारोएक्स्पोर्ट")

Москва, 27.XII.1977 г.

III.

В/О «Трактороэкспорт»
Москва.

Уважаемый господин!

Я весьма признателен Вам за Ваше любезное письмо от 27.XII. 1977 г. Очень сожалею, что не смогу получить дополнительное количество тракторов еще в этом году. Ваши тракторы пользуются большим спросом на индийском рынке.

Ссылаясь на (का हवाला देना) Ваше письмо, прошу считать

наше письмо от 6.XII.1977 г. официальным заказом на поставку (सप्लाई *ж.*) 250 тракторов по ранее установленной цене.

Прошу прощения за доставленное беспокойство.

Ваш

Рампракаш.

Бангалор, 11.I.1978.

IV. (1) Неожиданно я получил письмо от старого друга. (2) В Индии вы, вероятно, присутствовали на праздновании Дня независимости? (3) Состязания поэтов пользуются в Индии большой популярностью. (4) Верховный Совет СССР находится в Кремле. (5) Он получил приглашение принять участие в международном шахматном турнире. (6) В Москву с неофициальным визитом прибыл президент Индии. (7) Несколько лет назад в Ташкенте состоялась Конференция писателей стран Азии и Африки, которая была организована Союзом Советских писателей. На конференции председательствовали крупнейшие писатели и поэты двух континентов. (8) Каждый гражданин СССР имеет право на образование. (9) Не ошибается лишь тот, кто ничего не делает. Важно вовремя исправить допущенную ошибку. (10) Ему удалось успешно сдать экзамены. (11) Письмо моего друга прибыло с некоторым опозданием. (12) Верно говорят, что беда никогда не приходит одна. (13) Я, вероятно, простудился, у меня появился сильный насморк, и я все время кашляю.

V. ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) बीमार होने के कारण मुझे सारा ... छोड़ना पड़ा। (२) उस साल वह इतनी व्यस्त रही थी कि उसे ... मारने की फ़ुरसत न मिली। (३) भारत के दर्शन की इच्छा मेरे ... में कब से बस गयी थी। (४) मेरे पास कुछ रुपये-पैसे नहीं थे लेकिन ... हवाई अड्डे पर मुझे एक पुराना मित्र मिला जिसने टेक्सी के लिये मुझे कुछ रुपये दिये। (५) उसने इस मस्जिद के स्थापत्य के बारे में मुझे पूरी ... दी। (६) सख़्त तूफ़ान के कारण एक जहाज़ ...। (७) शहर के ... लगाते-लगाते मैं थककर चूर हो गया। (८) क्रेमलिन के लाल सितारे दूर से लोगों का ध्यान ... करते हैं। (९) उसने सभी दोस्तों को शादी के लिये ... पत्र भेज दिये हैं। (१०) आप का पत्र हमारे कार्यालय में प्राप्त हुआ जिसके लिए हम आपके ... हैं। (११) माल भेजने में ... करने के लिये कृपया क्षमा करें। (१२) स्वतंत्रता-दिवस के अवसर पर एक ... का आयोजन किया गया था। (१३) सोवियत संघ अनेक बार दूसरे राष्ट्रों के नाम शांति तथा मैत्री के ... भेजा किया। (१४) इस समारोह का सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत ... हुआ। (१५) नयी किताबों

की ... भेजने की कृपा करें। (१६) वह नया कार्यक्रम तैयार करने में ...। (१७) मस्जिद की ... का वर्णन करने के लिये मेरी क़लम में ज़ोर नहीं है। (१८) नवीन वर्ष के अवसर पर मेरी शुभ ... ! (१९) वहाँ का कार्यक्रम इतना मज़ेदार था कि चार दिन एक क्षण जैसे ... । (२०) ... लड़के के लिए हिसाब के सवाल बायें हाथ के खेल हैं। (२१) पुश्किन महान् रूसी ... थे। (२२) ज़ाकिर हुसैन भारत के तीसरे ... थे। (२३) कटे पर नमक ... बुरे लोगों की आदत है।

VI. हिन्दी में अनुवाद करके निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये।

Письмо (3), прошлый (2), земля (4), мавзолей (2), колонна (2), пригодный (2), красивый (2), ознакомление (2), новый (2), вечер (2), прощение, извинение (2); задержка (2), день (2), фестиваль (2), организация, устройство (3); официальный (2), полный, целый (2); Верховный Совет (2), неожиданно (2), успешный (2), список (2), красота (2).

VII. निम्नलिखित विशेषणों के लिए उचित संज्ञाएँ लिखिये।

निजी — ; गत — ; मुसलमान — ; समझदार — ; ख़ूबसूरत — ; नवीन — ; शुभ — ; माननीय — ; अनौपचारिक — ; औपचारिक — ; सफल — ; उपयोगी — ; वार्षिक — ; पूर्ण — ; प्रिय — ।

VIII. निम्नलिखित संज्ञाओं के लिये उचित विशेषण लिखिये।

— स्थापत्य ; — जानकारी ; — कामना ; — कार्यक्रम ; — उद्घाटन ; — संदेश ; — परिषद् ; — जुमा ; — महोदय ; — सम्पत्ति ।

IX. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का प्रयोग करके वाक्य बनाइये।

खुशियाँ ठंडी पड़ना ; दम मारना ; सैर कराना ; चक्कर लगाना ; आकर्षित करना ; जानकारी देना ; आनन्द लेना ; ख़्याल रहना ; शुभकामनाएँ करना ; क़लम में ज़ोर नहीं होना ; दिन डूबना ; आभारी होना ; मरते मरते बचना ; कटे पर नमक छिड़कना ; उद्घाटन करना ; सभापतित्व करना ; आयोजन करना ; शोभा बढ़ाना ; धन्यवाद करना ; व्यवहार करना ; आशा करना ; अवसर निकालना ; क्षमा माँगना ; प्रार्थना करना ; ख़र्च देना ; बुरा मानना ।

X. किसी दोस्त के नाम यात्रा-सम्बन्धी पत्र हिन्दी में लिखिये।

XI. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Письмо другу

Дорогой Петр!

Прости, пожалуйста, за то, что я так долго не отвечал на твое письмо. Я был серьезно болен все это время, лежал в больнице и был настолько слаб, что не мог держать (**थामना** *п.*) ручку в ру-

ке. Сейчас мне много лучше, хотя слабость после болезни еще не прошла. Я простудился в горах, когда я с товарищами поднимался на одну из высочайших вершин Советского Союза Хан-Тенгри (ख़ाँ-तेंग्री). Недалеко от вершины на нас обрушился снежный буран, и мы три дня пролежали в снегу, не имея никакой возможности выбраться из-под снега. Когда, наконец, буран утих и мы смогли спуститься с гор, все мои товарищи сильно кашляли. Я же совсем не кашлял, у меня был всего лишь небольшой насморк. Решив, что все в порядке, я отправился со следующей группой опять на Хан-Тенгри, но по дороге у меня начался сильный озноб, температура подскочила до 39°, и моим новым спутникам пришлось поместить (दाख़िल करना) меня в маленькую районную больницу. Там поставили диагноз: воспаление легких (निमोनिया *м*.). Вот с этим воспалением легких я и пролежал почти полтора месяца. По правде говоря (सच पूछो तो), я едва не умер, врачи сказали мне, что меня спасли современные лекарства и мой молодой организм. Так что не обижайся, что я тебе долго не писал, сам видишь, в какую беду я попал (मुसीबत में पड़ना). Сейчас все хорошо, я уже гуляю по больничному двору. Лечащий врач сказал, что он разрешит мне покинуть больницу примерно через неделю.

В своем письме ты спрашивал меня, как я провел лето. За исключением моей болезни, я в общем доволен летом. Сразу же после сдачи экзаменов я поехал на Кавказ в альпинистский лагерь «Алибек» (अलीबेग), где проходила ежегодная конференция альпинистов. После конференции с Кавказа мы прилетели в столицу Киргизии — город Фрунзе (फ़ुंज़े) и оттуда на машине, а потом на лошадях отправились на Тянь-Шань (त्यन-शान). Дорога на Тянь-Шань удивительно красива: то тут, то там мелькают развалины древних селений, мечетей и мавзолеев неизвестных (अनजाना) мусульманских правителей. Целую неделю мы колесили по дорогам Киргизии, пока не вышли к подножию Хан-Тенгри. Здесь мы немного отдохнули и начали восхождение. Почти до самой вершины все шло хорошо, ну а об остальном я уже написал тебе.

Пока я лежал в больнице, я получил два письма от Володи. Он отдыхал на берегу Черного моря и остался очень доволен. Я и сам уже давно хочу провести лето на берегу моря, но горы не пускают меня. На следующий год мы планировали побывать на Памире (पामीर), но теперь придется возвращаться к Хан-Тенгри, чтобы доказать (साबित करना), что человек сильнее гор.

Я рассказал тебе, как прошло мое лето. Теперь твоя очередь рассказать мне, как ты отдыхал, что видел, с кем встречался. Я буду очень рад получить твое письмо. Привет всем друзьям.

Твой Иван.

P.S. Да, совсем забыл: пиши мне, пожалуйста, на мой московский адрес. Отсюда, я надеюсь, через неделю удастся уехать, и тогда твое письмо вернется обратно.

XII. रूसी में अनुवाद कीजिये।

मास्को,
२ अगस्त १९५७

प्रिय प्रभा,

आख़िर मास्को पहुँचे। हवाई अड्डा ख़ूब सजाया गया था। मास्को विश्वविद्यालय के एक स्नातक ने हम लोगों का हिन्दी में स्वागत किया। उसने हमें ख़बर दी कि हमारे प्रतिनिधि-मंडल के ठहरने की व्यवस्था "ओस्तान्कीनो" होटल में कर दी गयी है। मोटर आने पर उस में हमारा सामान रखवाकर हमें उसमें बिठाकर युवक चला गया।

हम लोग शहर की ओर रवाना हुए। तुम जानती होगी कि मास्को देखने की इच्छा मेरे मन में न जाने कब पैदा हुई, लेकिन मैं वहाँ न जा सकी। आख़िर विश्व युवक महोत्सव का शुभ-अवसर आया और मेरी इच्छा पूरी हुई। मैं मास्को में हूँ। मैं क्रेमलिन देखूंगी!

ड्राइवर ने टूटी अँग्रेज़ी में समझाया कि "ओस्तान्कीनो" होटल शहर के दूसरे किनारे में है जिसके कारण हमें समस्त नगर से होकर जाना पड़ेगा। हम सब ने ख़ुशी से तालियाँ बजायीं।

युवक समारोह के कारण सारा नगर बड़े सुंदर ढंग से सजाया गया है। चारों ओर विभिन्न झंडे लगे हुए हैं और जगह जगह सुंदर चित्र टाँगे हुए हैं जिन में शांति, मैत्री आदि लिखा गया है। दीवारों और मकानों की खिड़कियों पर काग़ज़ के सफ़ेद कबूतर[5] लगे हैं जो शांति के प्रतीक माने जाते हैं। सड़कों पर लोगों की भीड़ की भीड़ इधर-उधर आ जा रही थी। भीड़ में विदेशियों के दल हाथ में हाथ डाले मैत्री के गीत गाते हुए साफ़ नज़र आते थे। बस में हमें बैठे हुए देखकर लोग हमारा स्वागत करते थे। अंत में हम शहर के केंद्र में पहुँचे और मैं ने दूर से क्रेमलिन की ऊँची-ऊँची मीनारों को देखा। क्रेमलिन एक पहाड़ी पर स्थित है जो मास्को नदी के बिल्कुल पास है। नज़दीक आने पर हमने एक पुल पर से गुज़रते हुए क्रेमलिन को साफ़-साफ़ देखा। इसकी शोभा का वर्णन मैं कैसे करूँ। मेरे पास इतने शब्द नहीं हैं। क्रेमलिन रूसी स्थापत्य का अद्भुत स्मारक है। ऊपरी नज़र से वहाँ पुराना

---

[5] कबूतर *м.* 'голубь'.

श्रौर आधुनिक स्थापत्य एक साथ मिलता है जिससे इसकी शोभा बढ़ जाती है। प्रभा, यह कितने खेद की बात है कि कुछ क्षण बाद क्रेमलिन आँखों से दूर हो गया।

दोपहर के बाद हम होटल पहुँचे। बड़ा अच्छा होटल, आधुनिक ढंग का। हर चार व्यक्तियों के लिये एक अलग कमरे का आयोजन हुआ। मैं बम्बई की तीन और लड़कियों के साथ चौथी मंज़िल वाले कमरे में रह रही हूँ। कमरा अच्छा और रोशन है और उस में सब ज़रूरी सामान मौजूद है।

२८ जुलाई को समारोह का उद्घाटन हुआ। इसका दृश्य वास्तव में बहुत ही सुंदर था। जब इस महोत्सव के प्रतिनिधियों ने अपनी विभिन्न पोशाकों में अपने राष्ट्रों के झंडे हाथ में लिए स्टेडियम के चारों ओर चक्कर लगाये तो एक लाख सोवियत युवक हमारा स्वागत करने लगे। ज़िन्दगी बाढ़ के समान इस स्टेडियम पर बहने लगी थी। शानदार परेड के बाद हम फ़ुटबॉल के मैदान पर आ गये। रूस के बड़े-बड़े नेताओं ने हमारा स्वागत किया और समारोह तथा हम लोगों की सफलता की शुभ-कामना की। समारोह के औपचारिक उद्घाटन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

हम यहाँ बहुत व्यस्त रहते हैं। सुबह के नौ बजे से लेकर रात के दो बजे तक हमारी तमाम कोशिशों के बावजूद हम इस समारोह के सभी कार्यक्रमों को नहीं देख सकते। देखना सम्भव भी नहीं है। रोज़ाना सैकड़ों कार्यक्रम होते हैं। नाटक, खेल-कूद की प्रतियोगिताएँ, बैले, सिनेमा, संग्रहालय, क्रेमलिन तथा अन्य ऐतिहासिक स्थान सब देखने लायक़ हैं। कभी-कभी हम यह बात तय नहीं कर पाते हैं कि किस कार्यक्रम को छोड़कर किस में जाएँ क्योंकि वे एक दूसरे से बेहतर होते हैं।

दोपहर के खाने के बाद एक प्रतिनिधि-मण्डल दूसरे प्रतिनिधि-मंडल को बुलाया करता है, जिस से विचारों का लाभदायक आदान-प्रदान होता है। परसों सोवियत संघ ने सभी एशियाई देशों को अपने यहाँ बुलाया। कल हम अरब देशों के युवकों को बुलाएँगे।

संध्या-समय हम कभी-कभी सड़कों पर घूमने जाते हैं। घूमते वक़्त अनेक लोगों से भेंट होती है, दिलचस्प बातचीत छिड़ती है। मैं इन्हीं सैरों का बड़ा आनन्द लेती हूँ। यहाँ मेरा जीवन मज़े से कट रहा है।

आज रात को एक बड़ा कार्यक्रम होनेवाला है। वह कैसा निकलेगा मैं बाद में लिखूँगी।

जवाब ज़रूर लिखना। पूरा पता लिफ़ाफ़े पर है।

आशा है तुम्हारे घरवाले सकुशल हैं। मास्को से उन्हें मेरा नमस्ते कहना।

तुम्हारी
शान्ता

चुटकुले

१) छठे बच्चे के जन्म का समाचार पाकर बच्चे के पिता के एक मित्र ने भेंट के रूप में एक पालना[6] भेजा। मित्र को धन्यवाद का पत्र भेजते हुए पिता ने

[6] पालना *м.* 'люлька'.

लिखा, "भाई, मैं तुम्हारे पालने को भगवान् की भेंट मानता हूँ। अब मैं अपने लिखने-पढ़ने का सारा काम इसी में ही बैठकर करता हूँ ताकि बच्चे मेरे पास न आ सकें।"

२) ऐसी बहुत सी चीज़ें हैं जो पैसे से भी ज़रूरी हैं, पर मुश्किल यह है कि हम उन्हें ख़रीद नहीं पाते, क्योंकि उनके लिये पैसा नहीं होता।

३) मैनेजर, चपरासी से—"सो तुम अब वापस आये हो। एक चिट्ठी डालने में तुम्हें तीन घंटे लगते हैं?"

चपरासी—"साहब, चिट्ठी एक नहीं तीन थीं।"

४) मिलनेवाला—"साहब भीतर हैं?"

चपरासी—"आप कौन हैं—उनके दोस्त, पैसे लेनेवाले या विक्रेता?"

मिलनेवाला—"एक तरह से तीनों ही समझ लो।"

चपरासी—"तब साहब हैं, आप भीतर जाकर मिल सकते हैं; साहब बाहर गये हैं; साहब व्यापारिक सभा में हैं।

УРОК IX

ГРАММАТИКА

Страдательные причастия (§ *33*)
Сложная несовершенная форма сослагательного наклонения (§ *34*)
Сложная совершенная форма сослагательного наклонения (§ *35*)
Обобщенно-личные предложения (§ *36*)

पाठ

अंतरिक्ष-युग के पहले दिन

पृथ्वी की सीमाओं को लाँघकर **अंतरिक्ष-यात्रा** करने और तारों के पास पहुँचने की इच्छा मनुष्य के मन में हज़ारों वर्षों से बनी ही रही। परंतु विज्ञान की काफ़ी प्रगति होने पर ही यह इच्छा पूरी होने लगी।

पिछली सदी में, सन् १८८१ में रूसी वैज्ञानिक और क्रांतिकारी निकोलाई किबाल्चिच ने **राकेट-चालित यान** की अपनी डिज़ाइन पहले ज़ारशाही जेल के तहख़ाने की मिट्टी की दीवारों पर और बाद में काग़ज़ पर बनायी थी। इसके कुछ दिन बाद उन्हें **फाँसी दे दी गयी**। ज़ार की सरकार ने किबाल्चिच के लिखे काग़ज़ वैज्ञानिकों के **हाथ नहीं लगने** दिये।

किबाल्चिच की मृत्यु के थोड़े ही समय बाद दूसरे रूसी वैज्ञानिक महान् कोन्स्तन्तीन त्सिओल्कोव्स्की भी **इस विचार पर पहुँचे कि** हवाई जहाज़ राकेटों द्वारा चलाये जा सकेंगे। जल्दी ही वे **अंतरिक्ष उड़ान** की समस्या में रुचि लेने लगे। उन्हों ने बहुखंडीय राकेट का सिद्धांत पेश किया और कहा कि मानव बहुखंडीय राकेटों द्वारा अन्य ग्रहों की भी यात्रा कर सकता है। बाद में वैज्ञानिकों ने यह माना कि अंतरिक्ष में दूर तक राकेट भेजने के लिए यही सिद्धांत सब से उपयोगी है। त्सिओल्कोव्स्की बहुखंडीय राकेट को "अंतरिक्ष राकेट रेलगाड़ी" कहा करते थे। फिर उन्हों ने अंतर्ग्रहीय यान की पहली डिज़ाइन भी तैयार की। इस तरह बीसवीं सदी के मोड़ पर कोन्स्तन्तीन त्सिओल्कोव्स्की ने राकेटों के सहारे अंतर्ग्रहीय उड़ानों के लिए वैज्ञानिक आधार बना रखा था। पर ज़ारशाही रूस में ऐसे अनुसंधानों में **शायद ही** किसी को दिलचस्पी थी। महान् अक्तूबर क्रांति के बाद ही स्थिति एकदम बदली। सोवियत सरकार की तरफ़ से इन महान् पुरुष को सहायता मिली और उनका सारा काम वैज्ञानिक संसार के सामने आया।

सन् १६२४ में ही जब सोवियत संघ भारी आर्थिक कठिनाइयों से गुज़र रहा था सोवियत नागरिकों के एक दल ने अंतर्ग्रहीय यात्राओं के संबंध में अध्ययन करने के लिए एक संस्था की स्थापना की। संस्था की परिषद् में कोन्स्तन्तीन त्सिओल्कोव्स्की, फ़्रीद्रिख़ त्सान्देर और अन्य मशहूर विशेषज्ञों के अलावा सोवियत सरकार के सदस्य फ़ेलिक्स द्ज़ेर्जीन्स्की भी थे। १६२७ में मास्को में अंतरिक्ष-नाविकी की पहली विश्व प्रदर्शनी खुली। फ़्रीद्रिख़ त्सान्देर के नेतृत्व में इंजीनियरों का एक विशेष दल राकेटों के निर्माण में लगा हुआ था। इस तरह राकेट से संबंधित समस्याओं पर सोवियत अनुसंधान शीघ्र ही विकसित हो रहा था और १६३३ में पहला तरल ईंधनवाला राकेट १० किलोमीटर की ऊँचाई तक पहुँचा। फिर जेट हवाई जहाज़ बना और १५ मई १६४२ को परीक्षण-विमान-चालक ग्रिगोरी बाग़चीवानजी राकेट-चालित विमान पर पहली बार वायु-मंडल में ऊपर उड़ा।

१६४६ के आरंभ से राकेट सोवियत संघ में उच्चतर वायुमंडल के अध्ययन का एक प्रधान साधन बन गये। इस तरह सोवियत संघ कार्यक्रम के अनुसार अंतरिक्ष में अपना मार्ग प्रशस्त करता जा रहा था और इस मार्ग पर विजय पर विजय पाने लगा।

अंतरिक्ष-उड़ानों के युग का श्रीगणेश ४ अक्तूबर १६५७ के दिन प्रथम "स्पुतनिक" अर्थात् सोवियत कृत्रिम भू-उपग्रह ने किया। सोवियत जनता की प्रतिभा का फल पहला कृत्रिम भू-उपग्रह एक शक्तिशाली राकेट की सहायता से अंतरिक्ष में छोड़ा गया था और लगभग नौ सौ किलोमीटर ऊपर ले जाकर पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया था। उसमें रेडियो ट्रान्समीटर लगे थे जिन से सारी दुनिया "बीप-बीप" की आवाज़ सुन सकी। यह दिन मानव-जाति के लिए सदा अमर रहेगा। आज कितने ही स्पुतनिक पृथ्वी का चक्कर लगा रहे हैं और उनके सहारे बहुत से महत्त्वपूर्ण अनुसंधान हुए हैं और हो रहे हैं, लेकिन जो प्रथम था वह हमेशा प्रथम ही रहेगा।

इसके बाद एक महीना भी नहीं हो पाया था कि ३ नवंबर १६५७ को ५०८.३ किलोग्राम वज़नवाले द्वितीय स्पुतनिक ने अंतरिक्ष में उड़ान भरी। उस भू-उपग्राह पर लाइका कुत्ती सवार थी। यही अंतरिक्ष की यात्रा करनेवाली पहली प्राणी थी। इस तरह उन अंतरिक्ष-यानों की बारी आयी जिनमें कुत्तों और बंदरों जैसे विभिन्न प्राणियों को बिठाकर ब्राह्माण्ड की यात्रा पर भेजा जा सकता था।

पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण की शक्ति के प्रभाव-क्षेत्र के बाहर जा सकनेवाले राकेट का निर्माण बहुत से वैज्ञानिकों के वर्षों के श्रम का फल है। लेकिन केवल २ जनवरी १६५६ को अंतरिक्ष की गहराई में चन्द्रमा की ओर प्रथम ऐसा राकेट छोड़ा गया। वह भू-गुरुत्वाकर्षण-शक्ति पर क़ाबू पाकर डेढ़ दिन बाद चन्द्रमा की सतह से ५,००० किलोमीटर के फ़ासले से उत्तर की ओर गुज़रा। फिर वह आदमी के हाथों तैयार किया गया प्रथम सौरग्रह बन गया।

सितंबर १६५६ में द्वितीय सोवियत अंतरिक्ष-राकेट चन्द्रमा की ऐन सतह पर उतरा और वहाँ अपनी एक निशानी और एक झंडा पहुँचाया।

आख़िर उसी वर्ष की चार अक्तूबर को १,५५३ किलोग्राम वज़नवाली प्रयोगशाला ने चन्द्रमा की परिक्रमा की तथा धरती पर से न दिखाई देनेवाले उसके भाग के फ़ोटो खींचे। धरती को ये फ़ोटो टेलीविजन की सहायता से भेजे गये।

१६ अगस्त १६६० को ४।। टन का द्वितीय भारी अंतरिक्ष-यान "स्पुतनिक" बेल्का और स्त्रेल्का नामक कुत्तों को भू-उपग्रह की कक्षा पर ले गया तथा पृथ्वी की अठारह परिक्रमाएँ करके निर्धारित स्थान पर सकुशल लौट आया। यह प्रथम अवसर था जबकि अंतरिक्ष में ७,००,००० किलोमीटर की यात्रा करने के बाद प्राणियों को **सही-सलामत** पृथ्वी पर उतार लिया गया। इस प्रयोग के कारण अंतरिक्ष-उड़ान-संबंधी अवस्थाओं में प्राणियों के शरीर की दशा के बारे में महत्त्वपूण जानकारी प्राप्त हुई।

१२ फ़रवरी १६६१ को सौर-मंडल के अन्य ग्रहों तक राकेट और उपग्रह भेजने के कार्यक्रम के अनुसार एक भारी कृत्रिम भू-उपग्रह से अंतरिक्ष-यान छूटा। उसने पृथ्वी के सब से निकटतम पड़ोसी शुक्रग्रह की ओर लगभग ६५० किलोग्राम वज़नवाला अंतर्ग्रहीय स्टेशन रवाना किया।

इस तरह पहली अंतरिक्ष-उड़ान के बाद साढ़े तीन वर्ष बीते। इस अरसे में कितने ही स्पुतनिक और कृत्रिम ग्रह छोड़े गये! सोवियत राकेटों द्वारा भेजे गये चन्द्रमा के चित्र प्रकाशित हुए। पर लोग इन सब से बड़ी एक घटना की प्रतीक्षा में थे। और वह घटना थी मनुष्य की अंतरिक्ष-यात्रा।

१२ अप्रैल १६६१ को वह महान् दिवस आया जब सोवियत संघ के मेजर यूरी गगारिन ने अपनी प्रथम अंतरिक्ष-यात्रा द्वारा मानव-जाति की हज़ारों साल पुरानी इच्छा पूरी कर दी। उनको ४।। टन के "वोस्तोक" नामक एक अंतरिक्ष-जहाज़ में कामयाबी से पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया। १०८ मिनट में उन्होंने पृथ्वी का एक चक्कर लगाया और निर्धारित क्षेत्र में सकुशल भूमि पर उतर गये।

संसार ने गगारिन की अंतरिक्ष-उड़ान की ख़बर सुनकर सोवियत संघ की वैज्ञानिक और तकनीकी सफलताओं पर दाँतों तले उँगली दबायी। यूरी गगारिन की उड़ान स्तव में प्रकृति पर मानव की एक महान् विजय थी जिसने अंतरिक्ष में मनुष्य के लिए सीधा रास्ता खोला।

पहली अंतरिक्ष-उड़ान केवल ऐसा व्यक्ति भर सकता था जो उसे सौंपे गये काम की बड़ी ज़िम्मेदारी को समझता हो और जो यह असाधारण कार्य पूरा करने के लिए हर संभव कोशिश करने, अपनी सारी जानकारी लगाने और शायद प्राण देने को चाव से सहमत हुआ हो। ऐसे ही व्यक्ति थे यूरी गगारिन जिनका नाम अब दुनिया के इतिहास में सदा के लिए अमर रहेगा।

अंतरिक्ष-जहाज़ "वोस्तोक" में यूरी गगारिन द्वारा की गयी दुनिया की पहली अंतरिक्ष-उड़ान के फलस्वरूप यह महत्त्वपूर्ण वैज्ञानिक नतीजा निकला है कि मनुष्य की अंतरिक्ष-उड़ान संभव है।

मानव की प्रथम सफल अंतरिक्ष-उड़ान संपन्न हुए चार महीने का भी समय नहीं बीता कि ६ अगस्त १६६१ को दूसरी बार संसार भर के लोगों की दृष्टि अंतरिक्ष पर केंद्रित हुई जिस में घेर्मन तितोव का अंतरिक्ष-यान "वोस्तोक – २" सही-सही अपनी कक्षा में पहुँचा और धरती की एक के बाद दूसरी परिक्रमा करने लगा। हर एक को याद है कि यूरी गगारिन के यान ने केवल एक ही चक्कर काटा और केवल ४०,००० किलोमीटर की उड़ान की थी। पर "वोस्तोक – २" ने पृथ्वी की १७ बार परिक्रमा की तथा ७,००,००० किलोमीटर का फ़ासला तय किया। यह दूरी चन्द्रमा तक पहुँचने और वहाँ से वापस आने के बराबर है। ७ अगस्त की

सुबह को ६ बजे उड़ान की आख़िरी मंज़िल शुरू हुई। १७ वाँ चक्कर पूरा हो गया तथा **अंतरिक्ष-यात्री** नीचे भूमि पर सकुशल उतरा। इस उड़ान से साफ़ हो गया कि आदमी देर तक अंतरिक्ष में काम कर सकता है।

गगारिन और तितोव के बाद दूसरे अंतरिक्ष यात्रियों की बारी आयी। उनके नाम सारी दुनिया जानती है। उन में सब से पहला नाम है वलेन्तीना तेरेश्कोवा का, जो प्रथम स्त्री-अंतरिक्ष-यात्री बन गईं।

फिर नये राकेट की सहायता से **कई सीटोंवाले** अधिक भारी **यान** में तीन अंतरिक्ष-यात्रियों का दल सितारों की ओर पहली बार भेजा गया। उसके बाद अलेक्सेई लेग्रोनोव की बारी आयी जिन्हों ने अपने यान से बाहर आकर अंतरिक्ष में पहली **पद-यात्रा** की।

३ फ़रवरी, १६६६ के दिन सोवियत अंतर्ग्रहीय स्टेशन चन्द्रमा की सतह पर कोमलता से उतरा। "लुना-६" स्टेशन के आस-पास का पहाड़ी इलाक़ा ज़मीन पर भेजे गये चित्रों में साफ़ दिखाई देता था। इस तरह इतिहास में पहली बार पृथ्वी के प्राकृतिक उपग्रह चन्द्रमा पर पहुँचने का काम सफलता से पूरा किया गया। इस सफलता से चन्द्रमा की सतह का अध्ययन करना संभव हो गया तथा ग्रहों तक पहुँचने के लिए मार्ग प्रशस्त हो गया। सोवियत विज्ञान अंतरिक्ष ही से अंतरिक्ष का प्रत्यक्ष अध्ययन शुरू कर चुका है।

अमरीकी वैज्ञानिकों ने भी अंतरिक्ष में अपना अनुसंधान-कार्य आरंभ किया। अमरीका के **अंतरिक्ष-अड्डों** पर से भी कृत्रिम भू-उपग्रह और अंतरिक्ष-जहाज़ काफ़ी बड़ी संख्या में छोड़े गये। अमरीकी अंतरिक्ष-यात्री भी अंतरिक्ष-यान से बाहर निकले और काफ़ी देर तक खुले अंतरिक्ष में यात्रा करते रहे।

लेकिन अंतरिक्ष पर विजय पाना कोई आसान काम नहीं है। यह काम पूरा करते वक़्त क़ुरबानियाँ भी हो सकती हैं। १६६७ के जनवरी महीने में तीन अमरीकी अंतरिक्ष-यात्री वर्जिल ग्रिसम, एडवर्ड ह्वाइट और रोजर चाफ़ी ज़मीन पर ही परीक्षण का काम कर रहे थे जब उनके यान के बंद कक्ष में आग लगी जिस के कारण वे मर गये। उसी वर्ष के अप्रैल महीने में एक और बड़ी भारी दुर्घटना हुई। विश्व-ख्याति-प्राप्त सोवियत **अंतरिक्ष-यान-चालक** व्लादीमिर कोमारोव की मृत्यु नये ढंग के अंतरिक्ष-जहाज़ "सोयूज़-१" में अंतरिक्ष में पहली परीक्षण-उड़ान करते समय हुई।

परंतु सब मुश्किलें तथा अस्थायी असफलताएँ होने पर भी १६५७ में शुरू हुआ अंतरिक्ष-युग प्रगति करता जा रहा है। इस बात के कई शानदार प्रमाण हैं।

२० जुलाई १६६६ को दो साहसी मानव-पुत्र अमरीकी अंतरिक्ष-यात्री नील आर्मस्ट्रांग व एडविन एल्ड्रिन अंतरिक्ष-यान अपोलो-११ से अपना चन्द्र-मोड्यूल अलग करके पृथ्वी के निकटतम पड़ोसी चंद्रमा की सतह पर सही-सलामत उतरे। **मानव-समाज** के इतिहास में पहली बार मानव ने अन्य ग्रह के धरातल पर अपना **पैर रखा** और उसी प्रथम मानव नील आर्मस्ट्रांग ने बिलकुल ठीक कहा कि मनुष्य के लिए यह एक छोटा सा क़दम है लेकिन मानव-जाति के लिए महान् प्रगति का द्योतक है। ब्रह्मांड की खोज की दिशा में यह एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण घटना थी।

इस तरह मानव अपने सुन्दर हरे-भरे ग्रह, अपने जन्म के घर की ड्योढ़ी को लाँघ चुका है, अंतरिक्ष का द्वार खोल चुका है और सारी मानवजाति के हितों का **ध्यान रखते हुए** पृथ्वी के चारों ओर के क्षेत्र पर व **बाह्य अंतरिक्ष** पर भी विजय

पाने के लिये चल पड़ा है। मानव-बुद्धि तथा साहस की कोई सीमा नहीं है। अब चंद्र ही नहीं, मंगल, शुक्र आदि ग्रह भी पृथ्वी-पुत्रों को आगमन के लिए आमंत्रित करते दिखाई देते हैं।

शुभ यात्रा! अंतरिक्ष के भावी विजेताओ, शुभ यात्रा!

नये शब्द

अंतर्ग्रहीय **антаргрahйя** межпланетный

अपोलो **аполо** *м. собств. миф.* Аполлон

अमर **амар** бессмертный, вечный

अमरीकी **амрӣкӣ** **1.** американский; **2.** *м.* американец

आग **āг** **1.** горящий; горячий; **2.** *ж.* 1) огонь; 2) жар; жара; 3) пожар

आगमन **āгаман** *м.* 1) прибытие, приход; 2) наступление (*времени*)

आमंत्रित **āмачтрит** 1) позванный, призванный; 2) приглашенный; ~ **करना** а) звать, призывать (को *кого-л.*; के लिये *к чему-л.*); б) приглашать (को *кого-л.*)

आस-पास **āс-пāс** *парн. сочет.* **1.** около, рядом; вокруг, кругом; **2.** : के ~ *послелог* около, рядом; вокруг, кругом

ईंधन **йд^{h}ан** *м.* дрова; топливо, горючее

उँगली **ӯглӣ** *ж.* палец

उड़ान **урāн** *ж.* 1) полет; перелет; 2) рейс

उपग्रह **упаграh** *м. астр.* спутник

एकदम **экдам** 1) в один миг; 2) тотчас; сразу же; 3) одновременно, сразу

ऐन **айн** точный, правильный

कक्ष **какша** *м.* 1) кабина; 2) орбита

कि **ки** 1) в тот момент, как; как вдруг; 2) или

कुत्ता **куттā** *м.* 1) собака, пес; 2) кобель

कुत्ती **куттӣ** *ж.* 1) собака; 2) сука

क़ुरबानी **ӄурбāнӣ** *ж.* жертва; жертвоприношение

कोमलता **комалтā** *ж.* нежность, мягкость

खींचना **к^{h}йчнā** *п.* 1) тащить, тянуть; 2) притягивать, привлекать; 3) чертить; 4) рисовать; 5) фотографировать

खोज **к^{h}одж** *ж.* 1) поиски, розыски; 2) исследование, изыскание; 3) след, знак

गहराई **гаhрāӣ** *ж.* 1) глубина; 2) серьезность

गुरुत्वाकर्षण **гурутвāкаршан** *м. физ.* сила тяжести; [земное] притяжение, гравитация

ग्रह **граh** *м.* планета

चंद्र **чандра** *м.* луна, месяц

चंद्रमा **чандрамā** *м.* луна, месяц

चालक **чāлак** *м.* 1) шофер; водитель; 2) пилот

चालित **чāлит** приведенный в движение

जबकि **джабки** в то время как, тогда как, между тем как

ज़िम्मेदारी **зиммэдāрӣ** *ж.* 1) ответственность; 2) обязанность, обязательство

जेट **джэṫ** реактивный

जेल **джэл** *м.* тюрьма

टन **тан** *м.* тонна

ट्रांसमीटर **трāнсмӣṫар** *м.* [радио]передатчик

डिज़ाइन **ḋизāин** *ж.* 1) узор, рисунок (*на ткани*); 2) проект; чертеж; конструкция

तकनीकी **такнӣкӣ** технический

तरल **тарал** жидкий, текучий

तले **талэ** (*тж.* के ~) *послелог* внизу, под

तारा **тāрā** *м.* звезда

दबाना **дабāнā** *п.* 1) раздавливать; надавливать; нажимать; зажимать; 2) угнетать

दिशा **дишā** *ж.* 1) сторона, направление; 2) часть света

दुर्घटना **дургʰат̣нā** *ж.* 1) несчастный случай; катастрофа; 2) несчастье, беда; 3) инцидент; происшествие

द्योतक **дйотак 1.** 1) освещающий; 2) объясняющий, иллюстрирующий; **2.** *м.* показатель; признак, симптом

नाविकी **нāвикӣ** *ж.* навигация

निर्धारित **нирдʰāрит** установленный; определенный; назначенный; ~ होना быть установленным, определенным, назначенным; ~ करना устанавливать; определять; назначать

निशानी **нишāнӣ** *ж.* метка; знак; эмблема, *зд.* вымпел

पद **пад** *м.* 1) след (*ноги*); 2) шаг; 3) звание, ранг; 4) пост, должность

परिक्रमा **парикрамā** *ж.* движение вокруг (की *чего-л.*); оборот; виток (*космического корабля*)

परीक्षण **парӣкшан** *м.* испытание; опыт; исследование

पुत्र **путра** *м.* сын

पृथ्वी **притʰвӣ** *ж.* Земля (*планета*), земной шар

पेश **пэш** представленный; ~ करना представлять; выдвигать; предлагать

पैर **пайр** *м.* нога

प्रकाशित **пракāшит** 1) освещенный; 2) изданный, опубликованный; ~ होना быть изданным, опубликованным; ~ करना издавать, опубликовывать

प्रकृति **пракрити** *ж.* 1) природа; 2) характер, нрав

प्रतिभा **пратибʰā** *ж.* 1) ум, разум; 2) талант, одаренность; гений

प्रत्यक्ष **пратйакша** явный, заметный, видимый; очевидный; открытый; прямой, непосредственный

प्रथम **пратʰам 1.** 1) первый; 2) главный, важнейший; **2.** сперва, сначала

प्रदर्शनी **прадаршанӣ** *ж.* выставка

प्रमाण **прамāн** *м.* 1) доказательство; 2) свидетельство, показание

प्रशस्त **прашаста** 1) прекрасный, превосходный, отличный; 2) широкий; ~ होना (हो जाना) быть расчищенным, открываться (*о пути*); ~ करना расчищать, открывать, прокладывать (*путь, дорогу*)

प्राण **прāн** *м.* 1) воздух; 2) дыхание; 3) жизнь

प्राणी **прāнӣ** *м.* живое существо; животное; человек

फाँसी **пʰā̃сӣ** *ж.* 1) петля; 2) виселица; 3) повешение

बहुखंडीय **баhукʰанд̣ӣйа** многоступенчатый

बारी **бāрӣ** *ж.* 1) очередь; ~-~ से поочередно; 2) смена (*рабочих*)

बीतना **бӣтнā** *нп.* проходить, протекать, миновать, истекать (*о времени*)

बुद्धि **буддʰи** *ж.* ум, разум

ब्रह्माण्ड **браhмāнд̣** *м.* Вселенная; космос; космическое пространство

भावी **бʰāвӣ** будущий, предстоящий; грядущий

मंगल **мангал 1.** 1) счастливый; 2) процветающий; **2.** *м.* 1) счастье; бла-

гополучие; благо; 2) процветание; 3) Марс (*планета*); 4) вторник

मंज़िल манзил *ж.* 1) остановка; станция; 2) прогон; расстояние; переход; 3) стадия, ступень; 4) этап; 5) этаж; 6) цель

मनुष्य манушйа *м.* человек

मानना мāннā *п.* 1) признавать; 2) соглашаться; принимать (*условие*); 3) слушаться; соблюдать; 4) уважать, ценить; 5) верить

मानव мāнав *м.* человек

मृत्यु мритйу *ж.* смерть

मेजर мэджар *м.* майор

मोड़ мор̣ *м.* поворот; *перен.* поворотный пункт; рубеж

मोड्यूल модйӯл *м.* модуль

यान йāн *м.* средство передвижения; экипаж; корабль, судно; летательный аппарат, самолет

युग йуг *м.* век; эра; эпоха, период

राकेट рāкэт̣ *м.* ракета

व ва и

वज़न вазан *м.* 1) вес, тяжесть; 2) взвешивание; 3) тоннаж, водоизмещение

वायु вāйу *м.*, *ж.* 1) воздух; 2) ветер; 3) газ

विजेता виджэтā *м. неизм.* 1) победитель; 2) завоеватель

विमान вимāн *м.* самолет

शक्तिशाली шактишāлӣ сильный, мощный, могучий

शुक्र[ग्रह] шукра[грah] *м.* Венера (*планета*)

श्रम шрам *м.* труд, работа

श्रीगणेश шрӣганэш *м.* начало

संपन्न сампанна 1) совершенный, выполненный; осуществленный; 2) богатый (से *чем-л.*); 3) наделенный (से *чем-л.*); ~ होना а) быть совершенным, выполненным, осуществленным; б) быть богатым, наделенным (से *чем-л.*); ~ करना совершать, выполнять, осуществлять

समस्या самасйā *ж.* вопрос; проблема

सलामत салāмат 1. благополучный, невредимый; **2.** благополучно

सहमत саhмат согласный; единодушный; ~ होना соглашаться (से *с кем-л.*, *чем-л.*; में *в чем-л.*; को, पर, के लिये *делать что-л.*)

सही саhӣ 1. 1) верный, правильный; 2) действительный; точный; **2.** 1) верно, правильно; 2) действительно; точно

साहस сāhас *м.* смелость, мужество, отвага

साहसी сāhасӣ 1. мужественный, смелый, отважный; **2.** *м.* смельчак

सिद्धांत сиддʰāнт *м.* 1) принцип; 2) теория, учение; доктрина

सौंपना саӯпнā *п.* вверять; вручать; поручать; передавать (को *кому-л.*)

सौर- саур- солнечный; *например*: सौर-ग्रह *м.* спутник Солнца, планета Солнечной системы; सौर-मंडल Солнечная система

हाथ hāтʰ *м.*: के ~ (हाथों) *послелог* посредством, при помощи

व्याकरण तथा शब्दावली संबंधी टिप्पणियाँ

1 अंतरिक्ष-यात्रा 'полет в космос', 'космический полет'; अंतरिक्ष-यात्रा करना 'совершать полет в космос', 'совершать космический полет'.

2. राकेट चालित यान 'корабль с ракетным или реактивным двигателем', 'корабль-ракета'.

3. फाँसी देना 'вешать' (को *кого-л.*).

4. हाथ लगना 'доставаться', 'попадать в руки' (के *кому-л.*).

5. इस विचार पर पहुँचना कि... 'приходить к мысли о том, что...'.

6. अंतरिक्ष-उड़ान 'космический полет', 'полет в космос'.

7. शायद ही 'вряд ли'.

8. कठिनाइयों से गुज़रना 'проходить через трудности', 'испытывать трудности'.

9. अंतरिक्ष-नाविकी 'космическая навигация', 'космонавтика'.

10. विश्व-प्रदर्शनी 'международная выставка', 'всемирная выставка'.

11. तरल ईंधनवाला राकेट 'ракета на жидком топливе'.

12. परीक्षण[-विमान]-चालक 'летчик-испытатель'.

13. परीक्षण करना 'испытывать', 'исследовать' (का *кого-л.*, *что-л.*), 'проводить испытания' (का *чего-л.*, पर *на ком-л.*, *чем-л.*).

14. राकेट चालित विमान 'самолет с ракетным или реактивным двигателем', 'самолет-ракета'.

15. वायु-मंडल 1) 'небо'; 2) 'атмосфера', 'воздух'.

16. Послелог पर, стоящий в позиции между двумя одинаковыми существительными, указывает на отношения последовательности, перечисления, соответствуя по значению русскому предлогу *за*, например: विजय पर विजय 'победа за победой', क़दम पर क़दम 'шаг за шагом', मंज़िल पर मंज़िल 'этап за этапом'.

17. श्रीगणेश करना 'успешно начинать' (का *что-л.*).

18. भू-उपग्रह 'спутник Земли'; भू-उपग्रह छोड़ना 'запускать спутник Земли'.

19. कक्षा में (पर) स्थापित करना (पहुँचाना, ले जाना) 'выводить на орбиту' (की *вокруг чего-л.*).

20. रेडियो-ट्रान्समीटर 'радиопередатчик'.

21. मानव-जाति 'человечество'.

22. उड़ान करना (भरना) 'совершать полет'.

23. В хинди практически любое существительное мужского рода при соотнесении его в определенном контексте с существительным женского рода принимает женский род. Например, существительное мужского рода प्राणी 'живое существо', 'животное', 'человек' в тексте данного урока соотносится с существительным женского рода कुत्ती 'сука'. Поэтому оно выступает как существительное женского рода. В примере भारत सरकार की यह घोषणा इस बात की प्रमाण है कि... 'Это заявление индийского правительства является доказательством того, что...' существительное мужского рода प्रमाण принимает женский род слова घोषणा.

24. [भू-]गुरुत्वाकर्षण-शक्ति 'сила [земного] притяжения'.

25. Деепричастие III может распространяться зависимыми от него и пояс-

няющими его словами (дополнениями и обстоятельствами). Словесные группы, возглавляемые деепричастием III, образуют деепричастные обороты, которые, являясь обстоятельствами, обычно указывают на условия, сопровождающие действие, обозначенное глаголом-сказуемым: время, причину, уступку и т. п. Например: शाम को ब्यालू करके वह अगले दिन के पाठों की तैयारी करने लगा 'Вечером, поужинав, он стал готовить уроки на следующий день'; देर से स्टेशन पर पहुँचकर हम गाड़ी में नहीं बैठ पाये 'Мы не смогли сесть в поезд, так как прибыли (*букв.* прибыв) на станцию с опозданием'; वक़्त पर आकर भी मैं उस से न मिला 'Несмотря на то что [я] пришел вовремя (*букв.* даже придя вовремя), я с ним не встретился'. В хинди субъект деепричастия в обороте может не совпадать с подлежащим предложения. Такой оборот является абсолютным, например: क्रेमलिन के गिरजाघरों की दीवारों पर बने चित्र देखकर आज भी पुरानी रूसी कला के लिये श्रद्धा से सिर झुक जाता है 'Глядя на стенные росписи кремлевских храмов, и сегодня с уважением склоняешь голову перед древним русским искусством'.

26. परिक्रमा करना 'совершать оборот', 'вращаться' (की *вокруг чего-л.*).

27. फ़ोटो खींचना 'фотографировать' (का *кого-л., что-л.*); फ़ोटो खिंचवाना 'фотографироваться'.

28. सही सलामत 1. 'здоровый и невредимый'; 2. 'благополучно'.

29. प्रतीक्षा में होना 'быть в ожидании', 'ожидать' (की *кого-л., что-л.*).

30. दाँतों तले उँगली दबाना (काटना) 'поражаться', 'изумляться' (पर *чему-л.*).

31. प्राण देना 'жертвовать жизнью', 'отдавать жизнь' (के लिए *ради кого-л., чего-л.*).

32. सही-सही '[очень] точно'.

33. कक्षा में पहुँचना 'выходить на орбиту' (की *вокруг чего-л.*).

34. फ़ासला तय करना 'проходить расстояние'.

35. अंतरिक्ष-यात्री 'космонавт'.

36. कई सीटोंवाला यान 'многоместный корабль'.

37. पद-यात्रा 'путешествие', 'прогулка пешком', 'пеший переход'.

38. अंतरिक्ष-अड्डा (अंतरिक्ष-केंद्र) 'космодром', 'центр по исследованию космического пространства'.

39. आग लगना 'загораться' (में *о чем-л.*).

40. अंतरिक्ष-यान-चालक 'пилот космического корабля'.

41. मानव-समाज 'человеческое общество', 'человечество'.

42. पैर (पाँव) रखना 'входить', 'вступать' (में *куда-л.*); 'ступать' (पर *на что-л*).

43. ध्यान रखते हुए 'имея в виду', 'исходя из', 'учитывая' (का *что-л.*); ध्यान में रखना 'помнить', 'учитывать', 'иметь в виду' (को *что-л.*).

44. बाह्य-अंतरिक्ष, बाह्य-ब्रह्माण्ड 'открытый космос'.

व्याकरण के अभ्यास

I. रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) मुसलमान बादशाहों द्वारा बनवाये गये महलों के खंडहर आज भी दिल्ली के नज़दीक देखे जा सकते हैं। (२) उस द्वारा दी गयी सलाह ठीक रही। (३) सांस्कृतिक आदान-प्रदान की योजना के अनुसार सोवियत संघ में भेजे जानेवाले सब भारतीय विद्यार्थियों को वज़ीफ़ा मिलता है। (४) वह डाकिया द्वारा पहुँचाये गये समाचारपत्र पढ़ने लगा। (५) इस विषय पर प्राप्त की गयी जानकारी बहुत क़ीमती निकली। (६) उन की तरफ़ से उठाये गये क़दम बहुत सफल रहे। (७) मुझे इस तरह कहे जाते शब्दों में विश्वास नहीं है। (८) ये बनाई जा रही इमारतें आधुनिक ढंग की होंगी। (९) दिल्ली में बुलाये गये सम्मेलन का काम ख़तम हो गया है। (१०) हमें विश्वास है कि इस संस्था द्वारा चलाये गये सब कार्यक्रम पूरे किये जाएँगे। (११) यहाँ पढ़ायी जानेवाली विदेशी भाषाएँ काफ़ी मुश्किल हैं। (१२) सुबह को ख़रीदे गये पत्र मेज़ पर पड़े हुए हैं। (१३) नीचे दी जा रही तालिका[1] से दूध के उत्पादन की स्थिति साफ़ हो जाएगी। (१४) पशु-पालन[2] को भी प्रोत्साहन[3] दिये जाने के लिये क़दम उठाये जाने वाले हैं। (१५) योजना की सफलताएँ मामूली कहे जा सकनेवाले स्तरों से काफ़ी ऊँची हैं।

II. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. (1) а) Преподаватель проверил сочинения, которые мы написали. б) Преподаватель проверил написанные нами сочинения. (2) а) В журналах, которые мы получили вчера, было много интересных рассказов. б) В полученных нами вчера журналах было много интересных рассказов. (3) а) Мы прочитали все книги, которые мы взяли в библиотеке. б) Мы прочитали все взятые в библиотеке книги. (4) а) Сестра заплатила пять рупий за купленные ею билеты. б) Сестра заплатила за билеты, которые она купила, пять рупий. (5) а) Спортивные состязания, которые мы смотрели, прошли весьма успешно. б) Спортивные состязания, увиденные нами, прошли весьма успешно.

II. (1) В прочитанном нами рассказе на хинди не было незнакомых слов. (2) В переводимых мною статьях (लेख *м.*) индийский писатель рассказывает о жизни в Советском Союзе. (3) Книга, читаемая моим братом, написана известным советским писателем.

---

[1] तालिका *ж.* 'таблица'.

[2] पशु-पालन *м.* 'животноводство'.

[3] प्रोत्साहन *м.* 'поощрение', 'стимулирование'.

(4) События, описываемые писателем в этой книге, происходили лет тридцать тому назад. (5) В этом журнале есть статья по рассматриваемому (पर विचार करना) нами вопросу.

III. रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) सम्भव है कि वह खेलता हो। (२) वह पाठों की तैयारी करता हो तो उसे तकलीफ़ मत दो। (३) अगर आप बम्बाई जाते हों, तो वहाँ मेरा एक काम कीजियेगा। (४) अगर मेरी मदद से आपका काम बनता हो, तो मैं ख़ुशी से मदद देने के लिए तैयार हूँ। (५) बैरन और पुश्किन की कृतियाँ[4] आपने पढ़ी हों, तो आप दोनों की तुलना कर सकते हैं। (६) वह जाता हो तो जाए, हम उसे नहीं रोकेंगे। (७) गोपाल आया है, सम्भव है उसके पिता जी ने उसे यहाँ बुलाया हो। (८) अगर तुमने किसी से दोस्ती की हो तो तुमने जान लिया होगा कि दोस्ती क्या होती है। (९) इस काम को उन्होंने ने शायद पसंद न किया हो। (१०) कोई विषय ऐसा नहीं रह गया जो गोविंद ने न सीखा हो। (११) आप जो भी पानी पीते हों, उसे उबालकर[5] पिया कीजिये।

IV. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Возможно, он уже прочитал эту книгу. (2) Наверное, он сейчас завтракает. (3) Если бы вы побывали в этой стране, вы бы не задавали подобных вопросов. (4) Если бы мне понравилась эта книга, я бы непременно купил ее. (5) Он выглядит таким веселым, как будто сдал все экзамены. (6) Пожалуй, нет такого европейского языка, который бы он не изучал. (7) В нашем городе нет такого музея, который бы я не посетил. (8) Он все время спрашивал меня, работаю ли я над своей книгой. (9) Я спросил его, ходит ли он плавать в бассейн.

पाठ के अभ्यास

I. पाठ का रूसी में लिखित अनुवाद कीजिये।

II. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद करके उनका जवाब दीजिये।

(1) Кто первым предложил проект космического корабля с ракетным двигателем? (2) Кто первым выдвинул теорию многоступенчатой ракеты? (3) В каком году в СССР был создан Совет

---

[4] कृति *ж.* 'произведение, 'работа'.

[5] उबालना *п.* 'кипятить'.

по межпланетным путешествиям? (4) Когда в Москве открылась Всемирная выставка по межпланетной навигации? (5) Когда состоялся первый полет ракеты на жидком топливе? (6) Кто совершил первый полет на реактивном самолете? (7) В каком году был запущен первый искусственный спутник Земли? (8) В каком году человек впервые преодолел силу земного тяготения? (9) Когда на Луну был доставлен вымпел Страны Советов? (10) Когда была сфотографирована невидимая сторона Луны? (11) Как звали первых животных, совершивших космический полет и благополучно вернувшихся на Землю? (12) Когда была отправлена первая советская ракета на Венеру? (13) Кто был первым человеком, побывавшим в космосе? (14) Как назывались первые советские космические корабли? (15) Сколько оборотов совершил вокруг Земли космический корабль, пилотируемый Г. Титовым? (16) В каком году первый космический полет совершила женщина-космонавт? (17) В каком году была впервые произведена мягкая посадка на Луну? (18) Кто был первым человеком, побывавшим в открытом космосе? (19) Когда был совершен первый групповой полет в космос? (20) Когда была осуществлена мягкая посадка на Луну первой в мире космической станции? (21) На какие планеты Солнечной системы доставлены космические станции? (22) Какова высота космической ракеты «Восток»? (23) Как звали первого американца, совершившего космический полет? (24) Когда был проведен советско-американский эксперимент в космосе по программе «Союз — Аполлон»?

III. रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) पुराने समय से ही मनुष्य ने अंतरिक्ष में उड़ान भरने की इच्छा रखी थी। ऐसी अनेक उड़ानों का वर्णन पुरानी लोक-कथाओं में किया जाता है। पुरानी कहानियों में मनुष्य के चंद्रमा तक ही पहुँचने के अनेक वर्णन मिलते हैं। लेकिन पृथ्वी का धरातल छोड़कर वायुमंडल में उड़ने की मनुष्य की इच्छा प्रथम बार १७८३ में पूरी हुई। उस वर्ष फ़्रांस के निवासी मांगालफ़र भाइयों ने एक ऐसा ग़ुब्बारा[6] बनाया जिसमें बैठकर वे पहली बार वायुमंडल में ऊपर उड़े। इसी बीच तकनीकी ज्ञान का विकास होता गया और आख़िर में १९०३ में वायु से भारी वायुयान या विमान का निर्माण संभव हुआ। इसी वर्ष हवा में पहली उड़ान भरी गयी।

२) आख़िर उड़ने की कला मनुष्य को मालूम हो गयी, परंतु उसकी उड़ान मील दो मील की ऊँचाई तक सीमित थी। इस लिये वायुमंडल में उच्च से उच्चतर स्तर तक पहुँचने की वैज्ञानिकों की कोशिशें जारी रहीं। सोवियत संघ और अमरीका

---

[6] ग़ुब्बारा *м.* 'воздушный шар'.

में ऐसे विमान बनाये गये थे जो २५ मील की ऊँचाई तक उड़ सकते थे। लेकिन वैज्ञानिकों ने मालूम किया कि मामूली हवाई जहाज़ में मनुष्य की उड़ान धरातल के ऊपर घिरे हुए वायुमंडल के क्षेत्र तक ही सीमित है, क्योंकि जहाँ वायु और ऑक्सिजन नहीं है वहाँ मनुष्य की ज़िंदगी संभव नहीं हो सकती। पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर का सारा अंतरिक्ष वायु से वंचित है और वहाँ बहुत ही अधिक ठंड रहती है। अधिक ऊपर उड़ान भरने में एक दूसरी कठिनाई पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण-शक्ति को पार करने की है। पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण-शक्ति के प्रभाव-क्षेत्र के बाहर जाने के लिये वस्तु को बहुत अधिक प्रारंभिक गति[7] मिलना आवश्यक है। तीसरी कठिनाई वस्तु को पृथ्वी के प्रभाव-क्षेत्र से बाहर भेजकर फिर वापस लाने से संबंधित है।

३) वैज्ञानिकों ने एक एक करके इन कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करना निश्चित किया। सब से पहले उन्हों ने राकेट और राकेट चालित यान का निर्माण किया जो पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण-शक्ति को तोड़कर अंतरिक्ष-यात्रा कर सके। इस कार्य में सोवियत संघ संसार के सब देशों से आगे रहा। उसने १९५७ में "स्पुतनिक प्रथम" नामक भू-उपग्रह राकेट की सहायता से ५६० मील ऊपर ले जाकर पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करके संसार को आश्चर्यचकित कर दिया। थोड़े दिनों के बाद उसने "स्पुतनिक द्वितीय" को और ऊपर भेजकर १,०६२ मील की ऊँचाई पर पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया। १९५८ में अमरीका ने "एक्सप्लोरर प्रथम" नामक उपग्रह १,८८७ मील की ऊँचाई पर पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया। तब से उपग्रहों की संख्या बराबर बढ़ती आयी है। इस समय अकेले सोवियत संघ के एक हज़ार से अधिक उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में चक्कर लगा रहे हैं।

४) उपग्रहों के बाद उन अंतरिक्ष-यानों की बारी आयी जिन में रूस और अमरीका के वैज्ञानिकों ने कुत्तों, बन्दरों और अन्य प्राणियों को बैठाकर बाह्य ब्रह्माण्ड की यात्रा पर भेजा। अंत में १२ अप्रैल १९६१ को वह महान् दिवस आया जब रूस के मेजर यूरी गगारिन ने अपनी प्रथम अंतरिक्ष-यात्रा की। उन्हों ने १०८ मिनटों में पृथ्वी की कक्षा में एक चक्कर लगाया और भारहीनता[8] के अपने पहले अनुभवों की सूचनाएँ[9] वहीं से भेजते रहे। उनके वापस आने पर संसार के सभी भागों से उन्हें बधाई के संदेश मिले। मेजर गगारिन की यात्रा के थोड़े ही दिनों बाद एक दूसरे रूसी तितोव ने ६ अगस्त १९६१ को अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना होकर पृथ्वी की कक्षा में १७ चक्कर लगाये। अंत में २० फ़रवरी १९६२ को रूस की भाँति अमरीका के इतिहास में भी शानदार दिवस आया। प्रथम अमरीकी अंतरिक्ष-यात्री जॉन ग्लैन बाह्य ब्रह्माण्ड के लिए रवाना हुए। इस तरह अंतरिक्ष-यात्रा को सफ़ल बनाने के लिए आज तक कई प्रयोग हुए हैं और होते जा रहे हैं।

IV. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. Проект первого космического корабля был разработан в царской тюрьме. Его создал известный русский революционер Ни-

---

[7] गति *ж.* 'скорость', 'движение'.

[8] भारहीनता *ж.* 'невесомость'.

[9] सूचना *ж.* 'сообщение', 'информация'.

колай Кибальчич, которого царское правительство казнило за революционную деятельность. Только после Октябрьской революции проект Кибальчича был найден. Спустя несколько лет после смерти Николая Кибальчича другой русский ученый, Константин Циолковский, впервые разработал проект ракеты на жидком топливе. Вскоре им же была выдвинута идея о создании многоступенчатой ракеты для полета к отдаленным планетам Солнечной системы. Идеи и принципы Циолковского получили дальнейшее развитие в работах Цандера и особенно Королева, создателя (निर्माता *м.*) первых советских спутников и космических кораблей.

II. Первая советская ракета на жидком топливе была испытана в 1933 г. Испытания прошли весьма успешно. Было на практике показано, что ракета на жидком топливе сможет преодолеть земное тяготение и стать искусственным спутником Земли. Первые ракеты с жидким топливом способствовали созданию реактивного самолета, который был построен в 1942 г. Первым пилотом, совершившим испытательный полет на этом самолете, был советский летчик-испытатель Григорий Бахчиванджи.

III. Начало космическому веку было положено 4 октября 1957 г., когда в космос на орбиту искусственного спутника Земли был запущен первый советский спутник. Голос первого советского спутника слушал весь мир.

IV. Первый спутник весил 83,6 кг, а второй спутник, запущенный всего через месяц после первого, весил уже 508,3 кг; третий спутник, выведенный на орбиту 15 мая 1958 г., весил 1327 кг. Вслед за искусственными спутниками Земли начиная с 1959 г. устремились в космос советские станции серии «Луна» (लूना). Почти каждый из спутников этой серии был в своем роде первым. Уже сам полет станций «Луна» означал начало нового этапа в изучении космоса. Впервые была достигнута вторая космическая скорость (गति *ж.*) — 11,2 км/сек. (सेकेंड *м.*), позволяющая полностью преодолеть силу земного притяжения и выйти на межпланетные трассы. И вот станция «Луна-1», пройдя вблизи Луны, ушла в космические просторы и превратилась в первую искусственную планету Солнечной системы. Следующая советская станция «Луна-2» впервые достигла лунной поверхности, доставив туда вымпел Советского Союза. Затем, спустя три недели, при помощи станции «Луна-3» были получены первые в мире фотографии обратной стороны Луны. Прошло несколько лет, и советская автоматическая станция «Луна-9» впервые в истории совершила мяг-

кую посадку на лунную поверхность, передав на Землю фотографии, на которых можно различить детали размером около 1—2 мм (मिलिमीटर *м.*). Вскоре появился и советский спутник Луны — тоже первый в мире — станция «Луна-10».

V. Трудно перечислить все выдающиеся успехи советской науки в деле изучения космоса. Например, можно упомянуть о первом возвратившемся на Землю корабле-спутнике, о первом полете космической ракеты, запущенной с тяжелого искусственного спутника Земли, о первом полете межпланетной станции, о первой мягкой посадке на Венеру... Но самым главным являются исторические полеты советских космонавтов, которые совершили первый орбитальный полет, первый суточный космический полет, первый многосуточный (बहुदिवसीय) групповой полет, первый полет на многоместном космическом корабле, первый выход космонавта из корабля в открытый космос.

VI. Советско-индийское сотрудничество (सहयोग *м.*) не ограничивается торговлей, оно осуществляется в самых различных областях — от содействия в создании независимой национальной (राष्ट्रीय) экономики до подготовки и запуска в космос первых индийских спутников с помощью советских ракет.

V. ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) ... प्रकृति पर विजय प्राप्त करेगा। (२) केवल ... राकेट दूसरे ग्रहों तक पहुँच सकते हैं। (३) अंतरिक्ष-उड़ानों का आम ... त्सिओल्कोव्स्की द्वारा पेश किया गया। (४) त्सिओल्कोव्स्की ने ... यान की प्रथम डिज़ाइन तैयार की। (५) ज़ारशाही सरकार ने अनेक क्रांतिकारियों को ... दी थी। (६) पृथ्वी सौर-मंडल का एक ... है। (७) समाजवाद का निर्माण करते समय सोवियत जनता अनेक ... से गुज़री थी। (८) मेरे पिता का जन्म बीसवीं सदी के ... पर हुआ था। (९) प्रथम कृत्रिम उपग्रह की ... प्रसिद्ध सोवियत वैज्ञानिक सेर्गेई कोरोलेव ने तैयार की। (१०) प्रथम राकेट ... विमान ने १९४२ में अपनी पहली उड़ान भरी। (११) त्रेत्यकोव चित्रशाला में वेरेश्चागिन के भारत-संबंधी चित्रों की ... खुली है। (१२) प्रसिद्ध सोवियत ... विमान-चालक वलेरी च्कालोव ने अनेक प्रकार के विमानों का ... किया। (१३) राकेटों की प्रथम उड़ानों ने अंतरिक्ष-यानों का मार्ग ... किया। (१४) ४ अक्तूबर १९५७ का दिन ... जाति के इतिहास में अमर रहेगा। (१५) "स्पुतनिक-एक" का ... सौ किलोग्राम से कम था। (१७) महासागर की सब से बड़ी ... ग्यारह किलोमीटर से ज़्यादा है। (१८) अन्य ग्रहों तक पहुँचने के लिए राकेट बहुत ... होना चाहिये। (१९) विश्व इतिहास में महान् लेनिन का नाम ... रहेगा। (२०) चंद्रमा तक पहुँचने के लिये पृथ्वी के ... की शक्ति को तोड़ना ज़रूरी है। (२१) सोवियत अंतरिक्ष-स्टेशन "लूना-दो" ने चंद्रमा की

ऐन सतह पर उतरकर वहाँ सोवियत संघ की ... पहुँचाई। (२२) "लूना-तीन" की सहायता से चंद्रमा के न दिखायी देनेवाले भाग के फ़ोटो ... गये थे। (२३) "शुक्र-चार" नामक सोवियत अंतरिक्ष-स्टेशन ... शुक्रग्रह पर उतरा। (२४) दो सोवियत अंतरिक्ष-यान "कोस्मोस-२८६" और "कोस्मोस-२८७" के एक दूसरे से मिलाये जाने के बाद "कोस्मोस-२८६" नामक उपग्रह निर्धारित स्थान पर ... उतार लिया गया। (२५) अलेक्सेई लेओनोव पहला अंतरिक्ष-यात्री था जिसने अंतरिक्ष में ... यात्रा की। (२६) एक अमरीकी अंतरिक्ष-यान में अचानक ... लगी जिसके कारण तीन अंतरिक्ष-यान-चालक जल गये। (२७) सभी ... के बावजूद मनुष्य अंतरिक्ष का अध्ययन जारी रखता है।

VI. हिन्दी में अनुवाद करके निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये।

Человек (2), самолет (2), первый (2), труд (2), проходить, миновать (2); совершенный, выполненный, (2); воздух (2), космос (2), звезда (2), точный, верный (3); благополучный (2), начало (2), совершать оборот (2), трудность (2).

VII. निम्नलिखित संज्ञाओं के लिए उचित विशेषण लिखिये।

— राकेट ; — अंतरिक्ष ; — यान ; — कठिनाई ; — सफलता ; — ईंधन ; — विमान ; — सतह ; — स्थान ; — अध्ययन ; — दिवस ; — किताब।

VIII. निम्नलिखित विशेषणों के लिये उचित संज्ञाएँ लिखिये।

कृत्रिम — ; शक्तिशाली — ; भारी — ; प्रत्यक्ष —; अस्थायी — ; आधुनिक — ; क्रांतिकारी — ; प्रशस्त — ; जेट — ; तरल —।

IX. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का प्रयोग करके वाक्य बनाइये।

फाँसी देना ; हाथ लगना ; श्रीगणेश करना ; कक्षा में स्थापित करना ; उड़ान भरना ; परिक्रमा करना ; चक्कर काटना ; फ़ोटो खींचना ; रवाना करना ; दाँतों तले उँगली दबाना ; आग लगना ; फ़ोटो खिंचवाना ; विश्वास करना।

X. सोवियत संघ की अंतरिक्ष-सम्बन्धी नयी सफलताओं का हिन्दी में वर्णन कीजिये।

XI. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Дорога к звездам

Человечество всегда стремилось в космос. О стремлении человечества вырваться в глубины Вселенной очень хорошо сказал Константин Циолковский: «Земля — колыбель (पालना *м.*) человечества, но оно не может вечно оставаться в колыбели!» Писатели различных стран на основе достижений (उपलब्धि *ж.*) своего времени создали множество книг о полете человека во Вселенную. Одной из самых популярных книг о полете в космос стала книга известного писателя Жюля Верна (जूल वेर्न) «Из пушки на Луну». В конце XIX в. ученые предлагали различные средства для космического полета, но никто из них не смог назвать того единственного (एकमात्र) средства, при помощи которого можно было преодолеть силу земного притяжения и унестись в межпланетное пространство. И только в начале XX в. простой школьный учитель из Калуги (कलूगा) Константин Циолковский открыл людям дорогу к звездам. Циолковский сумел увидеть во всем известной пороховой ракете (बारूद चालित राकेट) прообраз (पूर्वरूप *м.*) могучих космических кораблей будущего. Его идеи и до сих пор служат и будут служить основой создания ракет, способных достигнуть отдаленных уголков нашей Солнечной системы. Циолковский показал, что единственный летательный аппарат, способный покинуть атмосферу и даже навсегда покинуть Землю, — это ракета. Циолковский пришел к мысли о необходимости создания ракетных поездов, или, как мы теперь говорим, многоступенчатых ракет, а также о необходимости создания искусственных спутников Земли. За несколько месяцев до первого полета самолета в Петербурге была опубликована работа Циолковского под названием «Исследование мировых пространств реактивными приборами» (यंत्र *м.*). Автор выдвинул теорию, согласно которой ракета — единственный двигатель, способный доставить людей к другим планетам Солнечной системы.

Проекты первых ракет с жидким топливом были разработаны в нашей стране сразу же после революции. Работы по созданию ракеты завершились в 1933 г. полетом первой советской ракеты с жидкостным двигателем. После второй мировой войны, начиная с 1949 г., в нашей стране регулярно ведется исследование атмосферы специальными ракетами. В августе 1957 г. был осуществлен первый запуск многоступенчатой межконтинентальной (अंतरमहाद्वी-

पीय) ракеты. Полет проходил на огромных высотах, которых не достигал ни один летательный аппарат. Пройдя несколько тысяч километров, ракета попала в заданный район. Полученные результаты показали, что такие ракеты можно посылать в любую точку земного шара. На смену межконтинентальным ракетам пришли межпланетные ракеты, при помощи которых были запущены первые искусственные спутники Земли. С каждым полетом рос вес полезной части ракет, который к настоящему времени достиг многих тонн. Вместо одноместных космических кораблей созданы многоместные корабли, способные не только совершать обороты вокруг Земли, но и доставить человека на ближайшие планеты Солнечной системы. Советские космические станции первыми совершили мягкую посадку на Луну и Венеру, сфотографировали лунную поверхность, сообщили об атмосфере и температуре на Венере. Американская космическая станция сфотографировала Марс (मंगल ग्रह). С каждым годом растут знания человека о планетах Солнечной системы.

XII. रूसी में अनुवाद कीजिये।

अंतरिक्ष में मानव

आख़िर मानव ने अंतरिक्ष पर विजय प्राप्त कर ही ली। सही अर्थों में तो ४ अक्तूबर १९५७ को ही मानव ने अंतरिक्ष पर विजय प्राप्त की थी, जबकि रूस ने अपना प्रथम स्पुतनिक छोड़ा था, लेकिन तब से यही चर्चा थी कि मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। १२ अप्रैल १९६१ को रूस के एक चालक यूरी गगारिन ने एक अंतरिक्ष-यान में १८५ मील की ऊँचाई तक यात्रा की। उसने एक चक्कर से कुछ अधिक समय तक पृथ्वी की परिक्रमा की और सकुशल पृथ्वी पर लौट आया।

इस प्रकार अंतरिक्ष नाटक का शुभ आरंभ ४ अक्तूबर १९५७ को हुआ था, और उस का नायक[10] मेजर यूरी गगारिन बन गया। उसने यह दिखा दिया कि मानव भी अंतरिक्ष की यात्रा कर सकता है। गगारिन ने अन्य ग्रहों तक जाने की इच्छा भी व्यक्त की है।

अंतरिक्ष युग ने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को जन्म दिया है। ये वे वैज्ञानिक हैं जो अंतरिक्ष यात्रा के समय प्राणी पर पड़नेवाले प्रभावों का अध्ययन करते हैं और उसे सुरक्षित रखने की कोशिश करते हैं। ये वैज्ञानिक ऐसी व्यवस्था करते हैं जिससे कि मनुष्य अंतरिक्ष में भी पृथ्वी पर जैसा अनुभव करे।

मेजर गगारिन की अंतरिक्ष यात्रा के समय उसके शरीर ने ठीक से काम किया,

[10] नायक *м. лит.* ‘герой’.

उसको किसी प्रकार का दर्द अनुभव न हुआ। गगारिन को आरंभ में तो पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण-शक्ति को तोड़ना पड़ रहा था जिससे भारीपन[11] बढ़ता गया। लेकिन गगारिन तंदुरुस्त आदमी था। गगारिन जैसा यात्री चार-पाँच गुना भारीपन पर क़ाबू पा सकता है। भारीपन को कम करने के लिए अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने विशेष प्रकार की पोशाक या सूट बनाया है। उसको पहनने से अंतरिक्ष यात्री १५ से बीस गुना तक भारीपन सह सकता है[12]।

पृथ्वी से उठते समय भारीपन का परीक्षण करने के लिए अनेक पशुओं पर परीक्षण किये गये। सोवियत तथा अमरीकी वैज्ञानिकों ने राकेटों में बंदर, कुत्ते आदि पशु अंतरिक्ष में भेजे और उन पर विभिन्न प्रभावों का अध्ययन किया। सोवियत वैज्ञानिकों ने कुत्तों से जो अनुभव प्राप्त किया उससे पता चला कि भारीपन के प्रभाव इतने ख़तरनाक नहीं हैं।

अंतरिक्ष-यात्रा में एक और बात भी ख़तरनाक होती है—भारहीनता जो उस समय अनुभव होती है जब अंतरिक्ष यान एक निश्चित ऊंचाई पर पहुँचकर कक्षा में स्थापित हो जाता है। हम ने इस स्थिति का थोड़ा बहुत अनुभव ऊँची इमारत में लगी लिफ़्टों में किया होगा। जब लिफ़्ट नीचे जाती है तो एकदम भारहीनता-सी लगती है और यह लगता है कि शरीर ऊपर की ओर खींचा जाता है।

फिर भी भारहीनता का पूरा-पूरा अनुभव हम पृथ्वी पर रहकर नहीं कर सकते। प्रयोगशालाओं में ऐसे कक्ष बनाये गये जिन में अंतरिक्ष जैसी स्थितियाँ पैदा की जा सकें लेकिन ये प्रयोग भी बहुत थोड़े समय के लिए ही किये जा सकते हैं। भारहीनता का पूरा-पूरा अनुभव तो उसी समय होता है जब मानव कई दिन तक अंतरिक्ष में रहता है। मेजर गगारिन ने भी भारहीनता का अनुभव पूरी तरह नहीं किया होगा क्योंकि वह ज्यादा समय तक अंतरिक्ष में नहीं रहा। लाइका कुत्ती अवश्य एक सप्ताह तक अंतरिक्ष में घूमी और उसने भारहीनता का अनुभव किया। इस पर किये गये परीक्षणों से पता चला कि भारहीनता को सहा जा सकता है, अर्थात् वह इतनी ख़तरनाक स्थिति नहीं है कि मानव अंतरिक्ष-यात्रा न करे।

मेजर गगारिन ने अपनी अंतरिक्ष-यात्रा का अनुभव सुनाते हुए बताया है कि मुझे अंतरिक्ष में भूख और प्यास के मामले में कोई विशेष बात अनुभव नहीं हुई। मुझे पृथ्वी की तरह भूख और प्यास लगी। वैज्ञानिक चाहते हैं कि अंतरिक्ष-यान में कम से कम वज़न रखा जाय। वे तो इस कोशिश में हैं कि कोई तरीक़ा निकल आये जिससे भोजन और ऑक्सिजन अंतरिक्ष यान में ही तैयार हो सके और पृथ्वी से ले जाने की ज़रूरत न पड़े।

इन सब समस्याओं को हल करने[13] के बाद ही यह आशा की जा सकती है कि भविष्य में मनुष्य की अंतरिक्ष यात्रा लम्बे अरसे तक संभव हो सकेगी और अंत में वह ब्रह्माण्ड पर विजय प्राप्त कर लेगा। ("नव भारत टाइम्स" समाचारपत्र, १५ अप्रैल १९६१ के अंक[14] के आधार पर)

---

[11] भारीपन *м.* 'тяжесть', *вд.* 'перегрузка'.

[12] सहना *п.* 'переносить', 'терпеть'.

[13] हल करना *п.* 'решать', 'разрешать'.

[14] अंक *м. вд.* 'номер' (*напр. газеты, журнала*).

XIII. रूसी में अनुवाद कीजिये।

मैं बाह्य अंतरिक्ष में हो आया हूँ

वालेरी बिकोव्स्की

कौन बता सकता है कि मानव के दिल में किसी इच्छा का जन्म कैसे होता है। कभी-कभी किसी विमान-चालक की चर्चा होने पर सभी लोग कह उठते हैं कि उसने तो बचपन में[15] ही उड़ना चाहा, कि जब वह स्कूल में पढ़ रहा था तभी उसने एक दिन एक विमान को पाँचवें महासागर में तैरते देखा और इस चीज़ ने एकदम उसके भविष्य का मार्ग निश्चित कर दिया।

पर मेरी कहानी कुछ और ही रही है। जब मैं बच्चा था तो मेरी हार्दिक इच्छा जहाज़ी[16] बनने की थी। मैं सदा फ़ौजी जहाज़ों के चित्र बनाया करता था।

मैं ने कभी भी न सोचा था कि मेरे एक मित्र झेंका पेत्रोव द्वारा कहे गये दो शब्द मेरे जीवन को नया मोड़ दे देंगे।

एक दिन की बात है, स्कूल में पढ़ाई ख़त्म हो चुकी थी और मैं घर जाने की तैयारी कर रहा था। अचानक झेंका ने ख़ाली कक्षा पर नज़र डाली और मुझे बरामदे में आने को कहा। बाहर निकलकर बोला:

"सुनो, वालेर्का, नीचे स्कूली समिति के कमरे में एक आदमी बैठा हुआ है। समझे?"

"तो क्या हुआ?" मैं ने कहा।

"ऐसे सवाल किसी और से करो। भागकर नीचे जाओ और सुनो कि वह क्या कह रहा है। इसके बाद ज़रा उसे अच्छा लगने की कोशिश करो। अगर ऐसा करोगे तो तुम्हारा काम बन जाएगा। वह तुम्हें भी ले लेगा।"

मैं नीचे गया और सुनने लगा। वह आदमी उड्डयन-क्लब[17] से आया था। यह स्कूली समिति के कमरे में बैठकर जो बातें कह रहा था, उन्हें सुनकर मेरे मन में दिलचस्पी पैदा हुई। इसके बाद जाने कैसे क्या हुआ, मैं ने अपने को उसके सामने यह कहते हुए पाया—

"क्या मैं आपके क्लब में प्रवेश कर सकता हूँ?"

और यही शुभ आरम्भ था।

जिस दिन मैं ने पहली बार स्वतंत्र उड़ान की मेरे मन में कोई डर नहीं था। बराबर अभ्यास करते रहने से मुझ में अपने और अपने विमान में विश्वास की भावना पैदा हो गयी थी।

उड्डयन-क्लब में अध्ययन ख़त्म करने के बाद मैं ने विमान चालकों के फ़ौजी स्कूल में प्रवेश करना निश्चित किया। जब मैं फ़ौजी विद्यालय में पढ़ रहा था उसी समय मेरी इच्छा परीक्षण-चालक बनने की हुई। मैं ऐसे विमानों को चलाने की बात सोचने लगा जिन के बारे में पहले किसी ने सुना भी न हो।

---

[15] बचपन *м.* 'детство'.

[16] जहाज़ी *м.* 'матрос', 'моряк'.

[17] उड्डयन-क्लब *м.* 'аэроклуб'.

अपने इन विचारों के बारे में मैं ने किसी को बताया नहीं, पर अपने फ़ौजी अधिकारियों को एक ख़त लिखा कि मुझे परीक्षण-उड़ानें करने की इजाज़त दी जाये। और एक दिन मुझे फ़ौजी दफ़्तर[18] में बुलाया गया, जहाँ कई लोग मौजूद थे। कर्नल[19] ने मुझ से बैठने को कहा और बोला—"मैं ने सुना है कि तुम परीक्षण-चालक बनना चाहते हो ...।" हमारी बातचीत देर तक चलती रही। अंत में कर्नल ने कहा कि आख़िरी जवाब कुछ समय बाद ही दिया जाएगा। "अब तुम जा सकते हो।" मैं चला गया और इन्तज़ार करने लगा।

और एक दिन वह भी आया जब मैं सितारों की ओर उड़ चला।

यान निश्चित कक्षा में पहुँच गया। तब मेरा शरीर बहुत हलका हो गया। "यही भारहीनता है"—मैं ने सोचा। लगभग दो दिनों तक मैं बाह्य अंतरिक्ष के महासागर में तैरता रहा। मेरी अड्डे से बातचीत हुई।

परिचित आवाज़ सुनायी पड़ी—"वोस्तोक, वोस्तोक, मेरी आवाज़ पहचान रहे हो? मेरा अभिवादन स्वीकार करो! हार्दिक अभिवादन!" यह वाल्या की, हमारी "चाइका" की आवाज़ थी। मैं ने कहा—"मैं इंतज़ार कर रहा हूँ"।

अगले दिन वोस्तोक-६ उड़ा। लोगों को वे क्षण याद हैं। हमारी वाल्या बाह्य अंतरिक्ष में उड़ रही थी।

मेरा मन सोवियत लोगों के प्रति कृतज्ञता[20] से भरा हुआ था जिन्हों ने सितारों भरे सुदूर सागर की यात्रा के लिए हमें तैयार किया था।

चुटकुले

१) शिक्षक (गोपाल से): समझ में नहीं आता[21] कि एक आदमी से इतनी ग़लतियाँ कैसे हो सकती हैं?

गोपाल: एक ही नहीं। इस लेख को लिखवाने में पिताजी ने भी मेरी मदद की है।

२) मरीज़: डॉक्टर साहब! मेरे गले में दस पैसे का सिक्का फँस[22] गया है। इसे जल्दी निकाल दो।

डॉक्टर: इस की फ़ीस एक रुपया लगेगी।

मरीज़: तब डॉक्टर साहब रहने दो। इस तरह मुझे नव्वे पैसे का फ़ायदा होता है।

---

[18] फ़ौजी दफ़्तर *м. зд.* 'штаб'.

[19] कर्नल *м.* 'полковник'.

[20] कृतज्ञता *ж.* 'благодарность', 'признательность'.

[21] समझ में आना *нп.* 'быть понятным'.

[22] फँसना *нп.* 'застревать'.

ГРАММАТИКА

Об употреблении простых послелогов को, से, में, पर и तक (§ *37*)
Вводные слова (§ *38**)
Придаточные уступительные (§ *39*)

पाठ

भारत की अर्थ-व्यवस्था

पुराने समय में पश्चिम की औद्योगिक क्रांति से काफ़ी पहले ही भारत न सिर्फ़ विश्व का **अन्न-भंडार** था बल्कि उसकी उद्योगशाला भी। उन दिनों भारत विश्व-व्यापार का एक बहुत बड़ा केंद्र था। भारत से चावल, गेहूँ, चीनी और कपास के अलावा कपड़ा, रेशम और विलासिता की वस्तुएँ दूसरे देशों को निर्यात की जाती थीं। भारतीय रेशम और सूती कपड़ा, धातु के बर्तन तथा लकड़ी और **हाथी-दाँत** पर नक़्क़ाशी का काम विश्व भर में प्रसिद्ध थे। १७वीं और १८वीं सदी तक भारत के उद्योगों का, ख़ास तौर पर रेशमी और सूती उद्योग का विकास काफ़ी हो चुका था तथा भारत के **छपे हुए कपड़ों** – रेशम, मलमल और छींट – की विश्व के कोने-कोने में बड़ी माँग थी।

परंतु भारत पर ब्रिटिश शासन स्थापित होते ही विदेशी शासकों ने भारतीय उद्योगों पर तरह-तरह के **प्रतिबंध लगाने** शुरू कर दिये। इस शासन के शुरू से ही ब्रिटेन की नीति भारत के उद्योगों को ख़तम कर देने की थी ताकि भारत से कच्चा माल उसकी मिलों के लिये भेजा जा सके और ब्रिटेन में बना हुआ माल हिंदुस्तान के बाज़ार में बेचा जा सके। उदाहरण के लिये, भारत में बने कुछ प्रकार के सूती कपड़ों का ब्रिटिश मंडियों में जाना रोक दिया गया। **यहाँ तक कि** भारत में भी उनके निर्माण पर कुछ **बंदिशें लगा दी गईं**। इसका नतीजा यह हुआ कि धीरे-धीरे भारतीय उद्योगों का पतन होने लगा। भारत में बड़े पैमाने पर अंग्रेज़ी माल आने के कारण भारतीय कारीगर बेकार होते चले गये तथा **भूखों मरते गये**। तब तो एक अंग्रेज़ी उच्च अधिकारी को यह क़हना पड़ा कि "भारत के मैदान भारतीय बुनकरों की हड्डियों से सफ़ेद हो रहे हैं।"

साथ ही साथ भारतीय खेतीबारी की पैदावार भी लगातार गिरती जा रही थी। किसान भारी संख्या में भूमिहीन होते जा रहे थे। वे क़र्ज़, ग़रीबी, भूख और बीमारी के **शिकार हो रहे थे**।

इस तरह लगभग दो सौ वर्षों के अंग्रेज़ी राज में भारत के परंपरागत उद्योग प्रायः लुप्त से हो गये और भारतीय अर्थ-व्यवस्था ब्रिटिश उद्योगों के लिये कच्चा

माल जुटाने का साधन बनकर रह गई। भारत ब्रिटेन का एक कृषि-उपनिवेश हो गया।

उन्नीसवीं सदी में १८५७ के महान् सिपाही विद्रोह के बाद अंग्रेज़ अपने शासन को मज़बूत करने के लिये भारत में रेलों का जाल बिछाने लगे। आगे चलकर यातायात के साधनों के बढ़ जाने से देश में नये छोटे-मोटे उद्योग-धंधे भी खुलने लगे। लेकिन भारत की विशाल आबादी और प्राकृतिक साधनों को देखते हुए उनके विकास की गति धीमी थी और जो उद्योग-धंधे थे, वे भी मशीनों के लिये ब्रिटेन का मुँह देखते थे।

सन् १९४७ में देश-विभाजन के कारण भारत की आर्थिक एकता नष्ट हो गई। मिसाल के लिये कलकत्ते और उसके आस-पास की पटसन-मिलें तथा पूर्वी पाकिस्तान के पटसन पैदा करनेवाले इलाक़े एक दूसरे से बिलकुल कट गये। इसी तरह बंबई तथा अहमदाबाद की कपड़े की मिलें कपास के आयात पर निर्भर रह गईं।

इस प्रकार राजनीतिक स्वतंत्रता पाने के बाद ही भारतीय जनतंत्र की सरकार को बहुत गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यद्यपि स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद के वर्षों में भारत ने अपने विकास के लिये बहुत महत्त्वपूर्ण काम किया है, फिर भी वह अभी तक खेतिहर देश रहा है। भारत में तीन चौथाई से अधिक (लगभग ८० प्रतिशत) लोग गाँवों में रहते हैं तथा देश की लगभग आधी राष्ट्रीय आय कृषि से ही प्राप्त होती है। भारत में हर १० आदमियों में से क़रीब ८ आदमी खेतीबारी में लगे हैं। इसका मतलब हुआ कि हर १० आदमियों के लिये अन्न आदि उपजाने के लिये ८ आदमी काम कर रहे हैं।

भारत में कृषि कुल ३६.८५ करोड़ एकड़ भूमि में होती है और खेती के काम में लाई गयी सारी ज़मीन के एक तिहाई से कुछ कम हिस्से पर चावल, लगभग दसवें हिस्से पर गेहूँ, लगभग एक तिहाई से कुछ कम भाग पर बाजरा और चने की खेती होती है। इन चीज़ों के अतिरिक्त भारतीय खेती की दूसरी फ़सलें ये हैं: जौ, मकई, दालें, कपास, पटसन, तम्बाकू, चाय, क़हवा, रबड़, गन्ना आदि।

आम तौर पर भारत की ज़मीन खेती के लिये काफ़ी अच्छी है। भारत के किसान मेहनत भी किसी से कम नहीं करते। फिर भी भारत की पैदावार लगभग हर क़िस्म की खेतीबारी में दूसरे देशों से कम ठहरती है। इसी लिये इस कृषि-प्रधान देश के सामने खाने-पीने के सामान का सवाल हमेशा मुँह बाये रहता है और कभी-कभी जनता की ज़रूरतों की अपेक्षा देश में पैदा किये गये अन्न की कमी होने के कारण भारत को विदेशों से महँगे दाम देकर अन्न मँगवाना पड़ता है। इस के कई कारण हैं। एक तो यह है कि भारत की खेतीबारी सदियों पुराने तरीक़ों पर ही की जा रही है तथा ट्रैक्टर और दूसरी कृषि-मशीनों की सहायता कम ली जाती है। दूसरे, भारत में ज़मीन के हर १०० मालिकों में से लगभग ६८ ऐसे हैं जिनकी ज़मीन ३ एकड़ से भी कम है। ज़मीन के इतने छोटे टुकड़ों में किसी प्रकार की यंत्रीकृत खेती नहीं हो सकती। सहकारी खेती यानी किसानों का मिलकर खेती करने का रिवाज हिंदुस्तान में अभी तक नहीं बन पाया है।

इस के सिवा भारत में कृषि की उन्नति में एक बड़ी भारी कठिनाई प्रकृति की है। देश की प्राकृतिक दशा और जलवायु के वर्णन से मालूम हो चुका है कि भारत के कुछ भागों की मिट्टी विशेष उपजाऊ है जबकि दूसरे भागों की उतनी

उपजाऊ नहीं है। कुछ स्थान ऐसे हैं जहाँ गर्मी अधिक पड़ती है जबकि कुछ जगहें बराबर ठंडी रहती हैं। इसी प्रकार देश के किसी भाग में वर्षा अधिक होती है, किसी में कम और कुछ भाग सदा सूखे रहते हैं। और फिर बरसात के मौसम में भी कभी बारिश बिलकुल नहीं होती और कभी बहुत ज़्यादा होती है। वर्षा हुई तो फ़सल होगी, न हुई तो **अकाल पड़ेगा।** उदाहरण के लिये दूसरी बड़ी लड़ाई के दिनों में बंगाल में जो अकाल पड़ा था, उस में आधे करोड़ के लगभग लोग भूख से मर गये।

अधिक अन्न पैदा करने के लिये **परती पड़ी भूमि** को जोतना तथा जंगली और बंजर इलाक़ों को खेती के योग्य बनाना और इस तरह खेतों को बढ़ाना ज़रूरी है। लेकिन अधिक ज़मीन जोतने के लिये अधिक पानी चाहिये। भारत में हिमालय के कुछ पहाड़ी इलाक़ों, आसाम, पूर्वी तथा पश्चिमी घाटों के इलाक़ों को छोड़कर और **सब जगह** फ़सल का होना न होना इस बात पर निर्भर है कि सिंचाई किसी न किसी प्रकार हो सकती है या नहीं। और सिंचित भूमि के प्रति एकड़ उत्पादन में लगभग १/४ टन तक की **वृद्धि हो सकती** है। भारत में पानी की कमी नहीं है। न जाने कब से भारत के किसान कुओं, तालाबों और नहरों द्वारा वर्षा और नदियों के पानी को सुरक्षित रखते और सिंचाई के लिये उसका इस्तेमाल करते रहे हैं। भारत में सिंचाई के साधन दूसरे देशों से अधिक हैं। इस पर भी अब सारे पानी का केवल बीसवाँ भाग ही खेती के काम में लाया जाता है और इस तरह अधिकतर पानी बेकार ही रहता है। उस पानी को खेतों तक पहुँचाने की आवश्यकता समझकर भारत की पंचवर्षीय योजनाओं में सिंचाई के साधनों की उन्नति की ओर बहुत ज़्यादा ध्यान दिया गया है। भाखड़ा-नंगल, हीराकुद, दामोदर घाटी आदि खेतीबारी के सुधार की परियोजनाएँ चलाई जा रही हैं। पर अभी तक भारत में उपजाऊ भूमि का आधे से कुछ कम भाग कुओं और तालाबों से ही सींचा जाता है। लगभग दो करोड़ एकड़ ज़मीन की सिंचाई नहरों से होती है।

लेकिन ज़मीन से पूरा आर्थिक लाभ उठाने के लिये सिंचाई का ठीक प्रबंध करना काफ़ी नहीं है। ज़मीन की उपजाऊ शक्ति को भी अच्छी तरह सुरक्षित रखना ज़रूरी है क्योंकि भारत के अधिकतर भागों में ज़मीन की ताक़त कम हो गयी है। इस लिये अच्छी फ़सल के लिये खाद भी बहुत आवश्यक है। यदि ज़मीन को ठीक प्रकार की खाद मिले तो उपज ड्योढ़ी से दुगुनी तक हो सकती है।

इस तरह सब कृषि-संबंधी सवालों को हल करने के लिये ट्रैक्टर और खेती की दूसरी मशीनों तथा अच्छी खाद और बिजली को काम में लाना आवश्यक है। सिर्फ़ इस के बाद भारतीय खेती विज्ञान और टेक्नोलाजी पर आधारित एक आधुनिक उद्योग का **रूप लेगी** और देश की आवश्यकता के लिये काफ़ी अनाज पैदा करने लगेगी।

इससे यह नतीजा साफ़ निकलता है कि आधुनिक कृषि की इमारत का निर्माण सिर्फ़ विकसित उद्योग की मज़बूत नींव पर किया जा सकता है। भारत की सरकार ने इस दिशा में अब तक जो कुछ किया है, वह है उस की औद्योगिक नीति का फल।

औद्योगिक नीति की घोषणा भारतीय सरकार ने सन् १९४८ में की। इस नीति का प्रमुख उद्देश्य **मिली-जुली** अर्थ-व्यवस्था का विकास करना था, जिस में राष्ट्रीय

हित में उद्योगों का योजनापूर्ण विकास करने की पूरी ज़िम्मेदारी सरकार ने अपने ऊपर ली।

सन् १६५० में भारतीय सरकार ने योजना-आयोग की स्थापना की और इस तरह भारत ने योजनापूर्ण विकास के पथ पर क़दम रखा। दिसंबर १६५२ में भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना को संसद के सामने पेश किया गया।

प्रथम पंचवर्षीय योजना अधिक तेज़ औद्योगिक विकास की **नींव डालने** की योजना थी। उस में खेती की उन्नति पर विशेष ध्यान दिया गया और भाखड़ा-नंगल बाँध जैसी परियोजनाओं का निर्माण किया गया। इन परियोजनाओं से औद्योगीकरण के लिये बिजली मिलने के साथ-साथ सिंचाई के लिये पानी भी मिलता है। शीघ्र आर्थिक और औद्योगिक विकास का आधार तैयार करने के उद्देश्य से प्रथम योजना में परिवहन की प्रगति पर भी ज़ोर दिया गया।

दूसरी पंचवर्षीय योजना के समय पहली योजना की आर्थिक नीतियों को एक क़दम और आगे बढ़ाने के साथ ही साथ देश औद्योगीकरण की नयी मंज़िल पर पहुँचा क्योंकि उसमें उद्योगों और विशेष रूप से भारी उद्योगों के विकास पर **बल दिया गया**। द्वितीय पंचवर्षीय योजना ने भारत के आर्थिक विकास में एक और नया मोड़ इस लिये ला दिया कि उस के दौरान **सार्वजनिक क्षेत्र** भारतीय अर्थ-व्यवस्था में अधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करने लगा।

आधुनिक युग की नींव इस्पात और लोहा है। अब किसी भी देश की औद्योगिक प्रगति का अनुमान उसके इस्पात-उत्पादन से लगाया जाता है। इस लिये दूसरी योजना में राउरकेला, भिलाई और दुर्गापुर के तीन इस्पात-कारख़ानों का निर्माण किया गया।

इसके अतिरिक्त देश में मशीनें तथा उत्पादन के अन्य साधन बनानेवाले उद्योगों की नींव डाली गई। मिसाल के लिये भोपाल में बिजली के भारी सामान का एक कारख़ाना खोला गया। प्राकृतिक गैस तथा तेल आयोग उद्योगों और परिवहन के लिये आवश्यक तेल का पता बड़े पैमाने पर लगाने लगा।

प्रथम और द्वितीय योजनाओं के दौरान सिमेंट, कोयला और अल्युमिनियम के उत्पादन में भारी प्रगति हुई। सूती कपड़े, जूट के सामान, चीनी आदि के उत्पादन में भी काफ़ी बड़ी सफलताएँ हुई हैं।

लेकिन प्रथम दोनों योजनाओं के, ख़ास तौर पर दूसरी योजना के अनुभवों से पता चला कि भारतीय अर्थ-व्यवस्था की प्रगति को सीमित करनेवाला एक मुख्य कारण कृषि-उत्पादन में वृद्धि की धीमी गति रही है। औद्योगिक विकास के लिये आवश्यक रुपये अमरीका, कनाडा आदि देशों से अन्न के आयात पर ख़र्च किये जाते थे। **याद रहे कि** भारत की आबादी हर साल एक करोड़ से ज़्यादा बढ़ रही है। इस अवस्था में कृषि-उपज को तेज़ी से बढ़ाने की आवश्यकता के बारे में दो रायें नहीं हो सकतीं। इसलिये तीसरी और चौथी योजनाओं में कृषि-उत्पादन की अधिकतम वृद्धि को **प्राथमिकता दी गई**।

उद्योग के क्षेत्र में इन योजनाओं में ये उद्देश्य सामने रखे गये: इस्पात, रसायनिक उद्योगों, ईंधन और बिजली जैसे बुनियादी उद्योगों का विस्तार करना और मशीन-निर्माण की क्षमता पैदा करना, ताकि आगे भी औद्योगीकरण की **ज़रूरतों को** देश के अपने ही साधनों से **पूरा किया जा सके**।

इस काम में सोवियत संघ ने काफ़ी बड़ी आर्थिक सहायता दी है। सिर्फ़ दूसरी और तीसरी योजनाओं के लिये सोवियत संघ ने भारत को कुल ३ अरब ८४ करोड़ रुपयों के ऋण बहुत सुविधाजनक शर्तों पर दिये हैं। **यही नहीं**, लगभग ४० महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों में सोवियत संघ ने मदद दी है।

फलस्वरूप गत वर्षों में भारत के कोने कोने में अनेक बड़े और छोटे औद्योगिक संस्थान स्थापित हुए हैं, जो देश की उन्नति के प्रतीक हैं। उद्योग में सार्वजनिक क्षेत्र का भाग बहुत बढ़ गया है। आजकल भारत की गिनती एशिया के उन देशों में की जाती है जो औद्योगिक प्रगति के पथ पर तेज़ी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। निश्चय ही इस पथ पर चलकर भारत को भविष्य में नई बड़ी सफलताएँ मिलती रहेंगी।

नये शब्द

अरब **араб** *м.* миллиард

अल्युमिनियम **алйуминийам** *м.* алюминий

आधारित **ад^hāрит** базирующийся, основывающийся; ~ **होना** основываться, базироваться (**पर**, **के ऊपर** *на чем-л.*); ~ **करना** основывать, базировать (**पर**, **के ऊपर** *на чем-л.*)

आयात **āйāт** 1. импортный; 2. *м.* импорт, ввоз; ~ **करना** импортировать, ввозить (**से** *откуда-л.*; **में** *куда-л.*; **को**, **का** *что-л.*)

आयोग **āйог** *м.* комиссия; комитет

उद्योगशाला **удйогшāлā** *ж.* мастерская

उन्नति **уннати** *ж.* 1) рост, подъем; 2) развитие; 3) прогресс

उपजाना **упджāнā** *п.* 1) выращивать, культивировать, возделывать; 2) производить

उपनिवेश **упанивэш** *м.* 1) колония; 2) доминион

एकड़ **экаṛ** *м.* акр

एकता **эктā** *ж.* единство; сплоченность

औद्योगीकरण **аудйогӣкаран** *м.* индустриализация

कमी **камӣ** *ж.* 1) отсутствие; 2) недостаток, нехватка; 3) уменьшение, сокращение; 4) дефект, недостаток, пробел

कारीगर **кāрӣгар** *м.* квалифицированный рабочий; мастер; ремесленник

कुआँ **куā̃** *м.* 1) колодец; 2) скважина

खाद **к^hāд** *ж.* удобрение

खेतीबारी **к^hэтӣбāрӣ** *ж.* земледелие, сельское хозяйство; отрасль сельского хозяйства

गति **гати** *ж.* 1) движение, ход; темп; скорость; 2) процесс

गन्ना **ганнā** *м.* сахарный тростник

ग़रीबी **ġарӣбӣ** *ж.* бедность, нищета

चना **чанā** *м.* горох

चीनी **чӣнӣ** *ж.* сахар

चौथाई **чаут^hāӣ** *ж.* четверть, четвертая часть

छींट **ч^hӣ̃т** *ж.* 1) капелька; 2) пятнышко (*от капли*); 3) набивной ситец

जुटाना **джуṭāнā** *п.* 1) соединять; 2) приставлять, прижимать; 3) накоплять, собирать; мобилизовать

जूट **джӯṭ** *м.* *бот.* джут

जोतना **джотнā** *п.* 1) запрягать; закладывать (*экипаж*); 2) пахать

जौ **джау** *м.* 1) ячмень; 2) просо

टेक्नोलाजी **ṭэкнолāджӣ** *ж.* технология

ड्योढ़ा дийорhā полуторный

ताक़त тāкат *ж.* 1) сила; мощь; 2) энергия; 3) мощность; 4) держава

तिहाई тиhāй *ж.* треть, третья часть

दुगुना дугунā *изм., неизм.* двойной, удвоенный, двукратный; вдвое; ~ होना (हो जाना) удваиваться; ~ करना удваивать

दूसरे дӯсрэ во-вторых

दौरान даурāн 1. *м.* 1) вращение; 2) процесс, ход; 3) время; период; **2.** : के ~ [में] в течение, за время чего-л.

धंधा дhандhā *м.* 1) дело, занятие; 2) ремесло, профессия; 3) промышленность

नक़्क़ाशी наккāшӣ *ж.* 1) резьба; 2) гравировка; 3) вышивание

नष्ट нашта 1) исчезнувший, пропавший; 2) разрушенный, погибший; ~ होना (हो जाना) а) исчезать, пропадать; б) гибнуть, истребляться; ~ करना а) уничтожать, истреблять, ликвидировать; б) портить, повреждать

निर्यात нирйāт *м.* вывоз, экспорт; ~ करना вывозить, экспортировать (को, में *куда-л.*; से *откуда-л.*; का, को *что-л.*)

निश्चय нишчай 1. (*тж.* ~ ही) конечно, несомненно; **2.** *м.* решение, постановление

नींव нӣв *ж.* основание, основа; фундамент

नीति нӣти *ж.* политика

पटसन патсан *м. бот.* джут

पतन патан *м.* 1) падение; 2) оседание; погружение; 3) упадок, падение (*тж. моральное*); 4) гибель

पथ патh *м.* путь, дорога; трасса

परंपरागत парампарāгат традиционный

परियोजना парийоджнā *ж.* 1) проект, план; 2) сооружение, стройка

प्रतिबंध пратибандh *м.* 1) ограничение; 2) помеха; 3) запрет; санкция

प्राथमिकता прāтhамиктā *ж.* 1) первенство, приоритет; 2) предпочтение, преимущество

प्राप्ति прāпти *ж.* приобретение, получение; достижение

बंदिश бандиш *ж.* ограничение

बल бал *м.* 1) сила, мощь, могущество; 2) ударение

बाँध бāдh *м.* насыпь, дамба; плотина

बाजरा бāджрā *м.* баджра (*сорт проса*); пшено

बाना бāнā *п.* открывать, раскрывать

बिछाना бичhāнā *п.* 1) стелить, расстилать; 2) рассыпать; 3) проводить, прокладывать; укладывать (*напр. рельсы*)

बुनकर бункар *м.* ткач, текстильщик

बुनियादी бунийāдӣ 1) основной; коренной; 2) капитальный

बेकार бэкāр 1. 1) непригодный (*к работе*); бесполезный, ненужный; 2) напрасный, безрезультатный; 3) безработный; **2.** бесполезно, напрасно, зря; **3.** *м.* безработный

ब्रिटिश бритиш британский

भूमिहीन бhӯмиhӣн безземельный

मंडी мандӣ *ж.* рынок

मकई макай *ж.* кукуруза

मलमल малмал *м., ж.* муслин; кисея

मालिक мāлик *м.* хозяин; владелец

यद्यपि йадйапи хотя

राष्ट्रीय рāштрӣйа 1) государственный; национальный; народный; 3) отечественный

लुप्त лупта пропавший, исчезнувший; ~

होना (हो जाना) пропадать, исчезать

विभाजन виб^hаджан *м.* 1) деление, разделение; раздел; 2) распределение

विलासिता виласита *ж.* роскошь

वृद्धि вридд^hи *ж.* 1) рост, увеличение; прибавление; повышение (में *чего-л.*); 2) подъем, развитие; процветание (में *чего-л.*)

शासक шасак 1. правящий, господствующий, руководящий; 2. *м.* правитель

शिकार шикар *м.* 1) охота; 2) дичь, добыча; *перен.* жертва

सहकारी сахкари 1. 1) сотрудничающий; 2) кооперативный; 2. *м.* 1) сотрудник; 2) помощник

सामना самна *м.* 1) встреча лицом к лицу; 2) перед, передняя часть; 3) сопротивление, столкновение; борьба; 4) устранение, преодоление

सिंचित синчит 1) окропленный, обрызганный; 2) политый; орошенный; обводненный

सूखा сук^hа 1. 1) сухой; высохший, засохший; черствый; сушеный; 2) худой, тощий (*о теле*); 3) черствый, бессердечный; 2. *м.* засуха

हड्डी хадди *ж.* кость

हल хал *м.* [раз]решение (*напр. вопроса*); ~ होना [раз]решаться; ~ करना [раз]решать (को *что-л.*)

हिस्सा хисса *м.* часть, доля

व्याकरण तथा शब्दावली संबंधी टिप्पणियाँ

1. अन्न-भंडार 'житница'.

2. हाथी-दाँत 'слоновая кость'.

3. छपा हुआ कपड़ा 'набивная ткань'.

4. प्रतिबंध लगाना 1) 'ограничивать' (पर *что-л.*); 2) 'затруднять' (पर *что-л.*); 3) 'запрещать' (पर *что-л.*).

5. यहाँ तक कि... 'до того, что...'; '(так, что) даже'; 'до такой степени, что...'.

6. बंदिश लगाना 1) 'ограничивать' (पर *что-л.*); 2) 'запрещать' (पर *что-л.*).

7. भूखों मरना 'умирать от голода'.

8. साथ ही [साथ] 'вместе с тем', 'наряду с этим'; 'между тем'; 'одновременно' (*вводное слово, подробнее см. § 38* Грамматики*).

9. शिकार होना (बनना) 'быть (становиться) жертвой' (का *кого-л., чего-л.*); शिकार बनाना 'делать жертвой' (को *кого-л.*, का *кого-л., чего-л.*).

10. आगे [को] चलकर (जाकर) 'в будущем', 'впредь', 'в дальнейшем'.

11. छोटा-मोटा *парн. сочет.* 'малый', 'незначительный'; 'заурядный'.

12. उद्योग-धंधा *парн. сочет.* 1) 'промышленность', 'индустрия'; 2) 'ремесло'; 3) 'отрасль промышленности'.

13. मुँह देखना 1) 'зависеть' (का *от кого-л.*, में, के लिये *в чем-л.*); 2) 'заискивать' (का *перед кем-л.*); 3) 'сталкиваться' (का *с чем-л.*).

14. सामना करना 1) 'сталкиваться' (का *с кем-л., чем-л.*); 2) 'оказывать со-

противление', 'сопротивляться' (का *кому-л.*, *чему-л.*), 'бороться' (का *с кем-л.*, *чем-л.*); 3) 'преодолевать' (का *что-л.*).

15. मेहनत करना 'работать', 'трудиться'.

16. कम ठहरना 'оказываться меньшим' (से *по сравнению с кем-л., с чем-л.*).

17. कृषिप्रधान 'земледельческий', 'аграрный' (*о стране, районе*).

18. मुँह बाना 1) 'разевать рот'; 2) 'зевать'; ...खाने-पीने के सामान का सवाल हमेशा मुँह बाये रहता है '...продовольственный вопрос всегда является острым'.

19. खेतीबारी करना 'обрабатывать землю'; 'заниматься земледелием'.

20. सहायता लेना 1) 'прибегать к помощи' (की *кого-л.*, *чего-л.*); 2) 'использовать' (की *что-л.*).

21. उन्नति करना 1) 'развивать' (की, में *что-л.*); 2) 'развиваться', 'прогрессировать'; 3) 'преуспевать' (में *в чем-л.*).

22. अकाल पड़ना 'иметь место', 'случаться' (*о голоде*).

23. परती पड़ी भूमि (ज़मीन) 'пустующая, залежная земля', 'целина'.

24. सब जगह 'везде', 'повсеместно'.

25. वृद्धि होना 'возрастать', 'увеличиваться' (में *о чем-л.*); वृद्धि करना 'увеличивать', 'расширять'; 'повышать' (में *что-л.*).

26. रूप लेना 'принимать облик, вид, форму' (का *чего-л.*).

27. इस से यह नतीजा साफ़ निकलता है कि... 'из этого ясно следует, что...'.

28. मिला-जुला *парн. сочет.* 1) 'смешанный'; 2) 'коалиционный'.

29. नींव डालना (रखना) 'закладывать фундамент, основу' (की *чего-л.*); 'класть начало' (की *чему-л.*).

30. बल देना 'подчеркивать' (पर *что-л.*); 'делать упор, ударение' (पर *на чем-л.*).

31. सार्वजनिक क्षेत्र 'общественный (государственный) сектор'.

32. याद रहे कि... 'следует помнить, что...'.

33. प्राथमिकता देना 'отдавать предпочтение', 'придавать преимущественное (первостепенное) значение' (को *чему-л.*).

34. ज़रूरतों को पूरा करना 'удовлетворять потребности'.

35. यही नहीं 'мало того'; 'более того'.

व्याकरण के अभ्यास

I. रूसी में अनुवाद कीजिये ('को' परसर्ग का प्रयोग समझाते हुए)।

(१) उसके मन को आराम नहीं मिल रहा था। (२) सोमवार को पढ़ाई होगी, रविवार को छुट्टी। (३) शायद रत्नप्रभा को इच्छा थी कि लड़का चला जाए। (४) अक्सर यात्रियों को इसी होटल में ठहराया[1] जाता है। (५) मैं वहाँ

[1] ठहराना *п.* 'размещать'.

से चलने लगा तो उन्हों ने गोर्की के कई चित्र मुझ को भेंट किये। (६) नूरुद्दीन के दिल को शांति मिली। (७) सिन्ह—आदमी को मैं ख़ूब जानता हूँ। (८) इतवार को भी काम है। (९) कमरे के द्वार पर पहुँचकर सुधा ने निर्मला को बिदा कर दिया। (१०) ... घर को आते हुए मैं ने उस से पूछा भी था ...। (११) जितनी चिन्ता मुसाफ़िरों को आगे जाने की थी उससे कहीं अधिक चिंता इन ड्राइवरों को मुसाफ़िरों को उनके घर पहुँचा देने की थी। (१२) बाबू जी, लक्ष्मी जी ने कहा है, हमें कुछ और पढ़ने को दीजिये। (१३) जब तुम्हारी नरायनी से शादी होने को थी मैं ने तुम्हें पत्थर उठाने को कहा था। (१४) दिन चढ़ने को हो रहा था। (१५) हम अपनी यात्रा ख़ुशी-ख़ुशी से ख़त्म कर चलने को हुए। (१६) वह मरने को तैयार थे, परन्तु मृत्यु उनके निकट नहीं आती थी। (१७) पर वह जाने को तैयार नहीं दिखायी दिया। (१८) लतिका को याद आया कि कल रात वह डॉक्टर के कमरे में देर तक बैठी रही थी। (१९) मैं इस आदमी को दोस्त समझता हूँ। (२०) वह अपने दादा को पिता जैसे मानती है। (२१) मैं बिना खाये-पिये पढ़ने को बैठ गयी।

II. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Я направил ему поздравительное письмо. (2) У него вчера был жар. (3) Мне нравится этот фильм. (4) Мы были готовы поехать туда, но неожиданно нам сказали,что нам надо остаться. (5) Во вторник у нас будет собрание. (6) Мой брат родился 25 апреля 1925 г. (7) Я помню этот случай. (8) Мы собирались пойти погулять, как начался дождь. (9) Меня мучает жажда. (10) Преподаватель считает моего друга самым способным студентом группы.

III. रूसी में अनुवाद कीजिये
('से' परसर्ग का प्रयोग समझाते हुए)।

(१) कृष्ण मक्खन[2] से रोटी खाता है। (२) एक दिन शर्मा जी सैर करने जा रहे थे कि रास्ते में दो मित्रों से भेंट हो गयी। (३) देवीदीन—क्या बाप[3] से लड़ाई हो गयी? (४) यह पता लगाना मुश्किल था कि वह किस बात से ख़ुश होती थीं और किस बात से नाराज़। (५) मैं देखता हूँ कि आप मुझ से सहमत हैं। (६) दो आदमी रामशरण को गाँव से दूर जंगल की ओर ले चले। (७) मेरे पिता जी ने पचपनवें वर्ष में शादी की थी और मेरे जन्म के समय उन की अवस्था साठ से कम न थी। (८) स्कूल की तरफ़ चले, पर आधे रास्ते से ही लौट पड़े। (९) उस ने मोटर साइकिल से उतरकर कहा ... (१०) साल में दो बार लड़के कलकत्ते से छुट्टी में घर आते ... (११) ज़ोहरा खिड़की से सिर

[2] मक्खन *м.* 'сливочное масло'.

[3] बाप *м.* 'отец'.

निकालकर बोली ... (१२) देवीदीन ने गोपी को सिर से पाँव तक देखा। (१३) मुझे अब आराम है और मैं शांति से मर रही हूँ। (१४) रतन सुबह से आधी रात तक उसके पास कुर्सी डाले बैठी रही। (१५) रुकमणि ने विद्रोह भरी आँखों से उसकी ओर देखा, पर कुछ बोली नहीं। (१६) कल्याणी ने यह पत्र डाक से न भेजा। (१७) वे और स्त्री दोनों सिपाहियों से घिर गये। (१८) वापस आकर खन्ना ने ... तीसरे कुली से सामान उतरवा लिया। (१९) नूरुद्दीन ज़ुबैदा से समाचार सुनकर गम्भीर हो गया। (२०) भरत ने भी बाहुबली को अपनी छाती से लगा लिया। (२१) मैं अभी पोस्टमास्टर[4] से वहाँ टेलीफ़ोन करा दूँगी। (२२) कल तक तुम्हारा सामान वहाँ रक्षा से रखा रहेगा। कल सुबह की बस से जाकर हम सामान यहाँ ले आएँगे। (२३) पर इन से घर पर बैठे रहा नहीं जाता। (२४) देवीदीन ने चाय की दुकान उसी दिन से बंद कर दी थी। (२५) मुझ से चला नहीं जाता। (२६) मुझ से कहते ही बना। (२७) ... और सूसन उसे एक नौकर से पिटवा रही थी[5]। (२८) ऐसी है कौन जो सुखराम को मेरे पास आने से रोक लेगी। (२९) ब्रजनाथ से कोई जवाब न देते बन पड़ा।

IV. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Я изучаю хинди вот уже два года. (2) Прочитайте это предложение с самого начала. (3) Завтра я встречусь со своими друзьями. (4) Пишите, пожалуйста, ручкой, а не карандашом. (5) Посоветуйтесь по этому вопросу со своим преподавателем. (6) Эта дорога соединила город с морским побережьем. (7) На юг лучше всего лететь самолетом. (8) Он сделал эту мебель своими руками. (9) Я сшил этот костюм у известного портного. (10) Мне не спится, здесь очень душно.

V. रूसी में अनुवाद कीजिये (‘में’ परसर्ग का प्रयोग समझाते हुए)।

(१) दयानाथ कहते थे, इस कमरे में आईने की ज़रूरत नहीं। (२) उसके पाँवों में जूते नहीं थे। (३) क्रेमलिन के संग्रहालय में प्रवेश टिकट द्वारा होता है। (४) उस समय ऐसा मालूम होता था कि समय रुक गया है और मेरे हाथों में शक्ति नहीं रही। (५) तीसरी योजना तैयार करने का काम १९५२ के अंत में आरम्भ हुआ। (६) मैं उसे चाय में शक्कर मिलाते देखता रहा। (७) इधर कई साल में मैं गर्मी में मसूरी ही रहता हूँ। (८) भानुलाल आगे बढ़े, लेकिन जिस गली में वह मुड़ते उसी तरफ़ वह आदमी भी मुड़ता था। (९) प्यारी ने आँगन में खिड़की से देखा। (१०) वह गाड़ी में बैठकर अपने मकान को चली गयी। (११) उसने एक साँस में पत्र पढ़ डाला ... (१२) दोनों अपनी-अपनी जगह

---

[4] पोस्टमास्टर *м.* ‘почтмейстер’.

[5] पिटवाना *понуд. от* पीटना ‘бить’, ‘колотить’.

पर विचार में डूबे बैठे थे। (१३) मिनटों में वह अड्डे पर पहुँच गया। (१४) दफ़्तर के कार्यों को पाँच विभागों में बाँट दिया गया है। (१५) वह कंजर के बच्चों में खेलती। (१६) लोग टोलियों[6] में भीतर जाते हैं। (१७) वह सब लड़कों में अच्छा है। (१८) राम ने बीस रुपये में एक पुस्तक ख़रीदी। (१९) यह बात तो पिछले दस सालों से सुनने में आ रही है। (२०) माँ ने जो काम बताया करने में लग गयी।

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Два раза в год я приезжаю на каникулы домой. (2) Этот город расположен в долине реки. (3) Среди книг, написанных о космосе, мне больше всего нравятся книги Циолковского. (4) В начале своей речи министр затронул вопросы, связанные с новым пятилетним планом. (5) Ваш рассказ об Индии мне очень понравился, и мне захотелось самому увидеть эту страну. (6) Мы верим в победу человека над силами природы. (7) Отец разделил яблоко на четыре части. (8) Эту работу можно сделать за три часа. (9) Мальчик опустил письмо в почтовый ящик. (10) Мой друг поступил в Московский государственный университет.

VII. रूसी में अनुवाद कीजिये
('पर' परसर्ग का प्रयोग समझाते हुए)।

(१) एक गोली जवाहर के हाथ पर भी लगी। (२) तब मैंने उसे हाथों पर उठा लिया। (३) एक यात्री ने बताया कि अब हम पाकिस्तान पर उड़ रहे हैं। (४) दूसरे दिन मैं ... खेत पर चला गया। (५) जालपा और रतन एक मेज़ पर बैठीं। (६) सिन्हा फिर कुछ सोच कर उठे और मेज़ पर बैठकर एक पत्र लिखने लगे। (७) मोटर रायसाहब की कोठी पर रुकी। (८) मैं ... दफ़्तर भी समय पर नहीं आ सका। (९) अगले महीने वह छुट्टी पर घर जाएगा। (१०) मैं ने चित्र पर नज़र डाली। (११) मोड़ पर पहुँचते ही सामने बाँके मिला। (१२) सावित्री – मैं धीरे से उठकर बैठ गयी। साड़ी को सिर पर खींच लिया और डॉक्टर साहब की तरफ़ देखा। (१३) सोमनाथ की विजय से समस्त गुजरात पर उसीकी विजय थी। (१४) उस के कंधे पर अब भी वही कमीज़ रखी थी। (१५) सिमेंट के फ़र्श पर भारी जूतों की आवाज़ सुनायी पड़ी। (१६) मेरे जाने पर घर की देखभाल तुम्हें करनी है। (१७) अमुक पर्वत या अमुक नदी इतने समय पर आवेंगे। (१८) मदनसिंह – इस समय मुझे अपने पुराने ढंग पर चलने दो और यदि बहुत तकलीफ़ न हो तो सवेरे की गाड़ी पर चले जाओ। (१९) तुम ने दो रुपये पर ईमान[7] खो दिया। (२०) आगे चलने पर यह बात मालूम होगी। (२२) सुबह धूप निकलने पर वह घूमने निकला।

---

[6] टोली *ж.* 'группа'.

[7] ईमान *м.* 'честь'.

VIII. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Положите книгу на стол! (2) Приходите, пожалуйста, вовремя! (3) Он лежал на кровати и читал книгу. (4) Мальчик сел на велосипед и уехал.. (5) В ожидании поезда он гулял по платформе. (6) Пишите мне, пожалуйста, по следующему адресу... (7) Нам необходимо обсудить этот вопрос. (8) Самолет летел над горами. (9) Космический корабль совершил мягкую посадку на Венеру. (10) По прибытии в Индию он дал телеграмму о благополучном приезде.

IX. रूसी में अनुवाद कीजिये
('तक' परसर्ग का प्रयोग समझाते हुए)।

(१) सामने चोटी तक सब जगह बर्फ़ जमी थी। (२) क्या ऐसे महत्त्व के विषय में वह अपनी आवाज़ पिता के कानों तक नहीं पहुँचा सकता? (३) वह फिर बाईं ओर चले और गली के नुक्कड़ तक गये। (४) बात दूर तक फैल चली। (५) मैं ने उससे कह दिया था कि मैं अगले दिन सुबह तक वहाँ रह जाऊँगा। (६) साहब, बर्फ़ एक महीने तक पिघल जाएगी। (७) कभी-कभी तो हमें कमर-कमर तक पानी वाली छोटी नदियाँ पार करनी पड़ती थीं। (८) सुबह उठकर चाय के समय तक मेरी मिस पाल से ख़ास बात नहीं हुई।

X. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Наконец мы добрались до берега реки. (2) Я буду занят до семи часов вечера. (3) Современные космические корабли могут достичь самых отдаленных планет Солнечной системы. (4) Дойдите до угла и поверните налево. (5) До меня дошла и эта новость.

XI. रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) यद्यपि धूप तेज़ चमक रही थी फिर भी कुछ सर्दी थी। (२) यद्यपि हम जानते थे कि हमारे पास वक़्त न होगा तथापि हमने कुछ पुस्तकें साथ ले लीं। (३) यद्यपि शुरू में मुश्किल लगेगा तथापि पहले पाठ ही से हिन्दी बोलने की कोशिश कीजिये। (४) मेरे पास समय भले ही थोड़ा हो मैं यह काम ज़रूर पूरा करूँगा। (५) बरसात के बावजूद यात्री अपनी राह पर बढ़ते रहे। (६) जितनी भी इच्छा क्यों न हो हम वहाँ पर जा न सकेंगे। (७) वह मेरे पास भले ही न आये, मैं सिनेमा ज़रूर जाऊँगा। (८) तुम यह काम अकेले न कर सकोगे, चाहे तुम कितना मज़बूत क्यों न हो। (९) हालांकि कल सारा दिन बारिश हो रही थी हम ने सम्भव ख़तरे के बावजूद पहाड़ों में जाना तै कर लिया। (१०) अगरचे वह निश्चित समय से कहीं पहले स्टेशन पर आया फिर भी गाड़ी खचाखच भरी थी। (११) आज का मौसम बहुत बढ़िया निकला गो [कि] कल बादल गरजते थे और तेज़ ठंडी हवा चलती थी।

XII. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Хотя наступил вечер, было очень жарко. — Было очень жарко, несмотря на то что наступил вечер. (2) Как ни старались мы добраться в этот день до самой высокой горы, нам сделать этого не удалось. — Несмотря на то что мы старались добраться в этот день до самой высокой горы, нам сделать этого не удалось. (3) Как ни жаль, мне пора идти. (4) Хотя ему было трудно, он справился с работой. (5) Хотя мы шли очень быстро, мы опоздали на поезд. — Как ни быстро мы шли, мы опоздали на поезд. (6) Хотя путь был очень труден, мы продвигались вперед довольно быстро.— Как ни труден был наш путь, мы продвигались вперед довольно быстро. (7) Я не могу забыть этого случая, как бы я ни старался. (8) Куда бы я ни посмотрел, везде только одни горы. (9) Несмотря на ночь, на улице было очень много народу.

पाठ के अभ्यास

I. पाठ का रूसी में लिखित अनुवाद कीजिये।

II. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद करके उनका जवाब दीजिये।

(1) Какие товары вывозились из Индии в XVII-XVIII вв.? (2) Каковы традиционные товары индийского экспорта и какие индийские товары известны во всем мире с самых древних времен? (3) Какое влияние оказала английская колониальная администрация на экономику и торговлю Индии? (4) Когда начался закат старой индийской промышленности? (5) Каково было положение ремесленников в колониальной Индии? (6) Каково было положение сельского хозяйства в колониальной Индии? (7) В каком году произошло общеиндийское национальное восстание, известное в истории как сипайское восстание? (8) Какие меры приняли англичане после подавления (कुचलना *п.*) этого восстания? (9) Каковы были экономические последствия раздела Индии? (10) Какой процент населения Индии проживает в деревнях? (11) Какова посевная площадь в Индии? (12) Какие сельскохозяйственные культуры наиболее распространены в Индии? (13) В чем причина нехватки продовольствия в Индии? (14) Каков средний размер (आकार *м.*) земельного надела в Индии? (15) Какие меры предпринимает индийское правительство для развития системы ирригации в стране?

(16) В чем нуждается Индия для повышения урожайности сельскохозяйственных культур? (17) Сколько миллионов тонн стали производит Индия в настоящее время? (18) Какими природными ресурсами располагает Индия? (19) Какие отрасли промышленности были созданы в Индии после завоевания независимости? (20) Каковы перспективы (सम्भावना *ж.*) экономического развития Индии?

III. **रूसी में अनुवाद कीजिये।**

१) भारतवर्ष एक कृषि-प्रधान देश है। संसार के जिन देशों में कृषि का विकास सब से पहले हुआ, उनमें भारत प्रमुख है। आज भी भारत की अर्थ-व्यवस्था में कृषि महत्त्वपूर्ण है। कृषि का महत्त्व इन बातों से साफ़ हो जाता है:

(१) देश के लगभग पचहत्तर प्रतिशत निवासी गाँव में रहते हैं और उनका मुख्य पेशा[8] कृषि है। देश के लगभग अस्सी प्रतिशत लोग प्रत्यक्ष रूप से कृषि-कार्यों पर निर्भर हैं।

(२) कृषि द्वारा ही देश के निवासियों को भोजन मिलता है। देश की ८५% कृषि-योग्य भूमि पर अन्न का उत्पादन किया जाता है। इस बात के बावजूद भारत की विशाल जनसंख्या के लिये कभी-कभी अन्न विदेशों से मँगाना पड़ता है।

(३) राष्ट्रीय आय का लगभग आधा भाग कृषि द्वारा प्राप्त होता है। उदाहरण के लिये १९६०—१९६१ में कृषि और कृषि-सम्बन्धी उद्योगों से ६४० करोड़ रुपये की राष्ट्रीय आय हुई थी।

(४) देश के कई प्रमुख उद्योगों को कच्चा माल खेती ही से मिलता है। पटसन, चीनी, सूती कपड़ा, तम्बाकू आदि के उद्योग खेती पर ही निर्भर हैं।

(५) कृषि-उत्पादन की वस्तुओं को लाने-ले जाने से देश के यातायात के कर्मचारियों को काम मिलता है और उनकी उन्नति होती है।

(६) भारत से विदेशों को निर्यात की जानेवाली वस्तुओं में आधे से अधिक वस्तुएँ कृषि से प्राप्त होती हैं। भारत से निर्यात की जानेवाली वस्तुओं में चाय, पटसन का सामान, छींट और सूती कपड़ा, कपास, तेल, तम्बाकू और चीनी आदि मुख्य हैं।

२) अपने महत्त्व के बावजूद भारतीय कृषि अभी तक पिछड़ी हुई है। इस देश में कृषि के पिछड़ा होने की पुष्टि[9] प्रति एकड़ में होनेवाले बहुत ही कम उत्पादन से होती है। भारत में प्रति एकड़ में गन्ने का जो औसत उत्पादन है, उससे सात गुना अधिक उत्पादन हवाई द्वीप में और छः गुना जावा में होता हैं। भारत की अपेक्षा अमरीका में कपास की प्रति एकड़ उपज तीन गुनी अधिक है और मिस्र में छः गुनी। इसी प्रकार गेहूँ, चावल और तम्बाकू आदि का औसत उत्पादन भी सोवियत संघ, अमरीका, जापान और इटली में भारत से अधिक होता है।

---

[8] पेशा *м.* 'род занятий', 'профессия'.

[9] पुष्टि *ж.* 'подтверждение'.

३) भारत में पिछड़ी हुई खेती के कुछ प्रमुख कारण ऐसे हैं:

(१) देश में सदियों पुराने तरीक़ों और औज़ारों से खेती की जाती है। खेती के नये और विकसित ढंग अभी तक प्रयोग में बड़े पैमाने पर नहीं आ पाये हैं।

(२) भूमि का क्षेत्रफल किसानों की विशाल जनसंख्या के लिये बहुत कम है। छोटे और एक दूसरे से दूर स्थित खेतों में सिंचाई और खेती की मशीनों का प्रयोग संभव नहीं होता।

(३) देश में रसायनिक खाद की बहुत कमी है। भारत में खाद के सिर्फ़ दो-चार कारख़ाने हैं। पशुओं के गोबर[10] का भी लोग ईंधन के रूप में प्रयोग करके क़ीमती प्राकृतिक खाद नष्ट कर देते हैं।

(४) पशुओं का भी भारतीय कृषि में बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान है, परंतु वे भी कमज़ोर हैं और खेती-संबंधी काम ठीक से नहीं कर पाते।

(५) भारतीय किसान ग़रीबी के कारण अच्छे बीज बचाकर नहीं रख पाते हैं। ख़राब बीजों से फ़सल भी ख़राब हो जाती है।

(६) कृषि-क्षेत्र के केवल चौबीस प्रतिशत भाग में सिंचाई का प्रबंध है। भारतीय खेतीबारी मुख्य रूप से वर्षा पर निर्भर है।

४) देश की कृषि-संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखकर भारत सरकार उचित क़दम उठा रही है। स्वतंत्रताप्राप्ति के बाद १९४७ से लेकर १९५२ तक देश में "अधिक अन्न उपजाओ" नामक आंदोलन[11] चलाया गया। इस समय में लाखों कुओं का निर्माण और मरम्मत की गयी। बहुत-सी बेकार भूमि कृषि-योग्य बनायी गयी। किसानों में दो लाख टन रसायनिक खाद और चौंतीस लाख टन अच्छे बीज बाँटे गये। भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना में कृषि, बिजली और सिंचाई पर १,०१८ करोड़ (४३%) रुपये ख़र्च किये गये। देश की अर्थ-व्यवस्था के पक्के सुधार के लिये कृषि-विकास पर अधिक ख़र्च करना उचित ही था। परन्तु फिर भी कृषि पर ५६८ करोड़ (१२%) रुपये ख़र्च किये गये। देश की तेज़ी से बढ़ती हुई जनसंख्या को ध्यान में रखकर तीसरी पंचवर्षीय योजना में फिर कृषि-विकास पर अधिक बल दिया गया और कृषि पर १,७२५ करोड़ (१४%) रुपये ख़र्च किये गये। चौथी पंचवर्षीय योजना में कृषि क्षेत्र के लिये ३,३७४ करोड़ (१४%) रुपये लगाये गये हैं।

५) स्वतंत्र भारत की सरकार ने १९४८ में अपनी औद्योगिक नीति की घोषणा की थी। शुरू के कुछ वर्षों में अधिक औद्योगिक प्रगति न हो सकी। इसका कारण पुरानी मशीनें, यातायात की कमी आदि था। १९५० के बाद से देश में औद्योगिक उन्नति प्रतिवर्ष होती रही। औद्योगिक उत्पादन-सूचक-अंक[12] १९५१ में १०० और १९५५ में १२२ हो गया था। १९५६ में औद्योगिक उत्पादन-सूचक-अंक १३२.६ पर पहुँच गया। १९५९ में सब वस्तुओं का उत्पादन-सूचक-अंक १५१.१ था और अब यह २३० से ज़्यादा हो गया है। भारत में सरकार की ओर से चित्तरंजन नामक स्थान पर दो सौ से ज़्यादा रेल इंजन प्रतिवर्ष बनने लगे। सिन्दरी के कारख़ाने में कई लाख टन रसायनिक खाद प्रतिवर्ष बनती है। विशाखापट्टनम के कारख़ाने से

---

[10] गोबर *м.* 'навоз'.

[11] आंदोलन *м.* 'движение'.

[12] सूचक-अंक *м.* 'индекс'.

बहुत से समुद्री जहाज़ बन चुके हैं। भारत में लोहे और इस्पात के ३ बड़े कारख़ाने, मध्यप्रदेश में भिलाई, उड़ीसा में राउरकेला और बंगाल में दुर्गापुर नामक स्थानों पर खोले गये हैं। अब बोकारो में चौथा कारख़ाना बनाया जा चुका है। राँची में भारी मशीनों और बंगलौर में हवाई जहाज़ और मद्रास में रेल के डिब्बे बनाने के कारख़ाने खोले गये हैं। मध्य प्रदेश में ३ लाख टन अख़बार का काग़ज़ प्रतिवर्ष बनने लगा। देश में तेल शोधक, सिमेंट, अल्युमिनियम, भिन्न रसायनिक पदार्थ आदि के विशाल कारख़ाने खोले गये हैं। भारत में कपड़ा, जूट का माल, नक़ली रेशम, काग़ज़, सिमेंट, साइकिलें, सिलाई की मशीनें, बिजली के पंखे और मोटर बनाने के उद्योगों में बड़ी उन्नति हुई है। प्रथम पंचवर्षीय योजना में देश के औद्योगिक तथा खनिज विकास पर १७९ करोड़ रुपये ख़र्च करने की व्यवस्था की गयी थी। दूसरी पंचवर्षीय योजना में उद्योगों और खनिज विकास के लिये ८९१ करोड़ रुपये की व्यवस्था थी। तीसरी पंचवर्षीय योजना में सार्वजनिक क्षेत्र में १,५०० करोड़ रुपये तथा निजी क्षेत्र में १,००० करोड़ रुपये ख़र्च किये गये थे। चौथी पंचवर्षीय योजना में उद्योग और खनिज विकास के लिये योजना के २७ प्रतिशत रुपये ख़र्च किये गये हैं यानी क़रीब ५,००० करोड़ रुपये।

IV. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. Индия с давних времен экспортировала на мировой рынок различные товары, среди которых особой популярностью пользовались изделия из слоновой кости, металла, а также шелковые и хлопчатобумажные ткани. Индийские мастера славились во всем мире своей резьбой по слоновой кости. Муслин и набивной ситец также являлись важнейшими товарами индийского экспорта.

II. Европейцы давно стремились захватить Индию, их внимание привлекали разнообразные предметы роскоши, привозимые индийскими купцами на европейские рынки. Европейцы хотели завладеть Индией, чтобы самим стать хозяевами индийского рынка. Они воевали между собой за право управлять страной. В конце концов победу одержали англичане. С самого начала они стали ограничивать индийскую промышленность, что привело к ее гибели. В Индию хлынул поток товаров, ввозимых из Англии. Готовые английские товары начали вытеснять (हटाना *п.*) с индийского рынка изделия индийских ремесленников, мастерские и фабрики закрывались, миллионы индийских ремесленников становились безработными. Традиционный индийский экспорт начал приходить в упадок. В течение двухсот лет Индия была фактически отделена от всего мира.

III. Колониальное господство англичан сказалось и на сельском хозяйстве страны, которое непрерывно ухудшалось. Крестьян-

ские поля непрерывно дробились, что приводило к тому, что миллионы индийских крестьян оказались безземельными. Безземельные крестьяне становились жертвой нищеты, голода и болезней. Колониальная политика англичан в индийской деревне, непрерывно растущие налоги (कर *м.*), разрушение индийской промышленности и другие мероприятия английских колониальных властей привели к общеиндийскому национальному восстанию, которое начали сипаи.

IV. После получения страной независимости индийское правительство начало уделять первостепенное внимание развитию сельского хозяйства и промышленности. Стали создаваться совершенно новые для Индии отрасли промышленности. Наряду с этим развивались и старые традиционные отрасли экономики. В области сельского хозяйства основное внимание было обращено на повышение урожайности сельскохозяйственных культур, для чего особый упор был сделан на развитие системы орошения и на производство химических удобрений. Была также предпринята попытка объединить мелкие крестьянские поля для лучшего использования сельскохозяйственной техники.

V. Ирригация в Индии является основой для ведения сельского хозяйства. Поэтому индийское правительство особое внимание обратило на строительство в деревнях сети колодцев и каналов. В дальнейшем оно начало создавать большие ирригационные сооружения, из которых наиболее значительным является Бхакранангальская плотина. Подобного рода сооружения имеют большое значение для экономики страны, потому что они дают электроэнергию промышленности и воду сельскому хозяйству. Ирригационные сооружения позволяют успешно бороться с засухой.

VI. Индийское правительство решило повести экономику страны по пути планового развития. В этих целях в стране была создана Плановая комиссия, разрабатывающая проекты (रूपरेखा *ж.*) пятилетних планов развития индийской экономики. Пятилетние планы являются прочным фундаментом для создания современной промышленности в Индии. Индийское правительство уже много сделало для развития национальной экономики, однако в этом направлении предстоит сделать еще больше. В настоящее время весь индийский народ пытается разрешить самую важную проблему своего независимого строительства — создать мощную промышленность и современное сельское хозяйство, способные удовлетворить все нужды страны в металле и хлебе, в машинах и одежде. Отдавая

преимущество развитию промышленности, индийское правительство большое внимание уделяет развитию основных отраслей промышленности, которые являются основой для создания всей экономики в целом. Советский народ желает индийскому народу новых успехов на пути создания современной независимой экономики.

V. ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) हाथी-दाँत पर ... के लिये भारत सदियों से प्रसिद्ध है। (२) सोवियत संघ की ... शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के सिद्धांत पर आधारित है। (३) दो सदियों से भारत ब्रिटेन का ... रहा। (४) देश की आर्थिक उन्नति के लिये सब ज़रूरी साधनों को ... आवश्यक है। (५) पुराने समय से भारतीय ... बहुत कुशल थे, उनके हाथों की बनी वस्तुएँ सारी दुनिया में मशहूर हैं। (६) अब भारत में ... की चीज़ों के आयात पर बंदिश लगी है। (७) विश्व के कोने-कोने में भारतीय ... की बड़ी माँग है। (८) १९४७ में भारत का दो देशों में ... हुआ। (९) साम्राज्यवाद के विरुद्ध हो रही लड़ाई में मज़दूर वर्ग की ... अनिवार्य है। (१०) भारतीय वैज्ञानिकों का मत है कि भारत के औद्योगिक विकास की ... धीमी है। (११) स्वतंत्रता ... के बाद भारत स्वतंत्र आर्थिक विकास के पथ पर चलने लगा। (१२) दूसरे विश्वयुद्ध के समय बहुत से नगर ... किये गये थे। सोवियत उक्राइना में एक चौथाई से अधिक गाँव पूरी तरह ... हुए। (१३) ... भूमि की उपज ज़्यादा होती है, लेकिन पानी के अतिरिक्त ज़मीन को ... भी चाहिये। (१४) आधुनिक विज्ञान आधुनिक ... पर आधारित होना चाहिये। (१५) १९५० की अपेक्षा अब भारत का आर्थिक ... दुगुना बढ़ गया है। (१६) बीसवीं सदी के अंत तक दुनिया की आबादी सात ... तक पहुँच जाएगी। (१७) सोवियत संघ में १९५४ से ... पड़ी भूमि जोती जाने लगी। (१८) पिछले वर्षों में सोवियत संघ के बुनियादी उद्योगों की बड़ी ... हुई। (१९) भारत की नयी पंचवर्षीय योजना के दौरान कृषि के विकास को ... दी गयी है। (२०) आधुनिक समाज में सब समस्याएँ शांतिपूर्ण तरीक़े द्वारा ... की जानी चाहियें। (२१) १९५० में भारत सरकार ने योजना- ... की स्थापना की। (२२) भारत में चीनी ... से बनती है। (२३) सोवियत संघ की सहायता से भारत में बीसों नयी ... चलाई जा रही हैं।

VI. हिन्दी में अनुवाद करके निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये।

Рост, развитие (2); сельское хозяйство (2); сахар (2); собирать, накапливать (2); сила, мощь (2); дорога, путь (3); запрет, ограничение (2); сила, усилие (2); базар, рынок (2); засуха (2); часть (2); джут (2).

VII. निम्नलिखित संज्ञाओं के लिये उचित विशेषण लिखिये।

–नीति ; –कारीगर ; –खेतीबारी ; – निर्यात ; –एकता ; –आय ; –खेती ; –भूमि ; –उद्योग ; –अर्थ-व्यवस्था ; –नींव ; –खाद ; –राज ; –प्रतिबंध ; –क्षेत्र ।

VIII. निम्नलिखित विशेषणों के लिये उचित संज्ञाएँ लिखिये।

परम्परागत – ; बेकार –; सिंचित –; व्यापारिक – ; लुप्त – ; राजनीतिक – ; बुनियादी – ; सहकारी – ; सूखा – ; आधुनिक – ; मिला-जुला – ; मज़बूत – ; राष्ट्रीय – ; नष्ट – ; धीमा – ।

IX. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का प्रयोग करके वाक्य बनाइये।

प्रतिबंध लगाना ; बंदिश लगाना ; भूखों मरना ; मुँह देखना ; कम ठहरना ; मुँह बाना ; सहायता लेना ; उचित करना ; वृद्धि करना ; रूप लेना ; नींव डालना ; प्राथमिकता देना ; बल देना ; याद रहना ।

X. अपने देश की अर्थ-व्यवस्था-संबंधी सफलताओं का हिन्दी में वर्णन कीजिये।

XI. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Экономика Индии

Более четырехсот лет назад в Индию начали проникать первые европейцы. Уже к середине XVIII столетия англичанам удалось вытеснить из Индии остальных европейцев и захватить значительную территорию Южной Индии и Бенгалии. Спустя столетие Англия подчинила себе всю страну и превратила ее в колонию. Почти двухсотлетнее господство англичан принесло индийскому народу голод и нищету. За долгие годы своего господства англичане превратили Индию в рынок сбыта своих товаров. Вывозилось же из Индии сырье — хлопок, джут, марганец. Промышленные предприятия, построенные англичанами, производили главным образом полуфабрикаты (अर्द्धतैयार माल *м.*).

Начало современного промышленного развития Индии относится к концу первой мировой войны. До этого времени имелись хлопчатобумажная промышленность Западной Индии, джутовая про-

мышленность Бенгалии и угольная промышленность Бихара. Тогда же был построен металлургический завод Таты (टाटा) в Джамшедпуре (जमशेदपुर). Существовало также несколько некрупных предприятий бумажной, сахарной и других отраслей промышленности. Первая мировая война 1914 — 1918 гг. способствовала развитию уже имеющихся отраслей промышленности: импорт был затруднен, а война вызвала острый спрос на промышленную продукцию. Однако после окончания войны индийская промышленность столкнулась с еще более жестокой конкуренцией (होड़ *ж.*) со стороны Англии и Японии. Однако во время кризиса 1929 — 1933 гг. в таких отраслях промышленности, как сахарная, хлопчатобумажная, джутовая, цементная, бумажная, отмечался значительный рост производства. Но период роста закончился в 1937 г., и этим отраслям промышленности пришлось столкнуться с трудностями, ибо их продукция не находила сбыта.

Вторая мировая война также способствовала дальнейшему развитию промышленности Индии. Предприятия основных отраслей промышленности работали на полную мощность. В годы войны начали возникать отрасли тяжелой промышленности, среди которых важнейшими явились металлургическая, машиностроительная и химическая, а также промышленность электрической аппаратуры (यंत्र *м. мн.*). После получения независимости правительство Индии сделало упор на плановое развитие экономики.

В первом пятилетнем плане основной упор был сделан на увеличение сельскохозяйственного производства, однако план учитывал также важность и необходимость промышленного развития. Ресурсы, которыми располагал для этого государственный сектор, были ограниченными, вследствие чего рост промышленности должен был идти по линии развития частного сектора. План предусматривал расходы на промышленность по государственному сектору в размере 940 млн. рупий. Предполагалось построить ряд новых крупных объектов и завершить строительство уже начатых.

Во втором пятилетнем плане ставилась задача быстрой индустриализации страны с особым упором на развитие основных отраслей промышленности. В соответствии со вторым пятилетним планом в стране было построено три металлургических завода мощностью (उत्पादन-क्षमता *ж.*) 1 млн. тонн стали каждый. Кроме того, в плане предусматривалось увеличение производственной мощности ряда действующих (चालू) предприятий, например паровозостроительного завода в Читтаранджане (चित्तरंजन). По второму пятилет-

нему плану в промышленность по государственному сектору было вложено 5020 млн. рупий.

В третьем пятилетнем плане также основной упор был сделан на развитие промышленности, для которой было выделено 25% всех средств. В четвертом пятилетнем плане средства, выделяемые на промышленность, выросли более чем в два раза по сравнению с прошлым планом и составили 27% всего плана, т.е. более 50 млрд. рупий.

Для Индии развитие промышленности так же важно, как и развитие сельского хозяйства. Но положение в сельском хозяйстве не может в достаточной степени (पर्याप्त मात्रा में) улучшиться, пока избыточная рабочая сила (अतिरिक्त श्रम शक्ति *ж.*) из деревни не будет постепенно направлена в промышленность и другие области экономики. Кроме того, производительность труда (श्रम की उत्पादन-क्षमता *ж.*) в промышленности гораздо выше, чем в сельском хозяйстве, что также указывает на необходимость быстрого промышленного развития.

В течение последних 50 лет Индия добилась больших успехов в промышленном развитии. Импорт многих товаров, в том числе хлопчатобумажных тканей, чугуна (कच्चा लोहा *м.*), стали, сахара и т.д., был прекращен. Некоторые из этих товаров, как хлопчатобумажные ткани, сахар и изделия из шерсти, Индия в настоящее время уже сама экспортирует в другие страны. Общий объем (मात्रा *ж.*) выпускаемых промышленностью товаров выводит Индию в число десяти передовых промышленных стран мира. Однако если учесть территорию, численность населения и ограниченные естественные ресурсы страны, то этот прогресс оказывается небольшим.

(На основе книги Л. Нараина «Экономика Индии», М., 1961).

XII. रूसी में अनुवाद कीजिये।

समाजवादी उद्योग का निर्माण

लेनिन ने बताया था कि ऊँचे तौर पर विकसित उद्योग के बिना और सब से पहले बिजलीकरण[13] पर आधारित भारी उद्योग का निर्माण किये बिना रूस में समाजवाद का निर्माण नहीं किया जा सकता। लेनिन के सिद्धांतों को पूरा करते हुए सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी ने अपना मुख्य कर्त्तव्य निर्धारित किया–सोवियत संघ को कृषिप्रधान देश की हालत से निकालकर, जो दूसरे देशों से मशीनें और

[13] बिजलीकरण *м.* 'электрификация'.

अन्य औज़ार मँगाता रहा है एक औद्योगिक देश के रूप में बदला जाए। एक ऐसा देश बनाने का कर्त्तव्य निर्धारित किया जो ख़ुद मशीनों और औज़ारों का निर्माण करेगा।

सोवियत संघ का औद्योगीकरण आर्थिक विकास की लम्बे अरसेवाली और वार्षिक योजनाओं के आधार पर किया गया जो बड़ी ही सावधानी से तैयार की गयी योजनाएँ थीं। १९२९ में सोवियतों की अखिल संघीय[14] कांग्रेस ने सोवियत संघ के आर्थिक विकास की प्रथम पंचवर्षीय योजना स्वीकार की। इस योजना के अनुसार १९२९–१९३३ के बीच राष्ट्रीय अर्थ-व्यवस्था में पिछले पाँच वर्षों की अपेक्षा ढाई गुना ज़्यादा रूबल लगाने की व्यवस्था की गयी थी। उद्योग में लगायी जानेवाली पूँजी[15] का हिस्सा पिछले ५ वर्षों की तुलना में चार गुना अधिक था। १९३३–१९३७ के बीच दूसरी पंचवर्षीय योजना के समय प्रथम पंचवर्षीय योजना के ५० अरब ५० करोड़ रूबल की अपेक्षा १३३ अरब ४० करोड़ रूबल की पूँजी लगाने की व्यवस्था की गयी थी। तीसरी पंचवर्षीय योजना (१९३८–१९४२) में लगायी जानेवाली पूंजी प्रथम और दूसरी योजनाओं में लगायी जानेवाली कुल पूँजी से भी अधिक होने का अनुमान था।

प्रथम पंचवर्षीय योजना के पहले वर्ष में ही औद्योगिक निर्माण का काम सही अर्थों में बड़े पैमाने पर शुरू हो गया। उस समय वोल्गोग्राद, ख़ारकोव और चेल्याबिंस्क में ट्रैक्टर बनानेवाले कारख़ानों का निर्माण हो रहा था, रोस्तोव-आन-दोन में कृषि-संबंधी मशीनों के कारख़ाने का निर्माण हो रहा था जो दुनिया में सब से बड़ा था, मास्को और गोर्की में मोटर बनानेवाले कारख़ानों का निर्माण हो रहा था, यूराल में मगनितनाया पर्वत के निकट और साइबेरिया में कुज़नेत्स्क में लोहे और इस्पात के विशालतम कारख़ाने खड़े किये जा रहे थे[16]। इतिहास में ऐसी कोई भी मिसाल नहीं कि किसी भी देश में इतने बड़े पैमाने पर शानदार निर्माण हुआ हो।

दूसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान भी औद्योगिक निर्माण में वृद्धि होती रही। १९३३–३७ के मध्य[17] ४,५०० औद्योगिक कारख़ानों की स्थापना हुई जो प्रथम पंचवर्षीय योजना की अपेक्षा तीन गुना अधिक है। और तीसरी पंचवर्षीय योजना के साढ़े तीन वर्षों के अर्से में क़रीब ३,००० कारख़ानों का निर्माण हुआ। इस तरह युद्ध शुरू होने के पहले के तेरह वर्षों में, १९२८–१९४० के बीच क़रीब ९,००० बड़े और आधुनिक कारख़ानों का निर्माण पूरा हो चुका था। इस सिलसिले में उद्योग की ऐसी शाखाओं की स्थापना हुई जो रूस के लिये बिलकुल नयी थीं। उदाहरण के लिये मोटरगाड़ी और ट्रैक्टर-निर्माण-उद्योग, रसायनिक उद्योग, भारी मशीन बनानेवाले उद्योग आदि का ज़िक्र किया जा सकता है।

कुछ ही समय में सोवियत संघ पिछड़ा होने की हालत से निकलकर विकसित देश हो गया। १९१३ की अपेक्षा बुनियादी उद्योगों में उत्पादन १२ गुना अधिक हुआ। राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के कुल उत्पादन में उद्योग का हिस्सा तीन चौथाई था

---

[14] संघीय 'союзный'.

[15] पूँजी *ж.* 'капитал'.

[16] खड़ा करना *п. зд.* 'возводить'.

[17] के मध्य 'между'.

श्रौर इससे श्रौद्योगिक उत्पादन का दो-तिहाई से अधिक भाग उत्पादन-साधनों के उत्पादन में लगा था।

मशीन-निर्माण के क्षेत्र में विशेष प्रगति हुई। १६४० में १६१३ के स्तर की अपेक्षा पैंतीस गुना ज़्यादा उत्पादन हुआ था। इस उद्योग के अद्भुत विकास का सहारा लेकर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की सभी शाखाओं में—यातायात, उद्योग और कृषि में—नया सामान लगाना सम्भव हो गया।

इन सब सफलताओं के कारण विश्व-अर्थव्यवस्था में भी सोवियत संघ की जगह बदल चुकी थी। १६१३ में कुल उत्पादन की दृष्टि से दुनिया में रूस का पाँचवाँ स्थान था और दुनिया के कुल औद्योगिक उत्पादन में उसका हिस्सा सिर्फ़ चार फ़ीसदी से थोड़ा अधिक था। परन्तु १६३६ में संसार में कुल उत्पादन की दृष्टि से युरोप में उस का स्थान पहला था और दुनिया में दूसरा। दुनिया के कुल औद्योगिक उत्पादन में उसका हिस्सा १४ फ़ीसदी पड़ता था। इस तरह सोवियत संघ में समाजवादी उद्योग का निर्माण किया गया जिसके कारण सोवियत संघ आर्थिक दृष्टि से शक्तिशाली देश हो गया और उसकी आर्थिक शक्ति दिन-पर-दिन बढ़ती गयी।

चुटकुले

१) राकेश—"मैं ऐसी कहानी सुना सकता हूँ जिससे सिर के बाल खड़े हो जायें"

राम—"चलो उस गंजे[18] को कहानी सुनाओ!"

२) अध्यापक: (एक विद्यार्थी से) अगर दिन में सूर्य[19] न निकले तो क्या हानि[20] हो?

विद्यार्थी: (खड़े होकर) जी, बिजली का ख़र्च बढ़ जाएगा।

३) रमेश: मुझे दस रुपये उधार दे दो।

मोहन: मैं उधार नहीं देता[21]।

रमेश: तो फिर नक़द दे दो[22]।

दोहराव

हिन्दी में अनुवाद कीजिये

I. (1) Вы, должно быть, забыли отправить письмо. (2) Ты, вероятно, читал описание этого удивительного путешествия. (3) Они, очевидно, опоздали на этот поезд и приедут со следующим. (4)

---

[18] गंजा 'лысый'.

[19] सूर्य *м.* 'солнце'.

[20] हानि *ж.* 'ущерб', 'вред'.

[21] उधार देना 'давать взаймы'.

[22] नक़द देना 'давать наличными'.

Когда вы вернетесь домой, он уже будет спать. (5) К концу этого века население нашей планеты может достигнуть семи миллиардов человек.

II. (1) По утрам, когда иду на работу, я обычно покупаю свежие газеты. (2) Он регулярно занимается языком хинди, постоянно выписывает новые слова и систематически исправляет допущенные ошибки. (3) Я приехал в Ленинград и по обыкновению послал ей телеграмму.

III. (1) Мое внимание привлекло сообщение, опубликованное в сегодняшней газете. (2) В настоящее время я внимательно изучаю книги, присланные мне из Индии. (3) На столе лежали купленные мамой яблоки. (4) Мне понравилась книга, написанная этим известным писателем. (5) Этот радиоприемник изготовлен на одном из ленинградских заводов.

IV. (1) Если бы вчера весь день не шел дождь, мы обязательно сходили бы в зоопарк. (2) Если бы я прочитал эту книгу, я бы смог успешно сдать экзамен. (3) Если бы вы опоздали, то вам пришлось бы несколько дней ждать отправления следующего парохода. (4) О, если бы я мог увидеть все это своими глазами! (5) О, если бы я знал, я никогда не совершил бы этой ошибки! (6) Если бы я очень захотел, я бы, наверное, смог достать билет на этот концерт (कंसर्ट *м.*). (7) В мире, пожалуй, нет такого человека, который бы не знал и не читал работ В.И. Ленина.

ГРАММАТИКА

Продолженное причастие (§ *40*)
Прогрессивно-продолженное причастие (§ *41*)
Настоящее продолженное обычное время (§ *42*)
Прошедшее продолженное обычное время (§ *43*)
Типы связи слов в предложении (§ *44**)

पाठ

ओलिम्पिक खेल

ओलिम्पिक खेलों का इतिहास दिलचस्प और पुराना है। इनकी अपनी एक परम्परा है जोकि ईसा से लगभग एक हज़ार वर्ष पहले से चली आ रही है।

ओलिम्पिक खेल हैं चतुर्वार्षिक अन्तर्राष्ट्रीय खेलकूद-प्रतियोगिता-सम्मेलन। खेलों का श्रीगणेश प्राचीन काल में यूनानियों ने किया था। चूँकि ये खेल यूनान की एल्फ़ियस नदी के किनारे स्थित ओलिम्पिया नामक स्थान में होते थे, इसलिए ये ओलिम्पिक खेल कहलाने लगे थे। इतिहासज्ञों का कहना है कि विश्व के सब से पहले ओलिम्पिक खेल ईसा से ७७६ वर्ष पूर्व, ओलिम्पिया की उत्तरी सीमा पर स्थित एक विशाल मैदान में हुए थे और चार-चार वर्षों के अंतर से लगातार ११७० वर्षों तक—सन् ३९४ तक होते रहे।

पिछली सदी के अन्त में वैज्ञानिकों द्वारा की गयी खुदाई से प्राचीन ओलिम्पिक स्टेडियम के बारे में कई नई बातों का पता चला। वैज्ञानिकों का विचार है कि ओलिम्पिया के संगमरमर से बने स्टेडियम का निर्माण प्रथम ओलिम्पिक खेलों के जन्म के ऐतिहासिक वर्ष से भी कई सौ साल पहले हुआ होगा। लगभग २१० मीटर लम्बे और ३१ मीटर चौड़े इस स्टेडियम में साठ हज़ार से अधिक दर्शकों के बैठने की व्यवस्था थी। इस में एक अखाड़ा, प्रतिस्पर्धियों के अभ्यास के लिए कई व्यायामशालाएँ तथा कई **स्नान-गृह** थे जहाँ खिलाड़ी गर्म और ठंडे पानी से नहाने के अलावा **भाप का स्नान भी कर सकते थे**। उनके आराम करने तथा वर्षा या धूप के समय अभ्यास करने की भी अच्छी व्यवस्था की गई थी। दौड़-प्रतियोगिताओं के लिए एक विशेष **दौड़-पथ** बनाया गया था।

आरंभ में ये खेल केवल "स्थानीय" थे पर बाद में यूनान के सभी राज्यों के निवासियों को ओलिम्पिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने की इजाज़त दी जाने लगी।

प्रतियोगिताएँ जब संख्या में बहुत अधिक हो गईं, तो ओलिम्पिक खेलों का कार्यक्रम पाँच दिनों तक चलने लगा। पहले दिन खिलाड़ी और निर्णायक दोनों

ओलिम्पिक की **शपथ लेते थे**। दूसरे दिन नौजवानों की प्रतियोगिताएँ होती थीं। तीसरा दिन दौड़, कुश्ती तथा घूँसेबाज़ी की प्रतियोगिताओं में चला जाता था। चौथे दिन **पाँच खेलों** की प्रतियोगिता का आयोजन होता था। पाँचवें दिन, पुरस्कार-वितरण-समारोह के साथ खेल समाप्त हो जाते थे। विजेताओं के नाम, उनके पिता, गाँव तथा वंश के नाम के साथ एक विशेष सूची में दर्ज कर लिए जाते थे।

यूनान के रोमन राज्य का एक भाग बन जाने पर ओलिम्पिक खेलों का पतन भी आरंभ हो गया और अंत में रोम के सम्राट् थियोडिसियस प्रथम ने एक हुक्म जारी करके इन खेलों को बंद ही करा दिया।

पर काल ओलिम्पिक खेलों की परम्परा को नष्ट करने में असफल ही रहा। १५०० वर्ष बाद १८९६ में एथेन्स में ही एक फ़्राँसीसी शिक्षक कौबर्टीन की अथक कोशिशों के फलस्वरूप जिन्हें लोग संसार भर में "आधुनिक ओलिम्पिक खेलों के पिता" के रूप में जानते हैं, ओलिम्पिक खेलों का **पुनर्जन्म** हुआ।

ओलिम्पिया की आग फिर जल गई। अब नये ओलिम्पिक खेलों के द्वार विश्व के सभी प्रतिस्पर्धियों के लिए खुले हैं। उनके लिए कोई आयु-सीमा नहीं है। किसी भी उम्र का कोई भी खिलाड़ी किसी भी प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। अंतर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक समिति का एक सिद्धांत यह है कि प्रत्येक प्रतिस्पर्धी कभी भी पेशेवर खिलाड़ी न रहा हो। दूसरा यह है कि किसी देश की ओर से **हिस्सा लेने** का अधिकार उन प्रतिस्पर्धियों को है जो या तो उस देश के **मूल-निवासी** हों, या उस देश के नागरिक हो गये हों।

ओलिम्पिक झंडे पर लिखा हुआ ओलिम्पिक खेलों का **सिद्धांत-वाक्य** यह है— "अधिक वेग से, अधिक ऊँचाई पर और अधिक शक्ति के साथ!"

अधिकांश विजेताओं को पदकों के अलावा डिप्लोमे भी दिये जाते हैं। विजयी दल को केवल डिप्लोमा ही प्रदान किया जाता है यद्यपि दल के सदस्यों को पदक भी मिलते हैं। प्रथम स्थान पानेवाले विजेता को **स्वर्ण-पदक**, द्वितीय स्थान के विजेता को **रजत-पदक** और तृतीय स्थान पानेवाले को **कांस्य-पदक** मिलता है। ऐसे प्रति-स्पर्धियों को, जो अपने अद्भुत **प्रदर्शन** के बावजूद कोई पदक नहीं जीत पाये हों, **विशेष** डिप्लोमे प्रदान किये जाते हैं।

प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले विजेताओं के नाम स्टेडियम की दीवारों पर लिखे जाते हैं।

स्टेडियम के चारों ओर सब प्रतिस्पर्धी देशों के झंडे लहराते रहते हैं। जब कोई खिलाड़ी किसी प्रतियोगिता में विजय पाता है तो दर्शकों को इसकी ख़बर स्कोर-बोर्ड के ऊपर उस देश का झंडा फहराकर दी जाती है। इसके साथ-साथ उस देश का राष्ट्रीय गान भी बजाया जाता है। स्कोर-बोर्ड पर विजेता का नाम और रेकार्ड भी अंकित हो जाता है।

पर खेलों का मुख्य सिद्धांत है—"खेल में जीतने की अपेक्षा जीतने की कोशिश करना अधिक श्रेयस्कर है।"

यों तो अब ओलिम्पिक खेलों की विश्व-ख्याति और महत्त्व **इस तरह** बढ़ गये हैं **कि** दुनिया में जितनी और विशाल अंतर्राष्ट्रीय खेल-प्रतियोगिताएँ होती हैं, उन में से कोई भी ओलिम्पिक खेलों के समान नहीं है। हर देश की इच्छा रहती है कि अगले ओलिम्पिक खेलों के आयोजन का गौरव उसे ही मिले। १९६८ के ओलिम्पिक

खेलों के लिए ग्यारह देश उम्मीदवार थे। पर अंतर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक समिति ओलिम्पिक खेलों के आयोजन की ज़िम्मेदारी किसी **देश-विशेष** को नहीं, नगर-विशेष को ही सौंपती है। इस चुने हुए नगर के मेयर को ही ओलिम्पिक की मशाल सौंपी जाती है।

प्रत्येक देश में राष्ट्रीय ओलिम्पिक समिति क़ायम होती है जो कई परीक्षणों के बाद अपने राष्ट्रीय दल के लिए खिलाड़ियों का **चुनाव करती है**। ओलिम्पिक खेलों से पहले इन प्रतिस्पर्धियों के प्रशिक्षण और अभ्यास की ज़िम्मेदारी भी इस संस्था की है।

मेज़बान नगर में हज़ारों खिलाड़ियों के लिए विशेष ओलिम्पिक गाँवों का निर्माण किया जाता है।

ओलिम्पिक खेलों का आरंभ बड़ी धूमधाम से होता है। इतना शानदार समारोह दुनिया में दूसरा नहीं होता! खेलों का उद्घाटन, जिस देश में खेल हो रहे होते हैं, उस देश के प्रधान द्वारा किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक समिति तथा प्रबंध-समिति के अध्यक्ष स्टेडियम के प्रवेश-द्वार पर उनका स्वागत करते हैं। देश के प्रधान के एक विशेष मंच पर पहुँचते ही उस देश का राष्ट्रीय गान बजाया जाता है। इसके बाद खेलों में भाग लेनेवाले सभी देशों के खिलाड़ी अपने-अपने देशों की ख़ास पोशाकों में स्टेडियम का चक्कर लगाते हैं। यूनान का दल सदा आगे रहता है और सब से अंत में रहता है मेज़बान देश का दल। ओलिम्पिक झंडा उठाए कुछ खिलाड़ी इस परेड में सब से आगे चलते हैं। परेड की समाप्ति पर मेज़बान देश के प्रधान एक निर्धारित वाक्य बोलकर खेलों का उद्घाटन करते हैं। इस वाक्य के पूरा होते ही **तोपों की गड़गड़ाहट के बीच** ओलिम्पिक झंडा फहरा दिया जाता है। इस के बाद सब प्रतिस्पर्धियों की ओर से एक प्रतिनिधि स्टेडियम के मध्य में आकर ओलिम्पिक खेलों की शपथ लेता है। फिर ओलिम्पिक मशाल जलायी जाती है तथा खिलाड़ी **परेड करते हुए** स्टेडियम से बाहर चले जाते हैं। अब ओलिम्पिक खेलों के शुरू होने की बारी आती है और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पहली प्रतियोगिता के प्रतिस्पर्धी स्टेडियम में प्रवेश करते हैं।

खेलों का समाप्ति-समारोह यद्यपि उद्घाटन-समारोह की भाँति ख़ूबसूरत नहीं होता, फिर भी उसका अपना महत्त्व है और उसे बड़े **गंभीर तथा औपचारिक रूप से** मनाया जाता है। उसके अंत में तोपों की गड़गड़ाहट के बीच रेशमी ओलिम्पिक झंडे को नीचे उतारा जाता है तथा मेयर को दे दिया जाता है ताकि वह अगले ओलिम्पिक खेलों तक उसे अपने पास सुरक्षित रखें।

सन् १८९६ से १९३६ तक कुल दस ओलिम्पिक खेल हुए। फिर ओलिम्पिक स्टेडियमों पर खेलकूद के गोलों के स्थान पर बम के गोले फेंके जाने लगे। इसका कारण था चल रहा द्वितीय विश्व-युद्ध। यदि प्राचीन ओलिम्पिक खेलों के आयोजन के समय युद्ध बंद कर दिये जाते थे तो आधुनिक ओलिम्पिक खेलों के काल में युद्ध के कारण ओलिम्पिक खेलों को ही बंद करना पड़ जाता है।

शांति हो जाने पर विश्व-युद्ध के बाद के पहले ओलिम्पिक खेल १९४८ में लंदन में हुए। पर उनमें सोवियत संघ ने हिस्सा नहीं लिया।

सोवियत संघ के दल ने पहली बार १९५२ में हेलसिंकी के ओलिम्पिक खेलों में भाग लिया और ओलिम्पिक खेलों के मैदान में उतरते ही शानदार विजय पाई।

यह विजय ओलिम्पिक खेलों के इतिहास की एक महत्त्वपूर्ण घटना थी। इस घटना से ओलिम्पिक खेलों की बहुत बड़ी प्रगति हुई। ओलिम्पिक खेलों में सोवियत संघ के भाग लेने से वे सचमुच अंतर्राष्ट्रीय बनते जा रहे थे।

सोवियत संघ की ओर से पहला ओलिम्पिक पदक जीतने का श्रेय धावक अनोफ़ीएव को मिला, जो १०,००० मीटर की दौड़-प्रतियोगिता में **तीसरे नंबर पर आये थे।** उनकी विजय के बाद सोवियत संघ और अमरीका में बाक़ायदा ओलिम्पिक संग्राम छिड़ गया जो अब तक चल रहा है और जिस में दोनों देशों के साहसिक खिलाड़ी विजय पर विजय प्राप्त करते जा रहे हैं। हेलसिंकी में सोवियत प्रतिस्पर्धी कुल २३ स्वर्ण-पदक और ४५ अन्य पदक जीत पाए। यद्यपि सोवियत संघ ने बहुत सी प्रतियोगिताओं में स्वर्ण-पदक नहीं जीते, फिर भी हमारे खिलाड़ियों ने अमरीकी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में दूसरे से लेकर छठे तक के स्थान अधिक बार प्राप्त किये। ओलिम्पिक खेलों के नियमों के अनुसार औपचारिक रूप से किसी देश को "ओलिम्पिक विजेता" नहीं माना जाता, पर **अनौपचारिक रूप से** खेलकूद के कुछ विशेषज्ञ किसी भी ओलिम्पिक प्रतियोगिता में प्राप्त छः पहले स्थानों के लिए अंक देते चले जाते हैं। इस "अंक-प्रणाली" के अनुसार सोवियत संघ का ओलिम्पिक दल हेलसिंकी ओलिम्पिक खेलों से प्रायः सदा विजयी रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि सोवियत संघ ने पहली बार ओलिम्पिक खेलों में भाग लिया था, उसकी १९५२ की ओलिम्पिक सफलताओं को अद्भुत कहा जा सकता है। हेलसिंकी के ओलिम्पिक खेल सोवियत खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शनों **के लिए** ही याद किये जाते हैं।

नवंबर १९५६ में मैलबोर्न (आस्ट्रेलिया) में हुए सोलहवें ओलिम्पिक खेलों के लिए ६८ देशों ने अपने ३,५३९ प्रतिस्पर्धी भेजे थे। इन खेलों के समय बहुत से नये रेकार्ड क़ायम हुए। मिसाल के लिए अथक दृढ़ता और हिम्मत की मूर्त्ति व्लादीमीर कूट्स ने ५,००० तथा १०,००० मीटर की दौड़-प्रतियोगिताओं में मशहूर एमिल ज़टोपेक के पुराने **रेकार्डों को तोड़कर** दिखाया। कूट्स ने ओलिम्पिक खेलों की **लम्बी दौड़ों** के इतिहास में एक नये युग का आरंभ किया। कुल मिलाकर सोवियत खिलाड़ियों ने मैलबोर्न के खेलों में सब से अधिक ओलिम्पिक पदक पाये।

रोम के ओलिम्पिक खेलों में सोवियत दल ने तीसरी बार यह दिखा दिया कि खेलकूद के क्षेत्र में हमारे खिलाड़ी सब दूसरे देशों के प्रतिस्पर्धियों से कहीं आगे हैं। रोम में सोवियत दल ने ४३ स्वर्ण-पदक, २९ रजत-पदक और ३१ कांस्य-पदक जीते। सोवियत खिलाड़ी लारिसा लटिनिना ने ही ३ स्वर्ण-पदक, २ रजत-पदक और १ कांस्य-पदक जीते। रोम खेलों के दर्शक उसके सनसनीखेज़ प्रदर्शनों को नहीं भूल सकते।

ऊँची कूद-प्रतियोगिता में अमरीकी विजय की परंपरा का अंत रोबेर्ट शवलाकद्ज़े ने कर दिखाया। उन्होंने एक नया ओलिम्पिक रेकार्ड क़ायम करने के साथ-साथ ओलिम्पिक प्रतियोगिताओं में ७ फ़ुट से ऊँची कूद लगानेवाला प्रथम प्रतिस्पर्धी बनने का असाधारण गौरव भी प्राप्त किया। १०,००० मीटर की दौड़ के १९५६ के विजेता कूट्स के पिछले रेकार्ड को तोड़कर एक नया रेकार्ड क़ायम करने का श्रेय हमारे धावक प्योत्र बोलोत्नीकोव को मिला।

१९६४ के टोकियो के अठारहवें ओलिम्पिक खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं में ९८ देशों के लगभग ८,००० खिलाड़ियों ने भाग लिया। एक कृत्रिम उपग्रह की

सहायता से यह व्यवस्था की गई थी कि सोवियत संघ, युरोप तथा अमरीका के करोड़ों दर्शकों को टेलीविजन पर हो रहे खेलों का दृश्य उसी क्षण **देखने और सुनने को मिलता रहे।**

टोकियो में भी खेलकूद में दो सब से शक्तिशाली देशों—अमरीका और सोवियत संघ के खिलाड़ियों के प्रदर्शनों पर सब का ध्यान केंद्रित था। अगर हेलसिंकी में हुए ओलिम्पिक खेलों में अमरीकी दल सोवियत संघ से अंकों में कुछ पीछे रहा तो मैलवोर्न और रोम में उस को बड़ी पराजय का मुँह देखना पड़ा। टोकियो में सोवियत खिलाड़ियों को पीछे छोड़ने के लिये उन्हों ने **अपनी पूरी शक्ति लगा दी।** अपने परंपरागत खेलों और ख़ास तौर पर तैराकी में अपना पूरा ध्यान केंद्रित करके वे लगभग सफल से हो गये। मगर फिर सोवियत खिलाड़ियों की विजयों ने सोवियत दल को आगे ला खड़ा कर दिया।

उन खेलों में हमारे कुशल वेट-लिफ़्टर अलेक्सेई वख़ोनिन ने सोवियत दल के लिये पहला स्वर्ण-पदक जीता। बाद में ब्रेस्ट-स्ट्रोक तैराकी में हमारे खिलाड़ियों ने सुन्दर नतीजा दिखाया—स्कूली लड़की गलीना प्रोज़ुमेन्शिकोवा ओलिम्पिक खेलों की चैम्पियन बनी, स्वेत्लाना बबानिना ने कांस्य-पदक जीता और गेओर्गी प्रोकोपेंको ने रजत-पदक पाया। ये पदक इस लिये और भी क़ीमती थे कि ओलिम्पिक खेलों में सोवियत तैराकों की यह पहली विजय थी। टोकियो में नई-नई शुरू हुई वॉलीबाल-प्रतियोगिता में सोवियत पुरुष खिलाड़ियों की टीम भी प्रथम आयी और पाँच-खेलों में इरीना प्रेस ओलिम्पिक चैम्पियन बनी। पर जब टोकियो के ओलिम्पिक खेलों में सोवियत खिलाड़ियों की शानदार सफलता की बात की जाती है तो इन में सबसे पहला स्थान बाक्सरों की टीम को दिया जाता है। सोवियत टीम के सात खिलाड़ी फ़ायनल तक पहुँच गये और घूँसेबाज़ी में अमरीकी प्राथमिकता को ख़तम कर दिया। फलस्वरूप सोवियत संघ की टीम ने ९६ पदक जीते **जबकि** अमरीका के दल को ९० पदक ही मिले।

१९६८ में मैक्सिको के उन्नीसवें ओलिम्पिक खेलों में भी सोवियत खिलाड़ियों ने अनेक प्रतियोगिताओं में कामयाबी पायी। उदाहरण के लिए विक्टोर सनेयेव ने १७ मीटर २२ सेंटीमीटर लंबी तीन **छलाँगें मारकर तिहरी कूद** में बेजोड़ विश्व-रेकार्ड क़ायम किया। वॉलीबाल-प्रतियोगिता में इस बार न केवल पुरुष खिलाड़ियों की सोवियत टीम प्रथम आयी बल्कि स्त्री खिलाड़ियों की टीम भी। असिक्रीड़ा में एलेना नोविकोवा ओलिम्पिक चैम्पियन बनी।

१९७२ के म्यूनिख़ के बीसवें ओलिम्पिक खेलों के फल जहाँ सोवियत खिलाड़ियों को ५० स्वर्ण-पदक मिले तथा १९७६ के मांट्रियल के इक्कीसवीं ओलिम्पिक खेलों में सोवियत संघ की कामयाबियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि सोवियत लोगों ने खेलकूद के क्षेत्र में कितनी सनसनीख़ेज़ सफलताएँ प्राप्त कर ली हैं।

पक्की आशा की जा सकती है कि भावी ओलिम्पिक खेलों में भी सोवियत खिलाड़ी नई सफलताएँ प्राप्त करते जायेंगे। अंतर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक समिति के निश्चय के अनुसार हर चार साल में ओलिम्पिक खेल हमेशा किसी दूसरे देश के किसी शहर में होते हैं जहाँ ओलिम्पिक मशाल की आग जलायी जाती है। सोवियत लोगों की हार्दिक इच्छा है कि मैत्री की यह ओलिम्पिक मशाल सदा जलती रहे।

नये शब्द

अंक **анк** *м.* 1) цифра; число; очко; 2) оценка, отметка; 3) номер (*напр. газеты*); 4) акт, действие (*пьесы*)

अंकित **а̃нкит** 1) отмеченный; 2) пронумерованный; 3) изображенный; ~ हो जाना быть отмеченным, пронумерованным, изображенным; ~ करना а) отмечать; б) нумеровать; в) изображать

अंतर **антар** *м.* 1) различие, разница; отличие; 2) промежуток

अखाड़ा **ак^{h}а̄р̣а̄** *м.* 1) спортивная площадка, стадион; 2) арена; манеж

अथक **ат^{h}ак** 1) неутомимый; неустанный; 2) непрерывный

असफल **асап^{h}ал** 1) бесплодный; 2) безрезультатный, безуспешный, неудачный; ~ होना (रहना) потерпеть неудачу (में *в чем-л.*); ~ करना (बनाना) а) отражать (*напр. атаку*), б) срывать (*напр. мероприятие*)

असिक्रीड़ा **асикрӣр̣а̄** *ж.* фехтование

ईसा **ӣса̄** *собств. м.* Иисус

उम्मीदवार **уммӣдва̄р** **1.** надеющийся; **2.** *м.* 1) претендент; 2) кандидат

ओलिम्पिक **олимпик** **1.** олимпийский; **2.** *м.* Олимпиада

कहलाना **kahла̄на̄** **1.** *нп.* называться; **2.** *п.* (*понуд. от* कहना *п.*) 1) звать, называть; 2) передавать, извещать

कांस्य **ка̄нсйа** *м.* бронза, латунь

काल **ка̄л** *м* время; период; эпоха

कुश्ती **куштӣ** *ж.* борьба (*спортивная*)

खड़ा **к^{h}ар̣а̄:** ~ करना а) ставить; б) строить, возводить; в) выдвигать, выставлять (*кандидатуру*)

खिलाड़ी **к^{h}ила̄р̣ӣ** *м.* 1) игрок; 2) спортсмен

खुदाई **к^{h}уда̄ӣ** *ж.* 1) раскопки; 2) гравирование; резьба

गड़गड़ाहट **гар̣гар̣а̄hат̣** *ж.* грохот, громыханье

गान **га̄н** *м.* 1) пение; 2) песня; гимн

गोला **гола̄** *м.* 1) шар; 2) снаряд; бомба; 3) *спорт.* ядро

गौरव **гаурав** *м.* 1) уважение, почет, честь; 2) авторитет; репутация; слава

घूँसेबाज़ी **г^{h}ӯ̃сэба̄зӣ** *ж.* бокс

चतुर्वार्षिक **чатурва̄ршик** четырехлетний; *зд.* проводящийся раз в четыре года

चुनना **чунна̄** *п.* 1) собирать; 2) отбирать, выбирать, подбирать, избирать

चुनाव **чуна̄о** *м.* 1) выборы; избрание; 2) выбор, отбор

चैम्पियन **чаймпийан** *м.* чемпион

छलाँग **ч^{h}ала̄̃г** *ж.* прыжок; скачок

जलाना **джала̄на̄** *п.* 1) зажигать; поджигать; 2) обжигать

जीतना **джӣтна̄** *п.* 1) побеждать; покорять; завоевывать; 2) выигрывать

टीम **т̣ӣм** *ж.* команда

तिहरा **тиhра̄** тройной

तैराक **тайра̄к** *м.* пловец

तैराकी **тайра̄кӣ** *ж.* плавание

दर्ज **дардж** *м.* запись, регистрация; ~ होना быть записанным, зарегистрированным; ~ करना записывать, регистрировать (में *где-л.*)

दौड़ **даур̣** *ж.* 1) бег; забег; 2) гонки

धावक **д^{h}а̄вак** *м.* бегун

धूमधाम **д^{h}ӯм-д^{h}а̄м** *ж.* парадность, пыш-

ность; ~ से (के साथ) пышно, торжественно

नियम нийам *м.* 1) правило, установление; положение; закон; 2) *мн.* устав; 3) обыкновение; обычай

निर्णायक нирнāйак **1.** решающий **2.** *м.* *спорт.* судья

पदक падак *м.* орден; медаль

पराजय парāджай *ж.* поражение

पुनर्जन्म пунарджанма *м.* возрождение

पुरस्कार пураскāр *м.* 1) премия; награда, приз; 2) вознаграждение

पेशेवर пэшэвар 1) профессиональный; 2) кадровый

प्रतिस्पर्धी пратиспардʰӣ **1.** соперничающий; конкурирующий; **2.** *м.* соперник; конкурент; участник [соревнования]

प्रदर्शन прадаршан *м.* 1) показывание, демонстрирование; показ; выступление; 2) демонстрация, манифестация; 3) выставка; экспозиция

प्रशिक्षण прашикшан *м.* обучение, тренировка, подготовка

फहराना пʰаhрāнā *п.* 1) размахивать; 2) развертывать; поднимать, водружать (*знамя*; पर, के ऊपर *над чем-л.*)

फ़ायनल фāйнал *м.* финал

फेंकना пʰэ̃кнā *п.* 1) кидать, бросать; метать (*напр.* *копье*); толкать (*напр.* *ядро*); 2) отбрасывать; выбрасывать; 3) раскидывать, разбрасывать

फ़्राँसीसी фрā̃сӣсӣ **1.** французский; **2.** *м.* француз; **3.** *ж.* французский язык

बम бам *м.* 1) бомба; 2) граната

बाक़ायदा бāкāйдā **1.** 1) регулярный; 2) установленный; **2.** 1) регулярно; 2) как следует; по правилам

बाक्सर бāксар *м.* боксер

ब्रेस्ट-स्ट्रोक брэст̇-ст̇рок *м.* *спорт.* брасс

भाप бʰāп *ж.* 1) пар; 2) газ

मंच манч *м.* 1) возвышение, помост; 2) сцена, подмостки, эстрада; 3) трибуна

मशाल машāл *ж.* 1) лампа; фонарь; 2) факел

मूल мул **1.** 1) коренной, основной; 2) подлинный, оригинальный; **2.** *м.* 1) корень; 2) основа, основание; 3) сущность; 4) оригинал, подлинник

मेज़बान мэзбāн *м.* [гостеприимный] хозяин

मेयर мэйар *м.* мэр (*города*)

यूनानी йӯнāнӣ **1.** греческий; **2.** *м.* грек (*от* यूनान Греция)

यों йо̃ **1.** такой; **2.** так, таким образом; ~ ही а) просто так, так; б) зря, напрасно; беспричинно

रजत раджат *ж.* серебро

रेकार्ड рэкāрд̇ *м.* 1) рекорд; 2) граммофонная пластинка

रोमन роман 1) римский; 2) латинский

लहराना лаhрāнā **1.** *нп.* 1) вздыматься волнами; 2) раскачиваться; колыхаться; развеваться; **2.** *п.* 1) раскачивать; 2) махать, размахивать; 3) поднимать (*флаг*)

वॉलीबाल вāлӣбāл *м.* волейбол

वितरण витаран *м.* 1) выдача; вручение; 2) раздача; распределение

वेग вэг *м.* 1) течение, поток; 2) движение, ход; 3) быстрота, стремительность; скорость; ~ से быстро, стремительно

वेट-लिफ़्टर вэт̇-лифт̇ар *м.* штангист

व्यायामशाला вйāйāмшāлā *ж.* гимнастический зал

शपथ шапатʰ *ж.* клятва; присяга

श्रेय шрэй *м.* 1) благо; счастье; 2) заслуга

श्रेयस्कर шрэйаскар 1) благотворный; 2) благоприятный; 3) лучший

सनसनीख़ेज़ **сансанӣхэз** потрясающий; поразительный; сенсационный

समाप्त **самāпта** совершенный, законченный, выполненный; ~ होना заканчиваться, завершаться; исполняться; прекращаться; ~ करना заканчивать, завершать, выполнять; прекращать

समाप्ति **самāпти** *ж.* конец, окончание; завершение

सम्राट् **самрāт̇** *м.* император; монарх

सेंटीमीटर **сэнт̇ӣмӣт̇ар** *м.* сантиметр

स्कोर-बोर्ड **скор-борд̇** *м.* табло

स्थानीय **ст^{h}āнӣйа** местный

स्नान **снāн** *м.* купание; омовение; ~ करना купаться

स्वर्ण **сварна** *м.* золото

व्याकरण तथा शब्दावली संबंधी टिप्पणियाँ

1. स्नान-गृह 'ванная [комната]'; 'купальня'; 'баня'; 'бассейн'.

2. भाप का स्नान करना 'париться'.

3. दौड़-पथ 'беговая дорожка'; दौड़-कूद 'легкая атлетика'.

4. शपथ लेना 'присягать' (की *кому-л.*, *чему-л.*); शपथ दिलाना 'приводить к присяге'.

5. पाँच-खेल 'пятиборье'.

6. पुनर्जन्म होना 'возрождаться' (का *о чем-л.*); पुनर्जन्म देना 'возрождать' (को *что-л.*).

7. हिस्सा लेना 'принимать участие', 'участвовать' (में *в чем-л.*).

8. मूल निवासी 'коренной житель', 'абориген'.

9. सिद्धांत-वाक्य 'девиз'.

10. स्वर्ण-पदक 'золотая медаль'.

11. रजत-पदक 'серебряная медаль'.

12. कांस्य-पदक 'бронзовая медаль'.

13. प्रदर्शन करना 1) 'показывать', 'демонстрировать' (का *что-л.*); 2) 'устраивать демонстрацию'.

14. यों तो 1) 'таким образом', 'так-то'; 2) 'вообще говоря', 'вообще-то'.

15. В хинди имеется несколько типов СПП с придаточными образа действия, меры и степени. Одним из таких типов являются СПП с придаточной частью, вводимой союзом कि 'что'. Главная часть этих СПП предшествует придаточной и обычно содержит указательные слова ऐसा 'так', इस तरह 'так', इतना 'столько', इस क़दर 'настолько' и т. п., поясняемые придаточной частью. Для придаточных образа действия, меры и степени, вводимых союзом कि, характерно и дополнительное значение следствия. Например: अब ओलिम्पिक खेलों की विश्व-ख्याति और महत्त्व इस तरह बढ़ गये हैं कि कोई भी दूसरी अंतर्राष्ट्रीय खेल-प्रतियोगिता उन के समान नहीं है 'В настоящее время мировая известность и значе-

ние Олимпийских игр настолько возросли, что с ними не может сравниться ни одно другое международное спортивное соревнование'; हम इतने घबरा गये कि कुछ बोल न सके 'Мы так (*букв.* настолько) смутились, что не смогли ничего сказать'.

16. Прилагательное विशेष 'особый', 'специальный' в постпозиции к существительному имеет значение «определенный», например: देश-विशेष 'определенная страна', नगर-विशेष 'определенный город'.

17. चुनाव करना 'выбирать', 'избирать', 'отбирать' (का *кого-л.*, *что-л.*).

18. तोपों की गड़गड़ाहट के बीच 'под грохот орудий', 'под орудийные выстрелы'.

19. परेड करना 'маршировать'.

20. [गंभीर तथा] औपचारिक रूप से 1) '[торжественно и] официально'.

21. तीसरे नंबर पर आना 'приходить третьим' (*на соревнованиях*).

22. अनौपचारिक रूप से 'неофициально'.

23. Сложный послелог के लिए кроме известных уже значений «для», «ради», «за», «на» имеет и причинное значение «за», «из-за», например: हेलसिंकी के ओलिम्पिक खेल सोवियत खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शनों के लिए ही याद किये जाते हैं 'Олимпийские игры в Хельсинки помнят именно из-за блистательных выступлений советских спортсменов'.

24. रेकार्ड तोड़ना 'побивать рекорд'; रेकार्ड क़ायम (स्थापित) करना 'устанавливать рекорд'; विश्व-रेकार्ड 'мировой рекорд'.

25. लंबी दौड़ 'бег на длинную дистанцию', 'стайерский бег'.

26. ऊँची कूद 'прыжок в высоту'; ऊँची कूद लगाना 'прыгать в высоту'; ऊँची कूद-प्रतियोगिता 'соревнование по прыжкам в высоту'; लंबी कूद 'прыжок в длину', लंबी कूद लगाना 'прыгать в длину'.

27. Глагол मिलना в сочетании с инфинитивом другого глагола (обычно देखना 'видеть' и सुनना 'слышать') в косвенном падеже с послелогами को или के लिये передает значение «получать возможность» осуществить действие, обозначенное инфинитивом, например: एक कृत्रिम उपग्रह की सहायता से यह व्यवस्था की गयी थी कि सोवियत संघ, युरोप तथा अमरीका के करोड़ों दर्शकों को टेलीविजन पर हो रहे खेलों का दृश्य उसी क्षण देखने और सुनने को मिलता रहे 'При помощи искусственного спутника была налажена такая система [связи], при которой миллионы зрителей из Советского Союза, Европы и Америки получили возможность смотреть по телевидению прямую трансляцию с Олимпийских игр'.

28. अपनी पूरी शक्ति लगाना 'отдавать все свои силы' (में, के लिये *чему-л.*, *для чего-л.*), 'прилагать все усилия'.

29. В хинди имеется ряд СПП, в которых союзы и союзные слова придаточной части в значительной степени утратили свои первоначальные значения. В таких СПП союзы и союзные слова указывают не на временные, локативные, условно-следственные и другие отношения, а на сопоставление содержания прида-

точной и главной частей. В СПП, части которых выражают отношения сопоставления (и поэтому их следует называть СПП сопоставительными), придаточная часть обычно вводится союзами и союзными словами जब कि 'в то время как', 'тогда как', जहाँ 'где', 'если', ज्यों-ज्यों 'по мере того как', यदि, अगर 'если' и т. п. Например: फलस्वरूप सोवियत संघ की टीम ने ९६ पदक जीते जब कि अमरीका के दल को ९० ही पदक मिले 'В результате команда Советского Союза завоевала 96 медалей, тогда как команде Америки (США) досталось 90 медалей'; ज्यों ज्यों बच्चा बड़ा होता जाता है वह ज़्यादा मज़बूत बनता जाता है 'По мере того как ребенок растет, он становится все крепче'; यदि प्राचीन ओलिम्पिक खेलों के समय युद्ध बंद किये जाते थे, तो आधुनिक ओलिम्पिक खेलों के काल में युद्ध के कारण ओलिम्पिक खेलों को ही बंद करना पड़ जाता है 'Если во время [проведения] древних Олимпийских игр прекращались войны, то в период современных Олимпийских игр из-за войны приходится не проводить (*букв.* прекращать) сами Олимпийские игры'.

30. छलाँग मारना 'прыгать'; तीन छलाँगें 'тройной прыжок'.

31. तिहरी कूद 'тройной прыжок'.

व्याकरण के अभ्यास

I. रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) कल से हो रही सभा बड़ी दिलचस्प है। (२) हम ... ठंडी हो रही लोहे की बेंच[1] पर बैठ गये। (३) भारत १५ अगस्त १९४७ को सदियों से चले आ रहे विदेशी राज से मुक्त हो गया है। (४) बूढ़ा सुलतान[2] के मुँह को देख रहा था और प्रतिक्षण बदल रहे रंग[3] को समझ रहा था। (५) यह तार कंचनजिंगा पर्वत की चोटी छूने जा रहे जर्मन[4] दल की ओर से आया है। (६) सरकार उनके द्वारा किये जा रहे व्यापार पर प्रतिबंध लगाती है। (७) उन लोगों के साथ किये जा रहे व्यवहार को किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। (८) इस समय स्थापित किये जा रहे आठ कारख़ानों में से छः सरकारी तथा दो निजी क्षेत्र में हैं। (९) इस किताब से दोनों देशों के बीच किये जा रहे व्यापार का उद्‌देश्य साफ़ होता है। (१०) हमारे नगर में बन रहा कारख़ाना युरोप में सब से बड़ा होगा। (११) भारत १५ अगस्त १९४७ को सदियों से चली जा रही ग़ुलामी से स्वतंत्र हुआ। (१२) लेकिन क्या अब उसके द्वारा लिखे जा रहे और उसके बारे में लिखे जा रहे काग़ज़ों में ये सारी चीज़ें बंद नहीं हैं?

---

[1] बेंच *ж.* 'скамейка'.

[2] सुलतान *м.* 'султан', 'император'.

[3] रंग *м. зд.* 'настроение'.

[4] जर्मन 'немецкий'.

II. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Мы принимаем участие в собрании, происходящем в нашем институте. (2) От остывавшего костра (अलाव *м.*) еще исходило тепло. (3) Поднимающиеся в гору альпинисты очень устали. (4) Бежавший по улице мальчик что-то кричал. (5) Страны, принимавшие участие в конференции, опубликовали совместное (संयुक्त) заявление. (6) Дружеские отношения, существующие между нашими странами, способствуют укреплению мира во всем мире. (7) Играющий во дворе мальчик неожиданно упал. (8) В изменяющемся с каждым днем мире происходят важные события.

III. कोष्ठकों में लिये शब्दों को अन्वित करके तथा
ख़ाली जगहों में आवश्यक परसर्ग लगाकर
कहानी का रूसी में अनुवाद कीजिये।

कृषि तथा उद्योग प्रदर्शनी

मास्को (का) कृषि तथा उद्योग प्रदर्शनी अपने ढंग (का) अद्भुत चीज़ है और उसे देखने के लिए दूर-दूर के लोग आते हैं। प्रदर्शनी बारहों महीने रहती है। सारे सोवियत जनतंत्रों (का) कृषि तथा उद्योग (का) प्रगति (का) अध्ययन करना है तो इस प्रदर्शनी को देख लीजिये। लेकिन घंटे–दो घंटे में आप चाहें तो (उसका पूरा) चक्कर भी नहीं लगा सकते। उसे (अच्छा) तरह देखने के लिए कम-से-कम आठ-दस दिन (का) समय चाहिये।

पहले दिन जब मैं वहाँ पहुँचा तो घंटे भर में (उसका) प्रवेश-द्वार और केंद्रीय मंडप[5] ही देख सका। प्रदर्शनी (का) क्षेत्रफल (इतना) अधिक है कि पैदल घूमकर उसे देखना बड़ा मुश्किल है। दर्शकों (का) सुविधा ... शानदार गाड़ियों की व्यवस्था है। गाड़ियों (का) दोनों ओर तथा आगे-पीछे शीशे लगे हैं। थोड़ा-सा पैदल घूमकर और दो-चार मंडप देखकर लोग इन गाड़ियों ... आ बैठते हैं और उनमें धीरे-धीरे (सारा) प्रदर्शनी ... परिक्रमा कर लेते हैं।

रूस में कृषि तथा उद्योग संबंधी प्रगति ... अनुमान इस प्रदर्शनी को देखकर (अच्छा) तरह हो जाता है। यह प्रदर्शनी ५११ एकड़ भूमि ... फैली हुई है। उसमें ३०७ मंडप हैं। सोवियत संघ के प्रत्येक जनतंत्र तथा प्रत्येक ज़िले (का) (अपना-अपना) मंडप हैं। प्रत्येक मंडप को बड़े सुंदर ढंग ... बनाया गया है और उसके भीतर (का) भाग ... आकर्षक[6] ढंग से सजाया गया है।

फ़सलों ... पैदावार को सही रूप से दिखाने ... तरह-तरह (का) फ़सलों (का) खेती भी उस प्रदर्शनी में होती है। एक खेत में मकई (का) फ़सल खड़ी थी।

---

[5] मंडप *м.* 'павильон'.

[6] आकर्षक 'привлекательный'.

जार्जिया के मंडप के निकट चाय ... बग़ीचा (था)। २६० क़िस्म की फ़सलें, ८१४ प्रकार (का) फल तथा २,५०० प्रकार (का) पेड़-पौधे दर्शकों ... वहाँ दिखाई देते हैं।

१९५६ में कृषि प्रदर्शनी के साथ उद्योग-विभाग लगा दिया गया। (उसका) उद्देश्य था उद्योग, मशीन-निर्माण तथा विज्ञान में (हुआ) प्रगति दिखाना। २६ विशाल मंडपों ... लगभग डेढ़ हज़ार प्रकार (का) मशीनें (रखा गया) हैं।

कृषि तथा उद्योगों (का) प्रदर्शनी वास्तव में अद्भुत दुनिया है। उस ... बहुत-(सा) दुकानें भी हैं जिनपर (ताज़ा) फल आदि मिलते हैं। ऐसा मालूम होता है जैसे किसी छोटे-मोटे शहर ... आ गये हों। जितने घंटे प्रदर्शनी (खुला रहता) है, दर्शकों ... भीड़ (लगा रहता) है। पिछले दो सालों ... ८४ देशों के ढाई हज़ार प्रतिनिधि-मंडलों ने प्रदर्शनी (देखना)।

IV. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Я спросил его об этом, но он не ответил на мой вопрос. (2) Вчера мы два часа обсуждали программу нашей поездки на Урал. (3) Правительство наложило запрет на экспорт этого важного товара. (4) К середине XVIII в. англичане завладели почти всей Индией. (5) Нам удалось преодолеть эту трудность. (6) Один из делегатов выступил против выдвинутого предложения. (7) Я решил посоветоваться с родителями по этому вопросу. (8) Советский Союз оказал помощь Индии в строительстве и расширении Бхилайского металлургического комбината. (9) Они не поверили моим словам. (10) Советский Союз установил дипломатические (राजनयिक) и торговые отношения с большинством стран мира. (11) В 1857 г. индийцы подняли восстание против английского господства. (12) В своей речи на собрании он затронул несколько очень важных проблем.

V. रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) आप यह सोच ही रहे होते हैं कि वे कहते हैं, "ऐसा करना ठीक नहीं है"। (२) ... और तुम अभी मन ही मन में[7] हैरान[8] हो रहे होते हो कि यह मेरा इतना ऊँचा भाई क्या कर रहा है। (३) —मुझे इस बात का पता नहीं था। —पता किस तरह हो सकता है, आप तो उस वक़्त खर्राटे ले[9] रहे होते हैं। (४) परन्तु उन से जब मिलने जाइये, वे सो रहे होते हैं। (५) हम लोग उसके यहाँ पहुँचते,

[7] मन ही मन में 'в душе', 'про себя'.

[8] हैरान 'удивленный'.

[9] खर्राटे लेना *п.* 'храпеть'.

तो उसके कमरे से सितार[10] की आवाज़ आ रही होती या वह रंग और कूचियाँ[11] लिये कोई तसवीर बनाने में लगी होती। मगर जब वह इन दोनों कामों में से कोई भी न कर रही होती, अपने पलंग पर लेटी छत की तरफ़ देख रही होती। (६) कभी मल्होत्रा छुट्टी के दिन बाहर एक बजे इधर से गुज़रते तो लल्लन नल[12] पर नहा रही होती। (७) वे अंदर बिस्तर पर लेटे धीरे धीरे बातें कर रहे होते ...। (८) चेतन जब कभी पानी भरने या कुएँ पर नहाने जाता तब उन में से कोई पानी भर रही होती। (९) जब घर आता वे कहीं बैठी अपनी बेटी से उलझी[13] होतीं। कभी दूध पिला[14] रही होतीं या कभी तेल लगाकर गर्म पानी से नहला[15] रही होतीं।

पाठ के अभ्यास

I. पाठ का रूसी में लिखित अनुवाद कीजिये।

II. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद करके उन का जवाब दीजिये।

(1) Когда возникла традиция проведения Олимпийских игр? (2) Где впервые были проведены Олимпийские игры? (3) Кто запретил проведение Олимпийских игр в Древнем Риме? (4) Кто возродил Олимпийские игры? (5) Когда состоялись вновь организованные (पुनरायोजित) первые Олимпийские игры? (6) Каков девиз Олимпийских игр? (7) Кто может участвовать в Олимпийских играх? (8) Чем награждают (से पुरस्कृत करना) победителей Олимпийских игр? (9) Кто обычно открывает Олимпийские игры? (10) Каков порядок проведения Олимпийских игр? (11) Какова церемония открытия Олимпийских игр? (12) Где размещают спортсменов, прибывших для участия в играх? (13) Где будут проводиться предстоящие Олимпийские игры? (14) В каких Олимпийских играх принял впервые участие Советский Союз? (15) Кто из советских спортсменов первым был награжден олимпийской медалью? (16) Какой спортсмен четыре раза был олимпийским чемпионом? (17) Какая советская спортсменка завоевала шесть олимпийских медалей? (18) Сколько золотых,

---

[10] सितार *м.* 'ситара' (*семиструнный музыкальный инструмент*).

[11] कूची *ж* 'кисть'.

[12] नल *м.* 'водопроводный кран'.

[13] उलझना *нп. зд.* 'быть занятым'.

[14] पिलाना *п.* 'поить'.

[15] नहलाना *п.* 'мыть', 'купать'.

серебряных и бронзовых медалей получила советская команда на последних летних Олимпийских играх? (19) Как происходит неофициальный подсчет очков для определения команды-победительницы? (20) Сколько стран и сколько спортсменов приняли участие в последних Олимпийских играх? (21) Сколько золотых медалей завоевала Индия на последних Олимпийских играх? (22) Какие официальные международные соревнования проводятся помимо Олимпийских игр? (23) Сколько стран входят в Международный олимпийский комитет? (24) Кто из спортсменов стал обладателем самого продолжительного рекорда в истории Олимпийских игр? (25) В чем состоит основная цель проведения Олимпийских игр?

III. रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) आधुनिक ओलिम्पिक खेलों के आयोजन की परम्परा का श्रीगणेश १८९६ में हुआ। इस दौरान दो विश्वयुद्धों ने खिलाड़ियों के अंतर्राष्ट्रीय संबंध तोड़ डाले, परन्तु द्वितीय महायुद्ध के बाद १९४८ से ओलिम्पिक खेलों के आयोजन का आरम्भ फिर हुआ।

ओलिम्पिक खेलों का आयोजन ४–४ वर्ष बाद होता है।

यूनानी पुस्तकों के अनुसार प्रथम "ओलिम्पियाड" ईसा से ७७६ वर्ष पूर्व हुआ था, और सन् ३९४ में थियोडीसियस के शासन काल में ओलिम्पिक खेलों के आयोजन को समाप्त कर दिया था।

२) आधुनिक ओलिम्पिक खेलों की परम्परा की स्थापना का श्रेय एक फ़्राँसीसी श्री पियेर-डी-कौबर्टीन को है जिन्होंने १५ जनवरी १८९४ को विभिन्न देशों को पत्र लिखकर प्राचीन खेलों को पुनर्जन्म देने का प्रश्न उठाया। श्री कौबर्टीन की अथक कोशिशों के फलस्वरूप आधुनिक युग के प्रथम ओलिम्पिक खेल १८९६ में एथेन्स में आरम्भ हुए जिन में १३ देशों के ४८३ प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था। दूसरा ओलिम्पियाड फ़्रांस की राजधानी पेरिस में हुआ क्योंकि फ़्रांस श्री कौबर्टीन का अपना देश था। इस में १९ देशों के १५०५ खिलाड़ियों ने भाग लिया था। पहले की भांति इन में भी अमरीकियों ने अधिकांश खेलों में विजय पायी। १९०४ में सेंट लुई अमरीका में तीसरे ओलिम्पिक खेल हुए जिनमें केवल ८ देशों ने हिस्सा लिया। उनमें ब्रिटेन तथा फ़्रांस अनुपस्थित थे और रूस तथा जापान का युद्ध हो रहा था। लंदन के चौथे खेलों से प्रतिनिधियों की संख्या में वृद्धि होने लगी। उनमें २२ देशों के २,६६६ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। लंदन के १४ वें ओलिम्पियाड ओलिम्पिक इतिहास में प्रथम बार स्त्रियों ने हिस्सा लिया। १९५२ में हेलसिंकी में हुए खेलों में प्रथम बार सोवियत संघ ने भाग लिया।

३) होनेवाले ओलिम्पिक खेल सब से बड़े होंगे। इन में १०० देशों के दस हज़ार से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। मुख्य स्टेडियम में एक लाख से ज़्यादा दर्शकों के बैठने का प्रबंध होगा जहाँ वे दौड़-कूद इत्यादि देख सकेंगे। मुख्य स्टेडियम के

साथ-साथ अतिरिक्त दो छोटे स्टेडियम भी होंगे जिनमें हज़ारों व्यक्ति घूंसेबाज़ी, वॉलीबाल या बास्केटबाल का आनन्द ले सकेंगे। मुख्य स्टेडियम से मुश्किल से १ मील के फ़ासले पर "ओलिम्पिक ग्राम[16]" होगा जिसमें सब के सब खिलाड़ी रहेंगे।

४) रोम ओलिम्पिक खेलों के समय मिलखा सिंह ४०० मीटर की दौड़ में भारत का सब से तेज़ धावक था और रोम में उस के एक स्वर्ण-पदक प्राप्त करने की आशा थी। रोम से पहले उसने अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिताएँ जीतीं और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त धावक माना जाने लगा। १९६० में अमरीका, इटली, ब्रिटेन आदि देशों की यात्रा करते समय उस ने राष्ट्रीय तथा एशियाई रेकार्ड क़ायम किये जिससे आशा पैदा हुई कि वह ४०० मीटर की दौड़ में विजय प्राप्त कर लेगा। उसका उस समय का रेकार्ड ४५.६ सेकंड[17] का था। रोम में उसे २०० तथा ४०० मीटर की दौड़ों में भाग लेने का अनुमान था। टोकियो में तीसरे एशियाई खेलों में मिलखा सिंह ने दो पदक प्राप्त किये थे। १९५८ में राष्ट्रीय खेलों में उसने नये राष्ट्रीय रेकार्ड (२०० मीटर २१.२ सेकंड तथा ४०० मीटर ४६.६ सेकंड) स्थापित किये। १९६० में लाहौर शहर में हुए खेलों में मिलखा सिंह का रेकार्ड ४६.१ सेकंड का था। २०० मीटर में मिलखा सिंह ने २०.६ सेकंड का रेकार्ड क़ायम किया जो १९५६ के मेलबोर्न ओलिम्पिक विजेता मोरो से १ सेकंड कम है और जो १९३६ ओलिम्पिक खेलों में जी० ओवन के रेकार्ड के समान था। खेद की बात यह हुई कि रोम में मिलखा सिंह ४०० मीटर फ़ायनल में केवल चौथा रहा और उसे पदक न मिला।

५) शरीर को ठीक रखने के लिए व्यायाम[18] की बहुत ज़रूरत है। बहुत से लोग, जो खेतीबारी करते हैं या कारख़ानों में काम करते हैं उन्हें व्यायाम की कोई विशेष आवश्यकता नहीं होती और जो लोग सारा-सारा दिन कुर्सियों पर बैठे रहते हैं उनके लिए प्रतिदिन व्यायाम करना बहुत आवश्यक होता है। व्यायाम कई प्रकार के होते हैं, जैसे कुश्ती, पैदल, दौड़, क्रिकट, हाकी, फ़ुटबाल, वॉलीबाल खेलना, तैरना, वज़न उठाना, कूदना[19], गोला आदि फेंकना इत्यादि। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी रुचि और सुविधा के अनुसार इनमें से कोई न कोई व्यायाम करना चाहिये। गांधी जी ने लिखा था: "जिस प्रकार सच्ची भूख लगने पर तुम कोई काम नहीं कर सकते उसी प्रकार हमें कसरत[20] की ऐसी पक्की आदत डाल[21] लेनी चाहिये कि उसके बिना किये हम और कोई काम कर ही न सकें। मनुष्य को हवा, पानी, अन्न की जितनी ज़रूरत है उतनी ही कसरत की भी। कसरत बिना मनुष्य तंदुरुस्त नहीं रह सकता।"

६) लगभग प्रत्येक व्यक्ति कोई न कोई खेल खेलता है। कोई क्रिकेट खेलता है, कोई फ़ुटबाल खेलता है और कोई शतरंज आदि खेलता है। पश्चिमी सभ्यता के

---

[16] ग्राम *м.* 'деревня'.

[17] सेकंड *м.* 'секунда'.

[18] व्यायाम *м.* 'физическое упражнение'.

[19] कूदना *нп.* 'прыгать'.

[20] कसरत *ж.* 'физическое упражнение'.

[21] आदत डालना 1) 'вводить в обычай' (की *что-л.*); 2) 'приучать' (की *к чему-л.*).

प्रभाव के साथ-साथ नये-नये खेल आये और उन्होने भारत में एक महत्त्वपूर्ण स्थान बना लिया। परन्तु जितनी ख्याति और प्रशंसा भारतीय खेल कबड्डी को मिली है, उतनी अन्य किसी खेल को नहीं। कबड्डी में अधिक से अधिक दस खिलाड़ियों में और कम से कम चार खिलाड़ियों में भी खेल खेला जा सकता है। यह सब से सस्ता या यों कहे कि मुफ़्त का खेल है। इसके साथ ही[22] इसमें कम समय में ही अधिक से अधिक आनन्द मिल जाता है। इसके नियम भी अधिक मुश्किल नहीं हैं। इस में दो टीमें बराबर-बराबर लड़कों की होती हैं। दोनों के बीच एक सीधी रेखा होती है। यह निर्णायक रेखा होती है। एक टीम का केवल एक व्यक्ति निर्णायक रेखा पार कर दूसरी टीम में कबड्डी-कबड्डी बोलता हुआ जाता है। अगर वह व्यक्ति किसी को छूकर अपनी टीम में वापस आ जाए तो छुआ हुआ व्यक्ति मरा हुआ माना जाता है। अगर वह दूसरी टीम में पकड़ लिया गया तो वह मरा हुआ समझा जाता है। इस प्रकार एक-एक करके दोनों तरफ़ से खिलाड़ी बाक़ायदा कबड्डी बोलते हुए जाते हैं। जिस टीम के सारे खिलाड़ी मर जाते हैं, वह हार जाती है।

IV. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

1. В Древней Греции спорту уделяли очень большое внимание. В каждом городе имелись спортивные арены, где занимались спортом: бегали, прыгали, метали копье (भाला *м.*), диск (चक्का *м.*), толкали ядро. Раз в четыре года в Греции устраивали большие спортивные состязания, именовавшиеся Олимпиадами, или Олимпийскими играми. Олимпийские игры в Древней Греции обычно продолжались пять дней. В первый день Олимпийских игр все участники соревнований давали клятву вести честную спортивную борьбу, во второй день происходили соревнования по олимпийскому пятиборью — спортивная ходьба, бег, прыжки в длину, метание копья и диска. На третий день игр происходили соревнования по борьбе и боксу. На четвертый день соревновались юноши (следует сказать, что иногда юноши соревновались на второй день игр, тогда на третий день происходило пятиборье, а на четвертый — состязание по борьбе и боксу — кулачному бою, как его называли в то время). На пятый день соревнований награждали победителей. Распределение наград происходило весьма торжественно. Победители Олимпийских игр пользовались большим почетом (प्रतिष्ठित होना), в их честь (उनके सम्मान में) поэты сочиняли хвалебные оды, им ставили памятники, устраивали торжественные встречи, выдавали большие суммы денег (रक़म *ж.*) и пожизненно обеспечивали питанием за счет (के ख़र्च पर) государства. Олимпийские игры считались празд-

[22] [के] साथ ही [साथ] 'вместе с', 'наряду с'; 'одновременно с'.

ником мира. Во время их проведения прекращались войны между всеми греческими государствами. Игры служили укреплению культурных связей между различными частями Греции. Олимпийские игры проводились до 394 года н.э., когда они были запрещены римским императором Феодосием I.

II. Новая история Олимпийских игр начинается с 1894 г., когда в Париже состоялся Международный спортивный конгресс. На нем были представлены 34 страны, в том числе и Россия. Конгресс принял решение возродить Олимпийские игры и первые игры провести в Афинах. Они открылись 5 апреля 1896 г. в столице Греции. С тех пор Олимпийские игры нового времени проводятся каждые четыре года. Из-за войн они не состоялись только в 1916, 1940 и 1944 гг. Современные Олимпийские игры — это крупнейшее в мире спортивное соревнование. Програ́мма игр постоянно меняется. Обычно в нее входит более двадцати видов спорта. Например, в программу XVI Олимпийских игр входили: легкая атлетика (दौड़-कूद *ж.*), гимнастика (जिमनास्टिक्स *м.*), тяжелая атлетика (वज़न उठाना), борьба, бокс, плавание, современное пятиборье, хоккей, футбол, волейбол и т. д.

III. На Олимпийских играх проводятся только личные соревнования, и официальное командное первенство не устанавливается. Победитель в каком-либо виде спорта получает золотую медаль, занявший второе место — серебряную и третье — бронзовую. Однако все тренеры (ट्रेनर *м.*), спортсмены, газеты ведут счет очкам по установившейся неофициальной системе: за первое место — 7 очков, за второе — 5, за третье — 4, за четвертое — 3, за пятое — 2, за шестое — 1 очко. Подсчитывая очки, полученные той или другой командой, они определяют место, занятое командой. До 1952 г., как правило, первое место на Олимпийских играх занимали спортсмены США. Однако начиная с XV летних Олимпийских игр, в которых приняли участие советские спортсмены, положение изменилось.

IV. Спортсмены нашей страны впервые участвовали в IV Олимпийских играх 1908 г. Несмотря на свою малочисленность (их было всего пять человек), они получили одну золотую и две серебряные медали. Вторично русские спортсмены участвовали в V Олимпийских играх 1912 г. во всех видах спорта. После этого спортсмены нашей страны приняли участие только в XV Олимпийских играх 1952 г. в Хельсинки, т.е. через 40 лет. В этих играх участвовало около 6000 спортсменов из 69 стран. Советские спортсмены одержали много побед и в неофициальном зачете заняли

вместе с командой США первое место, набрав 494 очка. На XVI Олимпийских играх 1956 г. из-за отдаленности Австралии в Мельбурне собралось лишь около 3500 спортсменов из 68 государств. Советские спортсмены на этих играх заняли первое место. Они набрали 624,5 очка (на 126,5 очка больше, чем команда США). На XVII Олимпийских играх в Риме участвовало свыше 6000 спортсменов из 85 стран. Советские спортсмены снова заняли первое место. Они набрали 683 очка и завоевали 43 золотые, 29 серебряных и 31 бронзовую медаль. Второе место заняла команда США. Она набрала 463,5 очка и получила 34 золотые, 21 серебряную и 16 бронзовых медалей. На XVIII Олимпийских играх в Токио советская команда также заняла первое место. Если на XX летней Олимпиаде в Мюнхене в 1972 г. советские спортсмены завоевали 99 медалей и набрали 664,5 очка, то на XXI летних Олимпийских играх в Монреале в 1976 г. они набрали уже 785 очков и завоевали 125 медалей, из них 47 золотых, 43 серебряные и 35 бронзовых, и заняли опять первое место.

V. Олимпийские игры начинаются парадом участников, затем спортсменов приветствует глава государства и мэр города — хозяина Олимпиады. Затем лучший спортсмен страны, на территории которой проводятся игры, зажигает Олимпийский огонь факелом, доставленным из Греции. После этого все спортсмены произносят слова Олимпийской клятвы и под залп артиллерийских орудий происходит подъем олимпийского флага. На флаге написан олимпийский девиз: «Быстрее всех, выше всех, сильнее всех». К участию в Олимпийских играх не допускаются спортсмены-профессионалы. Таким образом, в этих играх могут принимать участие только спортсмены-любители (शौक़िया-खिलाड़ी *м.*). Олимпийские игры способствуют развитию и укреплению дружеских и культурных связей между всеми странами и континентами. Они помогают спортсменам лучше узнать друг друга, способствуют развитию национального спорта. Вот почему принципом Олимпийских игр стал лозунг: «Стремление к победе ценнее, чем сама победа!» И это очень верно, потому что в конечном итоге побеждает дружба и стремление жить в мире (शांति से (में) रहना).

V. खाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) रूसी लोग ... का स्नान बहुत पसन्द करते हैं। (२) लगभग प्रत्येक भारतीय गाँव में कुश्ती के लिये ... बना है। (३) हमारे इंस्टीट्यूट में खेल-कूद

करने के लिये एक अच्छी और विशाल ... है। (४) ओलिम्पिक खेलों की परम्परा प्राचीन ... में पैदा हुई थी। (५) ओलिम्पिक खेलों में सोवियत टीम की मुख्य ... अमरीका टीम है। (६) प्राचीन और आधुनिक ओलिम्पिक खेलों के बीच बहुत बड़ा ... है। (७) प्रथम ओलिम्पिक खेल .... से ७७६ वर्ष पूर्व हुए थे। (८) प्रथम ... में फ़्राँसीसी, यूनानी, जापानी, भारतीय, ब्रिटिश तथा सोवियत धावक हिस्सा लेंगे। (६) हर एक प्रतियोगिता में दो-एक ... की ज़रूरत है क्योंकि उनके बिना किसी खेल के नियमों का पालन करना सम्भव नहीं है। (१०) यह कलाकार लेनिन ... विजेता है। (११) उम्मीदवारों की सूची में उसका नाम भी .... किया गया था। (१२) प्राचीन रूस के .... निवासी स्लाव थे। (१३) वह परीक्षाओं में ... रहा। (१४) श्रम के फलों का... श्रम के अनुसार ही करना चाहिये। (१५) पिछले ओलिम्पिक खेलों के समय सोवियत खिलाड़ियों ने शानदार खेल का ... किया था। (१६) किसी बड़े समारोह के उद्घाटन-काल में राष्ट्रीय .... बजाया जाया करता है। (१७) भारत में आम चुनाव के समय सभी राजनीतिक पार्टियाँ अपने ... खड़े कर देती हैं। (१८) उन्हें नगर का मेयर ... गया है। (१६) २१ तोपों की ... के बीच महोत्सव का उद्घाटन हुआ। (२०) द्वितीय विश्वयुद्ध के समय नगरों और गाँवों पर करोड़ों ... गिराये गये थे। (२१) ओलिम्पिक परेड के समय ... देश के खिलाड़ी सब से अंत में जाते हैं। (२२) ओलिम्पिक खेलों के पुनर्जन्म का ... एक फ़्राँसीसी नागरिक को है। (२३) ओलिम्पिक खेलों में सोवियत संघ की टीम द्वारा प्राप्त की गयी सफलता हमारे देश में खेल-कूद के शानदार विकास का ... है।

VI. हिन्दी में अनुवाद करके निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये।

Золото (2); время (3); заканчивать (2); разница, различие (2); мыться, купаться (2); быстрота, скорость (2); песня (3); побеждать (2); показывать (2); правило, закон (2); год (3); ванная комната (2).

VII. निम्नलिखित संज्ञाओं के लिये उचित विशेषण लिखिये।

—खेल; —प्रतियोगिता; —सोवियतें; —कोशिश; —खिलाड़ी; —विजय; —लड़ाई; —गिनती; —रेकार्ड; —प्रयोग।

VIII. निम्नलिखित विशेषणों के लिये उचित संज्ञाएँ लिखिये।

ओलिम्पिक —; प्राचीन—; राष्ट्रीय —; अनुभवी—; निर्णायक—; प्रसिद्ध—; आम—; शानदार—; लम्बी—; ऊँची—; सख़्त—।

IX. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का प्रयोग करके वाक्य लिखिये।

स्नान करना ; शपथ लेना ; पुनर्जन्म देना ; प्रदर्शन करना ; चुनाव करना ; परेड करना ; तीसरे नंबर पर आना ; रेकार्ड तोड़ना ; ऊँची कूद लगाना ; पूरी शक्ति लगाना ; पराजय का मुंह देखना ; देखने को मिलना ; हिस्सा लेना।

X. अपने शिक्षालय में खेलकूद के विकास का हिन्दी में वर्णन कीजिये।

XI. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Спартакиады (स्पार्ताकियाद *ж.*)

В 1923 — 1924 гг. в Советском Союзе проводились большие спортивные соревнования. В память Спартака (स्पार्ताकिस) — вождя крупнейшего в Риме восстания рабов (ग़ुलाम *м.*) — их назвали спартакиадами. С тех пор спортивные соревнования, в программу которых входит несколько видов спорта, называют спартакиадами.

В программы первых спартакиад включались состязания по наиболее массовым и популярным видам спорта. На спартакиадах демонстрировались результаты работы в коллективах физической культуры, определялось командное и личное первенство. Спартакиады стали традиционными в практике спортивной работы физкультурных организаций СССР. Их ежегодно проводят в школах, вузах, на заводах и фабриках, в колхозах. В них участвуют миллионы спортсменов.

В 1928 г. в Москве на вновь построенном стадионе «Динамо» (डिनामो) — тогда самом большом в СССР — была проведена Всесоюзная (अखिल संघीय) спартакиада. Это было крупное событие в жизни советского спорта. В соревнованиях по обширной и разнообразной программе впервые приняли участие сборные коллективы (संयुक्त टीम *ж.*) союзных республик и областей РСФСР. Всего в спартакиаде участвовало больше 7 тысяч человек. Всесоюзная спартакиада 1929 г. была и крупнейшим международным состязанием: в ней по отдельным видам спорта приняли участие более 600 зарубежных спортсменов. В соревнованиях были уста-

новлены десятки рекордов СССР и многие рекорды союзных республик.

Крупнейшим в Советском Союзе и первым по масштабам в мировой истории спорта соревнованием была I Спартакиада народов СССР. Она проводилась в августе 1956 г. в Москве. В соревнованиях по 22 видам спорта участвовало 9220 спортсменов, которые представляли все союзные республики и два крупнейших города СССР — Москву и Ленинград. Открылась эта спартакиада на лучшем в Советском Союзе стадионе имени В.И. Ленина. В ходе соревнований было установлено 32 всесоюзных рекорда. Главную награду спартакиады — приз Совета Министров (मंत्रिपरिषद *ж.*) СССР завоевали спортсмены Москвы. Второе место в командном соревновании заняла команда РСФСР, третье место — спортсмены Ленинграда.

Спартакиаде предшествовали многочисленные соревнования во всех союзных республиках. В них участвовало около 25 миллионов физкультурников (व्यायामी *м.*). Финальные соревнования Спартакиады народов СССР помогли отобрать сборные команды сильнейших спортсменов. В конце того же года они с успехом выступили на XVI Олимпийских играх в Мельбурне.

С еще большим успехом прошли последующие спартакиады народов СССР, которые теперь стали традиционными. Начиная со II Спартакиады в них принимают участие сборные команды фабрик и заводов. Спартакиады представляют собой великолепную демонстрацию уровня развития советского спорта и помогают советским спортсменам готовиться к международным соревнованиям.

XII. रूसी में अनुवाद कीजिये।

रोम में ओलिम्पिक खेल और भारत

सन् १९६० जहाँ अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महान् घटनाओं से भरा है, वहाँ इस वर्ष रोम में हुए सत्तरहवें ओलिम्पिक खेलों के कारण भी इस वर्ष का भारी महत्त्व है। यदि यह भी कहें कि २०वीं सदी में हुए ओलिम्पिक खेलों में सन् १९६० में **आयोजित**[23] रोम के ओलिम्पिक खेलों का **सर्वाधिक** महत्त्व है तो **अत्युक्ति** न होगी। वास्तव में ८० राष्ट्रों के ८,००० से अधिक खिलाड़ियों ने दो सप्ताह तक चले इन खेलों में जिस **उल्लास** और खिलाड़ी-भावना का परिचय दिया,

---

[23] Выделенные слова см. по Сводному хинди-русскому словарю в конце учебника.

वह खेल-**जगत्** में सदा के लिए याद रहेगी। यह उल्लास और खिलाड़ी-भावना इस ओलिम्पिक की प्रथम मुख्य विशेषता थी जो अब तक किसी खेल-आयोजन या ओलिम्पिक खेलों में दिखाई नहीं पड़ी। दूसरी मुख्य विशेषता जो इन ओलिम्पिक खेलों की रही वह है किसी विशेष खेल से विशेष राष्ट्रों के **एकाधिकार** का अंत। जैसे भारत के हाकी के एकाधिकार का इस बार अंत हो गया। तैराकी में आस्ट्रेलिया के एकाधिकार का अंत हुआ। दौड़ में अमरीकी विजय-परम्परा का अंत हुआ और साइकिल दौड़ों में इटली की प्रथम बार पराजय हुई। इस प्रकार अनेक वर्षों से इन खेलों में बनी रहने वाली **उपर्युक्त** राष्ट्रों की विजय-परम्परा का इस बार अंत हो गया और बहुत दिनों से समझा जानेवाला इनका **आधिपत्य** इन खेलों से इस बार रोम में समाप्त हो गया।

विभिन्न देशों के एक लाख से भी अधिक दर्शकों ने रोम के एक लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले, आधुनिक ढंग से **निर्मित** स्टेडियम में इन विश्व-ख्याति प्राप्त खेलों का आनन्द लिया। खेल आरम्भ होने से पहले ओलिम्पिक मशाल एक प्रसिद्ध **इटालियन** खिलाड़ी द्वारा लायी गयी। यहाँ पर लाई जाने से कई दिन पूर्व से ही यह मशाल ओलिम्पिक खेलों के जन्मस्थान ओलिम्पिया में जलायी गयी थी। वहाँ से यूनान के धावक इसे इटली लाये। इटली में ८५ इटालियन धावक एक-एक मील दौड़ कर, लगभग ८०० मील **दौड़ते** हुए उसे रोम तक लाये। इस मशाल के आते ही, रोम में **सत्तरहवें** विश्व-ओलिम्पिक खेल आरम्भ हुए। २५ अगस्त १९६० को उनका **उद्घाटन** किया गया और उसी दिन रात को घूंसेबाज़ी तथा **वाटर-पोलो** की प्रतियोगिताएँ हुईं। आख़िरी प्रतियोगिता ११ सितम्बर को हुई।

जहाँ तक रोम ओलिम्पिक खेलों की सफलता-असफलता का प्रश्न[24] है, वे एक अर्थ में सफल कहे जा सकते हैं। पर जहाँ तक भारत का संबंध है, तो वह १९६० के रोम-ओलिम्पिक में पूरी तरह असफल रहा। १९२८ से लेकर अब तक खेल-जगत् में भारत ने इतनी असफलता का मुँह न देखा था। क्या दौड़-कूद और कुश्ती और वज़न उठाना, फ़ुटबाल और तैराकी, भारत ने किसी में भी इससे पहले इतना बुरा प्रदर्शन न किया था। यहाँ तक कि हाकी में भी इतनी बड़ी असफलता का मुँह उसे देखना पड़ा जिसकी आशा न थी। हाकी में भारत पहले छः ओलिम्पिक खेलों में बराबर जीतता रहा परन्तु इस बार पाकिस्तान की टीम ने उस पर विजय पायी है और इस प्रकार उसे केवल एक द्वितीय स्थान, फ़ुटबाल में अपने ग्रूप में सब से नीचे, दौड़-कूद (**ऐथेलेटिक**) में केवल एक खिलाड़ी (मिलखा सिंह) का फ़ाइनल तक पहुँचना; वज़न उठाने में **क्वालिफ़ाईड** तक भी न पहुँचना, निश्चय ही भारी असफलता की बात है। १९२८ में होने वाले ओलिम्पिक में और इसी प्रकार १९३२ और ३६ में उसे कम से कम एक-एक स्वर्ण-पदक प्राप्त करने के अतिरिक्त उसने कुश्ती में छठा स्थान भी प्राप्त किया था। १९५२ में तो उसने बहुत ही ख्याति प्राप्त की थी। हाकी में स्वर्ण-पदक, कुश्ती में कांस्य-पदक और ऐथेलेटिक में **सेमीफ़ायनल** तक पहुँचा था। १९५६ में हाकी में स्वर्ण-पदक तो प्राप्त किया ही था, साथ ही फ़ुटबाल में चौथा स्थान प्राप्त किया था। पर सन् १९६० की पराजय ने उसकी अब तक की प्राप्त समस्त ख्याति नष्ट कर दी। सारे ओलिम्पिक खेलों में ८०

---

[24] जहाँ तक ... का प्रश्न (संबंध) है 'что касается'.

खिलाड़ियों ने भारतीय दल को केवल एक रजत-पदक दिलाया। ऐथेलेटिक में मिलखा सिंह से बड़ी-बड़ी आशाएँ की जा रही थीं परन्तु वह भी चौथा रहकर एक भी पदक प्राप्त न कर सका। कुश्ती में माधोसिंह केवल छठा स्थान ही पा सका। अन्य दो भारतीय प्रतिनिधि जोरासिंह ५० किलोमीटर पैदल में और शूटिंग में महाराज बीकानेर आठवाँ ही स्थान पा सके।

इस प्रकार भारतीय टीम १९६० के रोम-ओलिम्पिक में असफल रहा और खेल-संसार में रुचि लेनेवाले करोड़ों भारतीयों को उसने बड़ा धक्का पहुँचाया। आशा है भविष्य में भारत अपनी पूरी तैयारी और कुशल योजनाओं के साथ ही ओलिम्पिक खेलों में भाग लेगा और अपनी खोई प्रतिष्ठा को फिर प्राप्त कर लेगा।

("सूर्य हिन्दी व्याकरण" पर आधारित)

चुटकुले

१) पिता (अपने बेटों से) : बच्चो अगर तुम ज़िन्दगी में कामयाबी पाना चाहते हो तो एक दूसरे के कंधे से कंधे मिलाकर चलो।

सब से छोटा लड़का: पिता जी, सब का क़द मुझ से लंबा है। उनके कंधे से कंधा मिलाकर कैसे चल सकता हूँ?

२) एक साहब होटल में बैठे हुए थे। जब वह खाना खा चुके तो नौकर को कहा: भाई ऐसी चीज़ लाओ जिससे दिमाग़[25] ताज़ा हो जाये। यह सुनकर नौकर ने कहा: तो क्या बिल लाऊँ?

---

[25] दिमाग़ *м.* 1) 'ум'; 2) 'мозг'.

ГРАММАТИКА

О способах выражения основных значений русских падежей грамматическими средствами хинди (§ *45**)

Составные послелоги (§ *46*)

पाठ

व्ला० इ० लेनिन

सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक, अंतर्राष्ट्रीय सर्वहारा के नेता, संसार भर में पहले समाजवादी राज्य के निर्माता, व्लादीमिर इल्यीच उल्यानोव (लेनिन) का जन्म अप्रैल १०(२२) १८७० में सिम्बीर्स्क (**अब उल्यानोव्स्क**) नगर में हुआ। यह शहर महान् रूसी नदी वोल्गा के तट पर स्थित है।

लेनिन के पिता, **इल्या निकोलायेविच उल्यानोव**, कज़ान विश्वविद्यालय से स्नातक हुए और फिर उन्होंने जनसाधारण की शिक्षा के काम में अपना सारा **जीवन लगा दिया**। वे अच्छे पढ़े-लिखे और अपने ज़माने के प्रगतिशील व्यक्ति थे।

लेनिन की माँ मरीया अलेक्सान्द्रोवना एक डॉक्टर की बेटी थीं। उनकी शिक्षा घर में ही हुई। वे कई विदेशी भाषाएँ जानती थीं और साहित्य तथा संगीत से उनका अच्छा परिचय था। वे अच्छे स्वभाव की, दृढ़ निश्चय वाली औरत थीं जिन्होंने परिवार की देखभाल में अपने को पूरी तरह से खो दिया था।

लेनिन ने पाँच बरस की उम्र में लिखना-पढ़ना सीखा। नौ वर्ष के होने पर वे सिम्बीर्स्क के एक स्कूल में पहले दर्जे के विद्यार्थी हुए। व्लादीमिर के अलावा उल्यानोव परिवार में और पाँच बच्चे थे। व्लादीमिर अपने बड़े भाई अलेक्सान्द्र से बहुत प्रभावित थे जो पीटर्सबर्ग विश्वविद्यालय के छात्र थे और एक बढ़िया वैज्ञानिक बन सकते थे। मगर उन्होंने ज़ारशाही के विरुद्ध क्रान्तिकारी **संघर्ष करने** का मार्ग चुना। मार्क्सवाद का प्रथम परिचय लेनिन ने अपने बड़े भाई से ही प्राप्त किया।

व्लादीमिर की अभी छोटी ही उम्र थी कि १८८६ में अचानक ही उनके पिता **चल बसे**। परिवार अभी इस गहरे शोक को भूला भी न था कि उस पर फिर बिजली गिरी। अलेक्सान्द्र मार्च १८८७ में पीटर्सबर्ग में रूसी ज़ार अलेक्सान्द्र तृतीय को क़त्ल करने की साज़िश **के सिलसिले में** गिरफ़्तार कर लिए गए। उसी साल, **मई महीने में** श्लीस्सलबर्ग क़िले में उन्हें फाँसी दे दी गयी।

भाई को फाँसी दी जाने से क्रांतिकारी संघर्ष के लिए अपना **जीवन देने** का लेनिन का निश्चय और भी दृढ़ हो गया। मगर कम उम्र होते हुए भी व्लादीमिर

साफ़ तौर से यह समझते थे कि कुछ विशेष ऊँचे सरकारी अधिकारियों या ख़ुद ज़ार को भी क़त्ल करना ग़लत क़दम उठाना होगा। इस लिए व्लादीमिर उल्यानोव मेहनतकश जनता की स्वाधीनता के दूसरे मार्ग की तलाश करने लगे।

अगस्त १८८७ में वे स्वर्ण-पदक पाकर स्कूल के स्नातक हुए। इस के बाद उन्होंने कज़ान विश्वविद्यालय में प्रवेश किया। उस समय रूस में प्रथम मार्क्सवादी दल और मंडल क़ायम हुए। कज़ान में भी अनेक ग़ैरक़ानूनी मार्क्सवादी **अध्ययन-मंडल** थे। शीघ्र ही व्लादीमिर उल्यानोव ऐसे एक मंडल के कुछ सदस्यों से परिचित होकर उस में शामिल हो गये। मगर दिसम्बर १८८७ में उन को विश्वविद्यालय से निकाल दिया गया क्योंकि उन्होंने विद्यार्थियों की एक क्रांतिकारी सभा में भाग लिया था। उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया और कज़ान प्रदेश के कोकूशकिनो गाँव में नज़रबंद कर दिया गया। इस तरह नौजवान लेनिन ने ज़ार के विरुद्ध क्रांतिकारी संघर्ष के मार्ग पर क़दम रख दिया था। अब उल्यानोव का नाम "राजनीतिक दृष्टि से ख़तरनाक" लोगों की सूची में आ गया था।

१८८९ की पतझड़ में व्लादीमिर इल्यीच लेनिन समारा (अब कूइबीशेव) चले आये। अगले साढ़े चार वर्षों तक वे वहीं रहे और बड़े चाव से स्व-शिक्षा के कार्य में लगे रहे। गर्मी का मौसम उल्यानोव परिवार समारा के नज़दीक एक गाँव में काटता था। वहीं **पेड़ों के छायादार कुंज में** लेनिन ने अपने लिए एक कोना ढूँढ़ लिया। बहुत सी किताबें उठाए हुए वे नाश्ते के एकदम बाद ही वहाँ चले जाते और लिखने-पढ़ने बैठ जाते थे। लेनिन ने ख़ुद अपनी ही मेहनत से विश्वविद्यालय का चार वर्ष का कार्यक्रम डेढ़ बरस में अच्छी तरह तैयार कर लिया। १८९१ में उन्होंने पीटर्सबर्ग विश्वविद्यालय से परीक्षा पास की और पहली श्रेणी का डिप्लोमा प्राप्त किया। मगर समारा में बिताये गये वर्ष लेनिन के राजनीतिक विकास में ही विशेष महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। वहाँ वे मार्क्स और एंगेल्स की किताबों का गंभीर अध्ययन करते रहे। उन सालों में उन्होंने मार्क्स और एंगेल्स की एक सबसे महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संबंधी पुस्तक "कम्युनिस्ट **घोषणा-पत्र**" का रूसी में अनुवाद किया। समारा में ही लेनिन ने अपना पहला मार्क्सवादी अध्ययन-मंडल संगठित किया। उनके जीवन का असली उद्देश्य क्रांतिकारी कार्य ही बन चुका था। लेकिन लेनिन की क्रांतिकारी **कार्रवाइयों** के लिए समारा जैसे नगर में बहुत ही सीमित कार्यक्षेत्र था और अगस्त १८९३ में वे समारा छोड़कर पीटर्सबर्ग चले गये।

उस समय पीटर्सबर्ग श्रम-आन्दोलन का एक प्रमुख केंद्र था। वहाँ ग़ैरक़ानूनी मार्क्सवादी मंडल थे जो मज़दूरों में मार्क्स और एंगेल्स के सिद्धांतों का प्रचार करते थे। लेनिन ऐसे ही एक मंडल में शामिल हो गये। मार्क्सवाद की बहुत बढ़िया जानकारी के कारण और अच्छे संगठनकर्त्ता होने के कारण वे जल्दी ही पीटर्सबर्ग के मार्क्सवादियों के नेता बन गये।

१८९५ की पतझड़ में लेनिन ने पीटर्सबर्ग के सभी मार्क्सवादी कामगार-मंडलों को एक राजनीतिक संस्था के रूप में संगठित किया और इस तरह रूस में क्रान्तिकारी मार्क्सवादी पार्टी की नींव रखी। इसे उन्होंने "मज़दूर-वर्ग की मुक्ति के लिये संघर्ष करनेवाली लीग" का नाम दिया। जब १८९६ की गर्मियों में पीटर्सबर्ग कपड़ा-मिल के बुनकरों की मशहूर हड़ताल हुई तो उसका संचालन इसी लीग ने किया। हड़ताल में ३०,००० मिल-मज़दूरों ने भाग लिया। जल्दी ही इस लीग का प्रभाव पीटर्स-

वर्ग की सीमाओं से दूर तक जा पहुँचा। मगर दिसंबर १८९५ के शुरू में लेनिन समेत इस लीग के बहुत से नेता गिरफ़्तार कर लिए गये। पीटर्सबर्ग के एक जेल की तनहाई में लेनिन ने चौदह महीने से ज़्यादा समय बिताया और उस में ही बैठे-बैठे एक किताब लिखनी शुरू की, "रूस में पूंजीवाद का विकास"।

१३ फ़रवरी १८९७ को लेनिन को क्रांतिकारी कार्रवाइयों के लिए पूर्वी साइबेरिया में तीन साल के लिए निर्वासित कर दिया गया। मई महीने में लेनिन शूशेन्स्कोये गाँव में पहुँचे जो रेलवे लाइन से छ: सौ किलोमीटर से भी अधिक की दूरी पर स्थित था। एक बरस बाद नदेज्दा कोन्स्तान्तीनोवना क्रूप्सकाया, जो उसी लीग के सिलसिले में पीटर्सबर्ग में गिरफ़्तार की गयी थीं, शूशेन्स्कोये में लेनिन से आ मिलीं। यहीं वे लेनिन की पत्नी बनीं।

अब रूस में एक क्रांतिकारी सर्वहारा पार्टी की स्थापना का समय आ गया था। निर्वासन-काल में लेनिन ने इस प्रश्न पर बहुत विचार किया और पार्टी का कार्यक्रम तैयार किया। उनका यह ख़्याल था कि इसका आरंभ सारे रूस के एक राजनीतिक समाचारपत्र के प्रकाशन से होना चाहिये। इस लिए निर्वासन-काल समाप्त होने के बाद वे एक दिन के लिए भी शूशेन्स्कोये में नहीं रुके। २९ जनवरी १९०० की सुबह को ही वे वहाँ से चल दिये।

१९०० का पूरा साल कड़े श्रम में बीता। लेनिन ने एक समाचारपत्र की स्थापना की अपनी योजना पूरी करने के लिए **सिर-तोड़ कोशिश** की। लेकिन जल्दी ही साफ़ हो गया कि उस समय रूस में क्रांतिकारी कामगारों का **समाचारपत्र निकालना** लगभग असंभव है। इसलिए लेनिन ने विदेश से यह **अख़बार निकालने** का **निश्चय किया** और १६ जुलाई १९०० को वे विदेश चले गये।

यह तय किया गया कि इस समाचारपत्र को "ईस्क्रा" (चिनगारी) का नाम दिया जाये और इसे जर्मनी से प्रकाशित किया जाये।

दिसंबर १९०० में "ईस्क्रा" का पहला अंक निकला। शुरू से ही लेनिन के "ईस्क्रा" की सारी शक्ति एक मज़बूत मार्क्सवादी पार्टी का **संगठन करने** की ओर लगी हुई थी।

१९०२ में लेनिन की किताब "क्या करें?" छपी जिसने रूसी **सामाजिक-जनवादी** मज़दूर पार्टी की दूसरी कांग्रेस की तैयारी में बहुत मदद दी। कांग्रेस जुलाई १९०३ में शुरू हुई। लेनिन ने इसमें सक्रिय भाग लिया तथा "ईस्क्रा" की नीति **के पक्ष में** ज़ोरदार संघर्ष किया। फलस्वरूप मज़दूर वर्ग के आंदोलन के इतिहास में पहली बार सर्वहारा के अधिनायकत्व की स्थापना का उद्देश्य पार्टी के क्रांतिकारी कार्यक्रम में **स्पष्ट रूप से** सामने रखा गया। लेकिन पार्टी की सदस्यता के नियम के सवाल पर कांग्रेस में **फूट पड़ गयी** जिस के कारण पार्टी के दो दल बोल्शेविक और मेन्शेविक बने।

इतने में रूस में क्रांति के लिए तेज़ी से वातावरण तैयार हो रहा था!

९ जनवरी १९०५ को इतवार के दिन ज़ारशाही फ़ौजों ने पीटर्सबर्ग के कामगारों के शांतिपूर्ण जलूस पर **गोलियाँ चलायीं** और संध्या होते होते राजधानी के कामगारों के मुहल्लों में **मोर्चेबंदियाँ की जाने लगीं।** सारे रूस में क्रांतिकारी आंदोलन बड़ी **तेज़ी से ज़ोर पकड़ता जा रहा था।** पीटर्सबर्ग, वार्सा, लोद्ज़, बाकू और ओदेसा में बड़ी बड़ी हड़तालें हुईं। किसान-आंदोलन भी फैला।

लेनिन विदेश में थे लेकिन उन का सारा ध्यान पूरी तरह रूस में चल रही इन घटनाओं पर ही केंद्रित था। वे हथियारबंद विद्रोह की आवश्यकता पर अधिक से अधिक ज़ोर देते रहे। साथ ही वे हथियार ख़रीदने और उन्हें रूस भेजने के लिए सब ज़रूरी क़दम उठाते रहे। क्रांति के इन्हीं तूफ़ानी दिनों में कामगार प्रतिनिधियों की सोवियतों का निर्माण हुआ। लेनिन ने आम जनता की इन राजनीतिक संस्थाओं की प्रशंसा की क्योंकि वे समझ गये कि इन सोवियतों का भविष्य बहुत महान् है और जल्दी या देर से वे मेहनतकशों की सरकार का रूप लेंगी। लेनिन के लिए विदेश में रहकर क्रांति का संचालन करना मुश्किल होता जा रहा था। अक्तूबर १९०५ के अंत में वे जेनेवा से रूस के लिए चल ही दिये और नवंबर के शुरू में पीटर्सबर्ग आ गये। यहाँ पहुँचते ही उन्होंने पार्टी और क्रान्तिकारी संघर्ष की बागडोर अपने हाथ में ले ली। पर लेनिन को गुप्त रहना पड़ा। वे अक्सर अपना पासपोर्ट और रहने की जगह बदलते रहते। अनेक बार वे पीटर्सबर्ग से फ़िनलैंड चले जाते। दिसंबर में मास्को में कामगारों का हथियारबंद विद्रोह शुरू हुआ और नौ दिनों तक जारी रहा। प्रेसन्या ज़िले में विशेष रूप से बहुत ज़ोरों की लड़ाई लड़ी गयी। मास्को के बाद रोस्तोव-ओन-दोन, नोवोरोसीइस्क तथा दूसरे नगरों में विद्रोह की चिनगारियाँ भड़क उठीं। ज़ार की सरकार ने ये सभी अलग अलग विद्रोह क्रूरता से दबा दिये।

लेकिन जनता पीछे हटने को तैयार न थी। हड़तालों की लहर, किसान-आंदोलन और सेना में क्रांतिकारी कार्रवाई जारी रही। १९०६ की गर्मियों में नौसैनिकों और सिपाहियों ने स्वेग्रबोर्ग और क्रोनश्ताद में विद्रोह किये। लेनिन ने इन विद्रोहों के नेताओं से सीधा संबंध बनाये रखा। उन्होंने पीटर्सबर्ग पार्टी समिति के बोल्शेविक सदस्यों को हिदायत दी कि वे क्रोनश्ताद विद्रोह के समर्थन में एक हड़ताल का प्रबंध करें। मगर ये दोनों विद्रोह कुचल दिये गये।

१९०७ की गर्मियों के समय तक यह स्पष्ट हो चुका था कि क्रांति असफल हो गई है। लेनिन फिर फ़िनलैंड चले गये लेकिन वहाँ भी उनका पीछा बुरी तरह किया जा रहा था। फ़िनलैंड से निकल भागना बच्चों का खेल न था। इस लिए लेनिन ने फ़िनलैंड की खाड़ी की बर्फ़ को रात के समय एक द्वीप के नज़दीक पार किया। जनवरी १९०८ में वे जेनेवा पहुँचे।

जेनेवा पहुँचते हीं लेनिन बोल्शेविक समाचारपत्र "प्रोलेतारी" (सर्वहारा) के प्रकाशन के काम में जुट गये और इसके संगठन में बहुत सा समय और शक्ति लगायी। इस अख़बार में छपे हुए अपने लेखों में उन्होंने यह सिखाया कि मौक़ा हाथ आते ही बोल्शेविक खुले तौर पर राज्य दूमा (पहली रूसी क्रांति के समय ज़ारशाही सरकार द्वारा स्थापित प्रतिनिधि-संस्था) के कामों में हिस्सा लें। वे श्रम-संघों, सहकारी संस्थाओं और कामगार-क्लबों में काम करें। उनका उद्देश्य था प्रतिक्रिया के इस ज़माने में पार्टी को सुरक्षित रखना और मज़बूत बनाना। लेनिन ने रूसी क्रान्ति और उसके फलों के बारे में बहुत से लेख और पुस्तिकाएँ लिखीं तथा जेनेवा, पेरिस और दूसरे नगरों में भाषण दिये। उन्होंने रूसी क्रांति के अन्तर्राष्ट्रीय महत्त्व, एशिया की जनता के राष्ट्रीय स्वतंत्रता-संघर्ष और युरोप के क्रांतिकारी आंदोलन पर उसका प्रभाव स्पष्ट किया। साथ ही साथ उन्होंने वह मार्ग तय किया

ние страны следовало с сельского хозяйства. Для этого, по плану В.И. Ленина, надо было отказаться от политики военного коммунизма. Сама жизнь показала, что нужно переходить к новым способам хозяйственного строительства. Поэтому вскоре после окончания гражданской войны Коммунистическая партия и Советское правительство по инициативе В.И. Ленина ввели новую экономическую политику (нэп). Первым шагом в осуществлении нэпа была замена продразверстки продналогом. Теперь крестьянин должен был сдавать государству определенное количество (मात्रा *ж.*) продовольствия, а все излишки мог продавать на рынке. Таким образом, нэп способствовал подъему сельского хозяйства. Но деревне были нужны промышленные товары. Молодая советская промышленность не могла посылать в деревню достаточное количество товаров, поэтому государство временно разрешило открыть мелкие частные заводы, лавки и т.п. Наряду с новой экономической политикой был разработан план электрификации России. На всю Россию прозвучали ленинские слова: «Коммунизм — это есть Советская власть плюс электрификация всей страны, — ибо без электрификации поднять промышленность невозможно».

VI. В своих речах и работах, написанных в последние годы жизни, В.И. Ленин изложил свое замечательное учение о путях строительства социализма в нашей стране. Ленинское учение о построении социализма партия и народ назвали заветами (उपदेश *м.*) Ильича. Оно имеет огромное теоретическое (सैद्धांतिक) и практическое значение и в нашу эпоху строительства коммунизма.

V. ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखकर निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) यह इतना कठिन विषय था कि वह फ़ौरन मेरी ... में नहीं आया। (२) लाल गार्ड के पहले ... फ़रवरी क्रांति के दौरान बनाये जाने लगे। (३) क्रांतिकारी फ़ौजी समिति के ... पर पेत्रोग्राद में हथियारबंद विद्रोह शुरू हुआ। (४) अक्तूबर १९१७ में क्रांतिकारी संकट अपनी ... सीमा तक पहुँच गया। (५) बोल्शेविक पार्टी ने जनता को दिये हुए अपने ... पूरे किये। (६) लेनिन ने लिखा कि क्रांति की तैयारी करते वक़्त सही मौक़ा हाथ से निकल जाने का मतलब होगा सब कुछ ... हो जाना। (७) प्रथम विश्व-युद्ध के समय रूस की आर्थिक स्थिति ... बिगड़ती जा रही थी। (८) मोर्चों से आयी हुई ... से बिलकुल स्पष्ट हो जाता था कि सिपाही युद्ध लड़ना नहीं चाहते। (९) "शांति-संबंधी आज्ञप्ति" में युद्ध को मानव-जाति के विरुद्ध सब से बड़ा ... घोषित किया गया था। (१०) उन्हों ने मेरा सुझाव ... किया। (११) जन-कमिसारों की परिषद् के अध्यक्ष

के पद पर काम कर रहे लेनिन की ... नज़र से कुछ भी नहीं बच सकता था। (१२) अपने साठ सालों वाले इतिहास के दौरान सोवियत संघ ने ... प्रगति कर ली है। (१३) जैसे ही लेनिन के ... ठीक हुए उन्हों ने फिर से पार्टी और देश का नेतृत्व अपने हाथों में ले लिया। (१४) विदेशी हथियारों से पूरी तरह ... सफ़ेद गार्ड की सेनाओं ने सोवियत जनतंत्र को सभी ओर से ...। (१५) लाखों मज़दूर और किसान अपनी ... की रक्षा के लिए उठ खड़े हुए। (१६) गृह-युद्ध में लाल फ़ौज ने सभी दुश्मनों को .. कर दिया। (१७) लेनिन के सुझाव पर द्ज़ेरझिन्स्की को अखिल रूसी असाधारण समिति का अध्यक्ष ... किया गया। (१८) गृह-युद्ध के समय ... लोगों की हालत बहुत बुरी थी। (१९) गृह-युद्ध के समाप्त होते ही किसान "युद्ध-साम्यवाद" की नीति के प्रति ... प्रकट करने लगे। (२०) युद्ध के समय में किसानों ने सोवियत सत्ता का समर्थन किया और अनेक मुसीबतें ...। (२१) १९२२ में लेनिन की सेहत काफ़ी बिगड़ गयी मगर अपनी बीमारी की ... न करते हुए वे राज्य तथा पार्टी के कार्यों का संचालन करते रहे। (२२) लेनिन मज़दूरों तथा किसानों की ... एकता को भारी महत्त्व देते थे। (२३) लेनिन का ... तो हुआ था लेकिन उनका ध्येय ज़िंदा है। (२४) सोवियत जनता और सभी प्रगतिशील मानव-जाति लेनिन, लेनिनवाद और लेनिन की पार्टी की ... हैं। (२५) लेनिन का ... ज़िंदा है, उनका महान् ... सदा के लिये अमर रहेगा।

VI. निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी में अनुवाद करके उनके समानार्थक शब्द लिखिये।

Немедленно (2); власть (2); простой, легкий (2); трудный (2); заявлять (2); решение (2); решать (3); получать (3); приказ (2); мясо (2); свобода, независимость (3); забота, беспокойство (2); ухудшаться (2); последний (2); разрушенный (2); смерть (2); горожанин, гражданин (2).

VII. निम्नलिखित संज्ञाओं के लिए उचित विशेषण लिखिये।

—विषय; —सरकार; —नज़र; —प्रगति; —सिपाही; —लोग; —आबादी; —योजना; —क़दम; —एकता; —भाषण; —सीमा।

VIII. निम्नलिखित क्रियाओं तथा शब्द-समुदायों का प्रयोग करके वाक्य बनाइये।

प्रकट करना; अपनाना; नियुक्त करना; पराजित करना; बयान करना; घायल करना; घेरना; घोषित करना; हासिल करना; अस्वीकार करना; अधिकार में आना; रूप-रेखा रखना; समझ में आना; बाल-बाल बचना;

फ़रार रहना; चरम सीमा तक पहुँचना; वादा पूरा करना; हाथ से निकलना; फ़ैसला करना; संधि [सम्पन्न] करना; मुँह तोड़ना; मुँह-तोड़ जवाब; दम लेना; विश्वासघात करना; मोड़ देना; परवाह करना; बिदा कहना।

IX. किसी प्रसिद्ध क्रांतिकारी की जीवन-संबंधी कहानी तैयार करके हिन्दी में सुनाइये।

X. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Кабинет Ленина в Кремле

...Мы переступаем порог кабинета Ленина и останавливаемся в глубоком раздумье...

Невелика эта комната, комната главы правительства, ученого, мыслителя (विचारक *м.*), величайшего пропагандиста (प्रचारक *м.*) идей коммунизма. Все, что находится в ней, говорит о повседневном громадном труде великого человека, о том, что главной заботой его было благо (कल्याण *м.*) народа, созидание справедливейшего строя. Для того чтобы выполнить эту задачу, нужно было работать не щадя себя, не щадя сил. И об этой работе думаешь в те минуты, когда находишься в его рабочем кабинете.

Прежде всего привлекают внимание книги; их около двух тысяч, они собраны в простых шкафах. Рассматривая книги с маленьким штампом «Библиотека В. Ленина», понимаешь, какой глубокий интерес возбуждало в Ленине все, что происходило в стране, в целом мире, далеко за стенами его кабинета. Необъятен (असीम) кругозор Ленина, его познания во всех областях жизни страны и мира. География, история, вопросы мирового хозяйства, промышленность, земледелие, разнообразные области науки, литература, искусство, быт (रहन-सहन *ж.*) трудящихся во всех странах мира — все это отражено (प्रतिबिंबित होना) в книгах с пометками Владимира Ильича.

Мы у письменного стола Владимира Ильича. Простой бювар (ब्लॉटिंग पैड *м.*), справа — три телефона. Обыкновенная лампа (लैंप *м.*).

Здесь, за этим столом, написано то, что останется в веках, что неотделимо (अभिन्न) от истории партии и Советского государства.

Невелика эта комната, освещенная двумя окнами, выходящими на площадь в Кремле, но великие дела совершались здесь, великие мысли рождались в этих стенах.

Тысячи писем с простым, знакомым народу адресом приходили

к Ленину, и он откликался на письма рабочих и крестьян, красногвардейцев.

В кабинете Ленина еще один стол для посетителей (मुलाक़ाती *м.*), четыре кожаных кресла. Каждый предмет, каждая вещь рождают мысли о беседах, которые происходили за этим столом.

Здесь Ленин принимал делегатов с заводов и фабрик, крестьян, беседовал с иностранными рабочими делегациями, выслушивал доклады своих сподвижников (सहयोगी *м.*), обсуждал вместе с ними задачи партии и Советского правительства, готовил свои выступления на съездах Советов.

Здесь Владимир Ильич обсуждал с товарищами план электрификации РСФСР. Здесь осенью 1920 г. английский писатель с изумлением (आश्चर्य से) слушал Ленина, рассказывавшего о плане электрификации. Здесь Ленин беседовал с Горьким об улучшении быта ученых, о великом русском ученом Павлове.

Беседуя с посетителями, Владимир Ильич часто выходил из-за стола, подсаживался к собеседнику (संभाषी *м.*), и тот сам не замечал, как Ленин вовлекал его в интересный разговор, внушал уверенность в успехе его труда или полезного для народа начинания.

Слева от письменного стола пальма (ताड़ का पेड़) — предмет особых забот Владимира Ильича.

Работал Ленин пунктуально с десяти до шестнадцати часов и с восемнадцати до двух. Труд доставлял ему удовольствие, радость. Во время болезни он строго выполнял требования врачей, но как только ему становилось лучше, тотчас же возвращался к работе.

12 декабря 1922 г. Владимир Ильич в последний раз работал в своем кабинете, который полюбил и отказывался переменить на более просторный.

(По статьям Л. Никулина в «Огоньке» и «Вечерней Москве»)

XI. हिन्दी-रूसी शब्दकोष (मास्को, १९५९ या १९७२) की सहायता से रूसी में अनुवाद कीजिये।

कार्ल मार्क्स (शेष)

कम्युनिस्ट घोषणा-पत्र ने सब देशों में निम्नलिखित सुधारों की एकदम माँग की। राष्ट्र भूमि, कारख़ाने, खान आदि सब उत्पादन के साधनों को अपने हाथ में ले ले। पैतृक सम्पत्ति प्राप्त करने के अधिकार को समाप्त किया जाय। रेल आदि यातायात मार्गों पर राष्ट्र का सीधा नियंत्रण हो। बैंक किसी व्यक्ति के हाथ

में न रहकर राष्ट्र के अपने ही हाथ में हो। हर एक नागरिक को काम देना राष्ट्र का कर्त्तव्य हो। योग्यता के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति से काम लेकर, उसे उसकी आवश्यकता के अनुसार जीवन के सब अपेक्षित पदार्थ दिये जायें। किसानों और मज़दूरों को एक संघ में संगठित किया जाय। राष्ट्र के प्रत्येक लड़के और लड़की को नि:शुल्क शिक्षा, उच्चतम श्रेणी तक, उसकी बुद्धि के अनुसार दी जाय। किसी भी लड़के को कारख़ानों में किसी श्रम के कार्य पर नियुक्त न किया जाय।

इस घोषणा-पत्र के फलस्वरूप १८४८ में यूरोप के कुछ देशों में जागृति के चिह्न दिखाई देने लगे और कहीं-कहीं क्रांतियाँ भी हुईं। मार्क्स को किसी देश में टिकने नहीं दिया गया। स्थान-स्थान से उसे निर्वासित किया गया। वह बेल्जियम से फ़्रांस गया, फ़्रांस से जर्मनी और जर्मनी से लंदन जाकर टिका। बहुत वर्षों तक वह लंदन में परिवार-सहित रहा। उसे ग़रीबी का मुँह देखना पड़ा क्योंकि आय का कोई भी साधन अब उसके पास न रहा था। उसकी पत्नी ने इस संकट की अवस्था में उसका पूरा साथ दिया। उन्हें मकान का किराया न दे सकने के कारण कितनी बार निकाला गया। ऐसी कठिन आर्थिक स्थिति में एंगेल्स ने मार्क्स की सहायता की। उस समय वह मांचेस्टर में अपने पिता के व्यापार में लगा हुआ था और वहाँ से निरन्तर धन की मदद भेजता रहा। मार्क्स ने जब कभी, जिस आवश्यकता को पूरा करने के लिए कहा, एंगेल्स ने उसे पूरा कर दिया।

मार्क्स का अधिकांश समय राजनीति तथा पत्रकारिता में बीतने लगा। परन्तु इस सारे काल में वह अपने बृहद् ग्रंथ 'केपिटल' यानी 'पूँजी' की तैयारी में व्यस्त रहा। इस ग्रंथ के प्रारम्भिक अंश का प्रकाशन १८५९ में "अर्थशास्त्र की समालोचना" के नाम से हुआ। १८६७ में इसका प्रथम भाग प्रकाशित हुआ। दूसरा और तीसरा भाग मार्क्स की मृत्यु के बाद क्रमश: १८८५ तथा १८९४ में एंगेल्स द्वारा सम्पादित तथा प्रकाशित किया गया।

इस बृहद् ग्रंथ में पूँजीवाद का विश्लेषण तथा वर्णन किया गया है। और उन आर्थिक नियमों को ढूँढ़ने की कोशिश की गयी है जिनसे इस पूँजीवाद की उत्पत्ति, विकास और अंत में बरबादी होती है। मार्क्स की बुनियादी स्थापना यही है कि पूँजीवाद में अपनी बरबादी के बीज मौजूद हैं और इसे शीघ्र ही नष्ट हो जाना है। वर्गों का आपसी संघर्ष, जो पूँजीवाद का कड़ा नतीजा है—उसकी समाप्ति का ही निश्चित कारण बनेगा।

जब मार्क्स 'पूँजी' को लिख रहा था, उसने संगठन का कार्य भी साथ-साथ जारी रखा। १८६४ में उसने अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर-संघ की स्थापना की। उस संस्था का वह प्राण था। इस संस्था का महत्त्व शीघ्र बढ़ता गया। उसके साथ-साथ मार्क्स का प्रभाव-क्षेत्र भी बढ़ता गया। सब देशों के मज़दूर उसे अपने नेता समझने लगे। इस संघ के लाखों सदस्य बन गये। पूँजीवादियों को इससे डर होने लगा। उसकी शाखायें प्राय: सभी देशों के मुख्य-मुख्य नगरों में स्थापित हो गयीं।

मार्क्स अभी 'पूँजी' के दूसरे भाग को लिखने में व्यस्त था। अब उसे बहुत आर्थिक चिंता न थी। वह देर से लंदन में ठहरा हुआ था। एंगेल्स अपने व्यापार से निवृत्त हो चुका है। उसने मार्क्स के लिए ३५० पौंड प्रतिवर्ष का प्रबन्ध कर दिया। परन्तु मार्क्स का स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा था। उसके लियें कड़ी मेहनत करना कठिन होता जा रहा था।

१८८१ में उसकी पत्नी का देहान्त हो गया। मार्क्स भी फेफड़ों की बीमारी से बहुत पीड़ित रहने लगा। १८८३ में १४ मार्च के दिन मार्क्स का लंदन में देहान्त हो गया।

मार्क्स की समाधि पर भाषण देते हुए एंगेल्स ने कहा—"मार्क्स की कीर्त्ति और कृतियाँ सदियों तक ज़िंदा रहेंगी।" मार्क्स को विश्वास था कि आने वाली पीढ़ियाँ उसके विचार को समझेंगी और अपनाएँगी। इतिहास ने इस भविष्यवाणी को सत्य सिद्ध किया है। मार्क्स वर्त्तमान युग का सब से महान् प्रवर्त्तक माना जाता है। रूस के अतिरिक्त यूरोप के कई अन्य देशों में भी इसका प्रभाव बहुत गहराई तक पहुँच चुका है। यह निश्चित है कि मानव-जाति का भविष्य मार्क्स की इस शक्तिशाली कम्युनिस्ट विचारधारा के साथ ही संबंधित है।

("संसार के महान् युग-प्रवर्त्तक" नामक पुस्तक के आधार पर। पुस्तक के लेखक श्री इन्द्र हैं)

चुटकुले

१) शिक्षक—मनोज! सर्वनाम[24] के दो उदाहरण दो!
मनोज—कौन? मैं?
शिक्षक—शाबाश, बैठ जाओ।

२) एक व्यक्ति एक मोज़ा लाल और दूसरा मोज़ा नीला[25] पहने हुए था। उसके एक मित्र ने पूछा—'क्यों भाई, एक लाल और एक नीला मोज़ा क्यों पहने हो?'

पहला व्यक्ति बोला 'भाई, क्या बताऊँ? एक ऐसी ही जोड़ी घर पर और पड़ी है, कुछ समझ में नहीं आता क्या करूँ?'

३) एक—क्यों भाई, क्या यही सड़क कलकत्ता जाती है?
दूसरा—मैंने कभी देखा नहीं साहब! कभी इसे कलकत्ता जाता देखूंगा तो आप को बता दूंगा।

---

[24] सर्वनाम *м.* 'местоимение'.

[25] नीला 'синий'.

ГРАММАТИКА

О способах выражения основных значений русских косвенных падежей с предлогами грамматическими средствами хинди (*продолжение* § *48**)
Винительный падеж с предлогами (§ *48.3*)
Творительный падеж с предлогами (§ *48.4*)
Предложный падеж (§ *48.5*)

पाठ

भारतीय सभ्यता के कुछ स्मारक

भारतीय सभ्यता का प्राचीनतम स्मारक है सिंधु-घाटी-सभ्यता के प्राचीन नगरों के अवशेष। इन नगरों का समय इतिहासज्ञों के अनुमान के अनुसार ईसा से ३,००० वर्ष पूर्व का है। सन् १९२२ तक इन स्थानों के बारे में कोई कुछ न जानता था। केवल १९२२ में सिंध-प्रदेश में "मोहेनजोदड़ो" तथा पंजाब में "हड़प्पा" नामक स्थानों पर जो खुदाई की गई, उससे स्पष्ट हो गया कि इतने प्राचीन काल में भी भारत में नगरों का निर्माण वैज्ञानिक रीति और योजनापूर्ण तरीक़े से किया जाता था। सड़कें १३ फ़ुट से ३० फ़ुट तक चौड़ी और सीधी बनवाई जाती थीं। मकानों का निर्माण **पकाई हुई ईंटों** से किया जाता था। ये ईंटें बड़ी सफ़ाई से काटी जाती थीं और हल्के लाल रंग की होती थीं। उनकी लंबाई चौड़ाई से दुगुनी और मोटाई चौड़ाई से आधी होती थी। प्रायः प्रत्येक घर में ग़ुसलख़ाना होता था और पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था रहती थी। घरों में पक्के फ़र्श और ईंटों के बने पक्के कुएँ भी होते थे। खिलौने, बर्तन, मूर्त्तियाँ बड़ी संख्या में निकली हैं। कुछ खिलौने ऐसे भी मिले हैं जिनका सिर हिलता है या हाथ-पैर अलग जुड़े हैं। हाथी का ऐसा खिलौना निकला है कि जिसे दबाने पर आवाज़ निकलती है। वहीं पत्थर की बनी मनुष्य की मूर्त्तियाँ भी पाई गयी हैं। भारतीय चित्रकला के प्राचीनतम नमूने भी हड़प्पा और मोहेनजोदड़ो की खुदाई से प्राप्त बरतनों, पत्थरों, कांस्य और मिट्टी की मूर्त्तियों और सिक्कों में मिलते हैं।

अब मोहेनजोदड़ो तथा हड़प्पा पाकिस्तान में हैं।

भारतीय सभ्यता का एक और प्राचीन स्मारक है सारनाथ में खड़ा सत्तर फ़ुट ऊँचा प्रसिद्ध अशोक-स्तंभ जो सम्राट् अशोक के शासन-काल में (लगभग सन् २७३-२३७ ईसा-पूर्व) **पालिश किये हुए** चमकीले पत्थर का बनाया गया था। उसका दूसरा नाम **सिंह-स्तंभ** है क्योंकि उसके ऊपरी भाग में चार सिंह एक दूसरे की ओर

पीठ किये बैठे हैं। स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद भारत ने इसी सिंह-स्तंभ के ऊपरी भाग को अपना राष्ट्रीय चिह्न बनाया।

प्राचीन भारतीय सभ्यता का तीसरा स्मारक है वास्तुकला, मूर्त्तिकला और चित्रकला के स्वर्ण-युग, गुप्त वंश के शासन-काल (सन् ३२०–६५० ईस्वी) में बने मशहूर अजन्ता के **गुफा-मंदिर**। ये गुफा-मंदिर बंबई से कुछ दूरी पर अजन्ता नामक गाँव के पास हैं। वे घने जंगलवाली एक काफ़ी ऊँची पहाड़ी को घोड़े की नाल के आकार में काटकर उसके अंदर बनाये गए हैं। सामने की पहाड़ी पर से वाघरा नदी गिरती है और मैदान में बहने लगती है। यह स्थान अत्यंत शांत है। बरसात में यहाँ का दृश्य विशेष रूप से सुन्दर दिखाई पड़ता है। गुफा-मंदिर बहुत लंबे और गहरे होने पर भी कारीगरों ने भीतर प्रकाश पहुँचाने का पूरा प्रबंध किया है। गुफाओं में एक छेद से होकर प्रकाश लगातार आता रहता है जिससे गुफा के मंदिर तथा उनके भीतर के चित्र व मूर्त्तियाँ चमक उठती हैं **और दर्शक को कहीं अंधकार का नाम तक नहीं दिखाई देता।** इस प्रकार प्रकाश का यह प्रबंध अजन्ता की गुफाओं का एक आश्चर्य है। मगर इन गुफाओं की मुख्य विशेषता यह है कि इनकी दीवारों, छतों और स्तंभों पर बुद्ध के जीवन से संबंध रखनेवाली कथाओं की घटनाएँ चित्रित की गई हैं। ये गाढ़े नीले, लाल और पीले रंगोंवाले चित्र ख़ास तौर से इसी लिए दिलचस्प हैं कि इन चित्रों को ध्यान से देखने पर उस काल का जीवन, मनुष्यों, घरों, खेतों, बाग़ों, जंगलों तथा पशु-पक्षियों का दृश्य आँखों के सामने उपस्थित हो जाता है। इन चित्रों में ऐसे भी मिलते हैं जो मनुष्यों के भावों को प्रकट करने में कला की सीमा कहे जा सकते हैं। **यह लीजिये** "माँ बेटे" का विश्व-प्रसिद्ध चित्र। सारी अजन्ता में ऐसा एक भी चित्र नहीं है जो सुन्दरता में इस चित्र का **मुक़ाबला कर सके।** जो बात यह चित्र बिना बोले कह रहा है उसे हज़ारों शब्द बोलकर कहा नहीं जा सकता। **आश्चर्य की बात नहीं कि** दीवारों पर बने अजन्ता के चित्र संसार भर में बेजोड़ माने जाते हैं और अजन्ता की चित्रकला का बहुत बड़ा प्रभाव भारत की आधुनिक चित्रकला पर पड़ा है। सचमुच भारतीय चित्रकला के शानदार इतिहास का आरंभ इन्हीं चित्रों से होता है। **आश्चर्य की बात यह है कि** अपनी चित्रकला के लिए विश्व-ख्याति प्राप्त इन गुफाओं को आज से लगभग डेढ़ सौ साल पहले कोई नहीं जानता था। अजन्ता का फिर से पता संसार को केवल १८१९ में ही लगा था। संभव है कि इसी लिए कुछ गुफाएँ इस समय सुरक्षित अवस्था में हैं, उनमें अनेक चित्र सैकड़ों वर्ष बीत जाने पर भी उसी रूप में मौजूद हैं और अभी तक नये लगते हैं। अजन्ता की गिनती संसार के आश्चर्यों में होती है और देश-विदेश के दर्शक हज़ारों की संख्या में इन गुफा-मंदिरों में प्रति वर्ष आते हैं।

प्राचीन भारतीय सभ्यता का एक और स्मारक है सातवीं और आठवीं सदियों की हिन्दू देवताओं की मूर्त्तियाँ जो अद्भुत शक्ति से पूर्ण और अत्यंत सजीव हैं। इस युग की मूर्त्तिकला के कई बहुत अच्छे नमूने एलिफ़ेंटा की गुफाओं के दर्शनीय शिव-मंदिर में देखने को मिलते हैं। ऐलिफ़ेंटा की गुफाएँ वर्त्तमान बंबई के पास ही एक छोटे से द्वीप पर स्थित हैं। उन तक पहुँचने के लिए एक पहाड़ पर चढ़ना पड़ता है जिस पर से समुद्र का बहुत सुंदर दृश्य दिखाई देता है। इन गुफाओं का भीतरी भाग भी बहुत ही ख़ूबसूरत है। एलिफ़ेंटा के मंदिर में प्रवेश करते ही सामने

शिव की प्रसिद्ध त्रिमूर्त्ति के **दर्शन** होते हैं। इस मूर्त्ति की लंबाई-चौड़ाई ३०-३० फ़ुट की है। वहाँ की एक दूसरी गुफा में शिव की शादी का आरंभ चित्रित किया गया है। पहाड़ को काटकर इतना अत्यंत सुंदर मंदिर और अद्भुत मूर्त्तियाँ बनाना कुशल भारतीय कारीगरों की प्रतिभा का अनोखा उदाहरण है।

बारहवीं सदी के अंत में उत्तर-भारत में मुस्लिम-शासन की स्थापना के साथ ही दो भिन्न संस्कृतियाँ मिल गईं। उत्तर-अफ़्रीका, पश्चिमी एशिया तथा मध्य एशिया के देशों की सांस्कृतिक परंपराओं से भारतीय परंपरा के मिलने के फलस्वरूप ही एक नई कला का जन्म हुआ जिसे मुस्लिम-कला के नाम से पुकारा जाता है।

मुस्लिम-वास्तुकला के विकास में दिल्ली का विशेष महत्त्व है। इस लिए दिल्ली में मुस्लिम-वास्तुकला के सब से अच्छे स्मारक देखने को मिलते हैं। उन में एक है हुमायूँ का मक़बरा जिसका निर्माण सन १५६५-६६ ईस्वी में हुआ और जो विश्व के महानतम स्मारकों में गिना जाता है। दिल्ली में लाल क़िला, जामा-मस्जिद, क़ुतुब मीनार आदि भी मुस्लिम वास्तुकला के अनोखे नमूने हैं।

क़ुतुब मीनार, जो भारत का आश्चर्य कहा जाता है, दिल्ली के केंद्र से काफ़ी दूरी पर दक्षिण-पश्चिम की ओर मेहरौली नामक स्थान पर स्थित है। कहते हैं कि पहले जब यह सात खंड की थी तो ३०० फ़ुट ऊँची थी। पर अब तो इसमें केवल पाँच ही खंड बचे हैं। इस तरह क़ुतुब मीनार की वर्त्तमान ऊँचाई २३३ फ़ुट है। इसके नीचे के तीन खंड लाल पत्थर के बने हुए हैं। मीनार के ऊपरी दोनों खंड संगमरमर तथा लाल पत्थर के हैं। उसके ऊपर चढ़ने के लिए भीतर पत्थर की ३७९ चक्करदार सीढ़ियाँ हैं। क़ुतुब मीनार भारत की सब से दर्शनीय मीनार है। देश-विदेश से सैकड़ों यात्री वहाँ प्रतिदिन आते हैं। विशेष रूप से बरसात के दिनों में और गर्मियों में इसकी चोटी पर से दूर दूर के दृश्य बहुत सुंदर दिखाई देते हैं। एक ही दृष्टि में दर्शक को नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, लाल क़िला, जामा मस्जिद, राष्ट्रपति-भवन, यमुना—सब कुछ दिखाई पड़ता है।

दिल्ली के बाहर भी मुस्लिम वास्तुकला के मशहूर स्मारक हैं। ऐसे ही स्मारक आगरे में हैं। उन में मुख्य हैं ताजमहल और आगरे का लाल क़िला। चूंकि ताजमहल भारत में तथा संसार भर में भी सब से ज़्यादा मशहूर इमारत है और उसे "संगमरमर में कविता" कहा जाता है इसलिए उसका वर्णन अधिक विस्तार से करना चाहिये।

ताजमहल गंगा और यमुना के बीच के मैदानी "दोआब" क्षेत्र में आगरा नगर के नज़दीक यमुना नदी के पूर्वी तट पर स्थित है। दुनिया में ऐसी इमारतें कम हैं जिनको देखकर इतने भाव पैदा हो जाते हैं। ताजमहल बादशाह शाहजहाँ की प्रिय पत्नी मुमताज़ महल का मक़बरा है। मुमताज़ का देहांत हो जाने के बाद शाहजहाँ ने उसकी समाधि आगरे में बनाने का निश्चय किया। देश भर के सब से अच्छे कलाकारों से नमूने मँगवाये गये। भारत के कुशल कारीगरों के अलावा तुर्की, ईरान, मध्य एशिया, फ़्रांस आदि देशों के भी कलाकारों को निमंत्रण भेजे गये। कलाकारों में ईसा अफ़न्दी भी था। कहते हैं कि अफ़न्दी ने **एक के बाद एक करके** समाधि के कई नमूने बनाये जिन में से केवल एक शाहजहाँ को पसंद आया। उसी नमूने के आधार पर लकड़ी का एक ढाँचा बनाया गया। इस के बाद ही मक़बरा बनाने का मुख्य कार्य अफ़न्दी को ही सौंपा गया। ताजमहल में जो चित्रकारी तथा बेलबूटे का काम किया गया है उसे शिराज़ नगर के आमारनूद ख़ाँ ने पूरा किया था। तुर्किस्तान

के इस्माईल ख़ाँ ने गुम्बद बनाने का कार्य किया। भवन-निर्माण के लिए लाहौर के तीन कलाकारों को नियुक्त किया गया। उनके नाम हैं—मोहनलाल, मनोहरसिंह और मुन्नालाल। इटली के कलाकार विरोनस का ताजमहल की भीतरी सजावट में प्रमुख **हाथ रहा**। इसी लिए कला के विशेषज्ञों का कहना है कि ताजमहल की चित्रकारी और स्थापत्य में अनेक देशों की कला का जैसे प्राचीन भारत, अरब, चीन, इटली, मध्य एशिया की कला का प्रभाव देखने को मिलता है।

सन् १६३१ में ताजमहल के निर्माण का श्रीगणेश हुआ और साढ़े अठारह वर्ष तक लगातार उसका निर्माण-कार्य चलता रहा। उसके बनाने में लगभग बीस हज़ार मज़दूरों ने प्रतिदिन काम किया। इतिहासज्ञों का अनुमान है कि ताजमहल पर छः करोड़ साठ लाख रुपये तक ख़र्च हुए होंगे। ताजमहल बनाने के लिए राजस्थान से सफ़ेद संगमरमर का पत्थर मँगवाया गया। नर्मदा-तट का पीला पत्थर और चार पहाड़ नामक स्थान से काला पत्थर भी मँगवाया गया था। पंजाब के हीरे तथा अन्य क़ीमती पत्थर जिस दाम पर भी, जहाँ से भी मिले उन्हें मँगवाने का प्रबंध किया गया था।

सदियाँ बीत गईं पर कला, सुन्दरता और **प्रेम** का यह स्मारक आज भी ऐसे खड़ा है जैसे अभी बनाया गया हो।

ताजमहल **अपने आप में** सुंदरता की एक छोटी सी दुनिया है। ताजमहल और उससे लगती अन्य इमारतें लगभग ४२ एकड़ के एक शानदार बाग़ में स्थित हैं। बाग़ के कुछ पेड़ ख़ुद शाहजहाँ के हाथ के लगाये हुए और कुछ उससे भी पुराने हैं।

बाग़ के चारों ओर लाल पत्थर की दीवारें हैं। इसी बाग़ के बीच ताजमहल की इमारत खड़ी है। ताजमहल में प्रवेश के लिए चार मार्ग हैं—ताज दरवाज़ा, पूर्वी दरवाज़ा, पश्चिमी दरवाज़ा और दक्षिणी दरवाज़ा। लाल पत्थर के बने ताज दरवाज़े से होकर बाग़ के लिए रास्ता बना है। ताज दरवाज़े के चारों कोनों पर चार सुन्दर बुर्जियाँ बनी हुई हैं। उसकी सीढ़ियों से उतरने पर ताज बाग़ आरंभ हो जाता है। नहरों, फ़ौवारों और हरे पौधों की सुन्दर पंक्तियों के बीचोंबीच दोहरी पगडंडियाँ मक़बरे तक चली गयी हैं। बीच में सफ़ेद संगमरमर का एक तालाब है जो सदा पानी से भरा रहता है। इसी तालाब के ठीक सामने ताजमहल की मुख्य समाधि है। नीले आसमान, हरी पेड़-पंक्तियों और सफ़ेद मक़बरे की पानी में पड़ती हुई छाया एक अद्भुत दृश्य उपस्थित कर देती है जिसे देखकर दर्शक आश्चर्यचकित हुए बिना नहीं रह सकता। (**याद रहे कि** ताजमहल के बाग़ में मुख्य समाधि के अलावा और दो काफ़ी ख़ूबसूरत इमारतें हैं—ताज-मस्जिद और जमियतख़ाना, लेकिन मुमताज़ महल के मक़बरे की सुंदरता **के सामने** वे कुछ नहीं हैं)।

मुख्य समाधि दोहरे चबूतरे पर बनी हुई है। नीचे का चबूतरा साढ़े चार फ़ुट ऊँचा लाल पत्थर का बना हुआ है और उसके ऊपर दूसरा चबूतरा साढ़े अठारह फ़ुट ऊँचा संगमरमर का बना है। चबूतरे के चारों कोनों पर संगमरमर की चार ऊँची-ऊँची मीनारें सैनिकों की तरह खड़ी हैं जिन के अंदर ऊपर जाने के लिए १६४ सीढ़ियाँ हैं।

मुख्य समाधि तक पहुँचने के लिए चबूतरे पर दो ज़ीने बने हुए हैं जिनपर

चढ़कर दर्शक की आँखों के सामने कई दृश्य एकसाथ खुल पड़ते हैं—सामने सारे का सारा सफ़ेद संगमरमर का बना ताजमहल, पीछे दूर तक फैली हरियाली और तेज़ गति से बहती यमुना।

मुमताज़ की मुख्य समाधि में प्रवेश करने के लिए एक सुन्दर द्वार से होकर जाना पड़ता है। सभी दीवारें, छत, बरामदे तथा क़ब्रें सफ़ेद संगमरमर पर ख़ूबसूरत खुदाई से सजाये गये हैं। फ़र्श पर भी संगमरमर की टुकड़ियाँ लगी हैं। इस कला को देखकर दर्शक यह निश्चय नहीं कर पाता कि वह किस वस्तु को किससे अधिक सुंदर कहे! इतनी अनोखी है ताजमहल की कला! इमारत के बीच में मुमताज़ महल तथा बादशाह शाहजहाँ की कलापूर्ण क़ब्रें बनी हैं और इन कलापूर्ण क़ब्रों के ठीक नीचे तहख़ाने में मुमताज़महल और शाहजहाँ की असली क़ब्रें हैं। कहते हैं कि शाहजहाँ का यमुना के दूसरे किनारे पर अपने लिए काले संगमरमर-पत्थर का एक ऐसा ही मक़बरा बनाने का विचार था किन्तु उनके बेटे औरंगज़ेब ने पिता की इस अंतिम इच्छा को पूरा न होने दिया।

दर्शक लोग ताजमहल को यमुना वाली दूसरी ओर से देखना भी पसंद करते हैं। उधर, यमुना के शांत पानी में सारे ताजमहल की छाया पड़ती हुई दिखाई देती है। दिन के प्रकाश में या संध्या-समय जब भी ताज को देखो हर अवस्था में और हर समय उसका दृश्य शानदार होता है, किंतु **चाँदनी रात** में चंद्रमा के प्रकाश में वह इस तरह चमकता है जैसे कि वह चाँदी का हो।

ताजमहल के कारण न केवल आगरा नगर लेकिन सारा भारतवर्ष विश्वभर में प्रसिद्ध है।

ये ही हैं कुछ स्मारक जो सारे संसार का गौरव बन गये हैं और वह शीशा हैं जिस में निपुण भारतीय कारीगरों की महान् प्रतिभा नज़र आती है।

नये शब्द

अंधकार **андʰакāр** *м.* 1) мрак, темнота; 2) невежество

अत्यंत **атйант 1.** 1) чрезвычайный, крайний; 2) самый; **2.** чрезвычайно, очень

अनोखा **анокʰā** 1) редкий, удивительный; незаурядный; 2) красивый

अवशेष **авашэш** *м.* 1) остаток; 2) развалины, руины; 3) пережиток

आकार **āкāр** *м.* 1) вид; внешность; 2) форма; 3) размер, объем

आश्चर्य **āшчарйа** *м.* 1) удивление, изумление; 2) удивительная вещь, чудо

आसमान **āсмāн** *м.* небо

ईंट **ӣт** *ж.* 1) кирпич; 2) слиток; болванка

ऐसे **айсэ** так; просто так

क़ब्र **ка̇бр** *ж.* могила; гробница

कलापूर्ण **калāпӯрна** художественный

किंतु **кинту** но, однако

खंड **кʰанḍ** *м.* 1) часть; кусок; 2) раздел, глава; 3) фрагмент; отрывок; 4) ступень (*ракеты*)

खिलौना **кʰилаунā** *м.* игрушка

गाढ़ा **гāр̣ʰā** 1) густой (*о жидкости*); 2) плотный (*о ткани*); 3) крепкий (*о дружбе*); 4) темный (*о цвете*)

गिनना **гинна̄** *п.* 1) считать, подсчитывать; 2) считаться; 3) ценить

गुंबद (गुम्बद) **гумбад** *м.* купол

गुफा **гуп^hа̄** *ж.* пещера

चक्करदार **чаккарда̄р** 1) обходный, круговой; 2) извилистый; 3) винтовой

चबूतरा **чабӯтара̄** *м.* 1) платформа; помост; 2) терраса; площадка

चमकीला **чамкӣла̄** 1) сверкающий, блестящий; яркий; 2) великолепный

चाँदनी **ча̃днӣ** *ж.* лунный свет

चाँदी **ча̃дӣ** *ж.* серебро

चित्रकारी **читрака̄рӣ** *ж.* живопись; изобразительное искусство

चित्रित **читрит** нарисованный; изображенный; ~ करना рисовать; изображать

छाया **ч^hа̄йа̄** *ж.* 1) тень; 2) отражение (*напр. в воде*)

छेद **ч^hэд** *м.* 1) дыра, отверстие; пробоина; 2) щель; трещина

जमियतख़ाना **джамийат-ха̄на̄** *м.* зал собраний

ज़ीना **зӣна̄** *м.* лестница; ступенька

जुड़ना **джур̣на̄** *нп.* 1) соединяться; связываться; стыковаться; 2) соприкасаться; 3) объединяться

टुकड़ी **т̣укр̣ӣ** *ж.* 1) кусок, кусочек; 2) группа; отряд; 3) стадо, стая; 4) *воен.* подразделение, часть

ढाँचा **д̣^hа̃ча̄** *м.* 1) план, схема; 2) каркас; рама; 3) модель; 4) структура; строй; устройство

ताज **та̄дж** *м.* корона

त्रिमूर्ति **тримӯртти** *ж.* тримурти, триада (*богов*)

देवता **дэвата̄** *м.* божество, бог

दोआब **доа̄б** *м.* 1) междуречье; 2) *собств.* Доаб (*равнина между Гангом и Джамной*)

नाल **на̄л** *м.*, *ж.* подкова

निपुण **нипун** 1) умелый, ловкий; 2) одаренный

नीला **нӣла̄** голубой; синий

पगडंडी **пагд̣анд̣ӣ** *ж.* тропа, тропинка; пешеходная дорожка

पर्याप्त **парйа̄пта** значительный; достаточный

पालिश **па̄лиш** *ж.* 1) полировка; 2) крем для чистки обуви; лак

पीठ **пӣт̣^h** *ж.* 1) спина; 2) спинка

प्रेम **прэм** *м.* любовь

बुद्ध **будд^hа** *собств. м.* Будда

बुर्जी **бурджӣ** *ж.* башня

बेलबूटा **бэлбӯт̣а̄** *м.* 1) орнамент (*растительный*); роспись; 2) вышивка, узор

भाव **б^hа̄о** *м.* 1) чувство; 2) мысль, идея; 3) выражение лица

भीतरी **б^hӣтарӣ** внутренний

मुक़ाबला **муқа̄бла̄** **1.** *м.* 1) оппозиция, сопротивление; борьба; 2) сравнение; 3) соревнование, состязание; конкурс; 4) конкуренция; **2.:** के मुक़ाबले *послелог* в сравнении, по сравнению

मुस्लिम **муслим** мусульманский

मूर्त्तिकला **мӯрттикала̄** *ж.* скульптура, ваяние

मोटाई **мот̣а̄ӣ** *ж.* 1) полнота; тучность; 2) толщина

रीति **рӣти** *ж.* 1) образ, способ действия; прием; 2) обычай

वास्तुकला **ва̄сту-кала̄** *ж.* архитектура

शांत **ша̄нт** 1) утихший; прекратившийся (*напр. о боли*); 2) успокоенный, спокойный; ~ होना (हो जाना) а) утихать; прекращаться; б) успокаиваться; ~ करना а) ох-

лаждать (*напр. пыл*); б) успокаивать; усмирять; 3) мирный

शिव шив *собств. м.* Шива

सजावट саджāваṫ *ж.* убранство, наряд; украшение

सजीव саджӣв живой; ~ हो उठना оживать; оживляться

स्तंभ стамбʰа *м.* 1) столб; колонна; 2) *перен.* оплот, опора

हरियाली hарийāлӣ *ж.* зелень, растительность

हिंदू hиндӯ 1. индусский; 2. *м.* индус, хинду

हिलना hилнā *нп.* 1) качаться; колебаться; 2) трогаться с места; шевелиться; 3) трястись

हीरा hӣрā *м.* бриллиант, алмаз

व्याकरण तथा शब्दावली संबंधी टिप्पणियाँ

1. पकाई हुई ईंट, पक्की ईंट 'обожженный кирпич'.

2. पालिश करना 1) 'полировать' (की *что-л.*); 2) 'чистить' (की *что-л., напр. ботинки*).

3. सिंह-स्तंभ 'колонна с львиной капителью' *(в виде четырех сидящих львов)*.

4. В хинди глагол करना 'делать' в сочетании с некоторыми существительными — названиями частей человеческого тела — образует глагольно-именные сочетания со значением «поворачиваться к объекту той частью тела», которая обозначена соответствующим существительным, например: पीठ करना 'поворачиваться спиной' (की ओर *к кому-л., чему-л.*; पीठ 'спина'), मुँह करना 'поворачиваться лицом' (की ओर *к кому-л., к чему-л.*; मुँह 'лицо'); एक दूसरे की ओर पीठ किये '[повернувшись] спиной друг к другу'.

5. गुफा-मन्दिर 'пещерный храм'.

6. ...और दर्शक को कहीं अंधकार का नाम तक नहीं दिखाई देता '...и посетитель совершенно не ощущает темноты'.

7. यह लीजिये 'вот, возьмите'; *зд.* 'вот, например'.

8. मुक़ाबला करना 1) 'противостоять', 'сопротивляться' (का *кому-л., чему-л.*); 'бороться' (का *с кем-л., чем-л.*); 2) 'сравнивать', 'сопоставлять' (का *кого-л., что-л.*, का, से *с кем-л., чем-л.*, में *в чем-л.*); 3) 'конкурировать' (से *с кем-л., чем-л.*, में *в чем-л.*).

9. आश्चर्य की बात नहीं कि ... 'не удивительно, что...'; आश्चर्य की बात यह है कि ... 'удивительно, что...'

10. Ряд существительных хинди преимущественно употребляется либо только в единственном, либо только во множественном числе.

В единственном числе употребляются обычно следующие существительные:

а) существительные вещественные, например: सोना 'золото', चाँदी 'серебро', दूध 'молоко', लोहा 'железо', आटा 'мука';

б) существительные отвлеченные, обозначающие качество, свойство, действие, состояние, например: लम्बाई 'длина', दृढ़ता 'твердость', प्रेम 'любовь', पढ़ाई 'обучение', जवानी 'молодость'.

Случаи употребления отдельных вещественных и отвлеченных существительных во множественном числе связаны с их конкретизацией. Существительные вещественные принимают форму множественного числа при указании на разные виды или сорта данного вещества (например: तेज़ शराबें 'крепкие вина', मीठी शराबें 'сладкие вина'), а существительные отвлеченные — обычно при сужении их широкого абстрактного значения (например: स्वतंत्रता 'свобода' — जनवादी स्वतंत्रताएँ 'демократические свободы'; शक्ति 'сила' — शांति की शक्तियाँ 'силы мира'; गहराई 'глубина' — दिल की गहराइयों तक 'до глубины души');

в) имена собственные, например: दिल्ली 'Дели', बंबई 'Бомбей', गोपालन 'Гопалан'.

Имена собственные — названия лиц — употребляются во множественном числе в собирательном значении, например: बिरलाओं और टाटाओं के ख़िलाफ़ सख़्त क़दम उठाये जायें 'Против бирл и тат необходимо принять жесткие меры';

г) существительные собирательные, например: रुपया 'деньги', पैसा 'деньги', माल 'имущество', 'товары'; सामान 'предметы', 'материалы'; ताश 'карты' и др., например: निर्माण-कार्य के लिये बहुत ही रुपया (पैसा) चाहिये 'На строительство необходимо очень много денег'; भारत में सोवियत संघ से कई तरह का माल आता है 'В Индию из Советского Союза поступают различные товары'.

Существительные типа रुपया 'деньги', पैसा 'деньги', ताश 'карты' и т. п. нередко выступают в форме множественного числа. Это бывает тогда, когда они употребляются с количественными числительными для обозначения отдельных единиц соответствующего понятия, например: उस के पास एक पैसा (पाँच पैसे, पाँच रुपये) है (हैं) 'У него есть одна пайса (пять пайс, пять рупий)'.

Следующие существительные обычно выступают во множественном числе:

а) сочетания существительных, вторым компонентом которых являются лексемы: लोग 'люди', 'народ'; गण 'толпа', 'множество', 'народ'; जन 'люди', 'народ'; वृंद 'группа', 'множество', указывающие на совокупность лиц или живых существ, например: किसान लोग 'крестьяне', नेतागण 'руководители', 'руководство'; स्त्रीजन 'женщины', बालकवृंद 'мальчики';

б) существительные: प्राण 'жизнь', दर्शन 'осмотр', 'встреча', 'посещение'; होश 'сознание' и др., например: उस ने मेरे प्राण बचाये 'Он спас мне жизнь'; बहुत दिनों से आप के दर्शन नहीं हुए 'Давно Вас не видел'; एलिफ़ेंटा के मंदिर में प्रवेश करते ही सामने शिव की प्रसिद्ध त्रिमूर्त्ति के दर्शन होते हैं 'Как только входишь в храм Элефанта, перед тобой возникает знаменитая скульптура трехликого Шивы'; उस के होश उड़ गये 'Он потерял сознание';

в) парные сочетания существительных, указывающих на совокупность определенных предметов, например: भेड़-बकरियाँ 'мелкий рогатый скот', गाय-भैंसें 'крупный рогатый скот', पशु-पक्षी 'животные [и] птицы', 'фауна'; पेड़-पौधे 'деревья [и] растения', 'флора'.

Отдельные существительные, не меняя своего лексического значения, могут употребляться как во множественном, так и в единственном числе, например: गर्मियाँ (गर्मी) 'лето', जाड़े (जाड़ा) 'зима'; पिछली गर्मियों (गर्मी) में 'прошлым летом', अगले जाड़ों (जाड़े) में 'следующей зимой'.

Некоторые существительные выступают в форме, общей для обоих чисел, например: कोदों 'мелкое зерно', सरसों 'горчица'.

11. एक के बाद एक करके 'один за другим'.

12. हाथ रहना 'иметь отношение', 'иметь заслугу' (का *о ком-л.*, में *в чем-л.*), 'быть причастным' (का *о ком-л.*, में *к чему-л.*).

13. प्रेम करना 'любить' (को, से *кого-л.*, *что-л.*).

14. अपने आप में 'сам по себе'.

15. В хинди наряду с вводными словами и словосочетаниями (*см.* Грамматику к Уроку X, § 38*) имеются и вводные предложения. Вводные предложения выполняют те же функции, что и вводные слова и словосочетания, и произносятся с той же интонацией.

Вводные предложения по своей структуре бывают односоставными (например, определенно-личными) и двусоставными. Связь между вводным и основным предложениями может быть союзной и бессоюзной. Вводные предложения могут находиться в начале, в середине и в конце основного предложения, например: याद रहे कि ताजमहल के बाग़ में मुख्य समाधि के अलावा और दो काफ़ी ख़ूबसूरत इमारतें हैं 'Следует помнить, что в парке Тадж Махала кроме главного мавзолея имеются еще два довольно красивых здания'; चाँदनी रात में मैं रहूँ कहीं भी लेकिन जब भी प्रभा का ध्यान करता हूँ तो वह मुझे छत पर सिमटी-सिमटाई बैठी या ज़्यादा ठीक कहूँ तो रोती हुई दिखाई देती है 'Где бы я ни находился в лунную ночь, (когда) я вспоминаю Прабху, я вижу ее на крыше, сжавшуюся в комок, или, вернее сказать, плачущую'; अच्छा आओ, तुम्हें मेरी क़सम है, दो रोटियाँ खा लो 'Ладно, иди сюда, заклинаю тебя, съешь пару лепешек'; जैसे कि रेडियो ने बताया आज मौसम बहुत ख़राब होगा 'Как сообщило радио, сегодня погода будет очень плохая'; वह भारतीय नहीं है जैसा कि उस के आकार-प्रकार से पता लगता है 'Он не индиец, как это явствует из его внешности'.

16. Сложные послелоги के सामने и के आगे 'перед' используются и для выражения сравнения, например: ...लेकिन मुमताज़ महल के मक़बरे की सुन्दरता के सामने वे कुछ नहीं हैं '... но в сравнении с красотой (*букв.* перед красотой) гробницы Мумтаз Махал они ничто'; स्त्री पुरुष के सामने कमज़ोर होती है 'Женщина бывает слабее мужчины'; वह मेरे आगे छोटा है 'Он моложе меня'.

17. चाँदनी रात 'лунная ночь'.

व्याकरण के अभ्यास

I. रूसी कर्म-कारक में मोटे टाइप में छपे पूर्वसर्ग-युक्त शब्दों सहित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Годовой план выполнен заводом **за одиннадцать месяцев.** (2) **В тот год** осенняя погода стояла долго. (3) Он сделает эту работу **в два дня.** (4) Летом мы поедем **на Кавказ** или **в Крым** (क्रीमिया). (5) Мой брат поступил **в Московский университет.** (6) На столе лежал небольшой квадратный предмет, завернутый **в белую бумагу.** (7) На нем был серый (ग्रेय) **в полоску** костюм, белые туфли и голубая шелковая рубашка. (8) Каменного дома **в два этажа** все еще не было видно. (9) Сейчас Индия производит **в несколько раз больше** промышленной продукции, чем до получения независимости. (10) Что вы можете сказать **в свое оправдание** (सफ़ाई *ж.*)? (11) Раз **в воскресенье** они с утра решили ехать **за Волгу.** (12) Она села **за письменный столик.** (13) Ее отправили **в клинику в другой город, за двести километров.** (14) **За последнее время** я прочитал много книг. (15) Мы прибыли **на вокзал за десять минут** до отхода поезда. (16) Ребенок держал мать **за руку.** (17) Она принялась **за работу.** (18) Лавочник просил **за материю** пятьдесят рупий. (19) Он отдал свою жизнь **за Родину.** (20) Он сделал эту работу **за меня.** (21) Он принял меня **за врага.** (22) Многие народы боролись **за свободу и независимость** своей Родины. (23) Мы все очень беспокоились **за Вас.** (24) Нам захотелось подняться **на эту гору**. (25) Все заботы свалились **на плечи матери.** (26) Командир (कमांडर *м.*) приказал солдатам двигаться **на незнакомый** (अपरिचित) **предмет.** (27) Она заплатила сто рупий **за новое платье** (फ़ाक *м.*). (28) Он жаловался **на головную боль.** (29) Мой друг приехал **на неделю раньше.** (30) Мы отложили свою поездку **на следующее лето.** (31) **На подготовку** к путешествию ушло два месяца. (32) Все граждане СССР имеют право **на труд** и **на отдых.** (33) Она купила **на платье** два метра материи. (34) Он прославился **на весь город.** (35) Раздели это **на три части.** (36) По сравнению с прошлым годом производство стали на этом заводе увеличилось **на десять процентов.** (37) Он очень похож **на своего отца.** (38) Волны бились (से टकराना *нп.*) **о берег.** (39) Он **по шею** вошел (घुसना *нп.*) **в воду.** (40) Ко мне приближался обнаженный (नंगा) **по пояс** человек. (41) Впереди всех **по правую сторону** стояли какие-то женщины. (42) Он работает

там и **по сей день.** (43) Женщины пошли **по воду.** (44) Нам дали **по два карандаша** и **по три тетради.** (45) Я купил три билета **по пятьдесят копеек.** (46) Рама быстро шел **под гору.** (47) Он поставил ботинки **под кровать.** (48) Они **под утро** уехали. (49) Они шли **за десять километров** отправлять телеграмму родителям. (50) Солдаты шли **под музыку.** (51) **Под аплодисменты** присутствующих он закончил свой доклад. (52) Эту землю отдали **под сад.** (53) Мы выехали только **под вечер.** (54) Она **про него** забыла. (55) Месяц смотрит **сквозь сетку** ветвей (टहनियों की जाली *ж.*). (56) Мы проехали **через лес** и выехали к реке. (57) На дороге **через каждые пятьдесят метров** поставлены столбы. (58) Он передал мне письмо **через брата.** (59) Мы вели беседу **через переводчика.** (60) Я уеду **через два дня.** (61) Он работает **через день.** (62) Это лекарство нужно принимать **через каждые два часа.**

II. रूसी करण-कारक[1] में मोटे टाइप में छपे पूवसर्ग-युक्त शब्दों सहित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Я послал **за доктором.** (2) Мальчики и девочки с интересом следили (देखना *п.*) **за полетом** птицы. (3) В селе **за рекою** потух (बुझना *нп.*) огонек. (4) Так **за слоном** толпы зевак (दर्शक *м.*) ходили. (5) **За работой** он любил петь. (6) **За отсутствием** доктора больных принимает фельдшер (सहायक डॉक्टर *м.*). (7) **За неимением** времени мы отказались от поездки в этот город. (8) Она давала ему лекарство **за лекарством**; но болезнь не проходила. (9) Он придет к нам **между семью и восемью часами.** (10) Договор, заключенный **между двумя нашими странами,** будет способствовать укреплению мира во всем мире. (11) Он задумался **над этим вопросом.** (12) Бабушка сжалилась (पर दया करना) **над собакой** и бросила ей кусок мяса. (13) Тонкий (पतला) туман стоит вдали **над желтыми полями.** (14) **Перед нашим домом** стоит здание кинотеатра. (15) Звезды блекли **перед рассветом** (पौ फटना). (16) Мы не должны отступать (पीछे हटना *нп.*) **перед трудностями.** (17) Он любил сидеть **под деревом.** (18) Я побежала **под проливным дождем** к дому. (19) Летом мы обычно живем в деревне **под Москвой.** (20) Что вы подразумеваете (का अर्थ लगाना) **под этим словом?** (21) Я зани-

---

[1] करण-कारक *м.* 'творительный падеж'.

мался языком **под руководством** педагога. (22) Он поздоровался **со мной.** (23) Не видно было той черты, где земля сходится **с небом** (आसमान *м.*). (24) Ему постоянно приходилось бороться **с трудностями.** (25) Сунил познакомил меня **со своей женой.** (26) Что **с ним** случилось? — **С ним** произошла удивительная история. (27) Жила она **с матерью** в маленькой комнате. (28) Он отправился на вокзал **с чемоданом** в руках. (29) Он **с большим вниманием** изучает этот доклад. (30) На столе стояла бутылка **с молоком.** (31) Поздравляю вас **с Новым годом.** (32) Мать купила сыну книгу **с картинками** (सचित्र). (33) У них был дом **с большой верандой.** (34) Я перевел эту статью **с большим трудом.**

III рूसी पूर्वसर्ग-कारक में मोटे टाइप में छपे शब्दों सहित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Вчера весь день он работал **в поле.** (2) Так и живет он **в памяти** людей. (3) Они поселились **в трех километрах** от города. (4) Я видел **в нем** хорошего товарища. (5) Она ходила **в темно-синей юбке.** (6) Лежа **на диване,** она читала **книгу.** (7) Я встретил его **на улице.** (8) **На стене** висела картина. (9) Такие деревья встречаются только **на Кавказе.** (10) Где-то **на западе** гремел гром. (11) Он учился **на факультете** русского языка и литературы. (12) **На собрании** председательствовал известный советский ученый. (13) Его дочь учится играть **на фортепьяно.** (14) Эта книга основывается **на подлинных фактах** (तथ्य *м.*) (15) Что вы читали **на этой неделе?** (16) Она приехала **на рассвете.** (17) Мы должны хорошо говорить **на своем родном языке.** (18) Это нельзя передать **на словах,** это нужно видеть своими глазами. (19) Недавно еще, проезжая через эту деревню, вспомнил я **о моем приятеле.** (20) Студент отвечал и ждал, что преподаватель спросит **о результатах** поездки в Индию, но он об этом и не вспоминал. (21) **По возвращении** из отпуска он познакомился с новым планом работы. (22) Мы поговорим об этом **по приезде** домой. (23) Мы всей семьей жили **при железнодорожной станции.** (24) **При народе** я об этом постеснялся [में (से) संकोच करना *п.*] спросить. (25) Тадж Махал и Красный форт были построены **при жизни** падишаха Шах Джахана. (26) Тадж Махал особенно красив **при свете луны.** (27) Это предприятие было построено **при помощи** Советского Союза. (28) **При желании** вы могли бы выполнить эту работу в срок.

पाठ के अभ्यास

I. पाठ का रूसी में लिखित अनुवाद कीजिये।

II. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद करके उनका जवाब दीजिये।

(1) К какому времени относятся древнейшие памятники индийской культуры? (2) Когда ученые обнаружили развалины Хараппы и Мохенджо-Даро? (3) Как выглядели в древности эти города? (4) Какие изделия древних мастеров были извлечены в результате раскопок Хараппы и Мохенджо-Даро? (5) Когда была воздвигнута колонна Ашоки? (6) Где находятся пещерные храмы Аджанты? (7) Кто является создателем храмов Аджанты? (8) В чем особенность архитектуры храмов Аджанты? (9) О чем повествуют фрески Аджанты? (10) Когда и кем были найдены пещеры Аджанты? (11) В чем отличие пещерных храмов Аджанты от пещерных храмов Элефанты? (12) Каковы размеры знаменитой «Троицы» в Элефанте? (13) Когда началось проникновение в Индию мусульманской культуры? (14) Когда и кем был построен Кутб-Минар? (15) Какова высота Кутб-Минара? (16) Каковы архитектурные особенности Кутб-Минара? (17) Где расположен Тадж Махал? (18) Кто и когда построил Тадж Махал? (19) Сколько лет строился этот мавзолей? (20) Каковы архитектурные особенности Тадж Махала? (21) Кто был автором проекта здания? (22) Кто принимал участие в строительстве Тадж Махала? (23) Почему Тадж Махал называют одним из чудес света? (24) Что вы можете сказать о внешнем виде Тадж Махала? (25) Какие памятники мусульманской архитектуры находятся на территории Дели?

III. रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) यद्यपि ताजमहल की गिनती संसार के सात आश्चर्यों में नहीं है, तथापि[2] संसार की वास्तुकला के इतिहास में इसका स्थान बहुत ऊँचा है। लेकिन यदि इसको संसार का आठवाँ ही आश्चर्य कहें तो यह सच होगा। आज की दुनिया में ताजमहल को कौन नहीं जानता? संसार भर में इसकी ख्याति हो चुकी है। यह मुग़ल-सम्राट् शाहजहाँ द्वारा बनवाया गया उसकी प्रिय पत्नी मुमताज़ महल का स्मारक समाधि-मंदिर है। ताजमहल आगरे के मैदान में यमुना के तट पर खड़ा है।

---

[2] तथापि 'тем не менее'.

२) कहते हैं कि एक दिन मुमताज़ महल ने शाहजहाँ से पूछा, "क्या आप मुझे मेरे मरने के बाद भी याद रखेंगे?" शाहजहाँ ने उत्तर दिया, "केवल मैं ही नहीं किन्तु आपको सारा संसार याद रखेगा।" ताजमहल शाहजहाँ के इसी वादे का नतीजा है। मंदिर के भीतर मुमताज़ की क़ब्र है और ऊपर महल है, इसलिए इसको ताजमहल कहते हैं।

३) बाहर से जाते ही दूर से चारों तरफ़ की ऊँची ऊँची दीवारों को देखकर यह मालूम पड़ता है कि कोई मुग़ल क़िला खड़ा है। किन्तु पास पहुँचते ही इसका रंग ही बदल जाता है। महल के चारों तरफ़ बड़ा सुंदर बाग़ है। ताजमहल तक पहुँचने के लिए लोगों को लाल पत्थर के एक विशाल द्वार में से होकर जाना पड़ता है। यह द्वार १०० फ़ुट ऊँचा तथा १५१ फ़ुट चौड़ा बना हुआ है। इसी द्वार से होकर भीतरी आँगन और बाग़ के लिए रास्ता जाता है। लाल पत्थर का बना हुआ यह तिमंज़िला[3] दरवाज़ा ताज दरवाज़े के नाम से प्रसिद्ध है। ताज दरवाज़े के चारों कोनों में चार सुंदर बुर्जियाँ बनी हुई हैं। ताज दरवाज़े की सीढ़ियों से उतरने पर ताज बाग़ आरम्भ हो जाता है। यह चौकोर बाग़ २१२० फ़ुट लम्बा और १००० फ़ुट चौड़ा है। प्रवेश-द्वार से निकलकर लोग फ़ौवारों तथा सुंदर पेड़ों को पार करते हुए इस विशाल महल के संगमरमर से बने चबूतरे तक पहुँच जाते हैं। जब ज़ीने में होकर चबूतरे के ऊपर पहुँचते हैं तो वहाँ लोगों को एक शानदार इमारत के तथा उसके चारों कोनों की चार मीनारों के दर्शन होते हैं। उन पर चढ़कर ताजमहल का दृश्य नये ही ढंग का दिखाई देता है। चाँदनी रात में यमुना के पानी में ताज की छाया को देखकर मन में जो भाव पैदा होते हैं उन का वर्णन नहीं किया जा सकता।

४) ताज के भीतर का दृश्य तो कुछ और ही अनोखा है। संगमरमर की सफ़ेद दीवारों पर रंग-रंग के क़ीमती पत्थरों के बेलबूटे ऐसे कटे हुए हैं कि कभी-कभी मनुष्य भूलकर उन्हें सच्चा बाग़ समझ बैठता है। और चाहे[4] कुछ भी हो, किन्तु इसे देखकर एक भाव मन में उठे बिना नहीं रहता। जिन कारीगरों ने इसे बनाया है उसकी प्रशंसा करते ज़बान नहीं थकती।

५) मुमताज़ की क़ब्र एक चबूतरे पर बनी हुई है जो १० फ़ुट लम्बा, साढ़े ६ फ़ुट चौड़ा और डेढ़ फ़ुट ऊँचा है। मुमताज़ की क़ब्र के पश्चिम की ओर केवल ६ इंच की दूरी पर शाहजहाँ की क़ब्र बनी हुई है। क़ब्रों के पास ही दीवार पर फ़ारसी[5] भाषा में एक लेख लिखा है जिसका अर्थ है—"आरज़ूमन्द बानो, जो कि मुमताज़ महल कहलाती है, अपने प्रिय पति[6] सम्राट् शाहजहाँ के साथ सदा के लिए इस समाधि-मंदिर में आराम पा रही है।" ऊपर की कलापूर्ण क़ब्रों के ठीक नीचे तहख़ाने में मुमताज़ महल और शाहजहाँ की असली क़ब्रें हैं। यह तहख़ाना साढ़े बासठ फ़ुट लंबा और २३ फ़ुट चौड़ा है।

६) ताज के पूर्व में जमियतख़ाना और पश्चिम में एक मस्जिद बनी हुई है।

---

[3] तिमंज़िला 'трехэтажный'.

[4] चाहे 'пусть'; चाहे कुछ भी हो 'что (как) бы там ни было'.

[5] फ़ारसी 'персидский'.

[6] पति *м.* 'муж'.

ताज मस्जिद के मध्य में सफ़ेद संगमरमर का एक गुम्बद तथा चारों ओर लाल पत्थर की तिमंज़िली मीनारें बनी हुई हैं। जमियतख़ाना यानी सभा-भवन भी मस्जिद के ढंग का ही बना है, केवल उसमें नमाज़[7] पढ़ने का स्थान नहीं बना हुआ है।

७) अजन्ता की गुफाएँ भारत के दक्षिण में महाराष्ट्र प्रदेश में अजन्ता नामक गाँव से थोड़ी दूरी पर हैं। पहाड़ियों में एक नदी बहती है जिसे अजन्ता जाते वक़्त पार करना पड़ता है। नदी पार करते ही पहाड़ से निकला हुआ लगभग ३०० फ़ुट ऊँचा एक टीला[8] दिखायी देता है जो आसमान को छूता हुआ एक महल-सा लगता है। उसके बीचों-बीच आँगनों की एक पंक्ति-सी दिखायी देती है। ये ही अजन्ता की गुफाएँ हैं जिनमें प्रवेश-द्वार से लेकर अंत तक चित्रकला के बेजोड़ उदाहरण उपस्थित हैं।

८) अजन्ता में छोटी-बड़ी कुल २९ गुफाएँ हैं, जिन में ५ मंदिर और २४ बौद्ध[9] विहार[10] हैं। पर्वत की ढाल की ओर काट-काटकर ये गुफा-मंदिर बनाये गये हैं। गुफाएँ दो प्रकार की हैं—चैत्य[11]-गुफाएँ और विहार-गुफाएँ। चैत्य-गुफाओं में केवल प्रार्थनाएँ की जाती थीं[12]। इसलिए वे अधिक लम्बी हैं। इसके चारों ओर परिक्रमा का स्थान होता है। वहाँ से द्वार तक दोनों ओर स्तम्भों की पंक्तियाँ हैं। विहार-गुफाएँ बौद्ध भिक्षुओं[13] के रहने और पढ़ने के लिए होती थीं। ये सभी गुफाएँ एक ही पहाड़ को काटकर बनाई गयी हैं। इन २९ गुफाओं में गुफा नं० १,२,९,१०,१६ और १७ के थोड़े-बहुत चित्र बच गये हैं। बाक़ी सभी गुफाओं में चित्रों का कोई-कोई अंश[14] शेष रह गया है—किसी चित्र का केवल मुँह-ही-मुँह बच रहा है, किसी का केवल एक हाथ, कहीं घोड़े-हाथी तो खड़े हैं पर उनके सवारों के शरीर टूट चुके हैं। इन चित्रों में एक या दो ऐतिहासिक घटनाओं के चित्र हैं, शेष सभी चित्रों का विषय बुद्ध के जन्म की कहानियाँ तथा उनके जीवन व मृत्यु की कथाएँ हैं।

९) अजन्ता के इन चित्रों के विषय में एक अनोखी बात यह है कि वे सब के सब चित्र किसी एक ही समय में नहीं बने। भिन्न-भिन्न समयों में भिन्न-भिन्न कलाकारों ने उनका निर्माण किया। इस विषय में केवल एक बात निश्चित है कि इनका निर्माण गुप्त राजाओं के समय में हुआ और उन्हों ने यहाँ के कला-विकास को बड़ी सहायता दी। वैज्ञानिकों का विचार है कि ईसा से २०० वर्ष पूर्व पहली-पहली गुफाओं के चित्र बने और जो सब से बाद की गुफाएँ हैं वे लगभग ६२८ ई० में बनकर तैयार हुईं। इस प्रकार पाँच-छः सौ वर्षों में अजन्ता के चित्र बने—कोई आगे, कोई पीछे।

१०) जब आज के कलाकारों ने हज़ारों वर्ष पुरानी इस चित्रकला के दर्शन

---

[7] नमाज़ *ж.* 'намаз', 'молитва'.

[8] टीला *м.* 'холм'.

[9] बौद्ध 'буддийский'.

[10] विहार *м.* 'вихара', 'монастырское общежитие'.

[11] चैत्य *м.* 'храм-молельня'.

[12] प्रार्थना करना 'молиться'.

[13] भिक्षु *м.* 'монах'.

[14] अंश *м.* 'часть'.

